# वायु-पुराण

## (प्रथम खण्ड)

( सरल भाषानुवाद सहित )

सम्पादक
वेदमूर्ति तपोनिष्ठ
**प० श्रीराम शर्मा आचार्य**
चारों वेद, १०८ उपनिषद, षट् दर्शन, २० स्मृतियाँ
और १८ पुराणो के प्रसिद्ध भाष्यकार ।

प्रकाशक
**संस्कृति संस्थान, बरेली**
( उत्तर-प्रदेश )

प्रकाशक
संस्कृति संस्थान
बरेली (उ० प्र०)

★

सम्पादक :
पं० श्रीराम शर्मा आचार्य

★

सर्वाधिकार सुरक्षित

★

प्रथम संस्करण
१९६७

★

मुद्रक :
बम्बई भूषण प्रेस
मथुरा

★

मूल्य
७) रुपया

# भूमिका

भारतीय पुराण-साहित्य अपने ढङ्ग की अनोखी रचना है। ससार के अन्य प्राचीन देशो—जैसे यूनान, ईरान आदि मे भी कुछ ग्रन्थ ऐसे पाये जाते है, जिनको वहाँ का पुराण कहा जाता है, पर वे प्राय वीर लोगो के अद्भुत साहस तथा भयकर सकटो का सामना करके कोई महत्वपूर्ण कार्य सिद्ध करने की कथायें-मात्र है। पर भारतीय पुराणो का मुख्य उद्देश्य साधारण जन-समाज मे धार्मिक भावो का सचार करना है। यद्यपि उनमे भी सत्य, अर्द्ध सत्य और काल्पनिक कथायें है, रूपक, अलकार और अतिशयोक्तियो का भी बाहुल्य है, पर लेखको का लक्ष्य लोगो को सदैव धर्म प्रेरणा देने का ही रहा है। यह ठीक है कि उनकी अतिशयोक्तियाँ अनेक स्थानो पर सीमा को पार कर जाती है, उन्होने असम्भव कल्पनायें भी की हैं, अनेक जगह परस्पर विरोधी बातें भी लिख दी हैं, पर इस सबका उद्देश्य यही है कि मनुष्यो के हृदय मे धर्म के प्रति रुचि उत्पन्न हो और चाहे सासारिक सुखो के लालच से ही सही, वे धर्माचरण को अपनावें। उनका सिद्धान्त है कि जो धर्म का पालन करेगा उसकी रक्षा भी धर्म करेगा। ससार मे जितनी उन्नति, उत्कर्ष, कल्याण है वह सब धर्म पर ही आधारित है। इसलिए लोगो को किसी भी प्रकार से धर्म की प्रेरणा देना शुभ कर्म ही माना जायगा।

**जन-साधारण को धर्म-प्रेरणा—**

पुराणो के मुख्य विषय सर्ग (सृष्टि रचना) प्रलय, मन्वन्तर और युगो का वर्णन, देव, ऋषि तथा राजाओ के वशो का वर्णन कहा गया है। पर इनका विस्तार करते हुए मोक्ष-निरूपण, भगवत भजन, देवोपासना को भी उनमे सम्मिलित किया और प्रत्येक कथा, आख्यान, उपाख्यान, गाथामें एक यही दृष्टि-बिन्दु रक्खा है कि लोगो को धर्म के प्रति आकर्षण हो और वे अपनी बुद्धि, शक्ति, रुचि के अनुसार न्यूनाधिक अशो मे धार्मिकता की तरफ अग्रसर हों। हो सकता है कि जिन लोगो ने अपने धर्म-विषयक विचार बहुत ऊँचे तथा तर्क और बुद्धिवाद की कसौटी पर खरे उतरने वाले बना रक्खे हैं,

उनको पुराणो के धर्म सम्बन्धी विवेचन से निराशा हो उनमे त्रुटियाँ नजर आवें पर जो लोग समाज के विभिन्न स्तर के व्यक्तियो के लिये उत्तम मध्यम धर्माचरण की आवश्यकता को व्यवहारिक समझते हैं वे पुराणो के मत को ठीक ही बतलावेंगे एक धर्मशास्त्र मे कहा गया है—

अप्सु देवता बालानाम दिव देवता मनीषिणाम् ।

बालको का अथवा बाल-बुद्धि वाली अशिक्षित जनता का देवता गङ्गा यमुना आदि तीर्थ स्थान हैं। विद्वानो के देवता भगवान की दमी शक्तियाँ जसे—सूर्य इन्द्र रुद्र विष्णु आदि हैं और जो सच्चे ज्ञानी हैं उनका देवता केवल आत्मा ही होता है।

समाज मे सभी श्रेणियो के व्यक्ति पाये जाते हैं। उसमे वेद और उपनिषदो के अध्यात्म ज्ञान को समझने वाले आत्मज्ञानी और योगी भी होते है यज्ञ और अन्य कर्मकाण्डो मे सलग्न पण्डितजन भी होते हैं और केवल जीवन निर्वाह के कार्यों मे ही लगे रहने वाले व्यापारी किसान मजदूर आदि भी होते हैं। यद्यपि पहली दो श्रेणियाँ समाज मे अधिक प्रभावशाली और प्रतिष्ठित मानी जाती है पर अधिकता सदैव तीसरी श्रेणी की ही होती है। तो अब प्रश्न होता है कि इन अर्द्धशिक्षित अथवा अशिक्षित जन-साधारणके लिये धार्मिक नतिक चारित्रिक नियमो की जानकारी कराने और उन पर आचरण कराने की क्या व्यवस्था की जाय ? पुराण ऐसे ही लोगो को धार्मिक शिक्षा देने के साधन है। इन लोगो को यदि उपनिषदो के निराकार ब्रह्म का ध्यान करने का उपदेश दिया जाय अथवा किसी बडे कर्मकाण्ड की शिक्षा दी जाय तो वे उसे क्या समझ सकते है और कहाँ तक उस पर आचरण कर सकते है ? पर पुराणो की सरल कथाओं और रोचक दृष्टान्तो को वे भी कौतूहलपूर्वक सुनते रहते हैं और अन्त मे इतना निष्कर्ष निकाल ही लेते हैं कि धर्म पुण्य सत्कर्म करने से मनुष्य को इहलोक और परलोक मे सुख मिलता है इसलिये जहाँ तक बन पडे मनुष्य को वसा करने का प्रयत्न करना चाहिए।

## पुराणों का प्रक्षिप्त भाग—

यह ठीक है कि मध्यकाल मे पुराणो की कथा बाँचने वाले पुराणी और 'व्यासों' ने उनमे बहुत मिलावट की है। इसके कई कारण हो सकते हैं।

अनेक परिवर्तन और परिवर्द्धन देश-काल के प्रभाव से हुये है। राज्यो मे, शासन-सस्था मे जैसे-जैसे परिवर्तन होते गए उसके प्रभाव से लोगो के रहन-सहन और विचारो मे परिवर्तन हुये और कथा वाचको ने उनके अनुकूल बातें बढादी। भिन्न-भिन्न प्रदेशो की परिस्थितियो के प्रभाव से जिन पुराणो का जहाँ अधिक प्रचार था उनमे वहाँ की बातो को विशेष स्थान दे दिया गया। साम्प्रदायिकता के बढने पर उनके आचार्यों और विद्वानो ने अपने सिद्धान्तो की पुष्टि करने वाले उपाख्यान और विवरण पुराणो मे सम्मिलित कर दिये। अन्तिम पर एक बडा कारण कथावाचको की स्वार्थपरता का भी हुआ जिससे उन्होने व्रत, तीर्थ, श्राद्ध, दान के प्रकरणो को खूब बढाया और अधिक से अधिक दान देने की महिमा का प्रतिपादन किया। इस श्रेणी की मिलावट क्रमश इतनी अधिक बढ गई और विभिन्न प्रकार के दानो के परिमाण तथा उनके पुण्य फल को इतना बढा-चढा कर कहा गया कि श्रोताओ को उससे विरक्ति होने लगी। पुराणो मे जिन ब्रह्माडदान, मेरु-दान, धरा-दान, सप्त-सागर दान, रत्नमयी धेनुदान आदि का जो वर्णन किया गया उनकी सामग्री की लागत कई लाख रुपये तक पहुँचती है। हर दान मे सोने की मूर्तियो और रत्नो का विधान बतलाया गया है। एक लेखक के कथनानुसार "इन दानो के वर्णनो को पढकर कभी-कभी तो ऐसा जान पडता है जैसे कोई आधुनिक काल का बढिया विज्ञापनदाता अपनी किसी वस्तु की तारीफो का पुल बाँध रहा हो।"

इस मिलावट तथा हीन मनोवृत्ति का परिणाम यह हुआ है कि वर्तमान समय मे अधिकाश शिक्षित व्यक्तियो ने पुराण-साहित्य को कोरी गप्पो का खजाना मान लिया है और वे बिना देखे सुने ही एक सिरे से समस्त पुराणो को और उनकी तमाम बातो को निरर्थक और बेकार घोषित कर देते हैं। यह अवस्था समाज तथा धर्म के लिये अवाछनीय ही कही जायगी। इसके फल-स्वरूप हम उस लाभकारी और जन-कल्याणकारी साहित्य वचित रह जायेंगे जो पुराणों मे पर्याप्त परिमाण मे सन्निहित हैं। इस समस्या के समस्त पह-लुओ पर विचार करके एक पुराणो के ज्ञाता विद्वान ने निम्न उद्गार व्यक्त किये है—

पुराणो मे इन अनेक गुणो के होते हुये भी अनेक लोकोपकारियो ने, जिन्हें वास्तव मे देश और जाति के कल्याण करने की सच्ची लगन थी पुराणों को सर्वथा त्याज्य माना है उनकी भरपेट निन्दा की है मार्मिक दुष्ट स्थलो को तर्क के चाकू से चीरफाड कर जनता के सामने खोलकर रख दिया है। हम मानते है कि उन्होने यह कार्य किसी दुराग्रह वश नही किया है बरन् त्याज्य दुष्टः प्रियोऽप्यासीदंगुली वोरगक्षता (अर्थात् साँप की काटी हुई उंगली की तरह दोषपूर्ण वस्तु अत्यन्त प्रिय होने पर भी त्याज्य है)

इस सूक्ति के अनुसार पुराणो को सर्वथा बहिष्कृत बतलाया है। उनकी धारणा थी कि ये पुराण सार्वजनिक उपयोग के लायक नही रह गये हैं सामान्य जनता इन मे वर्णित आदर्शों पर चलकर सुखी नही हो सकेगी अपना वास्तविक कर्तव्य भूल जायगी। उनकी धारणा कुछ अंश मे सत्य है, पर यदि औषधि करने से सर्वथा विष उतर जाय तो अँगुली को काटकर फेक देना समीचीन नही लगता। सभी औषधियो के अभाव और एक विशेष परिस्थिति मे अंगुली का काट देना भी एक अन्तिम कर्तव्य है, पर जिस अँगुली ने इतने जीवन तक अनेक दुखो एव सुखो मे साथ दिया है यथासम्भव उसकी रक्षा करनी ही चाहिये। पुराणो ने चिरकाल से हिन्दू समाज का बहुत उपकार किया है। हमारी वश परम्परागत पवित्र भावनायें उनके साथ जुडी हुई है, इन सब बातो को देखते हुये उनको एक दम बहिष्कृत कर देना नितान्त अनुचित है, जब कि थोडी सी सावधानी ही उन्हें पूर्ववत् पवित्र बना देती है। नितान्त अनर्गल कथाओ तथा स्वार्थपूर्ण उपदेशो को पुराणो से अलग करके आप उनकी उपादेयता से इनकार नही कर सकते। सुनारो की दुकानो की मिट्टी को बटोरकर धोने वालो को भी जीवन-यापन के लिये पर्याप्त सोना-चाँदी मिल जाता है, फिर पुराण तो अनेक रत्नो के भण्डार है, दृष्टि फैलाइये विवेक के बल से उन मृत्तिका मिश्रित अनपेक्षित प्रसङ्गो को जिनमे निन्दा कुत्सा आदि के सिवा दूसरी चीज नही है त्याग कीजिये सहानुभूति एवं विश्वास का सम्बल रखिये उनसे आपको अनमोल रत्न मिलेंगे।

हमने इसी नीति का अनुसरण करके पुराणो की बहुमूल्य सामग्री को

परिमार्जित सस्करण के रूप मे प्रकाशित करना आरम्भ किया है। उपर्युक्त प्रक्षिप्त अ शो के अतिरिक्त पुराणो के अनावश्यक रूप से बडे हो जाने का एक कारण यह भी है कि कितने ही विषयो की उनमें पुनरुक्ति की गई है। जो पाठक को खटकती है जैसे श्राद्ध, नर्क, चारो वर्णों और चारो आश्रमो के आचार-विचार, पुराण सुनने का फल आदि अनेक विषय सब मे एक से ही दिये गये हैं। कही-कही तो उनकी शब्दावली भी एक ही है और अध्याय के अध्याय एक दूसरे मिलते हुये है। बार-बार एक ही विषय को मिलते-जुलते शब्दो मे पढ़ने से पाठक को सन्देह होने लगता है कि यह विषय तो पहले भी पढा था, फिर ज्यो का त्यो कैसे आ गया ? ऐसे विषयो को एक जगह पूरे रूप में दिया जाय तो यह पुनरुक्ति दोष कम खटकने वाला हो सकता है। निस्सन्देह पुराणो में बहुसख्यक जीवनोपयोगी और उच्चकोटि के धार्मिक विषयो की शिक्षा दी गई है, पर इस मिलावट और नकलखोरी, की भीडभाड मे वे खो जाते हैं और सामान्य पाठक या श्रोता की दृष्टि उन पर नही पडती। इसलिए जैसा उपर्युक्त उद्धरण मे सकेत किया गया है यदि पुराणो मे पक्षपात या स्वार्थवश जो अनुचित मिलावट कर दी गई है उसे पृथक करके और अनावश्यक रूप से बढाये गये अ शो को सूक्ष्म करके पुराणो को प्रकाशित और प्रचारित किया जाय तो यह हिन्दू धर्म तथा प्राचीन भारतीय सस्कृति की बहुत बड़ी सेवा होगी।

## 'वायु-पुराण' सम्बन्धी विवाद—

पौराणिक-साहित्य की दृष्टि से 'वायु पुराण' मे वर्णित पाठ्य-सामग्री पर विचार करने से पूर्व हमको अनेक विद्वानो द्वारा उठाई इस शका पर विचार करना आवश्यक प्रतीत होता है कि 'वायु-पुराण' की गणना '१८ महा-पुराणो' मे है या नही ? इस सम्बन्ध मे आधुनिक विद्वानो में भी मतभेद पाया जाता है। कुछ आलोचको ने इसे 'शिव महापुराण' मे 'वायवीय सहिता' नामक एक खण्ड होने से इसे उक्त पुराण का एक अ श बतलाया है, जब कि अन्य विद्वानो ने दोनो पुराणो की विषय सूची तथा पाठ्य-सामग्री के महान् अन्तर के आधार इसको स्वतन्त्र 'महापुराण' ही स्वीकार किया है। इस सम्बन्ध

मे हमने विविध पुराणो के अन्तगत पाई जाने वाली १८ पुराणों की सूचियों का अब मिलान किया तो उनसे हमको यही प्रतीत हुआ कि 'वायु-पुराण' को अधिकाश ने १८ पुराणो मे ही माना है। पाठको की जानकारी के लिये हम उन सूचियो को नीचे देते हैं—

(१) नारद पुराण की पुराण सूची सबसे बडी है। उसमे प्रत्येक पुराण के लिए एक दो पृष्ठ का स्वतन्त्र अध्याय दिया है और प्रत्येक पुराण के मुख्य-मुख्य विषयो की सूची के साथ उनकी दान करने की विधि भी बतलाई है। उसमे दिये गये अठारह पुराणो की नामावली इस प्रकार है—

(१) ब्रह्मपुराण १० श्लोक (२) पद्मपुराण ५५० (३) विष्णु-पुराण २३ (४) वायु पुराण २४ (५) भागवत पुराण १८० (६) नारदपुराण २५ (७) मार्कण्डेय पुराण ९ (८) अग्निपुराण १२ (९) भविष्यपुराण १४ (१ ) ब्रह्मवैवर्त पुराण १८ ० (११) लिङ्गपुराण ११० (१२) वाराह पुराण २४ ० (१३) स्कन्द पुराण ८१ (१४) वामन पुराण १० (१५) कूर्म पुराण १७०० (१६) मत्स्य पुराण १४ (१७) गरुड पुराण १९ ०० (१८) ब्रह्माण्ड पुराण १२ ।

(२) मत्स्य पुराण मे भी पुराण सूची काफी विस्तार से दी गई है। उसमे विभिन्न पुराणो के श्लोको की जो सख्या दी गई है वह कई स्थानों पर नारद पुराण की अपेक्षा कम या ज्यादा है। इसमें भी पुराणों के दान की विधि सक्षेप मे दी गई है—

(१) ब्रह्म पुराण १३ (२) पद्मपुराण ५५ (३) वैष्णव [विष्णु] पुराण २३ (४) वायवीय पुराण २४ (५) भागवत पुराण १८ (६) नारद पुराण २५ (७) मार्कण्डेय पुराण ९ ० (८) अग्निपुराण १२ (९) भविष्य पुराण १४५ (१ ) ब्रह्मवैवर्तपुराण १८ (११) लिङ्ग पुराण ११ (१२) वाराह पुराण २४ (१३) स्कन्द पुराण ८१ (१४) वामन पुराण १ (१५) कूर्म पुराण १८ (१६) मत्स्य पुराण १४ (१७) गरुड पुराण १९ (१८) ब्रह्माण्ड पुराण १२२ ।

(३) स्वय वायु पुराण के अध्याय १०४ मे पुराण-सूची दी गई है। पर उसमे अठारह पुराणो का उल्लेख करने पर भी वास्तव मे १६ पुराणो के ही नाम मिलते है। इसलिये यह अनुमान किया जाता है कि एक श्लोक किसी तरह लिखने से रह गया है। इसकी क्रम सख्या भी अन्य पुराणो से बहुत भिन्न है—

(१) मत्स्य पुराण १४०००, (२) भविष्य पुराण १४५००, (३) मार्कण्डेय पुराण ९०००, (६) ब्रह्मवैवर्त पुराण १२०००, (७) ब्रह्म पुराण १००००, (८) वामनपुराण १००००, (९) आदि पुराण १०६००, (१०) वायु पुराण २३००० (११) नारदीय पुराण २३०००, (१२) गरुड पुराण १९०००, (१३) पद्म पुराण ५५०००, (१४) कूर्म पुराण १७०००, (१५) सौकर (वाराह) पुराण २४०००, (१६) स्कन्द पुराण ८१०००।

इस सूची मे विष्णु, अग्नि और लिङ्ग पुराणो के नाम नही हैं। लेखक की भूल मानकर हम यह स्वीकार कर सकते हैं कि एक श्लोक के छूट जाने से दो पुराणो का नाम रह गया है। तो भी इस सूची मे आदि पुराण को शामिल किया गया है, इससे यह स्पष्ट है, वायु-पुराण के रचयिता ने प्रचलित १८ पुराणो मे से किसी एक को अवश्य ही हटा दिया है।

(४) अग्नि पुराण की सूची की क्रम-सख्या अन्य पुराणो से मिलती है, पर इसमे जो श्लोक सख्या दी है उसमे अन्य पुराणो से बहुत अधिक अन्तर है। पाठक स्वय मिलान करके देखें—

(१) ब्रह्म पुराण २५०००, (२) पद्मपुराण १२०००, (३) विष्णु-पुराण २३०००, (४) वायु पुराण १४०००, (५) भागवत पुराण १८००० (६) नारदपराण २५०००, (७) मार्कण्डेय पुराण ९०००, (८) अग्नि पुराण १२०००, (९) भविष्य पुराण १४००० (१०) ब्रह्मवैवर्त १८०००, (११) लिंग पुराण ११०००, (१२) वाराह पुराण २४०००, (१३) स्कन्द पुराण ८४०००, (१४) वामनपुराण १००००, (१५) कूर्म पुराण १८००० (१६) मत्स्य पुराण १३०००, (१७) गरुड पुराण १८०००, (१८) ब्रह्माण्ड पुराण १२०००।

(५) वामन पुराण मे पुराण-सूची केवल एक श्लोक मे दे दी है और

वह भी बडे अदभुत ढग से अन्यथा अठारह पुराणो का नाम एक श्लोक में किसी प्रकार आना सभव न था—

मद्वय भद्वय चैव ब्रत्रय वचतुष्टय ।
अनापलिगकूस्कानि पुराणानि पृथक पृथक ॥

अर्थात् १८ पुराणो मे से दो के नाम म से आरम्भ होते है (मत्स्य और मार्कण्डेय) दो भ से आरम्भ होते है (भागवत और भविष्य) तीन ब्र से है (ब्रह्म ब्रह्माण्ड और ब्रह्मवैवर्त) चार व से हैं (वाराह वायु वामन और विष्णु) शेष सात पुराणो के प्रथम अक्षर इस प्रकार हैं—अ=अग्नि ना=नारद प=पद्म लि=लिङ्ग ग=गरुड कू=कूर्म स्क=स्कन्द ।

(६) विष्णु पुराण मे यह सूची सक्षेप मे दी गई है पर उसने क्रम—सख्या का निर्देश बहुत स्पष्ट रूप से किया है—

ब्राह्म पाद्म वैष्णव च शैव भागवत तथा ।
तथा न्यन्नारदीय च मार्कण्डेय च सप्तमम् ॥
आग्नेय अष्टम चैव भविष्यन्नवम स्मृतम् ।
दशम चैव ब्रह्मवैवर्त लैङ्गमेकादश स्मृतम् ॥
वाराह द्वादश चैव स्कान्द चात्र त्रयोदशम् ।
चतुर्दश वामन च कौर्म पचदश तथा ॥
मात्स्यच गारुड चैव ब्रह्माड च तत परम् ।
महापुराण न्येतानि ह्यष्टादश महामुने ॥

(वि पु ३—६—२१से२४)

कुछ विद्वानो का मत है कि विष्णु पुराण मे जो क्रम सख्या दी गई है वह प्राचीनता की दृष्टि से है । इस तथ्य को स्वीकार कर लेने पर ब्रह्म पुराण सबसे प्राचीन और ब्रह्माण्ड सब से अतिम समय का रचित कहा जायगा ।

(७) मार्कण्डेय पुराण के १३४ वे अध्याय मे ८ से ११ तक विष्णु पुराण के ये चारो श्लोक ज्यो के त्यो उद्धृत करके पुराण-सूची दे दी गई है और मार्कण्डेय पुराण का सातवा स्थान स्वय स्वीकृत किया है ।

(८) स्कन्द पुराण के केदार खण्ड में १८ पुराणो की उपयुक्त सूची

को देकर साम्प्रदायिक दृष्टि से उनका वर्गीकरण भी किया गया है। उसमे कहा गया है कि "१८ पुराणो मे से दस शैव, चार वैष्णव, दो ब्राह्म और दो अन्यो के हैं। शैव, भविष्य, मार्कण्डेय, लिंग, वाराह, स्कन्द, मत्स्य, कूर्म, वामन और ब्रह्माण्ड—ये दस पुराण शैव हैं। वैष्णव, भागवत, नारद और गरुड—ये चार वैष्णव हैं, ब्राह्म और पद्म—ये दो ब्रह्मा के हैं। अग्नि पुराण अग्नि की तथा ब्रह्मवैवर्त सूर्य की महिमा से पूर्ण है।"

पुराणो की इन विभिन्न सूचियो मे 'वायु-पुराण' को स्पष्टत' १८ पुराणो मे माना गया है और उसकी श्लोक संख्या २३ या २४ हजार बतलाई गई है जो कि इस समय लगभग ११ हजार श्लोको का ही मिलता है। 'मत्स्य पुराण' के मतानुसार इस पुराण मे 'वायु देव ने श्वेत कल्प के प्रसग मे अनेकानेक धर्म प्रसगो के साथ रुद्र महात्म्य भी विस्तार से सुनाया है।'

सबसे मुख्य ध्यान देने का विषय तो वायुपुराण तथा शिवपुराण के अन्त मे दी गई 'वायवीय सहिता' की विषय सूचियाँ हैं। जब कि वायवीय सहिता के अधिकाश मे वही दक्ष, सती, पार्वती की कथा अथवा शिव-दीक्षा, पाशुपत व्रत, भस्म महिमा, शिव लिंग पूजा से महापापो का नाश, शैवावरण पूजा, योग मार्ग आदि फुटकर विषय ही अधिक पाये जाते हैं, वायुपुराण मे पुराणो के लक्षणो के उपयुक्त सृष्टि रचना, कल्प और युग वर्णन, मन्वन्तरो का वर्णन सृष्टि का भूगोल, देवता, सृष्टि, राजाओ के वंशो आदि विषयो का विद्वतापूर्वक वर्णन किया गया है। हमे यह कहने मे कुछ भी सकोच नही कि वायुपुराण के रचयिता ने सृष्टि रचना और उसके क्रम-विकास का जो वर्णन किया है वह अन्य कई पुराणो के तत्सम्बन्धी वर्णन की अपेक्षा अधिक बुद्धिसगत है और यदि उसकी रूपक तथा अलकारयुक्त शैली की जाँच वैज्ञानिक तथा व्यवहारिक दृष्टिकोण से की जाय तो उसमे कितने ही वैदिक सृष्टि-विज्ञान के तत्वो का पता लग सकता है। पुराणो की सबसे बडी विशेषता और उपयोगिता यही मानी गई है कि वे वेदो के गूढ तत्वो और रहस्यवादी वर्णनो को विशद व्याख्या के साथ रोचक कथाशैली मे उपस्थित करते हैं जिससे सामान्य स्तर के पाठक भी उनको समझ सकते हैं। 'वायु पुराण' इस दृष्टि से निस्सन्देह अन्य कितने

ही पुराणो की अपेक्षा उच्च—श्रेणी मे रखे जाने योग्य है।

**वायुपुराण की तर्क सगतता —**

यद्यपि परम्परागत शैली का अनुसरण करते हुए वायुपराण के आरम्भ मे उसे भी ब्रह्माजी वायुदेव व्यास जी सूत जी आदि का रचा हुआ कहा है पर आगे चलकर जब वास्तविक विवेचन आरम्भ हुआ है तो रचयिता ने जगह-जगह ऐसे भाव प्रकट किये हैं जिनसे प्रकट होता है कि यह पुराण अन्य ग्रथो की तरह किसी विशेष व्यक्ति की रचना है। सृष्टि रचना का विषय आरम्भ करते ही तीसरे अध्याय के प्रथम श्लोक में उन्होने स्पष्ट रूप से कह दिया है—

प्रकृत्यवस्थेषु च कारणेषु या च स्थितिर्याच पुनः प्रवृत्ति ॥
तच्छ्रूयतां पूर्वतया स्वमतिप्रयुक्तात् समस्तमविकृतं धीवृतिभ्य ॥
विप्रा ऋषिभ्य समुदाहृतम् यथयातथ तच्छ्रुणुतोच्यमानम् ॥

अर्थात् प्रकृति की मूल अवस्था मे कारणो की कैसी स्थिति रहती है तथा फिर कैसे रचना की प्रवृत्ति होती है ये सब बातें हम शास्त्र के मतानुसार और अपनी बुद्धि के अनुसार बुद्धिमानो के लिये प्रकाशित कर रहे है। हे विप्रो! पूर्वकाल मे ऋषियो ने जैसे कहा है मैं भी उसी प्रकार कह रहा हू आप लोग ध्यान से सुनिये ॥

जगत के निर्माण और इतिहास की घटनाओ के सम्बन्ध मे कोई लेखक यह तो कह नही सकता कि मैं इनको अपने मन या बुद्धि से विचार कर या गढ कर कह रहा हूं। उनका तो कोई न कोई आधार ढूढना और बतलाना पड़ेगा। लेखक का काम तो यह है कि वह उन तथ्यो को अपनी विशेष शैली व अपने दृष्टिकोण के अनुसार विवेचना करता हुआ पाठको या श्रोताओ के सम्मुख उपस्थित करे। इस लिये वायुपुराणकार का यह कथन सर्वथा स्वाभाविक और आवश्यक है कि मैने जो कुछ लिखा है वह अपनी कल्पना से नही लिख दिया है वरन् उसकी सामग्री विभिन्न माननीय शास्त्रो और प्राचीन विद्वानो द्वारा रची गाथाओ आदि से एकत्रित की गई है। इस बात को प्रकट करके तथ्यो की जिम्मेदारी प्राचीन शास्त्रो पर और वर्णनशैली तथा विवेचन प्रणाली की अपने ऊपर ले ली है।

आगे जहाँ राजवशो का वर्णन आया है वहाँ भी लेखक ने इस पुराण की रचना का समय साफ तौर पर दे दिया है। 'अनुपङ्गपाद समाप्ति' शीर्षक अध्याय मे पाण्डवो की आगामी पीढियो का जिक्र करते हुये वे कहते हैं—

"राजा जनमेजय का पुत्र शतानीक था, जो परम बलशाली, सत्यवादी तथा विक्रमशील था। शतानीक का पुत्र परम बलशाली अश्वमेघदत्त हुआ। अश्वमेघदत्त से शत्रुओ के किलो को जीतने वाले अधिसामकृष्ण नामक पुत्र की उत्पत्ति हुई। ऋषिवृन्द! यही परम धर्मात्मा राजा इस समय राज्य कर रहा है। उसी के राज्य काल मे आपने इस परम दुर्लभ तीन वर्ष चलने वाले दीर्घ-सत्र ( यज्ञ ) का अनुष्ठान प्रारम्भ किया है, इसके अतिरिक्त दृपद्वती नदी के किनारे कुरुक्षेत्र में भी दो वर्ष व्यापी एक दीर्घसत्र चल रहा है।"

यो जनता की धार्मिक मान्यता तथा श्रद्धा को सुदृढ रखने के उद्देश्य से सभी धार्मिक ग्रन्थो को किसी देवता या दैवी व्यक्ति के मुख से निकला हुआ बतलाया गया है, पर 'वायु-पुराणकार' ने उस परम्परा का पालन करते हुये भी अपनी रचना को अन्य ग्रन्थो की तरह मानवीय घोषित कर दिया है, यह उनका एक प्रशसनीय गुण ही माना जायगा।

## विकास-सिद्धान्त का प्रतिपादन—

प्राचीन ग्रन्थो में से अधिकाश का यह मत प्रकट होता है कि 'सतयुग' अर्थात् सृष्टि का आदिम-काल सभ्यता, सस्कृति, विद्या-बुद्धि, आचार-विचार आदि की दृष्टि से सर्वोत्तम समय था और उसके पश्चात् सब विषयों में हीनता आती चली गई। पर 'वायु-पुराण' का सतयुग वर्णन पढने से ऐसा भाव उत्पन्न नही होता। प्रकट मे उन्होने भी उसे श्रेष्ठ बतलाया है, पर उस समय के प्राणियो का जो कुछ चित्रण किया है, उसे एक विचारशील पाठक इसी नतीजे पर पहुँचेगा कि उस समय के प्राणी एक वनमानुष से भी कम विकसित अवस्था मे थे और उस समय वे मनुष्य न होकर किसी और ही जाति के प्राणी हों तो भी आश्चर्य नही। प्रकर्ण ८ ( मानव सभ्यता का आरम्भ ) के ४५वें श्लोक से आगे कहा गया है—

"उस समय कृतयुग के आरम्भ काल में वे प्राणी नदी, सरोवर, समुद्र और पर्वतो के समीप रहते थे। उनको अधिक शीत और गर्मी से पीडा नही

होती थी। वे इच्छानुसार इधर उधर घूमते रहते थे। पृथ्वी से स्वयमेव उत्पन्न होने वाले पदार्थों को खाते थे। उस समय मूल फल पुष्प का अभाव था पर उनको पृथ्वी के रसमय पदार्थ मिल जाते थे। उनको धर्म-अधर्म का विचार न था कोई भेदभाव भी न था। वे सब आयु, रूप और अनुभूति में समान थे। उनमें किसी प्रकार का संघर्ष प्रतिद्वन्द्विता और क्रम का प्रश्न नहीं था। वे समुद्रों और पर्वतों के निकट रहा करते थे। उनका कोई स्थायी घर नहीं था। उस समय अधर्म करने वाले कोई नारकीय जीव न थे न कोई उद्भिज पदार्थ था। यद्यपि वे अपने शरीर का संस्कार ( स्नान आदि ) नहीं करते थे तो भी स्थिर यौवन थे। वे जन्म और आकृति में समान थे मृत्यु भी साथ ही होती थी। उनके सब व्यवहार स्वाभाविक होते थे बुद्धि-पूर्वक नहीं। उनकी प्रवृत्ति शुभ और अशुभ कर्मों में नहीं होती थी क्योंकि उस समय शुभ और अशुभ का विभाजन था ही नहीं। उस समय वर्णाश्रम व्यवस्था न थी न सङ्कर-दोष ही था। वे परस्पर अकाम और अनिच्छापूर्वक व्यवहार करते थे। उनमें लाभ अलाभ मित्र अमित्र प्रिय-अप्रिय न थे वे निरीह थे और मन की प्राकृतिक प्रेरणा से ही विषयों में प्रवृत्त होते थे। एक दूसरे के प्रति किसी की कोई इच्छा या स्वार्थ न था न तो परस्पर के अनुग्रह की आवश्यकता थी।

यों कल्पना और भावुकता का संयोग करके इन प्राणियों को देवता और योगियों के समान बतलाया जा सकता है पर यदि प्रकृति के स्वाभाविक विकास की दृष्टि से विचार किया जाय तो बुद्धि-तत्व का जिसके द्वारा मनुष्य वास्तव में मनुष्य बन सका है उनमें सर्वथा अभाव था और वे उसी अवस्था में रहते थे जिसमें इस समय छोटे पशुओं या कीड़े मकोड़ों को रहते देखते हैं। जीव-सृष्टि के आरम्भ में इससे अधिक की आशा भी नहीं की जा सकती।

त्रेतायुग का वर्णन करते हुये पुराणकार ने लिखा है कि 'उसमें स्थूल जल वृष्टि के आरम्भ हो जाने से वृक्ष उत्पन्न हो गये और उन्हीं से प्राणी अपना निर्वाह करने लगे। उन पेड़ों से एक प्रकार का रस या मधु निकलता था उसी को खाकर वे जीवित रहते थे। अब उनमें राग-द्वेष लोभ के भाव भी उत्पन्न होने लगे और उन्होंने जबर्दस्ती उन वृक्षों पर अधिकार जमाना आरम्भ किया। इससे अनेक स्थानों पर वे वृक्ष नष्ट हो गये और लोग भूख-प्यास का कष्ट पाने

लगे। अब उनको शीत और गर्मी से भी कष्ट होने लगा, इससे उन्होंने घर बनाने आरम्भ किये। वृक्ष की शाखायें जिस प्रकार आगे-पीछे, ऊपर-नीचे और इधर-उधर फैली रहती हैं उसी प्रकार काठ फैलाकर उन लोगों ने घर बनाये। वृक्ष-शाखाओं की तरह बनाये जाने के कारण ही उनका नाम 'शाला' पड़ गया। जब वृष्टि से नदी, नाले, गड्ढे भर गये तो पृथ्वी रसवती होकर शस्य-शालिनी हो गई। बिना जोते बोये चौदह प्रकारकी वनस्पतियाँ गाँवों के समीप और जङ्गलों में उग आईं। उन्हीं का उपयोग करके उस समय के लोग निर्वाह करने लगे। पर जब उनमें भेदभाव और स्वार्थपरता का भाव बढ़ा तो लोग फल लेते समय पुष्प और पुष्प लेते समय पत्ते भी तोड़ लेते थे। इससे वे सब वनस्पतियाँ भी क्रमश नष्ट हो गई और लोग फिर भूख-प्यास से व्याकुल होने लगे। तब लोगों ने प्रयत्न करके वनस्पतियों के बीजों का पता लगाया और स्वयम् उनको जोत-बोकर उत्पन्न करने लगे। फिर उनमें कर्म-विभाग भी होने लगा और ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि विभिन्न वर्णों की स्थापना की गई।"

## वैदिक तत्वों और पौराणिक उपाख्यानों का समन्वय—

पुराणों में देवताओं, ऋषियों, राजाओं के सम्बन्ध में जो घटनायें और कथानक दिए गये हैं, वे एक निष्पक्ष पाठक को बहुत ही अतिरंजित और अनेक बार असम्भव से ही प्रतीत होते हैं। इसका कारण अन्वेषण करने वाले विद्वानों ने यही बतलाया है कि पुराणकारों ने अलौकिक वैदिक तत्वों को रूपक तथा अलकार की शैली में ढालकर लौकिक कथाओं का रूप दे दिया है। देवासुर-सग्राम की कथायें इसका स्पष्ट प्रमाण है। इन्द्र और वृत्रासुर के सघर्ष को वेदों में भी कुछ अशों में घटनात्मक ढङ्ग से लिया है, पर उनके विभिन्न स्थलों का मिलान करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि उसका आशय सूर्य की शक्ति द्वारा बादलों से वर्षा कराने के अतिरिक्त और कुछ नहीं हो सकता। 'शतपथ ब्राह्मण' में एक स्थान पर इस तथ्य को स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर दिया गया है—

न त्व युयुत्से कतमच्चनाहर्न तेऽमित्रो मघवन कश्चनास्ति।
मायेत्सा ते यानि युद्धान्याहुर्नाद्य शत्रु न नु पुरा युयुत्स॥

अर्थात् हे इन्द्र ! तुम कभी किसी से भी नहीं लड़े तुम्हारा कोई शत्रु नहीं है। तुम्हारे युद्धों का जो वर्णन किया जाता है। वह सब माया बनावटी या काल्पनिक है। न आज कोई तुम्हारा शत्रु है और न पहले कोई तुम से लड़ा था।

पर पुराणकारों ने तो उसका वर्णन दो राजाओं के सांगोपांग युद्ध की तरह इतना बढ़ा-चढ़ाकर किया कि वे सब वास्तविक व्यक्ति ही जान पड़ने लगे। यही बात महिषासुर और दुर्गा के संग्राम की है जिसका वर्णन सप्तशती मे बड़ी मनोमोहक लच्छेदार भाषा मे किया गया है। उसमे कहा गया है कि महिषासुर ने अत्यंत प्रबल होकर देवों को भगाकर इन्द्रासन पर अधिकार कर लिया। फिर समस्त देवताओं की शक्ति को देवी के रूप मे प्रकट करके उसके द्वारा महिष वध कराया गया। पर वैदिक सूक्तो में 'महिष' को एक तम आवरण माना गया है जो आरम्भिक अवस्था मे सूर्य के तेज को रोके रहता है और जब केन्द्र मे सौर शक्ति पूर्ण रूपेण एकत्रित होकर परिधि की ओर बढ़ती है तो वह तम-आवरण या 'महिष' स्वयं ही नष्ट हो जाता है। ऋग्वेद मे कहा है—

अन्तश्चरति रोचनास्य प्राणदपानती ।
व्यख्यन् महिषो दिवम् ॥ [१।१८९।२]

अर्थात् सूर्य के भीतर से जो ज्योति या प्रकाश निकलता है वह प्रकाश इनके प्राण-अपान से प्रकट हुआ है। उसके निकलने से महिष [ अन्धकार ] नष्ट हो जाता है और सूर्य भगवान समस्त लोक को व्याप्त कर लेते हैं।

इसी प्रकार पुराणों मे पुरुरवा उर्वशी नहुष ययाति तुर्वश आदि राजाओं की बड़ी बड़ी विचित्र कथायें दी गई हैं और उन्हीं को बाद के समस्त प्रमुख भारतीय राजवंशो का स्रोत बतलाया गया है। पर वेदो के अध्ययन से पता चलता है कि ये सब आकाशीय पदार्थ हैं। ऋग्वेद के मन्त्रो मे बार-बार इन सब के नाम आये हैं। पुराणो के लेखानुसार ययाति के पाँच पुत्र थे जिनके नाम यदु तुर्वस द्रुह्यु अनु और पुरु थे। इन्हीं से भारत के चन्द्रवंश यादव कौरव आदि चले हैं। इन सब नामो को ऋग्वेद के एक मन्त्र मे आकाशीय नक्षत्र बतलाया गया है—

यदिन्द्राग्नी यदुषु तुर्वशेषु यद् द्रुह्युष्वनुषु पूरुषस्थ । [१।१०८।८]

अर्थात् 'जो इन्द्र और अग्नि यदु, तुर्वश, द्रुह्यु, अनु और पुरु मे स्थित करते हैं।'

इन्द्रो मायाभि पुरुरूपईयते युक्ताह्यस्य शता दश । [६।४०।१८]

अर्थात् "इन्द्र माया से पुरु वन जाते हैं। उनके रथ मे सहस्रो अश्व जुते होते हैं।"

"उत्त्वा तुर्वशायदु अस्नातारा शचीपति ।
इन्द्रो विद्वाँ अपारयत् । ( ४-३०-११७ )

अर्थात् "तुर्वश और यदु को शचीपति इन्द्र पार कर गया।"

इस प्रकार के मिलते-जुलते प्रसग वेद-पुराणो मे अनगिनती मिलते हैं, जिनसे प्रकट होता है कि या तो पुराणकारो ने वेदो के ग्रह-नक्षत्र सम्बन्धी विवरणो को राजवशो का रूप दे दिया है अथवा उन्होने अपने राजवशो के वर्णन के लिये वैदिक नक्षत्रो की नामावली की नकल की है। जो कुछ भी हो विद्वानो की दृष्टि मे इसमे कोई दोप नही है। पुराण-रचना का उद्देश्य ही वेदो के गूढ तत्वो को कथा और दृष्टान्तो का सरल रूप प्रदान करके उसका साधारण जनता मे प्रचार करना है। इस सम्वन्ध मे वेदो और पुराणो के एक मननशील विद्वान ने लिखा है—

"कहा गया है कि जैसे ही अव्यक्त से जन्म लेने वाले ब्रह्माजी उत्पन्न हुये उनके मुखो से वेद और पुराण दो वाङ्मय तत्वों का आविर्भाव हुआ। वेद निगम तथा पुराण आगम है। वेद विश्व का केन्द्राधिष्ठित तत्व है। वह अति गूढ विवेचन के रूप मे सगृहीत होता है। महर्षियो ने उसे वैदिक सहिताओ के रूप में प्राप्त किया है। दूसरा वह ज्ञान है जो लोकव्यापी-जीवन से सम्बन्ध रखता है, जिसका उद्भव लोक-जीवन की महती व्याख्या से होता है। वही पुराण या आगम है। पुराण शब्द की व्युत्पत्ति करते हुये कहा गया है—'पुरा नव भवति।' अर्थात् जो वाङ्मय एक ओर पुरा या पुरातन सृष्टि विद्या ( वेदाविद्या ) से अपना सम्बन्ध बनाये रखता है और दूसरी ओर नित्य नये-नये रूप मे जन्म लेने वाले लोक-जीवन से भी सम्बन्ध जोडे रहता है, वही पुराण या आगमशास्त्र है। भारतीय साहित्य मे पुराण वाङ्मय की विचित्र स्थिति

है। लोकतन्त्र और लोक जीवन की जैसी सुरक्षा इसमें है वैसी अन्यत्र नहीं है।

## योग द्वारा शारीरिक और आत्मिक कल्याण—

वायु-पुराण मे योग का महत्व और उसकी आवश्यकता पर बहुत जोर दिया है और सभी श्रेणियो के मनुष्यो को उसकी प्रेरणा दी है। उसमे कहा गया है— जितनी तरह की तपस्याए व्रत नियम और यज्ञफल आदि है प्राणायाम का फल भी उनमे से किसी से कम नही है। सौ सम्वतसर तक प्रत्येक मास कुश के अग्रभाग से जलबिन्दु पान करने का जो फल होता है वही फल प्राणायाम करने से प्राप्त हो जाता है। प्राणायाम से दोषो का नाश होता है धारणा से पापो का प्रत्याहार से विषय समूह का और ध्यान से अनीश्वर गुणो का नाश होता है।

आगे चलकर कहा है—' शान्ति प्रशान्ति दीप्ति और प्रसाद इन चारों को प्राणायाम का उद्देश्य समझिये। शान्ति का आशय है इस काल अथवा परकाल मे देहधारियो द्वारा स्वय किये हुए अथवा पिता माता द्वारा किया भाइयो द्वारा किये हुये भयकर अकल्याणकारक कर्म से उत्पन्न कुत्सित पाप समूह का नाश होना। प्रशान्ति उस तपस्या को कहते है जिससे इस लोक और परलोक मे हित के लिये लोभ और अश्रेयस्कर अभिमानादि पापवृत्तियो का सयम हो। जब प्रतिबुद्ध योगी को ज्ञान विज्ञान युक्त प्रसिद्ध ऋषियो की तरह चन्द्र सूर्य ग्रह, तारकादि और भूत भविष्य, वर्तमान का विषय प्रत्यक्ष हो जाय उसे दीप्ति कहते है। इन्द्रिय इन्द्रियार्थ मन और पच-वायु जिससे प्रसन्न हो उसे प्रसाद कहते हैं। यह चार प्रकार का पहला प्राणायाम धर्म हुआ। यह तुरन्त फलदायक और काल भय का निवारक है।

इस प्रकार पुराणकार ने प्राणायाम को बहुत महत्व दिया है और यथा समय उसकी व्यवहारिक विधि का ज्ञान कराने की चेष्टा की है। इसके लिए उन्होने साधक को स्पष्ट चेतावनी दे दी है कि उसे खूब सोच-समझकर और पूर्ण जानकारी प्राप्त करके समस्त नियमों का पालन करते हुये प्राणायाम करना चाहिये। जो अनियम से अथवा गलत तरीके से प्राणायाम करेगा उसे जड़ता बहिरापन मूकत्व अन्धापन स्मृति-लोप, वृद्धता आदि अनेक प्रकार के रोग

उत्पन्न हो जाते हैं। ये सब दुष्परिणाम अज्ञानपूर्वक योग कर्म मे प्रवृत्त होने से होते है। इस प्रकार की चेतावनी अन्य कई ग्रन्थो मे भी देखने में आती है, पर इस पुराण मे इन रोगो की जो चिकित्सा दी गई है, वह सर्वत्र देखने मे नही आती। कोई अनुभवी योगी ही उसका विधान कर सकता है। प्राणायाम जनित दोपो की चिकित्सा बतलाते हुये कहा है—

"प्राणायाम से उत्पन्न होने वाले दोपो को शान्त करने के लिये स्निग्ध पदार्थ मिश्रित गर्म यवागू ( जौ की पतली लपसी बिना नमक या मीठे की ) कुछ काल तक पीडित स्थान पर धारण करे। इससे वात गुल्म नष्ट होता है। गुदावत को दूर करने को यह चिकित्मा करे कि दही अथवा यवागू का भोजन करे और वायु ग्रन्थि का भेदन करके उसे ऊपर की तरफ चलावे। अगर इससे कष्ट न मिटे तो मस्तक मे धारणा करे। जिस योगी के सर्वाङ्ग मे कँपकँपी हो जाय, वह शरीर को आसन द्वारा स्थिर कर मन मे किसी पर्वत की धारणा करे। छाती का दर्द होने पर उस स्थान या कण्ठ देश मे वैसी ही धारणा करे। बोली रुक जाने पर वचन मे और बहरापन हो तो कानो मे धारणा करे। प्यास का कष्ट होने से स्नेहाक्त प्रज्ज्वलित अग्नि की धारणा करे। इन चिकित्साओ के फल की धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करे। क्षय, कुष्ठ, कीलसादि राजस रोगो मे सात्विकी धारणा करे। जिस-जिस स्थान मे किसी प्रकार का विकार उत्पन्न हो, वहाँ-वहाँ सात्विकी धारणा करे। जो भयभीत हो जाय उसके मस्तक पर लकडी की कील रखकर धीरे-धीरे खटखटावे। इससे उसकी सज्ञा लौट आती है। अगर साँप ने काट लिया हो तो हृदय और उदर मे धारणा करे। अगर विषाक्त पदार्थ सेवन करने मे आ गया हो, तो हृदय मे विशल्या धारणा करे। मन मे पर्वतमय पृथ्वी की धारणा कर हृदय में देवता और समुद्र की धारणा करे। योगी ऐसी चिकित्सा के लिये हजार घडे तक से स्नान करते है। कण्ठ तक जल मे घुसकर मस्तक मे धारणा करे। आक ( मदार ) के सूखे पत्ते की दीनियाँ बनाकर दीमक की मिट्टी को घोलकर पी जाय। योग सम्बन्धी दोपो की चिकित्सा ऐसी ही आन्तरिक क्रिया द्वारा की जाय।"

यह तो हुई योगाभ्यास मे भूल के कारण उत्पन्न हो जाने वाले विकारों और दोपो की बात। योग मे शारीरिक क्रियाओ की अपेक्षा मानसिक भाव-

भावों का महत्व अधिक है इसलिये उसके दोषों की चिकित्सा भी मानसिक ढंग की होनी चाहिये। योगी की धारणा शक्ति निःसन्देह प्रभावशाली होती है और वह शरीर की आरोग्यप्रदायक शक्ति को किसी स्थान पर संलग्न कर सकता है। इसलिये योगी के शारीरिक कष्ट सामान्य उपायों से ही दूर हो जाते हैं।

## मानसिक विकारों का प्रतिकार—

शारीरिक व्याधियों की अपेक्षा भी मानसिक विकार बड़े अनिष्टकारी और मनुष्य का पतन करा देने वाले होते हैं। शरीर के कष्टों को सहते हुए जीवन के आवश्यक कार्यक्रमों को किसी प्रकार पूरा किया जा सकता है पर मनोविकारों में ग्रस्त प्राणी का तो अपने ऊपर से नियन्त्रण ही हट जाता है और वह शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होते हुये भी निकम्मा या हानिकर हो जाता है। इस सम्बन्ध में विवेचन करते हुये पुराणकार लिखते हैं—

तत्व दृष्टि से योगियों के उपसर्गों ( व्याधियों ) पर विचार करने से विदित होता है कि यदि मनुष्योचित विविध कामना स्त्री प्रसंग की अभिलाषा, पुत्रोत्पादन इच्छा विद्यादान अग्निहोत्र हवियज्ञ आदि तपस्याएं कपट धना र्जन स्वर्ग की स्पृहा आदि वस्तुओं में योगी आसक्त हो गया तो वह अविद्या के वशीभूत हो जायगा। इसलिए इनको उपसर्ग समझ कर निरन्तर इनसे बचने का उपाय करना चाहिए। दूर की ध्वनि सुनने की शक्ति देवताओं का दर्शन सिद्ध का लक्षण कहा गया है। विद्या कवित्व शिल्प नैपुण्य सब भाषाओं का बोध विद्या का तत्वज्ञान सुनने योग्य शब्दों को सौ योजन दूर से भी सुन लेना यक्ष राक्षस गन्धर्व आदि का दिव्य दर्शन आदि योगियों के लिये विघ्नस्वरूप हैं। योगी जब सब दिशाओं में देव दानव गन्धर्व ऋषि पितरों को देखने लगते हैं तब वे उन्मत्त हो जाते हैं।

आगे चलकर फिर कहा गया है कि योगियों की आठ प्रकार की सिद्धियाँ कही गई हैं जिन को योग के आठ ऐश्वर्य समझना चाहिये। यह तीन प्रकार का होता है—सावद्य निरवद्य और सूक्ष्म। सावद्य नामक तत्व पंचभूतात्मक है निरवद्य भी पंचभूतात्मक है। स्थूल इन्द्रिय मन और अहंकार एवं सूक्ष्म इन्द्रिय मन और अहंकार तथा सम्पूर्ण आत्मख्याति-प्रदद ऐश्वर्यों की यह

त्रिविधि प्रवृति है। त्रैलोक्य मे जितने जीव-जन्तु हैं वे सब ऐसे योगी के वश मे होते हैं। वे तीनो लोको के पदार्थ को पा सकते हैं, इच्छानुरूप विषय भोग कर सकते हैं। यहाँ तक कि शब्द, स्पर्श, रस, गन्ध, रूप और मन आदि प्राकृतिक इन्द्रियो के विषय भी योगी की इच्छानुसार प्रवर्तित होते रहते हैं। ऐसे योगी को जन्म, मृत्यु, छेद, भेद, दाह, मोह, सयोग क्षय, क्षरण, खेद आदि कुछ भी नहीं होते, "पर इतना सब होने पर भी यदि वे ब्रह्मज्ञान का अवलम्बन करके अपवर्ग नामक परम पद की साधना नहीं करते तो वे रागवश राजस-तामस कर्मों के आचरण से फिर उन्ही मे लिप्त हो जाते हैं। उनमे से जो सुकृत करते हैं वे उसके फलस्वरूप स्वर्गलाभ करते हैं। वे फलभोग करने की उपरान्त पुन भ्रष्ट होकर मानव-जन्म प्राप्त करते हैं। इस कारण अत्यन्त सूक्ष्म जो परब्रह्म है वही सर्वकालीन है और उस ब्रह्म का ही सेवन करना चाहिये।"

वास्तविकता यही है कि मनुष्य ज्ञान, योग, कर्म, भक्ति किसी भी मार्ग पर चले जब तक उसके विचारो मे शुद्धता, पवित्रता, निस्वार्थता और सात्विकता नही आयेगी, उसे किसी चिरस्थायी फल की आशा नही हो सकती। थोडे समय तक हठपूर्वक इन्द्रियो को रोक कर कोई साधन करके विशेष शक्ति प्राप्त कर लेना और बात है तथा मन और अन्त करण को क्रमश बिलकुल निर्मल और शुद्ध बनाकर ईश्वरीय आदेश के अनुकूल मार्ग को ही पूरी तरह ग्रहण करना दूसरी बात है। पहली श्रेणी के व्यक्ति थोडे समय के लिये कोई चमत्कार-सा दिखलाकर दुनियाँ को प्रभावित कर सकते हैं, नामवरी, यश और प्रशसा भी प्राप्त कर सकते हैं, पर उनकी ये चीजें ज्यादा समय तक टिक नही सकती। इतना ही नही ऐसे व्यक्तियो मे से कितने ही बाद मे स्वार्थ और विषयो की लालसा मे फँसकर पतित भी हो जाते हैं। उनकी वही गति होती है जैसा कि गीता मे कहा है—

कर्मेन्द्रिय सयम्य य आस्ते मनसास्मरन।
इन्द्रियार्थान्विमूढात्मा मिथ्याचार स उच्यते॥

जीवन के उत्थान और अध्यात्म क्षेत्र में उच्च स्थान प्राप्त करने का मार्ग शुद्ध और सत्य भावो से धर्मानुष्ठान करना है। जो व्यक्ति मन के भीतर

कामनाएं रखकर साधन भजन करते हैं उनको सिद्धियाँ और चमत्कार की शक्ति प्राप्त कर लेने पर भी अन्त में गिरना ही पड़ता है।

## अहिंसा का प्रतिपादन—

धार्मिक-जीवन में हिंसा और अहिंसा का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है। यों तो हिंसा प्राणी जगत का एक सामान्य नियम है और 'जीवो जीवस्य भोजनम्' की लोकोक्ति प्रचलित हो गई है। पर यह नियम उन विवेकशून्य प्राणियो के लिये है जिनको ईश्वर ने ज्ञान रूपी महान तत्व प्रदान नहीं किया है। पर जिस मनुष्य प्राणी के लिये भगवान ने ज्ञान-विज्ञान अध्यात्म के सब रास्ते खोल दिये हैं उसके लिये सर्वोच्च आदर्श 'आत्मवत् सर्वभूतेषु' का ही हो सकता है। जब समस्त संसार में एक ही आत्म-तत्व व्याप्त है और प्राणीमात्र एक ही विश्व-व्यापी चैतन्य तत्व से उद्भूत हुआ है तब कोई ज्ञानी व्यक्ति किस प्रकार जीव हिंसा का समर्थन कर सकता है। इस देश के कुछ धर्माचार्यों ने 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' लोकोक्ति का सहारा लेकर यज्ञादि में हिंसा का प्रतिपादन किया है पर उनकी इस अनीतिमूलक प्रणाली के फलस्वरूप यज्ञ-कर्म का विरोध होने लगा और अन्त में ऐसा समय आया जब इस देश से यज्ञ-प्रथा का लोप ही हो गया। 'वायुपुराण' में इस समस्या की गम्भीरपूर्वक विवेचना की है और स्पष्ट शब्दों में यह निर्णय किया है कि यज्ञादि में जीव हिंसा कदापि धर्मकार्य नहीं हो सकती। त्रेता युग में यज्ञ का प्रचलन होने का वर्णन करते हुये पशुबलि के सम्बन्ध में उसमें यह कथानक मिलता है—

जब त्रेता में वृष्टि के उपरान्त सभी प्रकार की औषधियाँ पृथ्वी पर पैदा हो गईं लोग घर द्वार आश्रम और नगर बनाकर रहने लगे तो विश्वात्मा देवराज इन्द्र ने वर्णाश्रम धर्म की व्यवस्था कर ऐहिक एवं पारलौकिक कल्याण के लिये वेद संहिताओं और मन्त्रों का प्रचार कर यज्ञ की प्रथा प्रचलित की। उस समय अश्वमेध यज्ञ का कार्य जब आरम्भ हुआ तो सभी महर्षिगण आकर उसमें सम्मिलित हो गये और मेध्य पशुओं के द्वारा यज्ञ का आरम्भ सुन कर सभी लोग धर्मार्थ उपस्थित हुये। जब सभी पुरोहितगण उस निरन्तर चलने वाले यज्ञ-कर्म में व्यस्त हो गये यज्ञ में भाग लेने वाले देवता और महात्मागण आवाहित होने लगे ठीक उसी समय यज्ञ-मण्डप में समागत महर्षिगण

अध्वर्यु गण को पशुओ के स्नानादि मे समुद्यत देखकर उन पशुओ की दीनता पर करुणार्द्र होकर इन्द्र से बोले कि 'यह तुम्हारे यज्ञ की कैसी विधि है ? हिंसामय धर्म कार्य करने के इच्छुक तुम यह महान अधर्म काय कर रहे हो। हे सुरोत्तम ! तुम्हारे जैसे देवराज के यज्ञ में यह पशुवध कल्याणकारी नही है। इन दीन पशुओ की हिंसा से तुम अपने सचित धर्म का विनाश कर रहे हो। यह पशु हिंसा कदापि धर्म नही है, हिंसा कभी भी धर्म नही कहा जा सकता। यदि तुम्हे यज्ञ करने की अभिलाषा है तो वेद विहित यज्ञ का अनुष्ठान करो। हे सुरश्रेष्ठ ! वेदानुमत विधि से किया गया यज्ञ अक्षय फलदायी होगा। उन यज्ञ बीजो से तुम यज्ञ आरम्भ करो जिनमें हिंसा का नाम नही है। हे इन्द्र ! प्राचीनकाल मे बीस वर्ष पुराने रखे हुये बीजो द्वारा ब्रह्मा ने यज्ञ का अनुष्ठान किया था। वह महान धर्ममय यज्ञाराधन है।

इस प्रकार उन तत्वदर्शी समागत मुनियों के कहने पर विश्वभोक्ता इन्द्र को यह सशय उत्पन्न हो गया कि अब हमे स्थावर तथा जगम इन दो प्रकार के उपकरणो मे से किसके द्वारा यज्ञाराधन करना चाहिये। इन्द्र के साथ विवाद मे पडे उन मुनियो ने यह समझौता किया कि इस विषय मे राजा वसु की सम्मति ग्रहण की जाय।

उन सबने राजा वसु के पास जाकर कहा—हे परम बुद्धिमान राजन् ! आप परम धार्मिक राजा उत्तानपाद के पुत्र और स्वय महामहिमशाली हैं, अतः हम लोगो के इस सशय को दूर करें। कृपया यह बतावें कि आपने यज्ञो की विधि किस प्रकार की देखी है ? इस बात को सुनकर राजा ने उचित-अनुचित का विचार न करके केवल ग्रन्थो के यज्ञ विषयक वचनो को स्मरण करके यह कहा कि शास्त्रीय उपदेशो के अनुसार यज्ञाराधन करना चाहिये। शास्त्रो का कथन है कि मेध्य पशुओ द्वारा अथवा बीजो और फलो द्वारा यज्ञ करना चाहिये। यज्ञ का स्वभाव ही हिंसा है, ऐसा मुझे वेद वाक्यो मे मालूम हुआ है। परम तपस्वी योगी, महर्षियो के द्वारा अविष्कृत मन्त्र-समूह हिंसा के द्योतक हैं और तारकादि दर्शनो द्वारा भी यज्ञो का हिंसामूलक होना अनुमित है। राजा वसु की ऐसी बातो से निरुत्तर होकर उन योगयुक्त तपस्वी ऋषियो ने कहा—'हे राजन् ! तू राजा होकर भी ऐसी मिथ्या बात कह रहा है, अतः चुप रह।'

ऐसा कहने के बाद उन्होंने नीचे की ओर बने एक भवन की ओर देखा और कहा अब तू रसातल मे प्रवेश कर। मुनियों के ऐसा कहते ही राजा वसु, जो आकाशचारी था वसुधा तल पर आ गया। अत पण्डित व्यक्ति को भी धर्म का निर्णय करने मे बहुत सतर्क रहना चाहिये। क्योंकि धर्म के अनेक द्वार होते हैं, इसकी सूक्ष्म गति का वास्तविक ज्ञान अतिशय गूढ है। महर्षियो ने जीव हिंसा को धम का द्वार नही माना है।

यद्यपि अधोगति मे पडे जीवो के लिये हिंसा का सर्वथा त्याग और अहिंसा के उच्च आदर्श का पालन बडा कठिन है तोभी धम कार्यों मे हिंसा का प्रवेश कदापि वाछनीय नही कहा जा सकता। किसी एक व्यक्ति के हिंसा करने से उसका प्रभाव आस-पास के थोडे लोगो पर ही पडता है और उसे कोई महत्व नही दिया जाता, पर धम काय मे हिंसा होने से उसे एक प्रमाण की तरह मान लिया जाता है और समस्त समाज के लिये ही एक दुष्प्रवृत्ति की ओर अग्रसर होने का मार्ग खुल जाता है। अत यज्ञो के रूप मे जीव हिंसा का विधान निस्सन्देह क्रूरता और अधार्मिकता का परिचायक है और इससे मनुष्य की निम्न वृत्तियो को प्रोत्साहन मिलकर उसका पतन ही होता है।

## वज्ञानिक दृष्टिकोण——

प्राचीन समय में ज्ञान विज्ञान के सम्बन्ध मे जितनी खोज की गई थी वह पर्याप्त महत्वपूर्ण है। उसी के आधार पर आज का विज्ञान चमत्कारी आविष्कार कर रहा है। अग्नि और जल द्वारा भाप का इजिन बनाकर रेल चलाना निस्सन्देह बुद्धिमत्ता का प्रमाण है पर जिन मनुष्यो ने दावानल के भयकर अग्निकाण्ड मे से थोडी अग्नि लेकर उसे गृहोपयोगी रूप मे प्रयोग किया वह भी कम प्रशसा के पात्र नही है। इसी प्रकार वर्तमान युग मे अणु-बम एक युग परिवर्तनकारी आविष्कार है, पर जिन भारतीय मनीषियो ने कई हजार वर्ष पहले यह घोषित कर दिया था कि ससार के प्रत्येक पदार्थ का आदि कारण परमाणु है और वही सृष्टि-प्रक्रिया का मूल आधार है वे ही परमाणु विज्ञान के आदि पुरुष माने जायेंगे। वायु-पुराणकार की दृष्टि भी सृष्टि प्रक्रिया और उससे निर्मित विभिन्न प्रकार के पदार्थों के मूल कारण पर रही है। यद्यपि उन्होंने पौराणिक परम्परा के अनुसार सूर्य चन्द्रमा ग्रह नक्षत्रो को

देवता मानकर उनके रथो, घोडो, महलो और दरबारियो का मनोरजक वर्णन किया है, जिससे जन समूह उनकी ओर आकर्षित हो, पर साथ ही बीच-बीच मे विशुद्ध वैज्ञानिक तथ्यो का परिचय भी दे दिया है। यद्यपि सूर्य को उन्होने सर्वसाधारण के ज्ञानानुसार पृथ्वी से बहुत छोटा और चन्द्रमा से आधा प्रकट किया है और लोकरजन के निमित्त उसमे मुनि, ऋषि गन्धर्व, अप्सरा यातुधान, सर्प आदि का दरबार लगता भी बतलाया है, पर साथ ही अन्य स्थान पर यह भी प्रकट कर दिया है ससार का एकमात्र और आदि कारण सूर्य ही है। उसमें कहा गया है—

"तीनो लोको का मूलकारण सूर्य ही है इसमे सन्देह नही। देवता, असुर और मनुष्यो से पूर्ण यह सम्पूर्ण जगत सूर्य का ही है। रुद्र, इन्द्र, उपेन्द्र और चन्द्रादि देवो का जो तेज है, वह सूर्य का ही तेज है। ये ही सर्वात्मा, सर्वलोकेश और मूलभूत परम देवता है। सूर्य से ही सब उत्पन्न होते हैं और सूर्य मे ही सब लीन होते हैं। पूर्वकाल मे लोको की उत्पत्ति और विनाश सूर्य से ही हुआ है। जहाँ से बारम्बार क्षण, मुहूर्त, दिन, रात, पक्ष, मास, सवत्सर, ऋतु, वर्ष, युग आदि उत्पन्न होकर जिसमे लय को प्राप्त होते हैं, वह सूर्य ही है। सूर्य को छोडकर और किसी साधन से काल की गणना नही की जा सकती। और बिना काल तथा समय के न शास्त्र, न दीक्षा, न दैनिक कृत्य हो सकते हैं। तब न ऋतुओ का विभाग होगा, न पुष्प खिलेंगे न फल-फूल की उत्पत्ति होगी, न सस्य होगा न औषधियाँ बढेंगी। ससार को प्रतप्त करने वाले और जल का आहरण करने वाले सूर्य के बिना यहाँ क्या, स्वर्ग मे भी देवो का व्यवहारिक कार्य रुक जायगा। विप्रो! सूर्य ही काल हैं, अग्नि है और द्वादशात्म प्रजापति है। ये ही तीनो लोकों के चराचर को प्रतप्त किया करते हैं। सूर्य देव परम तेजस्वी और लोक पालो के आत्मा है ये उत्तम वायु-मार्ग का अवलम्बन करके किरणो द्वारा ऊपर-नीचे, अगल-बगल और सभी जगहो मे ताप-दान करते हैं।"

वायु पुराण ने सूर्य के विषय मे जो लिखा है वही आधुनिक विज्ञान की खोज से प्रकट हुआ है। सूर्य से ही समस्त ग्रहों और उपग्रहो की उत्पत्ति होती है, वही इनमे जीवन और प्राणतत्त्व की उत्पत्ति का मुख्य हेतु है, वही

उनकी चर्चा आई है सम्मान युक्त भाषा का प्रयोग किया है। विष्णु के विभिन्न अवतारो के रहस्य को जानने की इच्छा रखने वाले ऋषियों ने उनकी महिमा का जिस प्रकार वर्णन किया उससे प्रकट होता है कि इस पुराण के रचयिता के विचारानुसार विष्णु का सम्मान महादेव के समान ही है। ऋषियों ने सूतजी से विष्णु भगवान की कथा सुनने की अभिलाषा करते हुये कहा—

सूतजी ! भगवान विष्णु किस लिये पृथ्वी पर प्रादुर्भूत होते है ? उनके कितने अवतार कहे जाते है ? भविष्य में अन्य कितने अवतार होगे ? युगान्त के अवसर पर ब्राह्मण एव क्षत्रिय जाति मे वे किस लिये उत्पन्न होते है ? वे इस प्रकार बारम्बार मानव-योनि मे किस लिये जन्म धारण करते हैं ? इसे हम लोग जानना चाहते है, कृपया कहिये। उन परम बुद्धिमान शत्रु सहार कारी भगवान कृष्ण के शरीर से जो जो कर्म सम्पन्न होते हैं उन सबको हम भली भांति सुनना चाहते है। उनके ऐसे कार्यों को क्रमपूर्वक हमें बताइये उसी प्रकार उनके अवतारो के विषय मे भी वर्णन कीजिये। उन सर्वव्यापी भगवान की प्रवृत्ति के विषय मे भी हमे जिज्ञासा है। महा महिमामय वे भगवान विष्णु किस प्रयोजन की सिद्धि के लिए वसुदेव के कुल मे उत्पन्न होकर वासुदेव (वसुदेव के पुत्र) की पदवी प्राप्त करते है ? देवताओ और मनुष्यो को उचित मार्ग पर लगाने वाले भूभुव आदि लोकों के उत्पत्तिकर्ता भगवान हरि किसलिए दिव्यगुण सम्पन्न अपनी आत्मा को मानव-योनि मे समाविष्ट करते हैं ? चक्र धारण करने वालो मे श्रेष्ठ जो भगवान अकेले ही ससार के मानव मात्र के मनरूपी चक्र को सर्वदा परिचालित करते रहते हैं उन्हे मानव-योनि मे उत्पन्न होने की इच्छा क्यो हुई ? सर्वत्र व्याप्त रहने वाले जो भगवान विष्णु इस समस्त चराचर जगत की सर्वत्र रक्षा करने वाले हैं वे किसलिये इस पृथ्वी पर अवतीर्ण होते हैं और किसलिए गौओं का पालन करते हैं।

जो भूतात्मा भगवान ससार के समस्त भूतों (पृथ्वी जल अग्नि आदि) को धारण करने वाले तथा उत्पन्न करने वाले है, जो लक्ष्मी द्वारा धारण किये जाने वाले हैं, वे एक मर्त्यलोक निवासिनी सामान्य गृहिणी के गर्भ मे कस लिये आते हैं। जिन्होने देवताओं को यज्ञभोक्ता तथा पितरों को श्राद्ध भोक्ता बनाया जो स्वय यज्ञादि शुभ कार्यों मे विधि के अनुसार भोग के लिए

महिषासुर के उपाख्यान में उसके पूरे शरीर का वर्णन किया गया है कि महादेव जी के मुख से जो तेज निकला उससे उसका मुख बना यम के तेज से केश और विष्णु के तेज से उसकी दोनो बाहु बनी। चन्द्रमा के तेज से दोनो स्तन इन्द्र के तेज से मध्यदेश वरुण के तेज से जंघा और उरु पृथ्वी के तेज से नितम्ब ब्रह्मा के तेज से दोनो चरण सूर्य के तेज से पैरो की अंगुली और वसुगणो के तेज से हाथो की अंगुली बनी। कुबेर से नासिका प्रजापति से दाँत पावक के तेज से तीनो नेत्र वायु के तेज से दोनो कान बने। इस प्रकार वह मंगलमयी देवी उत्पन्न हुई। सब देवताओ ने उसे अपने-अपने मुख्य अस्त्र-शस्त्र भी दिये जिनके द्वारा संग्राम करके उसने महिषासुर को मार दिया।

वायु पुराण' मे भी मधु कैटभ के वध का वर्णन आया है। यह वर्णन बड़े सरल ढङ्ग से किया गया है। उसमे कहा गया है—

भगवान शंकर के चले जाने पर प्रसन्न होकर विष्णु भगवान फिर शयन करने जल मे घुस गये। तब पद्म जन्मा ब्रह्माजी भी प्रसन्न होकर उस पद्मासन पर जा बैठे। उसके बहुत दिन बाद वहाँ मधु कैटभ नामक दो अतुल वीर्य बलशाली भ्राताओ ने तरुण सूर्य की तरह चमकने वाले उस पद्म को हिलाना प्रारम्भ कर दिया। उन दोनो की आँखें अन्धकार मे चमक रही थी और वे दोनो ही वीर हँस-हँस निर्भयभाव से पद्म पत्रो को तोड़ रहे थे। उन दोनो ने ब्रह्मा से कहा तुम हमारे भक्ष्य बनो। यह कहकर वे दोनो अन्तर्धान हो गये। पद्मयोनि ब्रह्मा ने उनके कठोर भाव को और अपने पराक्रम को जानकर तात्कालिक रहस्य को जानना चाहा। वे उस कमल नाल के सहारे सीधे रसातल म उतर गये। वहाँ उन्होने कृष्णाजिन और उत्तरीय धारी विष्णु को देखा। उन्होने उनको जगाया और जगने पर कहा—'देव! हमे भूतों से भय हो रहा है उठिये हमे बचाइये हमारा कल्याण कीजिये।

शत्रु को दमन करने वाले स्वयं भगवान विष्णु हँसते हुये बोले— कुछ चिन्ता नही डरने की कोई बात नही। ब्रह्मा जी के चले जाने पर उन अनन्त भगवान ने अपने मुख से विष्णु और जिष्णु नामक दो भ्राताओ को उत्पन्न करके कहा—तुम दोनो ब्रह्मा की रक्षा करो। इधर मधु-कैटभ ने विष्णु जिष्णु के आवागमन की वार्ता जान कर उनकी ही तरह अपना रूप बनालिया। उन्होने

जल को अपनी माया से स्तम्भित कर दिया और विष्णु-जिष्णु से संग्राम करने लगे। उनको युद्ध करते हुये सौ दिव्य वर्ष व्यतीत हो गये पर रणमद से मत्त उनमे से कोई भी युद्ध से विरत नही हुआ। उनका आकार-प्रकार और संस्थानादि एक प्रकार का था और गति, स्थिति भी उनकी समान ही थी तथा दोनो का स्वरूप भी एक प्रकार का ही था, इससे ब्रह्मा व्याकुल हो ध्यान करने लगे। तब उन्होने दिव्य-दृष्टि से उनके रहस्य को समझा और विष्णु-जिष्णु के ऊपर के शरीर को कमल केसर के सूक्ष्म कवच द्वारा बाँध दिया और मन्त्रों का पाठ करने लगे। मन्त्र जपते हुए ब्रम्ह को एक इन्दुवदना, पद्म-सुन्दरी कन्या उत्पन्न हुई। ब्रह्मा ने पूछा—तुम कौन हो ? कन्या ने कहा आप मुझे विष्णु की आज्ञानुवर्तिनी मोहिनी माया समझें। इधर युद्ध करते-करते मधु कैटभ थक गये और विष्णु-जिष्णु ने उनको मार डाला।"

## दक्ष-यज्ञ का विचित्र कथानक—

वायु-पुराणमे दक्ष-यज्ञके विध्वंस का जो वर्णन किया है वह अन्य समस्त पुराणो से भिन्न है। अभी तक सब जगह यही पढने मे आया था कि शिव-पत्नी सती ने दक्ष-यज्ञ मे शंकर का भाग न देखकर योगाग्नि मे जल कर आत्म-बलिदान कर दिया, तब शिवजी ने वीरभद्र को भेजकर यज्ञ का विध्वंस करा दिया। इसके बहुत काल पश्चात् देवताओं की अपार चेष्टा करने पर उन्होंने पार्वती से विवाह किया था। पर 'वायुपुराण' का कथन है कि किसी समय सती दक्ष के घर परिवार वालों से मिलने गई थी पर दक्ष ने उसका सम्मान नही किया जिससे उसने स्वतः आत्मघात कर लिया। तब शिव ने दक्ष को श्राप दिया कि तुम अगले जन्म मे एक वृक्ष-कन्या के गर्भ से उत्पन्न होगे और तब भी तुम्हारा नाम दक्ष ही रखा जायगा। ऐसा ही हुआ है और उस जन्म मे भी दक्ष ने एक यज्ञ किया और महादेव को उसमे नही बुलाया। उस अवसर पर देवताओं को आकाश मार्ग से जाते देखकर पार्वतीजी ने उसका कारण पूछा। जब उनको शिव के अपमान की बात मालूम हुई तो वे बहुत रुष्ट हुई और शिवजी को प्रेरित करके वीरभद्र द्वारा यज्ञ को नष्ट करवा दिया। उसी समय उमा के क्रोध से भद्रकाली की उत्पत्ति हुई जिसने इस कार्य मे पूर्ण सहयोग दिया।

इस प्रकार 'वायुपुराण' में वर्णित दक्ष-यज्ञ के नष्ट किये जाने का वर्णन 'शिव पुराण' 'रामायण' आदि के वर्णन से बहुत भिन्नता रखता है।

सम्भवतः पुराण-प्रेमी इसका उत्तर 'कल्प भेद' बतलायें पर जब और सब कथायें इसी समय की हों और अन्य ग्रन्थों से मिलती हों तो किसी एक को ही पूर्वकल्प की कहना कोई सारयुक्त तर्क नहीं है।

## ज्योतिर्मय लिङ्ग की कथा—

पुराणों में अनेक स्थलों पर सृष्टि आरम्भ होने से पूर्व ब्रह्मा और विष्णु के पारस्परिक विवाद के अवसर पर ज्योतिर्लिङ्ग के उद्भव की कथा दी गई है और एकाध पुराण में इस प्रसंग में ब्रह्माजी को बहुत नीचा दिखाया गया है और विष्णु को भी शिव की अपेक्षा बहुत हीन प्रकट किया गया है। पर 'वायु-पुराण' में इस कथा को भी बहुत स्वाभाविक रूप में दिया गया है और शिवजी द्वारा यही कहलाया गया है कि—"देवताओं में श्रेष्ठ! मैं तुम दोनों पर प्रसन्न हूँ। पूर्वकाल में तुम दोनों सनातन पुरुष मेरे शरीर से ही उत्पन्न हुये हो। यह लोक पितामह ब्रह्मा मेरे दाहिने हाथ हैं और यह नित्य युद्ध में स्थित रहने वाले विष्णु मेरे बाँये हाथ हैं। इस कथानक में और अन्य पुराणों में ब्रह्मा को झूठा बनाने और उनका एक मस्तक काट दिए जाने के अत्युक्तिपूर्ण वर्णनों में जमीन आसमान का भेद है।

## अध्यात्म ज्ञान की प्रधानता—

ग्रन्थ के अन्त में पुराणकार ने व्यासजी के हृदय में निराकार और साकार ब्रह्म का प्रश्न उठने की बात कह कर इस विषय पर विचार किया है कि परब्रह्म का स्वरूप वेदों के कथनानुसार अक्षर अव्यय अतीन्द्रिय और चिन्मात्र है, अथवा जैसा भक्ति प्रधान कथाओं के प्रणेता बतलाते हैं वह नाना प्रकार के आभरण धारण करके वेणु वादन करते हुए गोपियों संग रासलीला हास विलास रतिक्रीड़ा आदि के प्रेमी गौओं की रक्षार्थ इधर-उधर दौड़ते हुये राधा विलासी के रूप में है। भक्तगणों ने उस परम पुरुष श्रीकृष्ण को गोलोक धाम के वासी बताया है और कहा है कि वे अक्षर अव्यय ब्रह्म से भी परे हैं।

सत्यवती नन्दन व्यास जी जब बहुत सोच विचार करने पर भी इस समस्या का निराकरण नही कर सके तो उन्होंने एकान्त मे बैठकर आहार, चित्त एव आसन पर अधिकार प्राप्त करके एकाग्र मनसे चारों वेदो का आवाहन किया। दीर्घ काल तक इस प्रकार स्मरण और ध्यान करने के पश्चात् मूर्तिमान वेद उनके समक्ष उपस्थित हुये तो व्यास जी ने उनसे जिज्ञासा की कि—"अपने शब्द ब्रह्ममय शरीरो से आप लोगो ने अधिकारियों मे भेद बनाकर कर्म और ज्ञान का उपदेश दिया है। उसके अनुसार कामनाओ से घिरे हुये चित्त वाले मनुष्यो के जो कुछ सत्कर्म होते हैं, उसका फल स्वर्ग कहा गया है। और ईश्वर मे ही अपनी चित्त वृत्ति लगाने वाले पुरुषों के कर्मों का फल चित्त शुद्धि मानी गई है। चित्त शुद्धि से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है और ज्ञान से ही मोक्ष मिलता है। वही मोक्ष ही ब्रह्म के साथ एकता है, वह सत् चित् एव आनन्द स्वरूप हैं। यह सब जान लेने पर भी मेरे हृदय में एक जिज्ञासा उत्पन्न हो रही है कि उस परब्रह्म से भी बढ़ कर कोई अन्य सत्ता है अथवा नहीं ?"

वेदो के कथन से व्यास जी को जो कुछ जान पड़ा उसका निष्कर्ष यही निकला कि 'वह परब्रह्म अक्षर, परम और कारणो का कारण स्वरूप है, अर्थात् उससे परे कोई नहीं है। पुष्प के रस एव गन्ध की भांति वह आत्मस्वरूप का भी आत्मस्वरूप हैं, उसी को सबसे परम समझो। वह अक्षर ब्रह्म शब्दो द्वारा गम्य नही है।"

अधिकांश पुराणो मे जिस प्रकार अवतारो के वर्णन को प्रधानता देकर भगवान के साकार स्वरूप की उपासना पर अधिक जोर दिया है, वह बात 'वायु पुराण' मे देखने मे नही आती। इसमे ज्ञान और योग पर आधारित अध्यात्म-मार्ग की श्रेष्ठता स्वीकार की गई है और अन्त मे व्यास के सन्देह की कथा के रूप में इस तथ्य को स्पष्ट रूप से प्रकट भी कर दिया है।

'वायु-पुराण' की इस प्रकार की अनेक विशेषताओ पर ध्यान देने पर उसे 'महा-पुराणो' की सूची मे स्थान देना सब प्रकार से समीचीन मालूम देता है। वास्तव मे पौराणिक-साहित्य एक विशेष क्षेत्र और वर्ग से सम्बन्धित है

और मध्यकाल में उसका बहुत अधिक विस्तार किया गया है। उसमें केवल १८ महापुराणों का ही समावेश नहीं है, वरन् १८ उप-पुराण १८ अति-पुराण और १८ लघु-पुराणों का समावेश भी उनमें कर दिया गया है। इन सब ग्रन्थों की विषय-सूची और वर्णन शैली पर जब दृष्टिपात करते हैं तो 'वायु पुराण' का दर्जा बहुत ऊँचा जान पड़ता है। उसमें सृष्टि रचना जीव-जगत का विस्तार, मानवीय सभ्यता का विकास समाज व्यवस्था शासन व्यवस्था आर्थिक व्यवस्था का क्रमशः उद्भव आदि विषयों का अन्य कितने ही पुराणों की अपेक्षा अधिक स्वाभाविक तथा बुद्धिसंगत ढंग से वर्णन किया है। हमारा विश्वास है कि पाठकगण इस पुराण का अध्ययन करके अनेक प्राचीन युग सम्बन्धी तथ्यों को अधिक अच्छी तरह समझ सकेंगे। धर्म के स्वरूप और उपासना का भी इसने जिस रूप में वर्णन किया गया है उससे विवादग्रस्त प्रश्न उपस्थित करने के बजाय धर्म के उन मूल तत्वों पर प्रकाश पड़ता है जो मानव जीवन की सार्थकता के लिये मार्गदर्शक सिद्ध होंगे।

—श्रीराम शर्मा, आचार्य

# विषय-सूची


| | | | |
|---|---|---|---|
| १. | मुनियों द्वारा पुराण जिज्ञासा | ... | ४१ |
| २. | द्वादश वर्षीय सत्र निरूपण | ... | ४६ |
| ३ | प्रजापति सृष्टि-कथन | ... | ५६ |
| ४ | हिरण्य-गर्भ के रूप मे विभिन्न तत्वो की उत्पत्ति तथा आदि सृष्टि वर्णन | ... | ६० |
| ५ | सृष्टि-रचना और दैवी शक्तियाँ | ... | ७४ |
| ६. | सृष्टि रचना के विभिन्न सर्ग, वाराह रूप से पृथ्वी की स्थापना | ... | ८२ |
| ७. | वर्तमान कल्प में मानुषी-सृष्टि, दो कल्पों के बीच की प्रति सन्धि का वर्णन, प्रलय-वर्णन | ... | ९४ |
| ८. | मानव सभ्यता का आरम्भ, विभिन्न युगों में मनुष्य का विकास क्रम | ... | १०६ |
| ९ | देव-सृष्टि, देव, पितर, असुर, दानव, आदि की उत्पत्ति | ... | १३७ |
| १०. | मन्वन्तर वर्णन—स्वायम्भुव मनु तथा दक्षप्रजापति की सन्तति | ... | १५५ |
| ११. | पाशुपत योग—प्राणायाम आदि योग के अङ्गों का वर्णन | ... | १६८ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| १२ | योगमार्ग में विघ्न—सिद्धियों के कारण पतन की सम्भावना | — | १७८ |
| १३ | योगमार्ग के ऐश्वर्य | — | १८४ |
| १४ | पाशुपतयोग का स्वरूप | | १८७ |
| १५. | पाशुपत-योग महिमा | — | १९४ |
| १६ | शौचाचार द्वारा मनुष्य की सद्गति | | १९७ |
| १७ | परमाश्रय प्राप्ति | — | २ १ |
| १८ | प्रायश्चित विधि | — | २०२ |
| १९. | अरिष्ट वर्णन—मृत्यु का समय जानने के लक्षण | | २ ५ |
| २० | ओङ्कार प्राप्ति के लक्षण | — | २१२ |
| २१ | कल्प निरूपण | | २१८ |
| २२ | कल्प-संख्या निरूपण | | २२९ |
| २३ | महेश्वरावतार-योग | — | २३४ |
| २४ | शर्वस्तोत्र | | २४३ |
| २५ | मधुकैटभ उत्पत्ति चक्र द्वारा उनका वध और सृष्टि रचना | — | २६९ |
| २६ | स्वरोत्पत्ति ओङ्कार और वेदों का आविर्भाव | — | २८४ |
| २७ | ऋषिवंश कीर्तन—भृगु मरीचि अत्रि आदि की संतति | | २९१ |
| २८ | अग्नि-वंश वर्णन | — | २९७ |
| २९. | देव वंश वर्णन | — | ३ ५ |
| ३ | युग धर्म निरूपण | | ३१६ |
| ३१ | स्वायम्भुव वंश कीर्तन—सात द्वीप के अधिपतियों का वर्णन | | ३२६ |

३२ भुवन-विन्यास—भारत के विभिन्न प्रदेशो का वर्णन ... ३३९

३३. ज्योतिप प्रचार (१) चौदह लोक, सप्तद्वीप,
सूर्य, चन्द्र ग्रह, नक्षत्रो का स्वरूप वर्णन ... ३४८

३४. ज्योतिप प्रचार (२) सूर्य, चन्द्र, तारा, नक्षत्र,
ग्रह, आदि की गति, वर्षा करने वाले
मेघो का वर्णन ... ३८१

३५ ध्रुव-चर्या—सूर्य के रथ के देव, गन्धर्व आदि,
समस्त ग्रहो के रथ व घोडो का वर्णन, ध्रुव
द्वारा सबका धारण किया जाना ... ३९३

३५ (क) ज्योतिप मण्डल का विस्तार—त्रिविधि अग्नि,
मगल आदि ग्रहो की सूर्य से उत्पत्ति, ज्योतिष
शास्त्र का आधार ... ४०८

३६ नीलकण्ठ स्तुति, समुद्र मन्थन मे विष के
निकलने पर ब्रह्मा द्वारा भगवान शिव की
स्तुति और उनका गरल-पान ... ४२७

३७ लिंगोद्भव स्तुति, ब्रह्मा और विष्णु के सम्मुख
ज्योतिर्लिंग का प्रकट होना और दोनो के द्वारा
उसकी स्तुति ... ४३८

३८ पितर-वर्णन—पुरवा द्वारा पितरों का तर्पण,
विभिन्न प्रकार के पितरो और उनकी श्राद्ध
विधि का वर्णन ... ४४८

३९, यज्ञ-प्रथा का वर्णन—चारों युगों के धर्म कथन में
यज्ञ का महत्व, हिंसारूप यज्ञ का निषेध राजा
वसु का पतन ... ४६२

४ चारों युगों का व्याख्यान—चारों युगों का परिमाण युगभेद युगधर्म युगसन्धि युगांश और युग-संधान का तत्त्व राज्य तथा समाज की दशा — ४८१

४१ ऋषि-लक्षण—साधुओं के लक्षण तपस्या का रूप युगानुरूप व्यवहार महर्षि ऋषि ऋषीक के भेद प्राचीनकाल के मुख्य ऋषिवर्गों की गणना ५००

४२ महास्थान तीर्थ वर्णन—वेदों की शाखाओं का विभाजन और उनके प्रवर्तक ऋषियों का परिचय राजा जनक के यज्ञ में शाकल्य का विनाश ५१७

# वायु-महापुराण

## ।। मुनियों द्वारा पुराण-जिज्ञासा ।।

नारायण नमस्कृत्य नरञ्चैव नरोत्तमम् ।
देवी सरस्वती चैव ततो जयमुदीरयेत् ।
जयति पराशरसूनु सत्यवतीहृदयनन्दनो व्यास ।
यस्यास्यकमलगलित वाङ्मयममृत जगत् पिवति ।

प्रपद्ये देवमीशान शाश्वत ध्रुवमव्ययम् ।
महादेव महात्मान सर्वस्य जगत पतिम् ।।१
ब्रह्माण लोककर्त्तार सर्वज्ञमपराजितम् ।
प्रभु भूतभविष्यस्य साम्प्रतस्य च सत्पतिम् ।।२

ज्ञानमप्रतिम यस्य वैराग्य च जगत्पते ।
ऐश्वर्यञ्चैव धर्मश्च सहसिद्धिचतुष्टय ।।३
य इमान् पश्यते भावान्नित्य सदसदात्मकान् ।
आविशन्ति पुनस्त वै क्रियाभावार्थमीश्वरम् ।।४

लोककृल्लोकतत्त्वज्ञो योगमास्थाय तत्त्ववित् ।
असृजत् सर्वभूतानि स्थावराणि चराणि च ।।५
तमज विश्वकर्माण चित्पतिं लोकसाक्षिणम् ।
पुराणाख्यानजिज्ञासुर्व्रजामि शरण प्रभुम् ।।६

श्री मन्नारायण को नमस्कार करके और नरो मे उत्तम नर को नमस्कार करे। इसी प्रकार देवी सरस्वती को नमस्कार करके इसके पश्चात् 'जय' शब्द का उच्चारण करना चाहिए। सत्यवती के हृदय को आनन्द प्रदान करने वाले पराशर ऋषि के पुत्र व्यास मुनि की जय हो, जिनके मुख रूपी कमल से नि सृत

अमृत का यह समस्त जगत् पान करता है। निश्चल अविनाशी शाश्वत महान् आत्मा वाले समस्त जगत् के पति देव ईशान महेश की शरण गति मे जाता हूँ ॥१॥ इस लोक की रचना करने वाले सब विषयों के ज्ञाता पराजित न होने वाले भूत काल और भविष्य काल के पति तथा वर्तमान समय के उत्पत्ति ब्रह्माजी की शरण मे जाता हूँ ॥२॥ जिस जगत् के पति का अनुपम ज्ञान और वैराग्य है तथा चारो सिद्धियों के साथ धर्म और ऐश्वर्य भी अद्भुत है ॥ ३ ॥ जो इस सत् और असत् स्वरूप वाले भावों को नित्य देखते हैं वे क्रिया भाव के अर्थ रूप ईश्वर मे फिर प्रवेश कर जाते हैं ॥ ४ ॥ लोकों का सृजन करने वाले और लोकों के तत्त्व को जानने वाले तत्त्व-वेत्ता ने योग मे स्थिर होकर स्थावर और चर समस्त प्राणियों की सृष्टि की है ॥ ५ ॥ पुराण के आख्यानों को जानने की इच्छा रखने वाला मैं उस अजन्मा विश्वकर्मा अर्थात् सम्पूर्ण विश्व की रचना वाले ज्ञान के पति लोकों के साक्षी प्रभु की शरण मे जाता हूँ ॥६॥

ब्रह्मवायुमहेन्द्रेभ्यो नमस्कृत्य समाहितः ।
ऋषीणाञ्च वरिष्ठाय वसिष्ठाय महात्मने ॥७
तन्नप्त्रे चातिमशसे जातूकर्णाय चर्षये ।
वसिष्ठाय च शुचये कृष्णद्वैपायनाय च ॥८
पुराणं सम्प्रवक्ष्यामि ब्रह्मोक्तं वेदसम्मितम् ।
धर्मार्थन्यायसंयुक्तं रागमैः सुविभूषितम् ॥९
असीमकृष्णे विक्रान्ते राजन्येऽनुपमत्विषि ।
प्रशासतीमां धर्मेण भूमिं भूमिपसत्तमे ॥१०
ऋषयः संशितात्मानः सत्यव्रतपरायणाः ।
ऋजवो नष्टरजसः शान्ता दान्ता जितेन्द्रियाः ॥११
धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे दीर्घसत्रन्तु ईजिरे ।
नद्यास्तीरे दृषद्वत्याः पुण्यायाः शुचिरोधसः ।
दीक्षितास्ते यथाशास्त्रं नैमिषारण्यगोचराः ॥१२
दृष्ट्वा तान् स महाबुद्धिः सूतः पौराणिकोत्तमः ।
लोमानि हृष्यमाणश्च श्रोतृणां यत् सुभाषितैः ।

कर्मणा प्रथितस्तेन लोकेऽस्मिंल्लोमहर्षण ॥१३
तप श्रुताचारनिधेर्वेदव्यासस्य धीमत ।
शिष्यो बभूव मेधावी त्रिषु लोकेषु विश्रुत ॥१४

समाहित अर्थात् सावधान होकर ब्रह्मा, वायु और महेन्द्र के लिये नमस्कार करके, ऋषियो मे सर्वश्रेष्ठ महात्मा वसिष्ठ के लिये, अत्यन्त यशस्वी उनके नाती जातूकर्ण ऋषि के लिये परम पवित्र वसिष्ठ के लिये तथा कृष्णद्वैपायन के लिये नमस्कार करके धर्म, अर्थ और न्याय से सङ्गत अर्थात् सयुक्त आगमों से सुशोभित वेदो की सम्मति से युक्त ब्रह्मोक्त पुराण को भली-भाँति कहता हूँ ॥७–८–९॥ अनुपम कान्ति वाले, परम विक्रमशाली, समस्त नृप मण्डल मे अति श्रेष्ठ असीमकृष्ण नामक राजा के द्वारा इस भू मण्डल पर शासन करने के समय मे सत्य के व्रत मे तत्पर, परम सरल रजोगुण से हीन, शान्त प्रकृति वाले दमनशील और इन्द्रियो को जीतने वाले ऋषि लोग संशित आत्मा वाले होकर धर्म के धाम कुरुक्षेत्र मे पवित्र तट वाली परम पवित्र दृषद्वती नदी के तट पर दीर्घ-सत्र का यजन करने लगे। सभी ऋषि लोग शास्त्र की विधि के अनुसार दीक्षा प्राप्त करने वाले और नैमिषारण्य के भ्रमण करने वाले थे ॥१०–११–१०॥ महान् तीव्र बुद्धि वाले, पुराणो के ज्ञाता तथा वक्ताओ मे परमश्रेष्ठ सूतजी ने उन ऋषियो को देखने के लिये वहाँ आकर अपनी सुन्दर उक्तियों के द्वारा लोगो को हर्षित कर दिया अर्थात् सबको पुलकित बना दिया। इसी सत्कर्म से अर्थात् पुलकायमान बना देने के काम से ससार में वे लोम-हर्षण' इस नाम से प्रसिद्ध हो गये थे ॥१३॥ वे तपस्या, शास्त्रो का श्रवण और आचार की निधि अत्यन्त बुद्धिमान् व्यास मुनि के श्रेष्ठ बुद्धि वाले सूतजी शिष्य थे और लोको मे बहुत ही प्रसिद्ध थे ॥ १४ ॥

पुराण वेदो ह्यखिलो यस्मिन् सम्यक् प्रतिष्ठित ।
भारती चैव विपुला महाभारतवर्द्धिनी ॥१५
धर्मार्थकाममोक्षार्थाः कथा यस्मिन् प्रतिष्ठिता ।
सूक्ता सुपरिभाषाश्च भूमावोषधयो यथा ॥१६
स तान् न्यायेन सुधियो न्यायविन्मुनिपुङ्गवान् ।

अभिगम्योपसृत्य नमस्कृत्य कृताञ्जलि ।
तोषयामास मेधावी प्रणिपातेन तानथोन् ॥१७
ते चापि सत्रिण प्रीता ससदस्या महौजस ।
तस्मै साम च पूजाञ्च यथावत प्रतिपेदिरे ॥१८

अथ तेषा पुराणस्य शुश्रूषा समपद्यत ।
दृष्ट्वा तमतिविश्वस्त विद्वास लोमहर्षणम् ॥१९
तस्मिन् सत्रे गृहपति सर्वशास्त्रविशारद ।
इङ्गितैर्भावमालक्ष्य तेषा सूतमनोदयत् ॥२०

त्वया सूत महाबुद्धिर्भगवान् ब्रह्मवित्तम ।
इतिहासपुराणार्थं व्यास सम्यगुपासित ।
दुदोह व मति तस्य त्व पुराणा श्रया कथाम ॥२१

समस्त पुराण और सम्पूर्ण वेद जिसमे भली भाँति प्रतिष्ठित थे और महाभारत के बढाने वाली प्रचुर सरस्वती विराजमान थी ॥ १५ ॥ धर्म अर्थ काम और मोक्ष के प्रयोजन वाली अनेक कथाएं जिसमे प्रतिष्ठित थी । सूक्त और अच्छी परिभाषाएं भूमि मे औषधियो के तुल्य जिनमे विद्यमान थीं ॥ १६ ॥ ऐसे न्याय के ज्ञाता उन सूतजी ने न्याय से अच्छी बुद्धि वाले उन श्रेष्ठ मुनियो के समीप आकर और निकट मे पहुँच कर हाथ जोडकर उन्हे नमस्कार किया और उन समस्त ऋषियो को अपने प्रणिपात तथा विनम्र व्यवहार से सन्तुष्ट किया ॥१७॥ सत्र का यजन करने वाले महान् ओज वाले सदस्यो के सहित वे सब भी उस समय बहुत ही प्रसन्न हुए और वे भी उन सूतजी का अर्चनार्चन यथा विधि करने म तत्पर हुए ॥१८॥ इसके अनन्तर उन समस्त ऋषियो के हृदय मे पुराण के श्रवण करने की इच्छा उत्पन्न हुई क्योकि उन्होने अत्यन्त विश्वास के पात्र और महान् विद्वान् लोमहर्षण मुनि का दर्शन प्राप्त कर लिया था ॥१९॥ उस सत्र म समस्त शास्त्रो के पण्डित गृहपति ने उन सब ऋषियो के हार्दिक भाव को इङ्गितो के द्वारा लक्ष्य करके श्री सूतजी को प्रेरित किया ॥ २० ॥ गृहपति ने कहा—हे सूतजी ! आपने ब्रह्म के ज्ञाताओं मे श्रेष्ठ महान् बुद्धि वाले भगवान् व्यासजी की इतिहास और पुराणो के ज्ञान प्राप्त करने के लिये

भली-भाँति उपासना की है और आपने पुराणों में आश्रित कथा वालों उनकी बुद्धि का अच्छी तरह दोहन किया है अर्थात् आपने अच्छा पौराणिक ज्ञान उनसे प्राप्त किया है ॥ २१ ॥

एषाञ्च ऋषिमुख्यानां पुराणं प्रति धीमताम् ।
शुश्रूषाऽस्ति महाबुद्धे तच्छ्रावयितुमर्हसि ॥२२
सर्वे हीमे महात्मानो नाना गोत्राः समागताः ।
स्वान् स्वान् वंशान् पुराणैस्तु शृणुयुर्ब्रह्मवादिनः ॥२३
सपुत्रान् दीर्घसत्रेऽस्मिन्श्रावयेथा मुनीनथ ।
दीक्षिष्यमाणैरस्माभिः स्तेन प्रागसि सस्मृत ॥२४
इति सञ्चोदितः सूतस्तैरेव मुनिभिः पुरा ।
पुराणार्थं पुराणज्ञैः सत्यव्रतपरायणैः ॥२५
स्वधर्म एष सूतस्य सद्भिर्दृष्टः पुरातनैः ।
देवतानामृषीणाञ्च राज्ञाञ्चामिततेजसाम् ॥२६
वंशानां धारणं कार्यं श्रुतानाञ्च महात्मनाम् ।
इतिहासपुराणेषु दिष्टा ये ब्रह्मवादिभिः ॥२७
न हि वेदेष्वधीकारः कश्चित् सूतस्य दृश्यते ।
वैन्यस्य हि पृथोर्यज्ञे वर्तमाने महात्मनः ।
सुत्यायामभवत् सूतः प्रथमं वर्णवैकृतः ॥२८

हे महाबुद्धे ! इन बुद्धिमान् मुख्य ऋषियों की पुराण के प्रति श्रवण करने की अत्यन्त हार्दिक इच्छा है सो आप इन्हें वह सुनाने को योग्य होते हैं ॥ २२ ॥ ये सब महान् आत्मा वाले हैं और अनेक गोत्र वाले यहाँ एकत्रित हुए हैं। ये सब ब्रह्मवादी लोग पुराणों के द्वारा अपने-अपने वंशों का श्रवण करें ॥ २३ ॥ इस दीर्घ सत्र में पुत्रों के सहित इन मुनियों को श्रवण कराइये। उसके द्वारा दीक्षिष्यमान हम सबके द्वारा आप पहिले ही सस्मृत हुए हो ॥२४॥ इस प्रकार से सत्यव्रत में परायण पुराणों के ज्ञाता उन्हीं मुनियों के द्वारा पहिले पुराण के लिये सूतजी से सत् नहीं कहा गया ॥ २५ ॥ प्राचीन सत्पुरुषों ने यह सूत का अपना धर्म देखा है कि देवताओं का ऋषियों का और अपरिमित तेज

वाले राजाओं का तथा महात्माओं के श्रुत वंशों का धारण करना चाहिए जो कि ब्रह्म वादियों ने इतिहास और पुराणों में दिष्ट किये हैं ॥ २६–२७ ॥ किन्तु सूत का वेदों में कहीं भी कोई अधिकार नहीं दिखाई देता है क्योंकि महात्मा राजा वेन के पुत्र पृथु के वर्तमान यज्ञ में सुत्या में प्रथम विकृत वर्ण वाले सूत की उत्पत्ति हुई थी ॥ २८ ॥

ऐन्द्रेण हविषा तत्र हविः पृक्तं बृहस्पतेः ।
जुहावेन्द्राय देवाय ततः सूतो व्यजायत ।
प्रमादात्तत्र सञ्जज्ञे प्रायश्चित्तञ्च कर्मसु ॥२९
शिष्यहव्येन यत् पृक्तमभिभूतं गुरोर्हविः ।
अधरोत्तरचारेण जज्ञे तद्वर्णवैकृतं ॥३०
यच्च क्षत्रात् समभवद्ब्राह्मणाऽवरयोनितः ।
ततः पूर्वेण साधर्म्यात्तुल्यधर्मा प्रकीर्तितः ॥३१
मध्यमो ह्येष सूतस्य धर्मः क्षत्रोपजीवनम् ।
रथनागाश्वचरितं जघन्यञ्च चिकित्सितम् ॥३२
तत स्वधर्ममहं पृष्टो भवद्भिर्ब्रह्मवादिभिः ।
कस्मात् सम्यङ्न विब्रूयां पुराणमृषिपूजितम् ॥३३
पितॄणां मानसी कन्या वासवी समपद्यत ।
अपध्याता च पितृभिर्मत्स्ययोनौ बभूव सा ॥ ४
अरणीव हुताशस्य निमित्तं यस्य जन्मनः ।
तस्यां जातो महायोगी व्यासो वेदविदां वरः ॥ ५

वहाँ पर इन्द्र सम्बन्धी हवि से पृक्त बृहस्पति की हवि को इन्द्र देव के लिये के लिये हुत किया था। इससे सूत की उत्पत्ति हुई। वहाँ प्रमाद से कर्मों में प्रायश्चित्त किया ॥ २९ ॥ जो शिष्य के हव्य से गुरु का हवि पृक्त होकर अभिभूत हो गया और इस अधरोत्तर चार से ही यह वर्ण वैकृत उत्पन्न हुए ॥ ३ ॥ और जो क्षत्रिय से ब्राह्मण की अवर योनि से हुआ वह पहिले के साथ साधर्म्य होने के कारण तुल्य धर्म वाला कहा गया है ॥ ३१ ॥ रथ नाग और अश्व का चरित्र क्षत्रियों का उपजीवन यह सूत का मध्यम श्रेणी का धर्म होता

है तथा चिकित्सा करना जघन्य श्रेणी का धर्म है ॥ ३२ ॥ सो ब्रह्म-वादी आप लोगो ने मुझसे मेरे धर्म के अनुकूल ही पूछा है। मैं ऋषियो के द्वारा समर्चित पुराण को भली-भाँति क्यो नही कहूँगा अर्थात् अवश्य ही कहूँगा ॥३३॥ पितरो की वासवी नामक मानसी कन्या हुई थी वह पितरो के द्वारा अपध्यात होकर मत्स्य योनि मे हुई थी ॥ ३४ ॥ जिस तरह अग्नि की उत्पत्ति का निमित्त अरनी होती है उसी भाँति वेदो के ज्ञाताओ मे सर्वश्रेष्ठ महान् योगी व्यास मुनि उसमे उत्पन्न हुए ॥ ३५ ॥

तस्मै भगवते कृत्वा नमो व्यासाय वेधसे।
पुरुषाय पुराणाया भृगुवाक्यप्रवर्त्तिने।
मानुषच्छद्मरूपाय विष्णवे प्रभविष्णवे ॥३६
जातमात्रञ्च य वेद उपतस्थे ससङ्ग्रह।
धर्ममेव पुरस्कृत्य जातूकर्णादिवाप तम् ॥३७
मति मन्थानमाविध्य येनासौ श्रुतिसागरात्।
प्रकाश जनितो लोके महाभारतचन्द्रमा· ॥३८
वेदद्रुमश्च य प्राप्य सशाख समपद्यत।
भूमिकालगुणान् प्राप्य वाहुशाखो यथा द्रुम ॥३९
तस्मादहमुप श्रुत्य पुराण ब्रह्मवादिन।
सर्वज्ञात्सर्ववेदेषु पूजिताद्दीप्ततेजस· ॥४०
पुराण सम्प्रवक्ष्यामि यदुक्त मातरिश्वना।
पृष्टेन मुनिभि पूर्वं नैमिषीयै महात्मभि ॥४१

उन पुराण पुरुष, भृगु के वाक्य प्रवृत्तों, विद्वान्, छद्म से मनुष्य का रूप धारण करने वाले, होनहार विष्णु भगवान् व्यासजी के लिये नमस्कार करके जिनके उत्पन्न होते ही सग्रह सहित सम्पूर्ण वेद उपस्थित हो गये थे, किन्तु धर्म की ही मर्यादा का पालन कर जातूकर्ण से उनको प्राप्त किया था ॥ ३६-३७ ॥ जिसने श्रुति रूपी सागर से बुद्धि रूपी मन्थन करने वाले से मथ कर ससार मे महाभारत रूपी चन्द्रमा को प्रकट कर दिखलाया है ॥ ३८ ॥ जिस तरह भूमि के तथा काल के गुणो को प्राप्त कर वृक्ष बहुत सी शाखाओ से युक्त

हो जाता है उसी तरह वेद रूपी वृक्ष भी वेद व्यास मुनि को प्राप्त कर अनेक शाखाओं से युक्त हो गया ॥ ३९ ॥ उन ही दीप्त तेज वाले समस्त वेदों मे पूजित, सर्वज्ञ और ब्रह्म के वक्ता से मैंने उप श्रवण करके पहिले महात्मा और नैमिषारण्य मे निवास करने वाले मुनियो के द्वारा पूछे गये वायु देव ने जो पुराण कहा था उस वायु-पुराण को मैं अब आप लोगो के समक्ष मे कहता हूँ ॥ ४०-४१ ॥

कथ्यते यत्र विप्राणा वायुना ब्रह्मवादिना ।
धन्य यशस्यमायुष्य पुण्य पापप्रणाशनम् ।
कीर्त्तन श्रवण चास्य धारणञ्च विशेषत ॥४२
अनेन हि क्रमेणेद पुराण सम्प्रचक्ष्यते ।
सुखमर्थं समासेन महानप्युपलभ्यते ।
तस्मात् किञ्चित्समुद्दिश्य पश्चाद्वक्ष्यामि विस्तरम् ॥४३
पादमाद्यमिद सम्यक् योऽधीयीत जितेन्द्रिय ।
तेनाधीत पुराण तत् सर्वं नास्त्यत्र सशय ॥४४
यो विद्याच्चतुरो वेदान् साङ्गोपनिषदो द्विज ।
न चेत्पुराण सविद्यान्नैव स स्याद्विचक्षण ॥४५
इतिहासपुराणाभ्या वेद समुपबृहयत् ।
बिभेत्यल्पश्रुताद्वेदो मामय प्रतरिष्यति ॥४६
अभ्यसन्निममध्याय साक्षात् प्रोक्त स्वयम्भुवा ।
आपद प्राप्य मुच्येत यथेष्टा प्राप्नुयाद्गतिम् ॥४७
यस्मात् पुरा ह्यनक्तीद पुराण तेन तत् स्मृतम् ।
निरुक्तमस्य यो वेद सर्वपापै प्रमुच्यते ॥४८
नारायण सर्वमिद विश्व व्याप्य प्रवर्त्तते ।
तस्यापि जगत स्रष्टु स्रष्टा देवो महेश्वर ॥४९
अतश्च सन्क्षेपमिम शृणुध्व महेश्वर सर्वमिद पुराणम् ।
स सर्गकाले च करोति सर्गान् सहारकाले पुनराददीत ॥५०

सूतजी ने कहा—जिस वायु पुराण मे ब्रह्मवादी वायु देव के द्वारा विप्रों

यत्र सा गोमती पुण्या सिद्धचारण सेविता ।
रोहिणी सुपुत्रे तत्र तत्र सौम्योऽभवत् सुत ॥८
शक्तिर्ज्येष्ठ समभवद्वसिष्ठस्य महात्मन ।
अरुन्धत्या सुता यत्र शतमुत्तमतेजस ॥९
कल्मापपादो नृपतिर्यत्र शप्तश्च शक्तिना ।
यत्र वैर समभवद्विश्वामित्रवसिष्ठयो ॥१०
अदृश्यन्त्या समभवन्मुनिर्यत्र पराशर ।
पराभवो वसिष्ठस्य य स्मिन् जातेऽप्यवर्त्तत ॥११
तत्र ते ईजिरे सत्र नैमिषे ब्रह्मवादिन ।
नैमिषे ईजिरे यत्र नैमिषयास्तत स्मृता ॥१२
तत्सत्रमभवत्तेषा समा द्वादश धीमताम् ।
पुरूरवसि विक्रान्ते प्रशासति वसुन्धराम् ॥१३
अष्टादश समुद्रस्य द्वीपानश्नन् पुरूरवा ।
तुतोष नैव रत्नाना लोभादिति हि न श्रुतम् ॥१४

शृण्वन्तु यत्र ते धीरा ईजिरे सत्रमुत्तमम् ।
यावन्तं चाभवत् कालं यथा च समवर्तत ॥४
सिसृक्षमाणा विश्वं हि यत्र विश्वसृजः पुरा ।
सत्रं हि ईजिरे पुण्यं सहस्रं परिवत्सरान् ॥५
तपो गृहपतिर्यत्र ब्रह्मा ब्रह्माऽभवत् स्वयम् ।
इलाया यत्र पत्नीत्वं शामित्रं यत्र बुद्धिमान् ।
मृत्युश्चक्रे महातेजास्तस्मिन् सत्रे महात्मनाम् ॥६
विबुधा ईजिरे यत्र सहस्रं प्रतिवत्सरान् ।
भ्रमतो धर्मचक्रस्य यत्र नेमिरशीर्यत ।
कर्मणा तेन विख्यातं नैमिषं मुनिपूजितम् ॥७

श्री शुकदेवजी ने कहा—तपश्चर्या के ही धन वाले उन ऋषियों ने सूतजी से फिर कहा कि यह सत्र कहाँ पर हुआ जो कि अद्भुत कर्म करने वाले उन ऋषियों ने किया था ? ॥ १ ॥ इस सत्र को कितने समय तक और किस प्रकार से किया था और प्रभञ्जन (वायु) ने उनको किस तरह यह पुराण कहा यह सब आप कृपा करके विस्तारपूर्वक वर्णन करें क्योंकि हम सबको इस बात का ज्ञान प्राप्त करने के लिये हृदय में अत्यधिक कौतूहल हो रहा है । इस तरह से ऋषियों के द्वारा पूछे गये सूतजी यह शुभ वचन बोले ॥ २-३ ॥ सूतजी ने कहा—हे ऋषियो ! आप लोग श्रवण करें मैं बतलाता हूँ कहाँ पर उन परम धीर ऋषियों ने इस उत्तम सत्र का यजन किया था जिस प्रकार से और जितने समय तक किया था ॥ ४ ॥ पहिले यहाँ पर इस विश्व के सृजन करने वालों ने विश्व का सृजन करते हुए एक सहस्र वर्ष पर्यन्त इस परम पवित्र सत्र का यजन किया था ॥ ५ ॥ जिस स्थान पर तपागृह का पति ब्रह्मा स्वयं ब्रह्मा हुआ जिस स्थान पर इला का पत्नीत्व हुआ और महान् तेज वाले मृत्यु ने जहाँ पर शामित्र ( पशु बाँधने का स्थान ) किया था उन महात्माओं के सत्र में देवों ने एक सहस्र प्रति वत्सर वहाँ यजन किया था । यहाँ पर धर्म चक्र के भ्रमण करते हुए नेमि विशीर्ण हो गई थी इस कर्म के कारण यह मुनियों के द्वारा परम पूजित यह स्थान नैमिष—इस नाम से विख्यात हुआ है ॥ ६-७ ॥

यत्र सा गोमती पुण्या सिद्धचारण सेविता ।
रोहिणी सुपुत्रे तत्र तत सौम्योऽभवन् सुत ॥८
शक्तिर्ज्येष्ठ समभवद्वसिष्ठस्य महात्मन ।
अरुन्धत्या सुता यत्र शतमुत्तमतेजस ॥६
कल्मापपादो नृपतिर्यत्र शप्तश्च शक्तिना ।
यत्र वैर समभवद्विश्वामित्रवसिष्ठयो ॥१०
अदृश्यन्त्या समभवन्मुनिर्यत्र पराशर ।
पराभवो वसिष्ठस्य य स्मन् जातेऽन्ववर्त्तत ॥११
तत्र ते ईजिरे सत्र नैमिषे ब्रह्मवादिन ।
नैमिषे ईजिरे यत्र नैमिषेयास्तत स्मृता ॥१२
तत्सत्रमभवत्तेपा समा द्वादश धीमताम् ।
पुरूरवसि विक्रान्ते प्रशासति वसुन्धराम् ॥१३
अष्टादश समुद्रस्य द्वीपानश्नन् पुरूरवा ।
तुतोप नैव रत्नाना लोभादिति हि न श्रुतम् ॥१४

जिस स्थान पर बड़े बड़े सिद्धों तथा चारणों के द्वारा सेवित परम पवित्र गोमती है वहाँ पर रोहिणी ने पुत्र का प्रसव किया जोकि परम सौम्य हुआ ॥८॥ जहाँ पर महात्मा वसिष्ठ के अरुन्धती से अत्युत्तम तेज वाले सौ पुत्र उत्पन्न हुए उनमें शक्ति नाम वाला सबसे बड़ा पुत्र था ॥ ६ ॥ उस वसिष्ठ के पुत्र शक्ति के द्वारा कल्मापपाद नामक राजा को शाप दिया गया था और जिस स्थान में विश्वामित्र और वसिष्ठ का पारस्परिक वैर हो गया था ॥ १० ॥ जहाँ पर दृश्यमान न होती हुई में पराशर मुनि हुए जिनके उत्पन्न होने पर भी वसिष्ठजी का पराभव हुआ था ॥ ११ ॥ वहाँ पर नैमिष नामक स्थान में ब्रह्मवादी उन ऋषियो ने सत्र का यजन किया था क्योंकि वह सत्र उन्होंने नैमिष नाम वाले स्थान मे किया था अतएव तभी से वे सब नैमिषेय इस नाम से कहे गये हैं ॥१२॥ उन धीमान् ऋषियो का वह सत्र बारह वर्ष पर्यन्त हुआ जबकि विक्रमशील पुरुरवा राजा इस भू-मण्डल का शासन करता था ॥ १३ ॥ पुरुरवा राजा को समुद्र के अठारह द्वीपो को अपने अधिकार मे रखते हुए भी रत्नों के लोभ की अधिकता होने के कारण सन्तोष नही हुआ था, ऐसा हमने सुना है ॥ १४ ॥

उवशी चकमे य च देवहूतिप्रणोदिता ।
आजहार च तत्सत्र स्वर्वेश्यामङ्गुनं ॥१५
तस्मिन्नरपतौ सत्र नैमिषेया प्रचक्रिरे ।
य गर्भ सुषुवे गङ्गा पावकाद्दीप्ततेजसम् ।
तदुल्ब पर्वते न्यस्त हिरण्य प्रत्यपद्यत ॥१६
हिरण्मय ततश्चक्रे यज्ञवाट महात्मनाम् ।
विश्वकर्मा स्वय देवो भावयन् लोकभावनम् ॥१७
बृहस्पतिस्ततस्तत्र तेषाममिततेजसाम ।
ऐल पुरूरवा भेजे त देश मृगया चरन् ॥१८
त दृष्ट्वा महदाश्चर्य यज्ञवाट हिरण्मयम् ।
लोभेन हृतविज्ञानस्तदादातु प्रचक्रमे ॥१९
नैमिषेयास्ततस्तस्य चुकुधुन पतेभृशम् ।
निजघ्नुश्चापि सक्रुद्धा कुशवज्र मनीषिण ।
ततो निशान्ते राजान मुनयो दैवनोदिता ॥२
कुशवज्र विनिष्पिष्ट स राजा व्यजहात्तनुम् ।
औवंशेय ततस्तस्य पुत्रश्चक्रुर्नृप भुवि ॥२१

देवहूति के द्वारा प्रेरित की हुई उवशी उसके समीप मे गई और उस स्वग की वेश्या के साथ में सङ्गति करने वाले अपने उस सत्र का आहरण कर लिया था ॥१५॥ उस राजा के होने के समय मे नैमिषेय ऋषियो मे इस सत्र को किया था जिस उद्दीप्त तेज वाले को अग्नि से गङ्गा ने गभ मे प्रसूत किया था वह गर्भ पर्वत पर रख दिया गया जो कि सुवण हो गया था ॥१६॥ लोकों की भावना को हृदय मे विचारते हुए देव विश्वकर्मा ने स्वय महात्माओ के उस यज्ञवाट को उससे हिरण्मय कर दिया था ॥१७॥ इसके अनन्तर अपरिमित तेज के धारण करने वाले उनमे बृहस्पति हुए । एक बार शिकार करते हुए पुरूरवा ऐल वहाँ पर उस देश मे पहुँच गया था ॥१८॥ उसने उस यज्ञ वाट को हिरण्मय देखकर बहुत अधिक आश्चय किया और लालच के कारण ज्ञान हीन होकर उसे ग्रहण करने की इच्छा की ॥१९॥ इसके अनन्तर नैमिषेय

ऋषियो ने उस राजा पर अत्यन्त क्रोध किया और दैव से प्रेरित उन मनीषी ऋषियो ने विशेष क्रोधित होकर प्रात काल मे कुशा रूपी वज्रो से उस राजा का हनन भी किया था ॥२०॥ डाभ के वज्रो से विशेष रूप से पिसे हुए उस राजा ने अपने शरीर का त्याग कर दिया। इसके पश्चात् भूमि पर उर्वशी के गर्भ से उत्पन्न उसके पुत्र को राजा बना दिया गया ॥२१॥

नहुषस्य महात्मान पितर य प्रचक्षते ।
स तेषु वर्तते सम्यग धर्मशीलो महीपति ।
आयुरारोग्यमत्युग्र तस्मिन् स नरसत्तम ॥२२
सान्त्वयित्वा च राजान ततो ब्रह्मविदा वरा ।
सत्रमारेभिरे कर्तुं यथावद्धर्मभूतये ॥२३
बभूव सत्र तत्तेषा बह्वाश्चर्य महात्मनाम् ।
विश्व सिसृक्षमाणाना पुरा विश्वसृजामिव ॥२४
वैखानसै प्रियसखैर्वालखिल्यमरीचिभि ।
अन्यैश्च मुनिभिर्जुष्ट सूर्यवैश्वानरप्रभै ॥२५
पितृदेवाप्सर सिद्धैर्गन्धर्वोरगचारणै ।
सम्भारैस्तु शुभैर्जुष्ट तैरेवेन्द्रसदो यथा ॥२६
स्तोत्रसत्रग्रहैर्देवान् पितृन् पित्र्यैश्च कर्मभि ।
आनर्चुश्च यथाजाति गन्धर्वादीन् यथाविधि ॥२७
आराधयितु मिच्छन्तस्तत्र कर्मान्तरेष्वथ ।
जगु सामानि गन्धर्वा ननृतुश्चाप्सरोगणा ॥२८

जिस महान् आत्मा वाले को नहुष का पिता कहते हैं, वह धर्मशील राजा उन सबके साथ बहुत ही अच्छा बरताव करता था। वह एक परमश्रेष्ठ नृप था, इसलिये उसमें अत्युग्र आरोग्य और आयु सभी कुछ था ॥२२॥ ब्रह्मवादियो मे परमश्रेष्ठ ऋषियों ने फिर उस राजा की सान्त्वना करके यथारीति धर्म की विभूति की वृद्धि के लिये अपने सत्र के करने का आरम्भ कर दिया ॥२३॥ पहिले समय मे इस विश्व की सृष्टि करने की इच्छा वाले विश्व स्रष्टाओ की भांति उन महान् आत्मा वाले ऋषियो का वह सत्र अत्यन्त आश्चर्य से पूर्ण

हुआ था ॥ ४॥ प्यारे सदा वैमालयो के द्वारा बाल खिल्यो के मरीचिको के और सूय तथा अग्नि क समान प्रभा वाले अन्य अनेक मुनियो के द्वारा उस सत्र का सेवन किया गया था ॥२५। पितर देव अप्सरागण सिद्ध गन्धव उरग और चारणो के द्वारा अनेकानेक शुभ सम्भारो स युक्त होकर इन्द्रदेव के निवास स्थान ( स्वग ) की भाँति इस सत्र का सेवन किया गया था ॥२६॥ स्तोत्र सत्र ग्रहो से देवताओ का तथा पित्र्य कर्मों के द्वारा पितृगण का और अन्य समस्त गन्धर्व आदि का उनकी जाति एव स्वभाव के अनुसार विधि विधान के साथ वहाँ अचन किया था ॥२७। इसके अनन्तर अन्य कर्मों मे आराधना की इच्छा करते हुए गन्धर्वों ने साम का गायन किया और अप्सरागणो ने वहाँ नृत्य किया ॥२८॥

व्याजह्रु मुनयो वाच चित्राक्षरपदा शुभाम् ।
मन्त्रादितत्त्वविद्वासो जगदुश्च परस्परम् ॥२९
वितण्डावचनाश्चके निजघ्नु प्रतिवादिन ।
ऋषयस्तत्र विद्वास साङ्ख्यार्थन्यायकोविदा ॥३०
न तत्र दुरितं किञ्चिद्विदधुर्ब्रह्मराक्षसा ।
न च यज्ञहनो दैत्या न च यज्ञमुषोऽसुरा ॥३१
प्रायश्चित्त दुरिष्ट वा न तत्र समजायत ।
शक्तिप्रज्ञा क्रियायोगैर्विधिरासीत् स्वनुष्ठित ॥३२
एव वितेनिरे सत्र द्वादशाब्द मनीषिण ।
भृग्वाद्या ऋषयो धीरा ज्योतिष्टोमान् पृथक पृथक ।
चक्रिरे पृष्ठगमनान् सर्वानयुतदक्षिणान् ॥३३
समाप्तयज्ञास्ते सर्वे वायुमेव महाधिपम् ।
पप्रच्छुरमितात्मान भवद्भिर्यदहं द्विजा ।
प्रणोदितश्च यथार्थं स च तानब्रवीत्प्रभु ॥३४
शिष्य स्वयम्भुवो देव सर्वप्रत्यक्षदृग्वशी ।
अणिमादिभिरष्टाभिरैश्वर्यैः समन्वित ॥३५

मन्त्र आदि के तत्त्व के ज्ञाता परम विद्वान् मुनिगण अति विचित्र पदा

वलि वाली शुभ कल्याणकारिणी वाणी का उच्चारण करने लगे और परस्पर मे बोलने लगे ॥२६॥ वहाँ पर साख्य दर्शन के अर्थ तथा न्याय-दर्शन-शास्त्र के अर्थ के जानने वाले परम विद्वान् कुछ ऋषि लोग वितण्डायुक्त वचन बोलते हुए अपने प्रतिवादियो पर वाक्प्रहार करने लगे ॥३०॥ वहाँ उस दीर्घ सत्र में ब्रह्मराक्षसो ने कोई दुरित ( पाप ) कर्म नही किया था। दैत्य लोगो ने भी यज्ञ का हनन करने का कोई कर्म नही किया और वहाँ यज्ञीय वस्तुओ का हरण करने वाले असुर भी नही थे ॥३१॥ वहाँ उस समय कोई भी अनभीष्ट एव प्रायश्चित्त के योग्य कर्म नही हुआ था। शक्ति, बुद्धि और क्रिया के सद्योगो के द्वारा बहुत ही अच्छी तरह से की गई विधि का अनुष्ठान हो रहा था ॥३२॥ परम धीर भृगु आदि मनीषी ऋषियो ने इस प्रकार से वहाँ पृथक्-पृथक् ज्योतिष्टोम किये और बारह वर्ष पर्यन्त उस सत्र को करते रहे और सभी पृष्ठ गमनो को अयुत दक्षिणा वाले किया था ॥३३॥ यज्ञ समाप्त करने वाले उन सब ने अमित आत्मा वाले महान् स्वामी वायु से ही पूछा और वायुदेव ने कहा—हे ब्राह्मणो ! यदि आप लोगो ने मुझे ही वश कथन करने के लिये प्रेरित किया है तो सुनो—ऐसा प्रभु वायुदेव ने उनसे कहा ॥३४॥ वे स्वयम्भू के शिष्य, सब को प्रत्यक्ष रूप से देखने वाले, अपने ही वश में रहने वाले देव हैं, जो आठ अणिमादि ऐश्वर्यो से युक्त हैं ॥३५॥

तिर्यग्योन्य' दिभिर्धर्मैं सर्वलोकान्विभर्त्ति य ।
सप्तस्कन्धादिक शश्वत् प्लवते योजनाद्वर ॥३६
विषये नियता यस्य सस्थिता सप्तका गणा ।
व्यूहास्त्र याणा भूताना कुर्वन् यश्च महाबल ।
तेजसश्चात्युपध्यानन्दधातीम शरीरिणम् ॥३७
प्राणाद्या वृत्तय पञ्च करणाना च वृत्तिभि ।
प्रेर्यमाणा शरीराणा कुवते यास्तु धारणम् ॥३८
आकाशयोनिर्हि गुणा शब्दस्पर्शसमन्वित ।
तैजसप्रकृतिश्चोक्तोऽप्यय भावो मनीषिभि ॥३९
तत्राभि मानी भगवान् वायुश्चातिक्रियात्मक ।

वातारणि समाख्यात शब्दशास्त्र विशारद ॥४०
भारत्या श्लक्ष्णया सर्वान् मुनीन् प्रह्लादयन्निव ।
पुराणज्ञ सुमनस पुराणाश्रययुक्तया ॥४१

जो तिर्यग्यानि आदि धर्मों से समस्त लोकों का भरण करते है और श्रेष्ठ जो निरन्तर योजन मे सप्त स्कन्ध आदि का प्लवन करते हैं ।३६॥ जिनके विषय मे नियत सप्तकगण संस्थित रहते है और जो महान् बल वाला तीन भूतों के व्यूहों को करता हुआ तेज के उपादान को खाता है और इस शरीर को धारण करता है ॥३७॥ प्राणाख्य पाच वृत्तियाँ होती है और जो इन्द्रियो की वृत्तियों से प्रेयमाण होती हुई शरीरो को धारण करती है ॥३ ॥ आकाश योनि वाला गुण शब्द और स्पर्श से समन्वित होता है । मनीषियो के द्वारा यह भाव तमस प्रकृति वाला भी कहा गया है ॥३९॥ मान वाला भगवान् वायु देव अत्यधिक क्रिया के स्वरूप वाला होता है । यह शब्द शास्त्र के पण्डित तथा पुराणो के ज्ञाता ने पुराणो के आश्रय से युक्त परम मधुर वाणी के द्वारा अच्छे मन वाले समस्त मुनियों को परमाह्लाद से पूर्ण करते हुए वातारणि का वर्णन किया ॥४ ॥४१॥

## ॥ प्रजापति सृष्टि कथन ॥

महेश्वरायोत्तमवीर्यकर्मण सुरप्रभायामितबुद्धितेजसे ।
सन्त्रसूर्यानलवत्र से नमस्त्रिलोकसंहारविसृष्टये नम ॥१
प्रजापतीन् लोकनमस्कृता स्तथा स्वयम्भुरुद्रप्रभृतीन् महेश्वरान् ।
भृगु मरीचि परमेष्ठिन मनु रजस्तमाधममथापि कश्यपम् ॥२
वसिष्ठदक्षात्रिपुलस्त्यकर्दमान् रुचि विवस्वन्तमथापि च क्रतुम् ।
मुनि तथैवाङ्गिरस प्रजापति प्रणम्य मूर्ध्ना पुलह च भावत ॥३
तपस शुक्रोधनमेकविंशति प्रजा विवृद्धपार्थिवकायशासनम् ।
पुरातनानप्यपराश्च शाश्वतास्तथैव चान्यान् सगणानवस्थितान् ॥४
तथैव चान्यानपि धर्मशोभिनो मुनीन् बृहस्पत्युशन पुरोगमान् ।
तप शुभाचारऋषीन् दयान्वितान् प्रणम्य वक्ष्ये कलिपापनाशिनीम् ॥५

प्रजापते सृष्टिमिमामनुत्तमा सुरेश देवर्षिगणैरलङ्कृताम् ।
शुभामतुल्यामनघामृषिप्रिया प्रजापतीनामपि चोल्बणार्च्चिषाम् ॥६
तपोभृता ब्रह्मदिनादिकालिकी प्रभूतमाविष्कृतपौरुषश्रियम् ।
श्रुतौ स्मृतौ च प्रसृतामुदाहृता परा पराणामनिलप्रकीर्त्तिताम् ॥७

सूतजी ने कहा—समस्त देवो मे परम श्रेष्ठ, अपरिमित बुद्धि के तेज वाले, सहस्रो सूर्यों के अनल के तुल्य वर्चस वाले, उत्तम वीर्य के कर्म करने वाले महेश्वर भगवान के लिये नमस्कार है और तीनो लोको के सहार की विसृष्टि करने वालो के लिये नमस्कार है ॥१॥ समस्त लोको के वन्दनीय प्रजापतियो को तथा स्वयम्भू ( ब्रह्मा ) और रुद्र प्रभृति महान् ईश्वरो को एव भृगु, मरीचि, परमेष्ठी और रज तथा तम के धम वाले मनु को और कश्यप को भी नमस्कार है ॥२॥ वशिष्ठ, दक्ष, अत्रि, पुलस्त्य और कर्दम को और रुचि, विवस्वान् तथा क्रतु एव आगिरस मुनि तथा प्रजापति को नत-मस्तक से प्रणाम करके पुलह को भाव सहित नमस्कार है ॥३॥ उसी भाँति प्रजा की विशेष वृद्धि के लिये कार्य-शासन को अर्पित कर देने वाले इक्कीस चुक्रोश धन को नमस्कार है और दूसरे पुरातनो को, नित्य निवास करने वालो को तथा गणो के सहित अवस्थित अन्यो को नमस्कार है ॥४॥ इसी प्रकार से धैर्य की शोभा वाले बृहस्पति एव उशना जिनके अग्रेसर है, ऐसे अन्य मुनियो को, दया से युक्त तपश्चर्या एव शुभ आचार वाले ऋषियो को प्रणाम करके कलियुग के पापो के नाश करने वाली प्रजापति की सृष्टि को कहता हूँ ॥५॥ यह प्रजापति की सृष्टि सर्वोत्तम है और सुरेश तथा देवर्षियो के समूह ने अलकृत है। यह सृष्टि परम शुभ, अनुपम, निष्पाप और ऋषियो की अति प्रिय है एव अत्यन्त तीव्र कान्ति वाले प्रजापतियो की भी प्यारी है ॥६॥ जो तपस्वी लोग है, उनकी भी प्रिय है। ब्रह्मा के दिन से भी अधिक काल वाली है। यह सृष्टि ऐसी है, जिसने अत्यधिक पुरुषार्थ की श्री का आविष्कार किया है तथा श्रुति एव स्मृति मे प्रसृत एव उदाहृत है। यह परे से भी परे है और वायु के द्वारा प्रकीर्तित है ॥७॥

समासवन्धैर्निगतैर्यथातथ विशब्दनेनापि मन प्रहर्षिणीम् ।
यस्याञ्च वद्धा प्रथमा प्रवृत्ति प्राधानिकी चेश्वरकारिता च ॥८

यत्तत् स्मृत कारणमप्रमेय ब्रह्म प्रधान प्रकृतिप्रसूति ।
आत्मा गुहा योनिरथापि चक्षु क्षेत्र तथवामृतमक्षरञ्च ॥९
शुक्र तप सत्त्वमतिप्रकाश तद्व्यष्टि नित्य पुरुष द्वितीयम् ।
तमप्रमेय पुरुषण युक्त स्वयम्भुवा लोकपितामहेन ॥१०
उत्पादकत्वाद्रजसोतिरेकात् कालस्य योगान्नियमावधेश्च ।
क्षेत्रज्ञयुक्तान् नियतान्विकारान् लोकस्य सन्तानविवृद्धिहेतून् ।
प्रकृत्यवस्था सुषुवे तथाष्टौ सङ्कल्पमात्रेण महेश्वरस्य ॥११
देवासुराद्रिद्रुमसागराणा मनुप्रजेशर्षिपितृद्विजानाम् ।
पिशाचयक्षोरगराक्षसाना ताराग्र हार्ककर्क्षनिशाचराणाम् ॥१२
मासर्तु सवत्सरराम्यहानां दिक्कालयोगादियुगायनानाम् ।
वनौषधीनामपि वीरुधाञ्च जलौकसामप्सरसो पशूनाम् ॥१३
विद्युत्सरिन्मेघविहङ्गमाना यत्सूक्ष्मग यद्भुवि यद्दिमत्स्यम् ।
यत् स्थावर यश्च यदस्ति किञ्चित् सवस्य तस्यास्ति गतिर्विभक्ति॥१४

यथातथ अर्थात् समुचित रूप से नियत समास अर्थो के द्वारा बिना ध्वनि के भी मन को परम प्रहृष देने वाली है। जिसमे प्रधान की प्रथम प्रवृत्ति और ईश्वरत्वादिता बद्ध हो रही है ॥८॥ जो ब्रह्मा का अविषय कारण कहा गया है, वह ब्रह्म तथा प्रकृति की प्रसूति प्रधान है। गुहा की योनि वाला आत्मा चक्षु, क्षेत्र अमृत और अक्षर शुक्र तप और अति प्रकाश वाला सत्व एव वह पृथक् नित्य द्वितीय पुरुष को पुरुष के द्वारा अप्रमेय लोको के पितामह स्वयम्भू से युन उस पुरुष को उत्पादक होने से रजोगुण के अतिरेक से काल के योग से और नियम की अवधि से लोक की सन्तान की विशेष वृद्धि के हेतु स्वरूप क्षेत्रज्ञ से युक्त नियत विकारो को महेश्वर के सङ्कल्प मात्र से आठ प्रकृति की अवस्था को उत्पन्न किया ॥९॥१ ॥११॥ देव असुर अद्रि द्रुम सागरो की—मनु, प्रजा ईश ऋषि, पितृगण और द्विजो की—पिशाच, राक्षस उरग और यक्षो की—तारा ग्रह अर्क ऋक्ष और निशाचरो की—मास ऋतु सम्वत्सर रात्रि और दिवसों की—दिशा काल योगादि युग और अयनों की—वन की औषधियो की—वीरुधो की—जल मे घर वालो की—

अप्सराओं की—पशुओं की—विद्युत, सरित ( नदी ), मेघ और विहगमो की स्थिति मे जो सूक्ष्म गमन करने वाला है, जो भूमि मे है और जो नभ मे स्थित है तथा जो स्थावर है, जहाँ भी जो कुछ है उस सब की गति विभक्ति ही है ॥१२॥१३॥१४॥

छन्दांसि वेदा· सऋचो यजूंसि सामानि सोमश्च तथैव यज्ञ ।
आजीव्यमेषा यदभीप्सितश्च देवस्य तस्यैव च वै प्रचापते ॥१५
वैवस्वतस्यास्य मनो. पुरस्तात् सम्भूतिरुक्ता प्रसवश्च तेषाम् ।
येषामिद पुण्यकृता प्रसूत्या लोकत्रय लोकनमस्कृतानाम् ।
सुरेशदेवर्षिमनुप्रधीनामापूरितञ्चोपरिभूषितञ्च ॥१६
रुद्रस्य शापात् पुनरुद्भवश्च दक्षस्य चाप्यत्र मनुष्यलोके ।
वास क्षितौ वा नियमाद्भवस्य दक्षस्य चात्र प्रतिशापलाभ ॥१७
मन्वन्तराणा परिवर्त्तनानि युगेषु सम्भूतिविकल्पनञ्च ।
ऋषित्वमार्षस्य च सप्रवृद्धिर्यथा युगादिष्वपि चेत्तदत्र ॥१८
ये द्वापरेषु प्रथयन्ति वेदान् व्यासाश्च तेऽत्रक्रमशो निबद्धा ।
कल्पस्य सख्या भुवनस्य सख्या ब्राह्मस्य चाप्यत्र दिनस्य सख्या ॥१९
अण्डोद्भिजस्वेदजरायुजाना धर्मात्मना स्वर्गनिवासिना वा ।
ये यातनास्थानगताश्च जीवास्तर्केण तेषामपि च प्रमाणम् ॥२०
आत्यन्तिक प्राकृतिकश्च योऽय नैमित्तिकश्च प्रतिसर्गहेतु ।
बन्धश्च मोक्षश्च विशिष्य तत्र प्रोक्ता च ससारगति परा च ॥२१
प्रकृत्यवस्थेषु च कारणेषु या च स्थितिर्या च पुन प्रवृत्ति ।
तच्छास्त्रयुक्त्या स्वमतिप्रयत्नात् समस्तमाविष्कृतधीधृतिभ्य ।
विप्रा ऋषिभ्य समुदाहृत यद्यथातथ तच्छृणुतोच्यमानम् ॥२२

छन्द, वेद, ऋचाओ के सहित यजु, साम और सोम तथा यज्ञ इन सबका आजीव्य और जो भी इनका अभीप्सित है, वह सब उसी प्रजापति देव का निश्चित रूप से होता है ॥१५॥ पहिले इस वैवस्वत मनु की सम्भूति कही गई है और उनका प्रसव अर्थात् जन्म भी कहा गया है। ये तीनो लोक लोकों के द्वारा वन्दनीय सुरेश, देवर्षि, मनु आदिको की प्रसूति से अर्थात् परम पुण्य

कालियो के जन्म से समस्त तीनों लोक परिपूरित हैं और भूषित भी हैं ॥१६॥ इस मनुष्य लोक में रुद्र के शाप से दक्ष का पुनर्जन्म अथवा भूमण्डल में निवास हुआ और नियम से यहाँ पर दक्ष का और भव का प्रतिशाप प्राप्त हुआ ॥१७॥ मन्वन्तरों का परिवर्तन युगों में उनकी सम्भूति ( उत्पत्ति ) और विकल्पन तथा युगार्ध में ऋषित्व और आर्ष की समवृद्धि हुई वैसी ही यहाँ पर भी हुई ॥१८॥ जिन व्यासदेव ने द्वापर में वेदों का विस्तार किया वे यहाँ पर भी क्रमश निबद्ध हैं। कल्प की संख्या है भुवन की संख्या है और ब्रह्मा के दिन की भी संख्या होती है ॥१९॥ जीवों की जो अण्डज हैं उद्भिज हैं स्वेदज हैं और जरायुज है धर्मात्मा हैं या स्वर्ग के निवास करने वाले जीव हैं और जो यातना सहने के लिये यातना स्थान ( नरक ) में पड़े हुए हैं वक से उन सबका भी प्रमाण है ॥२०॥ आत्यन्तिक प्राकृतिक और नैमित्तिक जो यह प्रतिसर्ग का हेतु है तथा बन्ध और विशेष कर मोक्ष इनमें यहाँ पर परा संसार की गति बताई गई है ॥२१॥ प्रकृति में अवस्थित कारणों में जो स्थिति होती है अथवा जो प्रवृत्ति होती है हे विप्रो ! वह शास्त्र की युक्ति से अपनी बुद्धि के प्रयत्न से समस्त धर्म और बुद्धि को आविष्कृत करने वाले ऋषियों के लिये भी भली भाँति समझा कर कहा गया है अब आप लोग कहे जाने वाले उस सबको श्रवण करो ॥२२॥

## ॥ हिरण्यगर्भ के रूप में विभिन्न तत्वों की उत्पत्ति ॥

ऋषयस्तु ततः श्रुत्वा नैमिषारण्यवासिनः ।
प्रत्यूचुस्ते ततः सर्वे सूतं पर्याकुलेक्षणाः ॥१

भवान् वै वंशकुशलो व्यासात् प्रत्यक्षदर्शवान् ।
तस्मात्त्वं भवनं कृत्स्नं लोकस्यामुष्य वर्णय ॥२

यस्य यस्यान्वया ये ये तांस्तानिच्छाम वेदितुम् ।
तेषां पूर्वविसृष्टिं च विचित्रा तां प्रजापते ॥३

असकृत्परिपृष्टस्तु महात्मा लोमहर्षणः ।
विस्तरेणानुपूर्व्या च कथयामास सत्तम ॥४

पृष्टा चैता कथा दिव्या श्लक्ष्णा पापप्रणाशिनीम् ।
कथ्यमाना मया चित्रा बह्वर्था श्रुतिसम्मताम् ॥५
यश्चेमाधारयेन्नित्य शृणुयाद्वाप्यभीक्ष्णशः ।
श्रावयेच्चापि विप्रेभ्यो यतिभ्यश्च विशेषतः ॥६
शुचि पर्वसु युक्तात्मा तीर्थेष्वायतनेषु च ।
दीर्घमायुरवाप्नोति स पुराणानुकीर्त्तनात् ।
स्ववशधारण कृत्वा स्वर्गलोके महीयते ॥७

नैमिषारण्य के निवास करने वाले ऋषियो ने यह सुनकर इसके अनन्तर पर्याकुल नेत्रो वाले उन सबने सूतजी से कहा ॥ १ ॥ महा महर्षि व्यास जी से प्रत्यक्ष दर्शन करने के कारण से आप निश्चय ही वश कुशल महापुरुष हैं, इसलिये आप इस लोक का सम्पूर्ण भवन का हमारे सामने वर्णन करे ॥ २ ॥ जिस जिसके जो जो अन्वय (वश) हैं और उनकी प्रजापति की विचित्र पूर्वकालीन ऋषियो की सृष्टि को तथा अन्वयो को हम जानना चाहते हैं ॥ ३ ॥ ऋषियों के द्वारा इस प्रकार बार-बार पूछे जाने पर महात्मा लोमहर्षणजी, जो कि सत्पुरुषो में परमश्रेष्ठ हैं उसे विस्तार से तथा आनुपूर्वी से कहने लगे ॥ ४ ॥ लोमहर्षण जी ने कहा—मुझ से पूछी गयी यह कथा अत्यन्त दिव्य-मधुर और पापो के नाश करने वाली है और अब मेरे द्वारा कही जाने वाली यह कथा सर्वथा श्रुति ( वेद ) से सम्मत, गहरे अर्थ से परिपूर्ण और अति विचित्र है । जो पुरुष इस कथा को नित्य धारण करेगा अथवा कई बार श्रवण करेगा और ब्राह्मणो को श्रवण करायेगा तथा विशेप रूप से यतियो को सुनायेगा और देवायतनो मे, पर्व दिनो में पवित्र तथा समाहित होकर श्रवण करायेगा वह इस पुराण के अनुकीर्त्तन करने से दीर्घ आयु को अवश्य ही प्राप्त कर लेता है और अपने वश को धारण करके स्वर्गलोक मे जाकर अन्त मे प्रतिष्ठित होता है ॥ ५—६—७ ॥

विस्तारावयव तेषा यथाशब्द यथाश्रुतम् ।
कीर्त्यमान निबोधध्व सर्वेषा कीर्त्तिवर्द्धनम् ॥८
धन्य यशस्य शत्रुघ्न स्वर्ग्यमायुर्विवर्धनम् ।
कीर्त्तन स्थिरकीर्त्तीना सर्वेषा पुण्यकारिणाम् ॥९

सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च।
वंशानुचरितञ्चेति पुराणं पञ्चलक्षणम् ॥१०॥
कल्पेभ्योऽपि हि यः कल्पः शुचिभ्यो नियतः शुचिः।
पुराणं सम्प्रवक्ष्यामि मारुतं वेदसम्मितम् ॥११॥
प्रबोधः प्रलयश्चैव स्थितिरुत्पत्तिरेव च।
प्रक्रिया प्रथमः पादः कथ्यवस्तुपरिग्रहः ॥१२॥
उपोद्घातोऽनुषङ्गश्च उपसंहार एव च।
धर्म्यं यशस्यमायुष्यं सर्वपापप्रणाशनम् ॥१३॥
एवं हि पादाश्चत्वारः समासात् कीर्त्तिता मया।
वक्ष्याम्येतान् पुनस्तांस्तु विस्तरेण यथाक्रमम् ॥१४॥

उनके विस्तार के भङ्ग को जिन शब्दों मे जैसा भी मैंने सुना है वह अब मेरे द्वारा कीर्तन किया जा रहा है आप उसे समझ लेवें यह सबकी कीर्ति का बढ़ाने वाला है ॥ ८ ॥ परम पुण्यकारी और स्थिर कीर्ति वाले सबको यह कीर्तन धन यश के बढ़ाने वाला है शत्रुओं का नाशक स्वर्ग प्रदान कराने वाला और आयु की वृद्धि कराने वाला है ॥ ९ ॥ पुराण के पाँच लक्षण होते हैं पुराण में सर्ग प्रतिसर्ग वंश मन्वन्तर और वंशानुचरित ये पाँचों होते हैं तभी वह पूर्ण लक्षण सम्पन्न पुराण कहा जाता है ॥ १० ॥ कल्पों के भी जो कल्प है और शुचियों का भी जो नियत शुचि है ऐसा वेद से सम्मत यह मारुत पुराण मैं कहता हूँ ॥ ११ ॥ प्रबोध-प्रलय स्थिति और उत्पत्ति ये प्रक्रिया प्रथम पाद है। कथन के योग्य वस्तु का परिग्रहण उपोद्घात अनुषङ्ग और उपसंहार होता है। यह धर्म से युक्त या धर्म देने वाला यश दाता आयु वर्द्धक और सब प्रकार के पापों का नाशक होता है ॥१२—१३॥ इस प्रकार से मैंने संक्षेप में चार पादों को बतला दिया है पुनः इनको क्रमानुसार विस्तार के साथ कहूँगा ॥ १४ ॥

तस्मै हिरण्यगर्भाय पुरुषायेश्वराय च।
अजाय प्रथमायैव विशिष्टाय प्रजात्मने।
ब्रह्मणे लोकतन्त्राय नमस्कृत्य स्वयम्भुवे ॥१५॥

महदाद्य विशेषान्त सवैरूप्य सलक्षणम् ।
पञ्चप्रमाण पट्श्वेत पुरुषाधिष्ठित नुतम् ।
असशयात् प्रवक्ष्यामि भूतसर्गमनुत्तमम् ॥१६
अव्यक्त कारण यत्तु नित्य सदसदात्मकम् ।
प्रधान प्रकृति चैव यमाहुस्तत्त्व चिन्तका ॥१७
गन्धवर्णरसैर्हीन शब्दस्पर्शविवर्जितम् ।
अजात ध्रुवमक्षय्य नित्य स्वात्मन्यवस्थितम् ॥१८
जगद्योनि महद्भूत पर ब्रह्म सनातनम् ।
विग्रह सर्वभूतानामव्यक्तमभवत् किल ॥१९
अनाद्यन्तमज सूक्ष्मन्त्रिगुण प्रभवाव्ययम् ।
असाम्प्रतमविज्ञेय ब्रह्माग्रे समवर्त्तत ॥२०
तस्यात्मना सर्वमिद व्याप्तमासीत्तमोमयम् ।
गुणसाम्ये तदा तस्मिन् गुणभावे तमोमये ॥२१
सर्गकाले प्रधानस्य क्षेत्रज्ञाधिष्ठितस्य वै ।
गुणभावाद्वाच्यमानो महान् प्रादुर्बभूव ह ॥२२

उस हिरण्यगर्भ पुरुष और ईश्वर के लिये—अन्त रूप और प्रथम स्वरूप वाले के लिये - विशेषताओ से युक्त और प्रजाजन के लिये—लोकतन्त्र, स्वयम्भू ब्रह्मा जी के लिये नमस्कार करके ॥ १५ ॥ मैं ऐसे सर्वश्रेष्ठ इस भूत सर्ग को बिना किसी सशय के कहता हूँ जिसके आदि मे महत् है, अन्त में विशेष है, वैरूप्य से युक्त है और लक्षण के सहित है तथा पाँच प्रमाण वाला है, पट्श्वेत युक्त है एव पुरुष से अधिष्ठित है और वन्दित है ॥ १६ ॥ और जो इसका अव्यक्त कारण है वह नित्य और सत् तथा असत् स्वरूप वाला होता है। तत्वो के चिन्तन करने वाले पुरुष उसे प्रधान और प्रकृति कहा करते हैं ॥ १७ ॥ अब उस अव्यक्त का वर्णन किया जाता है, वह अव्यक्त गन्ध-वर्ण और रस से रहित है तथा शब्द और स्पर्श से भी हीन होता है। वह अजात, ध्रुव, अक्षय्य, नित्य और अपनी ही आत्मा में अर्थात् स्वरूप में अवस्थित है ॥ १८ ॥ वह अव्यक्त इस जगत् का योनि, महद्भूत, सनातन, पर और ब्रह्म है। समस्त

प्राणियो का विग्रह ऐसा अव्यक्त हुआ था ॥ १९ ॥ जिसका न आदि है और न अन्त ही है ऐसा अतमन्त अजसरुम त्रिगुण प्रभवाप्यय असाम्प्रत और अविज्ञय अर्थात् न जानने के योग्य अव्यक्त ब्रह्म के आगे आया ॥ २ ॥ उसकी आत्मा से अर्थात् स्वरूप से यह सब अन्धकारमय व्याप्त था। उस समय सृजन के काल मे गुण साम्य अर्थात् गुणो की समष्टि मे और तमोमय गुण भाव मे क्षेत्रज्ञ के द्वारा अधिष्ठित प्रधान के गुण भाव से बाध्यमान महान् प्रादुर्भूत हुआ अर्थात् उत्पन्न हुआ ॥ २१—२२ ॥

सूक्ष्मेण महता सोऽथ अव्यक्त न समावृत ।
सत्वोद्रिक्तो महानग्र सत्वमात्रप्रकाशकम् ।
मनो महाश्च विज्ञयो मन स्तत्कारण स्मृतम् ॥२३
लिङ्गमात्रसमुत्पन्न क्षेत्रज्ञाधिष्ठितस्तु स ।
धर्मादीनान्तु रूपाणि लोकतत्वार्थहेतव ।
महास्तु सृष्टि कुरुते नोद्यमान सिसृक्षया ॥२४
मनो महान्मतिर्ब्रह्मा पूर्बुद्धि ख्यातिरीश्वर ।
प्रज्ञा चिति स्मति सवित् विपुर चोच्यते बुध ॥२५
मनुते सर्वभूताना यस्मा च्चेष्टाफल विभु ।
सौक्ष्मत्वेन विबुद्धाना तेन तन्मन उच्यते ॥२६
तत्वानामग्रजो यस्मान्महाश्च परिमाणत ।
शेषेभ्योऽपि गुणेभ्योऽसौ महानिति तत स्मत ॥२७
बिभर्ति मान मनुते विभागं मन्यतेऽपि च ।
पुरुषो भोगसम्बन्धात् तेन चासौ मति स्मत ॥२८

अव्यक्त और सूक्ष्म महत् से समावृत वह सत्व के उद्रेक वाला महान् आगे हुआ जो केवल सत्व का प्रकाश करने वाला था। वह महान् मन ही समझना चाहिये क्योंकि मन ही उसका कारण कहा गया है ॥ २३ ॥ वह क्षेत्रज्ञ के द्वारा अधिष्ठित महान् लिङ्गमात्र उत्पन्न हुआ। धर्म आदि के रूप तो लोक तत्वार्थ के हेतु हैं। सृजन करने की इच्छा से प्रेरित किया हुआ वह महान् सृष्टि को करता है ॥ २४ ॥ विद्वानो के द्वारा यह महान् मन मति ब्रह्मा

बुद्धि, ख्याति, ईश्वर, प्रज्ञा, चिति, स्मृति, संवित और विपुर कहा जाता है ॥ २५ ॥ सूक्ष्मता से विशेष बढ़े हुए समस्त भूतों की चेष्टा के फल को यह विभु अवबोधित करता है इसी कारण से यह मन कहा जाता है ॥ २६ ॥ यह समस्त अन्य तत्वों के पहिले उत्पन्न हुआ है और परिमाण में महान् अर्थात् बड़ा है तथा शेष अन्य गुणों से भी बड़ा है इसीलिये इसे महान् कहा गया है ॥ २७ ॥ मान को धारण करता है और विभाग को समझता है तथा भोग के सम्बन्ध से पुरुष भी मानता है इसलिये यह 'मति' इस नाम से कहा गया है ॥ २८ ॥

बृहत्त्वाद् बृंहणत्वाच्च भावाना सलिलाश्रयात् ।
यस्माद्बृंहयते भावान् ब्रह्मा तेन निरुच्यते ॥२६
आपूरयित्वा यस्माच्च कृत्स्नान् देहाननुग्रहै ।
तत्वाभावाश्च नियता स्तेन पूरिति चोच्यते ॥३०
बुध्यते पुरुषश्चात्र सर्वभावान् हिताहितान् ।
यस्मादवबोधयते चैव तेन बुद्धिर्निरुच्यते ॥३१
ख्याति प्रत्युपभोगश्च यस्मात् संवर्त्तते तत ।
भोगश्च ज्ञाननिष्ठत्वात्तेन ख्यातिरिति स्मृत ॥३२
ख्यायते तद्गुणैर्वापि नामादिभिरनेकश ।
तस्माच्च महत संज्ञा ख्यातिरित्यभिधीयते ॥३३
साक्षात् सर्वं विजानाति महात्मा तेन चेश्वर ।
तस्ताज्जाता ग्रहाश्चैव प्रज्ञा तेन स उच्यते ॥३४
ज्ञानादीनि च रूपाणि क्रतुकर्मफलानि च ।
चिनोति यस्माद्भोगार्थान्तेनासौ चितिरुच्यते ॥३५

बृहत् का भाव होने से और बृंहणत्व के कारण से तथा भावों के सलिलाश्रय होने से यह भावों को बृंहित करता है इसीलिये इसे ब्रह्म कहा जाता है ॥ २९ ॥ इसी कारण से कि यह अनुग्रहों के द्वारा समस्त देहों का तथा नियत तत्वभावों का आपूरण किया करता है इसका नाम 'पू'—यह कहा जाता है ॥ ३० ॥ इसमें पुरुष हित और अहित सभी भावों को जानता है और जिससे ज्ञान प्राप्त किया करता है इसलिये इसका नाम "बुद्धि"—यह कहा

जाता है ॥ ३१ ॥ ख्याति और प्रत्युपभोग जिससे होते हैं तथा ज्ञान की निष्ठता होने से भोग होता है इसीलिये यह ख्याति कहा जाता है ॥ ३२ ॥ उसके गुणों के द्वारा अनेक नामादि से यह ख्यात होता है इसीलिये इस महत् की 'ख्याति' यह संज्ञा कही जाती है ॥ ३ ॥ यह सभी कुछ को साक्षात् रूप से जानता है इसीलिये इस महात्मा का ईश्वर नाम होता है। और इससे समस्त ग्रहों की उत्पत्ति हुई है अतएव यह प्रज्ञा—इस नाम से कहा जाता है ॥ ३४ ॥ ज्ञान आदि के रूप और क्रतु कर्म के फल को तथा भोगार्थों को जो चयन करता है इसीलिये वह चिति—इस नाम से कहा जाता है ॥ ३५ ॥

वर्त्तमानान्यतीतानि तथा चानागतान्यपि ।
स्मरते सर्वकार्याणि तेनासौ स्मृतिरुच्यते ॥३६
कृत्स्नं च विन्दते ज्ञानं तस्मान्माहात्म्यमुच्यते ।
तस्माद्विद्वेर्विदेश्चैव संविदित्यभिधीयते ॥३७
विद्यते स च सर्वस्मिन् सर्वं तस्मिंश्च विद्यते ।
तस्मात्संविदिति प्रोक्तो महान्वै बुद्धिमत्तरैः ॥३८
ज्ञानात्तु ज्ञानमित्याहुर्भगवान् ज्ञानसन्निधिः ।
द्वन्द्वानां विपुरीभावाद्विपुरः प्रोच्यते बुधैः ॥३९
सर्वेशत्वाच्च लोकानामवश्यं च तथेश्वरः ।
बृहत्वाच्च स्मृतो ब्रह्मा भूतत्वाद्भव उच्यते ॥४०
क्षेत्रक्षेत्रज्ञविज्ञानादेकत्वाच्च स कः स्मृतः ।
यस्मात् पुर्यनुशेते च तस्मात् पुरुष उच्यते ।
नोत्पादितत्वात् पूर्वत्वात् स्वयम्भूरिति चोच्यते ॥४१
पर्यायवाचकैः शब्दैस्तत्त्वमाद्यमनुत्तमम् ।
व्याख्यातं तत्त्वभावज्ञैरेवं सद्भावचिन्तकैः ॥४२

वर्त्तमान भूत और अनागत समस्त कार्यों का स्मरण इसके द्वारा किया जाता है इसलिये यह स्मृति—इस नाम वाला कहा गया है ॥ ३६ ॥ यह सम्पूर्ण ज्ञान का लाभ करता है इससे माहात्म्य' कहा जाता है और पूर्ण ज्ञान का ज्ञाता होने से इसका नाम संवित् कहा जाता है ॥ ३७ ॥ वह सभी मे

विद्यमान रहता है और सभी कुछ इसमे विद्यमान है इसीलिए श्रेष्ठ बुद्धि वालो के द्वारा यह महान् 'सन्विद' कहा जाता है ॥ ३८ ॥ ज्ञान होने से इसे 'ज्ञान' यह कहा जाता है और ज्ञान की अच्छी निधि होने के कारण 'भगवान्' कहा जाता है । समस्त द्वन्द्वो के विपरीभाव होने के कारण बुधो के द्वारा इसका नाम 'विपुर'—यह कहा जाता है ॥ ३९ ॥ लोको का सबसे बडा ईश होने के कारणवश ही इस महत् का नाम 'ईश्वर'—यह हुआ है। बृहत् होने से 'ब्रह्मा'—यह कहा गया है और भूतत्व भाव इसमे रहने से इसे 'भव'—यह कहा जाता है ॥ ४० ॥ क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ के विशेष ज्ञान होने से और एकत्व होने से उसे 'क'—यह कहा जाता है। क्योंकि वह पुरी में अनुशयन क्रिया करता है अतएव उसका नाम 'पुरुष'—यह कहा जाता है। वह किसी के द्वारा उत्पादित नही हुआ है और पूर्ववर्त्ती है इसीलिये 'स्वयम्भू'—इस नाम वाला है ॥४१॥ तत्वभाव के ज्ञाता तथा सद्भाव के चिन्तन करने वालो के द्वारा पर्यायवाचक अर्थात् समानार्थक द्योतक तत्व-आद्य और उत्तमम्—इन शब्दो से व्याख्या की गई है ॥ ४२ ॥

महान् सृष्टि विकुरुते चोद्यमान सिसृक्षया ।
सङ्कल्पोऽध्यवसायश्च तस्य वृत्तिद्वय स्मृतम् ॥४३
धर्मादीनि च रूपाणि लोकतत्वार्थहेतव ।
त्रिगुणस्तु स विज्ञेय सत्वराजसतामस ॥४४
त्रिगुणाद्रजसोद्रिक्तादहङ्कारस्ततोऽभवत् ।
महता चावृत सर्गो भूतादिविकृतस्तु स ॥४५
तस्माच्च तमसोद्रिक्तादहङ्कारादजायत ।
भूततन्मात्रसर्गस्तु भूतादिस्तामसस्तु स ॥४६
आकाश शुषिर तस्मादुद्रिक्त शब्दलक्षणम् ।
आकाश शब्दमात्रन्तु भूतादिश्चावृणोत् पुन ॥४७
शब्दमात्रन्तदाकाश स्पर्शमात्र ससर्ज ह ।
भूतादिस्तु विकुर्वाण शब्दमात्र ससर्ज ह ॥४८
बलवान् जायते वायुः स वै स्पर्शगुणोमत ।
आकाश शब्दमात्रन्तु स्पर्शमात्र समावृणोत् ॥४९

सृजन करने की इच्छा से जब इस महान् को प्रेरणा दी जाती है तो यह इस जगत् की सृष्टि किया करता है। उसकी सङ्कल्प और अध्यवसाय ये दो प्रकार की वृत्ति कही गई है। मानसिक कर्म का नाम सङ्कल्प और लगातार श्रम से कार्य करने को अध्यवसाय कहते हैं ॥ ४३ ॥ धर्म आदि के रूप लोक के तत्वार्थ के हेतु होते हैं। वह सात्विक राजस और तामस प्रकार से तीन गुणों वाला समझना चाहिये ॥ ४४ ॥ उस त्रिगुण स्वरूप से जब रजोगुण का उद्रेक होता है तो उससे महङ्कार हुआ है। वह सर्ग महत् से आवृत है और भूतादि से विकृत स्वरूप वाला होता है ॥ ४५ ॥ तमोगुण के उद्रेक वाले उस अहङ्कार से भूतों की तन्मात्राओं का सर्ग होता है। वह भूतादि वाला उसका तामस स्वरूप है। ॥ ४६ ॥ उससे शब्द लक्षण वाला आकाश शुषिर उत्पन्न हुआ। शब्द मात्र आकाश को फिर भूतादि ने आवृत कर लिया ॥ ४७ ॥ इसके अनन्तर शब्द मात्र आकाश को स्पर्श मात्र सृजन किया। विकृत रूप वाले होते हुये भूतादि ने स्पर्श मात्र का सृजन किया ॥ ४८ ॥ फिर बल वाला वायु उत्पन्न होता है जिसका एक मात्र गुण स्पर्श ही कहा गया है। शब्द मात्र आकाश ने स्पर्श मात्र वायु को समावृत कर लिया था ॥ ४९ ॥

रसमात्रास्तु ता ह्यापो रूपमात्राभिरावृणोत ।
आपो रसान् विकुर्वन्त्यो गन्धमात्रं ससर्जिरे ॥५०
सङ्घातो जायते तस्मात्तस्य गन्धो गुणः स्मृतः ।
रसमात्रं तु तत्तोयं गन्धमात्रं समावृणोत ॥५१
तस्मिंस्तस्मिंस्तु तन्मात्रा तेन तन्मात्रता स्मृता ।
अविशेषवाचकत्वादविशेषास्ततः स्मृताः ।
अशान्तघोरमूढत्वादविशेषास्ततः पुनः ॥५२
भूततन्मात्रसर्गोऽयं विज्ञेयस्तु परस्परात् ।
वैकारिकादहङ्कारात्सत्त्वोद्रिक्तात्तु सात्त्विकात् ।
वैकारिकः स सर्गस्तु युगपत्सम्प्रवर्त्तते ॥५३
बुद्धीन्द्रियाणि पञ्चैव पञ्च कर्मेन्द्रियाण्यपि ।
साधकानीन्द्रियाणि स्युर्देवा वैकारिका दश ।
एकादशं मनस्तत्र देवा वैकारिकाः स्मृताः ॥५४

श्रोत्र त्वक् चक्षुषी जिह्वा नासिका चैव पञ्चमी।
शब्दादीनामवाप्त्यर्थं बुद्धियुक्तानि वक्ष्यते ॥५५
पादौ पायुरुपस्थश्च हस्तौ वाग्दशमी भवेत्।
गतिर्विसर्गो ह्यानन्द शिल्प वाक्यञ्च कर्म च ॥५६

जल केवल रस मात्र होता है जो कि रूप मात्राओ से आवृत हुआ था। जल ने रसों का विकार करते हुये गन्धमात्रा का सृजन किया ॥ ५० ॥ उससे सङ्घात की उत्पत्ति होती है जिसका गुण गन्ध होता है। रस मात्रा वाले जल ने गन्ध मात्रा वाले को समावृत कर लिया था ॥ ५१ ॥ उस उसमे जो तन्मात्रा है उससे उसकी तन्मात्रता कही गयी है। अविशेष वाचक होने से तब ये अविशेष कहे गये हैं। अशान्त, घोर और मूढ होने से फिर अविशेष कहे गये हैं ॥ ५२ ॥ इस प्रकार परस्पर से यह भूत तन्मात्र का सर्ग जानना चाहिये। वैकारिक अर्थात् विकारयुक्त अहङ्कार से और सत्व के उद्रेक वाले सात्विक से वह वैकारिक सर्ग एक साथ सम्प्रवृत्त होता है ॥ ५३ ॥ पाँच बुद्धीन्द्रियाँ अर्थात् ज्ञानार्जन करने वाली ज्ञानेन्द्रियाँ और पाँच साधक कर्मेन्द्रियाँ अर्थात् केवल कर्म करके ज्ञानार्जन करने वाली इन्द्रियाँ उत्पन्न होती हैं। इनके दश के दश ही अधिष्ठाता देव होते हैं जो वैकारिक कहे जाते हैं। उन दश उपर्युक्त इन्द्रियों के अतिरिक्त ग्यारहवाँ मन होता है। वहाँ वैकारिक देव होते हैं ॥५४। अब उन समस्त उक्त इन्द्रियों के विषय मे बतलाते है। श्रोत, त्वक्, चक्षु, जिह्वा और पाँचवी इन्द्रिय नासिका है। ये सब शब्दादि विषयों का ज्ञान प्राप्त करने के लिये होती है इसीलिये बुद्धीन्द्रिय कहा जाता है ॥ ५५ ॥ दोनो चरण, पायु अर्थात् गुदा-उपस्थ अर्थात् मूत्रेन्द्रिय दोनो, हाथ और दशवी वाक् ये इन्द्रियाँ इस तरह हैं। इनका क्रम से कमगति-विसर्ग अर्थात् मल का त्याग, आनन्द अर्थात् रमण सुख, शिल्प अर्थात् दस्तकारी और वाक्य कथन होता है ॥५६॥

आकाश शब्दमात्रञ्च स्पर्शमात्र समाविशेत्।
द्विगुणस्तु ततो वायु शब्द स्पर्शात्मकोऽभवत् ॥५७
रूपन्तथैव विशत शब्दस्पर्शगुणावुभौ।
त्रिगुणस्तु ततश्चाग्नि स शब्दस्पर्शरूपवान् ॥५८

सशब्दस्पर्शरूपाश्च रसमात्रं समाविशत् ।
तस्माच्चतुर्गुणा ह्यापो विज्ञेयास्ता रसात्मिका ॥५९
सशब्दस्पर्शरूपेषु गन्धस्तेषु समाविशत् ।
संयुक्ता गन्धमात्रेण आचिन्वन्ति महीमिमाम् ।
तस्मात्पञ्चगुणा भूमिः स्थूलभूतेषु दृश्यते ॥६०
शान्ता घोराश्च मूढाश्च विशेषास्तेन ते स्मृताः ।
परस्परानुप्रवेशाद्धारयन्ति परस्परम् ॥६१
भूमेरन्तस्त्विदं सर्वं लोकालोकघनावृतम् ।
विशेषा इन्द्रियग्राह्या नियतत्वाच्च ते स्मृताः ॥६२
गुणं पूर्वस्य पूर्वस्य प्राप्नुवन्त्युत्तरोत्तरम् ।
तेषां यावच्च यच्च तत्तावद्गुणं स्मृतम् ॥६३
उपलभ्य शुचेर्गन्धं केचिन्नाप्सोरनैपुणात् ।
पृथिव्यामेव तद्विद्यादपां वायोश्च संश्रयात् ॥६४

शब्द मात्र आकाश स्पर्श मात्रा वाले वायु मे समावेश करता है। अत एव वायु स्पर्श और शब्द इन दो गुणो वाला हो गया ॥ ५७ ॥ शब्द और स्पर्श ये दोनो गुण उसी प्रकार से रूप मे समावेश करते हैं। इसलिये अग्नि शब्द-स्पर्श और रूप इन तीन गुणो वाला हो गया ॥ ५८ ॥ इसी रीति से शब्द स्पर्श और रूप रस तन्मात्रा वाले जल मे समाविष्ट हो गये। इसलिये जल शब्द स्पर्श रूप और रस इन चार गुणो वाला हो गया ॥ ५९ ॥ शब्द स्पर्श रूप रस इनमे गन्ध का समावेश हो गया। किन्तु मही को केवल गन्ध से ही निर्धारित किया करते हैं। वस्तुत यह भूमि पाँच गुणो वाली स्थूल भूतो मे दिखलाई देती है ॥ ६० ॥ शान्त घोर और मूढ हैं अतएव ये विशेष कहे गये हैं। ये परस्पर मे अनुप्रवेश करने से परस्पर को धारण किया करते हैं ॥६१॥ लोकालोक घन के आवृत यह सब भूमि के अन्दर है। विशेष इन्द्रियो के द्वारा ग्रहण करने योग्य है नियत होने से वे कहे गये हैं ॥ ६२ ॥ पूर्व पूर्व के गुण उत्तर से उत्तर को प्राप्त होते हैं। उनका जितना और जो है वह उतना ही गुण कहा गया है ॥ ६३ ॥ कुछ लोग वायु के गन्ध को प्राप्त कर निपुणता के

अभाव से उसे वायु का ही गण मान लेते है किन्तु ऐसा नही है। इसे पृथिवी का ही समझना चाहिये और वायु मे तो केवल उसका सश्रय हो जाता है॥ ६४॥

एते सप्त महावीर्या नानाभूता पृथक् पृथक्।
नाशक्नुवन् प्रजा स्रष्टुमसमागम्य कृत्स्नश.।
ते समेत्य महात्मानो ह्यन्योन्यस्यैव सश्रयात् ॥६५
पुरुषाधिष्ठितत्वाच्च अव्यक्तानुग्रहेण च।
महदाद्या विशेषान्ता अण्डमुत्पादयन्ति ते ॥६६
एककाल समुत्पन्न जलबुद्बुदवच्च तत्।
विशेषेभ्योऽण्डमभवद् वृहत्तदुदक च यत्।
तत्तस्मिन् कार्यकरण ससिद्ध ब्रह्मणस्तदा ॥६७
प्राकृतेऽण्डे विवृद्धे सन् क्षेत्रज्ञो ब्रह्मसज्ञित ।
स वै शरीरी प्रथम· स वै पुरुष उच्यते ॥६८
आदिकर्त्ता च भूताना ब्रह्माऽग्रे समवर्त्तत।
हिरण्यगर्भ सोऽग्रेऽस्मिन् प्रादुर्भूतश्चतुर्मुख ।
सर्गे च प्रति सर्गे च क्षेत्रज्ञो ब्रह्मसज्ञित ॥६९
करणै सह सृज्यन्ते प्रत्याहारे त्यजन्ति च।
भजन्ते च पुनर्देहानसमाहारसन्धिषु ॥७०
हिरण्मयस्तुयो मेरुस्तस्योल्व तन्महात्मन ।
गर्भोदक समुद्राश्च जरायस्थीनि पर्वता ॥७१

ये सात महान् वीर्य वाले हैं और पृथक् पृथक् अनेक भाँति के होते हैं। पूर्णरूप से न मिलकर प्रजा की सृष्टि करने मे समर्थ नही हुए ये सब महान् आत्मा वाले अन्यो य के अर्थात् एक दूसरे के सश्रय से मिलकर पुरुष के अधिष्ठित होने से और अव्यक्त के अनुग्रह से महत् से आदि लेकर विशेष के अन्त तक वे सब अण्ड को उत्पादित किया करते हैं ॥६५-६६॥ एक ही काल मे वह जल के बुदबुदे की भाँति समुत्पन्न हुआ और विशेषो से अण्ड के स्वरूप में हुआ। फिर वह और उदक वृहत् हुआ और उसमे उस समय ब्रह्मा

को कार्य करणता प्रसिद्ध हुई ॥६७॥ प्राकृत अण्ड के विबुद्ध होने पर क्षेत्रज्ञ ब्रह्मा संज्ञा वाला हुआ। वही सर्वप्रथम शरीरधारी है और वही पुरुष—इस नाम से कहा जाता है ॥६८॥ भूतों का अर्थात् प्राणियों का आदिकर्त्ता अर्थात् सर्वप्रथम सृजन करने वाला पहिले ब्रह्मा हुआ। यह हिरण्यगर्भ इसमें आगे चार मुखों वाला प्रादुर्भूत अर्थात् प्रकट हुआ। और सर्ग प्रति-सर्ग में क्षेत्रज्ञ ब्रह्मा संज्ञा वाला होता है ॥६९। इन्द्रियों के साथ सृजन किये जाते हैं और प्रत्याहार में त्याग देते हैं तथा फिर असमाहार सन्धियों में देहों को धारण कर लेते हैं। ॥७०॥ उस महान् आत्मा का उल्वता हिरण्मय मेरु की है समुद्र गर्भ का जल है और जरायु अस्थियाँ पर्वत है ॥७१॥

तस्मिन्नण्डे त्विमे लोका अन्तर्भूतास्तु सप्त वै।
सप्तद्वीपा च पृथ्वीयं समुद्रैः सह सप्तभिः ॥७२
पर्वतैः सुमहद्भिश्च नदीभिश्च सहस्रशः।
अन्तस्तस्मिंस्त्विमे लोका अन्तर्विश्वमिदं जगत् ॥७३
चन्द्रादित्यौ सनक्षत्रौ सग्रहौ सह वायुना।
लोकालोकं च यत् किञ्चिच्चाण्डे तस्मिन् समर्पितम् ॥७४
अद्भिर्दशगुणाभिस्तु बाह्यतोऽण्डं समावृतम्।
आपो दशगुणा ह्येवं तेजसा बाह्यतो वृताः ॥७५
तेजोदशगुणेनैव बाह्यतो वायुना वृतम्।
वायोर्दशगुणेनैव बाह्यतो नभसा वृतम् ॥७६
आकाशेन वृतो वायुः खं च भूतादिना वृतम्।
भूतादिर्महता चापि अव्यक्तेन वृतो महान्।
एतैरावरणैरण्डं सप्तभिः प्राकृतैर्वृतम् ॥७७
एताश्चावृत्य चान्योन्यमष्टौ प्रकृतयः स्थिताः।
प्रसर्गकाले स्थित्वा च ग्रसन्त्येताः परस्परम् ॥ ८

उस अण्ड में ये सातों लोक अन्तर्भूत हैं अर्थात् उस के अन्दर रहते हैं। सात द्वीप और सातों समुद्रों के सहित यह भूमण्डल बड़े विशाल पर्वत सहस्रों की संख्या वाली नदियाँ—ये सब उसी के अन्तर्भाग में हैं। ये सब लोक और

यह सम्पूर्ण जगत् तथा समस्त विश्व उसके ही अन्दर होते हैं ॥७२-७३॥ चन्द्रमा और सूर्य समस्त नक्षत्रो के साथ तथा सम्पूर्ण ग्रहो के सहित उसमे हैं और वायु के साथ लोकालोक जो कुछ भी है उसी अण्ड मे समर्पित है ॥७४॥ यह अण्ड बाहिर से दश गुने जल से समावृत है और फिर जल से दश गुने तेज से इसी प्रकार बाहिर से आवृत है ॥७५॥ इसी भाँति तेज जितना है उससे दश गुना वायु से आवृत होता है और वायु से दश गुना उसके बाद आकाश से आवृत होता है ॥७६॥ वायु से आकाश से आवृत है और नभ भूतादि से आवृत है। भूतादि सब महान् से तथा यह महत् अव्यक्त से आवृत होता है। इस प्रकार से यह अण्ड इन सात प्राकृत आवरणो से आवृत होता है ॥ ७॥ इन सब को अन्योन्य को आवृत करके आठ प्रकृतियाँ स्थित होती हैं। प्रसर्ग के काल में ये स्थित होकर परस्पर मे ग्रसती हैं ॥७८॥

एव परस्परोत्पन्ना धारयन्ति परस्परम् ।
आधाराधेयभावेन विकारस्य विकारिषु ॥७९
अव्यक्त क्षेत्रमुद्दिष्ट ब्रह्मा क्षेत्रज्ञ उच्यते ।
इत्येष प्राकृत सर्ग क्षेत्रज्ञाधिष्ठितस्तु स ।
अबुद्धिपूर्व प्रागासीत् प्रादुर्भूता तडिद्यथा ॥८०
एतद्धिरण्यगर्भस्य जन्म यो वेद तत्त्वत ।
आयुष्मान् कीर्तिमान् धन्य प्रजावांश्च भवत्युत ॥८१
निवृत्तिकामोऽपि नर शुद्धात्मा लभते गतिम् ।
पुराणश्रवणान्नित्य सुख च क्षेममाप्नुयात् ॥८२

इस रीति से परस्पर मे उत्पन्न होती हुई परस्पर मे ही ये धारण किया करती हैं। विकार वालो मे विकार का आधार आधेय भाव होता है ॥७९॥ यहाँ इस अव्यक्त को क्षेत्र बताया गया है, ब्रह्मा इसका क्षेत्रज्ञ कहा जाता है। यही प्राकृत-सर्ग होता है जो कि क्षेत्रज्ञ के द्वारा अधिष्ठित होता है। यह पहिले अबुद्धि पूर्व वाला था और जिस तरह अचानक बिजली चमक कर दिखलाई दिया करती है उसी तरह यह प्रादुर्भूत हुआ ॥८०॥ इस हिरण्यगर्भ के जन्म को तत्त्व बुद्धि पूर्वक ठीक-ठीक जो जानता है वह आयु वाला-कीर्त्ति वाला-धन्य

और प्रजा वाला होता है ॥८१॥ जो मानव निवृत्ति की ही कामना रखता है वह भी शुद्ध आत्मा वाला अच्छी गति को प्राप्त करता है। पुराण के नित्य श्रवण करने से सुख और क्षेम की प्राप्ति होती है ॥८२॥

## ॥ सृष्टि रचना और दवी शक्तियाँ ॥

यद्धि सृष्टस्तु सख्यात मया कालान्तरन्द्विज ।
एतन कालान्तर ज्ञयमहर्वै पारमेश्वरम् ॥१
रात्रिस्त्वेतावती ज्ञया परमेशस्य कृत्स्नश ।
अहस्तस्य तु या सृष्टि प्रलयो रात्रिरुच्यते ॥२
अहश्च विद्यते तस्य न रात्रिरिति धारणा ।
उपचार प्रक्रियते लोकाना हितकाम्यया ॥३
प्रजा प्रजानाम्पतय ऋषयो मुनिभि सह ।
ऋषीन् सनत्कुमाराद्यान् ब्रह्मसायुज्यग सह ॥४
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थाश्च महाभूतानि पञ्च च ।
तन्मात्रा इन्द्रियगणो बुद्धिश्च मनसा सह ॥५
अहस्तिष्ठन्ति ते सर्वे परमेशस्य धीमत ।
अहरन्ते प्रलीयन्ते रात्र्यन्ते विश्वसभव ॥६
स्वात्मन्यवस्थिते सत्वे विकारे प्रतिसहृते ।
साधर्म्येणावतिष्ठेते प्रधानपुरुषावुभौ ॥७

श्रीलोमहर्षणजी ने कहा—हे द्विजवृन्द ! यह मैंने जो सृष्टि के कालान्तर की सख्या की है यह कालान्तर परमेश्वर का दिन समझना चाहिए ॥१॥ परमेश्वर की रात्रि भी इतनी ही जाननी चाहिए उसका जो दिन होता है वही सृष्टि का काल होता है और जो रात्रि होती है वह प्रलय कहा जाता है ॥२॥ उसका दिन तो होता है किन्तु रात्रि नही होती है—यह धारणा लोकों के हित की कामना से उपचार किया जाता है ॥३॥ प्रजा-प्रजाओ के पति—ऋषिवृन्द मुनियो के सहित—सनत्कुमारादि नाम वाले ब्रह्म सायुज्य को पाने वालो के सहित समस्त इन्द्रियाँ और इन इन्द्रियो के सब अर्थ अर्थात् विषय—पञ्चमहाभूत पाँच तन्मात्रा इन्द्रिया का समुदाय और मन के साथ बुद्धि ये सब परमेश्वर के

दिन के समय मे रहा करते हैं और उस धीमान् परमेश्वर के दिन के अन्त समय मे य सब प्रलीन हो जाते है फिर जब रात्रि का अवसान होता है तो इस विश्व की उत्पत्ति हो जाती है ।।४-५-६।। अपनी आत्मा मे सब के अव-स्थित होने पर और विकार प्रतिसहृत हो जाने पर प्रधान और पुरुष दोनो साधर्म्य से अवस्थित रहा करते हैं ।।७।।

तम सत्त्वगुणावेतौ समत्वेन व्यवस्थितौ ।
अत्रोद्रिक्तौ प्रसूतौ च तौ तथा च परस्परम् ।
गुणसाम्ये लयो ज्ञेयो वैषम्ये सृष्टिरुच्यते ।।८
तिलेषु वा यथा तैल घृत पयसि वा स्थितम् ।
तथा तमसि सत्त्वे च रजोऽव्यक्ताश्रित स्थितम् ।।९
उपास्य रजनी कृत्स्ना परा माहेश्वरी तदा ।
अहर्मुखे प्रवृत्ते च पुर प्रकृतिसम्भव ।।१०
क्षोभयामास योगेन परेण परमेश्वर ।
प्रधान पुरुषञ्चैव प्रविश्याण्ड महेश्वर ।।११
प्रधानात् क्षोभ्यमाणात्तु रजो वै समवर्त्तत ।
रज प्रवर्त्तक तत्र बीजेष्वपि यथा जलम् ।।१२
गुणवैषम्यमासाद्य प्रसूयन्ते ह्यधिष्ठिता ।
गुणेभ्य क्षोभ्यमाणेभ्यस्त्रयो देवा विजज्ञिरे ।
आश्रिता परमा गुह्या सर्वात्मान शरीरिण ।।१३
रजो ब्रह्मा तमो ह्यग्नि सत्त्व विष्णुरजायत ।
रज प्रकाशको ब्रह्मा स्रष्टृत्वेन व्यवस्थित ।।१४

तमोगुण और सत्त्वगुण ये दोनो समत्व रूप से व्यवस्थित हैं। यहीं पर ये दोनो उद्रेक वाले होते हैं और परस्पर मे प्रसूत होते हैं। जब गुणो का साम्य हो अर्थात् दोनो गुण समान स्वरूप मे स्थिति रखने वाले होते हैं तो सृष्टि का लय समझ लेना चाहिए। जब इनकी विषमता का भाव होता है तो उसे ही सृष्टि कहा जाता है ।।८।। वस्तुत स्पष्ट दर्शन मे ये दो ही गुण आते हैं सत्त्वगुण और तमोगुण किन्तु तृतीय जो रजोगुण होता है वह जिस तरह तिलो मे तैल

रहता है और दूध मे घृत रहा करता है किन्तु वह जल और घृत स्पष्ट दिखलाई नही दिया करता है उसी तरह तमोगुण मे और सत्त्वगुण मे रजोगुण अव्यक्त रूप से आश्रित होकर स्थित रहता है जो कि प्रत्यक्ष दिखाई नही देता है ॥९॥ महेश्वर प्रभु की परा सम्पूर्ण रजनी की उपासना करके तब दिन के आरम्भ प्रवृत्त हो जाने पर आगे प्रकृति का सम्भव ( उत्पत्ति ) हुआ । १०॥ महेश्वर ने अण्ड मे प्रवेश करके उग्र योग से प्रधान और पुरुष को क्षुब्ध कर दिया ॥११॥ उस समय जब प्रधान क्षोभ्यमाण हुआ तो उससे रजोगुण हुआ वहाँ पर बीजो मे जल के सदृश वह रजोगुण ही प्रवर्त्तक हो गया ॥१२॥ उस समय गुणो की विषमता को प्राप्त कर जो अण्ड मे अधिष्ठित थे वे प्रसूत होते हैं । क्षोभ को प्राप्त हुए गुणो से तीन देव समुत्पन्न हुए जो वहाँ आश्रित थे—परम गुह्य थे—सब की आत्मा स्वरूप थे और शरीर धारण करने वाले थे ॥१३॥ रजोगुण तो ब्रह्मा हैं—तमोगुण अग्नि हैं और सत्त्वगुण विष्णु उत्पन्न हुए । ब्रह्मा स्रष्टा होने से रजोगुण के प्रकाशक व्यवस्थित हुए ॥१४॥

तम प्रकाशकोऽग्निस्तु कालत्वेन व्यवस्थित ।
सत्त्वप्रकाशको विष्णुरौदासीन्ये व्यवस्थित ॥१५
एत एव त्रयो वेदा एत एव त्रयोऽग्नय ।
परस्पराश्रिता ह्य ते परस्परमनुव्रता ॥१६
परस्परेण वर्त्तन्ते धारयन्ति परस्परम् ।
अन्योन्यमिथुना ह्येते ह्यन्योन्यमुपजीविन ।
क्षण वियोगो न ह्य षाम् त्यजन्ति परस्परम् ॥१७
ईश्वरो हि परो देवो विष्णुस्तु महत पर ।
ब्रह्मा तु रजसोद्रिक्त सर्गायेह प्रवर्त्तते ।
परश्च पुरुषो ज्ञय प्रकृतिश्च परा स्मृता ॥१८
अधिष्ठितोऽसौ हि महेश्वरेण प्रवर्त्तते चोद्यमान समन्तात् ।
अनुप्रवर्त्तन्ति महान्त एव चिरस्थिता स्वे विषये प्रियत्वात् ॥१९
प्रधान गुणवपम्यात्सर्गकाले प्रवर्त्तते ।
ईश्वराधिष्ठितात् पूर्वन्तस्मात्सदसदात्मकात् ।

ब्रह्मा बुद्धिश्च मिथुन युगपत्सम्बभूवतु ।।२०
तस्मात्तमोऽव्यक्तमय. क्षेत्रज्ञो ब्रह्मसज्ञित ।
ससिद्ध कार्यकरणैर्ब्रह्माऽग्रे समवर्तत ।।२१

अग्नि तमोगुण का प्रकाश करने वाला है अत वह काल के स्वरूप से व्यवस्थित हुए। सत्त्वगुण के प्रकाशक विष्णु हैं अत उदासीनता की स्थिति में व्यवस्थित हुए हैं ।।१५।। ये ही तीन वेद हैं, ये ही तीन अग्नियाँ हैं। ये परस्पर मे एक-दूसरे के आश्रित हैं और परस्पर मे अनुव्रत वाले भी होते हैं ।।१६।। ये तीनो परस्पर मे बरताव करते हैं और परस्पर मे धारण किया करते है। ये अन्योन्य मिथुन अर्थात् जोडे वाले हैं और अन्योन्य के उपजीवी होते हैं। इनका आपस मे एक दूसरे से एक क्षण मात्र का भी वियोग नही होता है और ये एक दूसरे को आपस मे कभी त्याग नही करते हैं ।।१७।। ईश्वर सबसे पर देव हैं और विष्णु महान् से भी पर है। ब्रह्मा तो रजोगुण के उद्रेक वाले हैं जो यहाँ सर्ग के लिये ही प्रवृत होते हैं। पुरुप को पर समझना चाहिए और प्रकृति परा कही गई है ।।१८।। महेश्वर के द्वारा अधिष्ठित यह चारो ओर से उद्यम युक्त होता हुआ प्रवृत्त होता है। अपने विपय मे प्रिय होने के कारण चिर स्थित महान् ही फिर अनुप्रवृत्त किया करते हैं ।।१९।। प्रधान गुणो की विपमता होने के कारण से सर्ग काल मे अर्थात् सृजन के समय मे प्रवृत्त होता है। पहिले ईश्वर से अधिष्ठित उस सदसदात्मक से ब्रह्मा और बुद्धि का जोडा एक ही समय मे उत्पन्न हुआ ।।२०।। इस कारण से तम अव्यक्तमय और क्षेत्रज्ञ ब्रह्म सज्ञा वाला होता है तथा कार्य कारणो से ससिद्ध होता हुआ ब्रह्मा आगे हुआ ।।२१।।

तेजसा प्रथमो धीमानव्यक्त सप्रकाशते ।
स वै शरीरी प्रथम कारणत्वे व्यवस्थित ।।२२
अप्रतीघेन ज्ञानेन ऐश्वर्येण च सोऽन्वित ।
धर्मेण चाप्रतीघेन वैराग्येण समन्वित ।।२३
तस्यैश्वरस्याप्रतिघा ज्ञान वैराग्यलक्षणम् ।
धर्मैश्वर्यकृता बुद्धिर्ब्राह्मी जज्ञेऽभिमानिन ।।२४
अव्यक्ताज्जायते चास्य मनसा च यदिच्छति ।

त्रिधा विभज्य स्वात्मानं त्रैलोक्यं सम्प्रवर्त्तते ।
सृजते ग्रसते चैव वीक्षते च त्रिभिस्तु यत् ।
अग्रे हिरण्यगर्भः स प्रादुर्भूतश्चतुर्मुखः ॥३६
आदित्वाच्चादिदेवोऽसावजातत्वादजः स्मृतः ।
पाति यस्मात्प्रजाः सर्वाः प्रजापतिरतः स्मृतः ॥३७
देवेषु च महान् देवो महादेवस्ततः स्मृतः ।
सर्वेशत्वाच्च लोकानामवश्यत्वात्तथेश्वरः ॥३८
बृहत्वाच्च स्मृतो ब्रह्मा भूतत्वाद्भूत उच्यते ।
क्षेत्रज्ञः क्षेत्रविज्ञानाद्विभुः सर्वगतो यतः ॥३९
यस्मात् पुर्यनुशेते च तस्मात् पुरुष उच्यते ।
नोत्पादितत्वात् पूर्वत्वात् स्वयम्भूरिति स स्मृतः ॥४०
इज्यत्वादुच्यते यज्ञः कविर्विक्रान्तदर्शनात् ।
क्रमणः क्रमणीयत्वाद्ब्राह्मणस्याभिपालनात् ॥४१
आदित्यसंज्ञः कपिलस्त्वग्रजोऽग्निरिति स्मृतः ।
हिरण्यमस्य गर्भोऽभूद्धिरण्यस्यापि गर्भजः ।
तस्माद्धिरण्यगर्भः स पुराणेऽस्मिन्निरुच्यते ॥४२

अपनी आत्मा को तीन प्रकार से विभक्त करके इस त्रैलोक्य में सम्प्रवृत्त होता है। तीन तरह की दशा से ही लोकों का सृजन करता है संहार करता है और वीक्षण किया करता है। वह पहिले चार मुखों वाला हिरण्यगर्भ के स्वरूप से प्रकट हुए ॥३६॥ सबके आदि में होने से आदिदेव तथा अजन्मा होने के कारण से अज कहा गया है। समस्त प्रजाओं का पालन पोषण करता है, अतएव प्रजापति कहा गया है ॥३७॥ समस्त देवताओं में सबसे बड़ा देव है इसीलिये इसका 'महादेव' यह नाम पड़ गया है। समस्त लोकों का आवश्यक रूप से ईश होने के कारण से ही ईश्वर इस नाम से यह पुकारा जाया करता है ॥३८॥ सबसे बृहत् होने से ब्रह्मा तथा भूत होने के कारण से 'भूत' इस नाम से यह कहा जाता है। क्षेत्र के विशेष ज्ञान होने से क्षेत्रज्ञ और क्योंकि यह सब में गत होकर रहा करता है, इसलिये इसे 'विभु' इस नाम से

कहा गया है ॥३९॥ चूँकि यह पुर में अनुशयन किया करता है, इसी कारण से इसे 'पुरुष' कहा गया है। किसी के द्वारा उत्पादित नहीं किया गया है और सबके पहिले होने वाला है, इससे इसका 'स्वयम्भू' यह नाम कहा गया है ॥४०॥ यह इज्य अर्थात् पूजन करने के योग्य है इसीलिए इसका नाम 'यज्ञ' यह होता है। विक्रान्ति के देखने से 'कवि' नाम होता है। क्रमण करने के योग्य होने से 'क्रमण' तथा अभिपालन करने से 'वर्णक' ये नाम हुए है ॥४१॥ कपिल, आदित्य संज्ञा वाला, अग्रज और अग्नि ये नाम कहे गये हैं। इसका गर्भ हिरण्य हुआ था और हिरण्य के ही गर्भ से जन्म लेने वाला है, इसलिये इस पुराण मे उसे 'हिरण्यगर्भ' इस नाम से कहा जाता है ॥४२॥

स्वयम्भुवो निवृत्तस्य कालो वर्षाग्रजस्तु यः ।
न शक्यः परिसंख्यातुमपि वर्षशतैरपि ॥४३
कल्पसंख्यानिवृत्तेस्तु पराख्यो ब्रह्मणः स्मृतः ।
तावच्छेषोऽस्य कालोऽन्यस्तस्यान्ते प्रतिसृज्यते ॥४४
कोटिकोटिसहस्राणि अन्तर्भूतानि यानि वै ।
समतीतानि कल्पानान्तावच्छेषाः परास्तु ये ॥४५
यस्त्वयं प्रर्त्तते कल्पो वाराहन्तं निबोधत ।
प्रथमः साम्प्रतस्तेषां कल्पोऽयं वर्त्तते द्विजाः ॥४६
तस्मिन् स्वायम्भुवाद्यास्तु मनवः स्युश्चतुर्द्दश ।
अतीता वर्त्तमानाश्च भविष्या ये च वै पुनः ॥४७
तैरियं पृथिवी सर्वा सप्तद्वीपा समन्ततः ।
पूर्णं युगसहस्रं वै परिपाल्या नरेश्वरैः ।
प्रजाभिस्तपसा चैव तेषां शृणुत विस्तरम् ॥ ८
मन्वन्तरेण चैकेन सर्वाण्येवान्तराणि वै ।
भविष्याणि भविष्यैश्च कल्पः कल्पेन चैव ह ॥४९
अतीतानि च कल्पानि सोदकानि सहान्वयैः ।
अनागतेषु तद्वच्च तर्क्कः कार्यो विजानता ॥५०

निवृत्त स्वयम्भू के वर्षों पहिले उत्पन्न होने वाला जो काल है, वह

शकड़ों वर्षों मे भी नहीं गिना जा सकता है ।।४ ।। कल्प की संख्या के निवृत्त होने वाले ब्रह्मा को पराध्य कहा जाता है। उसका उतना अन्य काल-काल होता है उसके अन्त मे प्रतिसृजन किया जाता है ।।४४।। करोड़ो करोड़ो सहस्र जो अन्तभूत अतीत हुए हैं अर्थात् अन्दर मे रहने वाले गुजर चुके हैं वे उतने शेष पर कहे जाते हैं ।।४५।। जो यह वर्तमान कल्प है, उसका नाम वाराह समझ लेना चाहिए। हे द्विजवृन्द ! उन अन्य समस्त कल्पो मे यह इस समय वरतने वाला प्रथम ही कल्प है ।४६।। इस वाराह-कल्प मे स्वायम्भुव आदि चौदह मनु हुए हैं जो कुछ तो अतीत हो चुके हैं कुछ वर्तमान हैं और कुछ आगे होंगे ।।४७।। उन सब के द्वारा चारों ओर यह भूमण्डल सात द्वीपो वाला है, जोकि पूरे एक सहस्र युग पर्यन्त नरवरो के द्वारा परिपालन करने के योग्य है। प्रजाओ के द्वारा और तप से युक्त है उसका पूर्ण विस्तार मैं बतलाता हूँ उसका आप लोग अब श्रवण करें ।।४८।। एक मन्वन्तर के द्वारा सब ही अन्तगत होते हैं। जो आगे होंगे वे आगे होने वालो के द्वारा और कल्प कल्प के द्वारा अन्तगत होते हैं ।।४६।। विशेष रूप से जानने वाले के द्वारा अन्वयो के सहित और बोदक जो कल्प व्यतीत हो गये हैं तथा उसी प्रकार से जो अनागत हैं अर्थात् अर्थात् आगे आने वाले हैं उनमे तर्क करना चाहिए ।।५० ।।

## ।। सृष्टि रचना के विभिन्न सर्ग ।।

आपो ह्यग्ने सम्भवन्नष्टेऽग्नौ पृथिवीतले ।
सान्तरालकलीनेऽस्मान्नष्टे स्थावरजङ्गमे ।।१
एकार्णवे तदा तस्मिन् न प्राज्ञायत किंचन ।
तदा स भगवान् ब्रह्मा सहस्राक्ष सहस्रपात ।।२
सहस्रशीर्षा पुरुषो रुक्मवर्णोऽह्यतीन्द्रिय ।
ब्रह्मा नारायणाख्य स सुष्वाप सलिले तदा ।।३
सत्त्वोद्रेकात प्रबुद्धस्तु शून्य लोकमुदीक्ष्य स ।
इम चोदाहरन्त्यत्र श्लोक नारायण प्रति ।।४
आपो नारा व तनव इत्यपा नाम शुश्रुम ।
अप्सु शेते च तत्तस्मात्तन नारायण स्मृत ।।५

तुल्य युगसहस्रस्य नैश कालमुपास्य स ।
शर्वर्यन्ते प्रकुरुते ब्रह्मत्व सर्गकारणात् ॥६
ब्रह्मा तु सलिले तस्मिन् वायुर्भूत्वा तदाचरत् ।
निशायामिव खद्योत प्रावृट्काले ततस्तत ॥७

श्री सूतजी ने कहा—अग्नि से जल हुए और पृथिवी तल मे अग्नि के नष्ट हो जाने पर तथा अन्तराल के सहित लीन होने पर स्थावर और जङ्गम नष्ट हो गये ॥१॥ उस समय उस एक अर्णव मे कुछ भी नही जाना गया था । तब सहस्र नेत्रो वाला और सहस्र चरण वाला भगवान् ब्रह्मा तथा सहस्र मूर्धा वाला रुक्म ( सुवर्ण ) के समान वर्ण से युक्त, इन्द्रियो से अगोचर पुरुष जो 'नारायण' इस नाम से कहा जाता है, वह ब्रह्मा उस समय मे जल मे शयन करता था ॥२॥३॥ उस समय सत्व के उद्रेक होने से वह प्रबुद्ध हुए और उन्होंने इस लोक को पूर्णतया शून्य देखा । यहाँ नारायण के प्रति इस श्लोक को उदाहृत करते हैं ॥४॥ आप नार ये तनु हैं, ऐसा जलो का नाम सुनते हैं । क्योंकि जलो मे शयन किया करते है, इसी कारण से 'नारायण' यह नाम कहा गया है ॥५॥ एक युगो के सहस्र के तुल्य निशा का समय पर्यन्त उसने वहाँ उसी तरह उपासना की और फिर रात्रि के अन्त मे सर्ग ( सृजन ) के कारण होने से ब्रह्मत्व को प्राप्त करते हैं ॥६॥ उस जल मे ब्रह्मा उस समय वायु होकर विचरण करता था, जैसे कोई खद्योत ( जुगनू ) वर्षा-काल की रात्रि मे इधर-उधर घूमा करता है ॥७॥

ततस्तु सलिले तस्मिन् विज्ञायान्तर्गता महीम् ।
अनुमानादसमूढो भूमेरुद्धरण प्रति ॥८
अकरोत् स तनु त्वन्या कल्पादिषु यथा पुरा ।
ततो महात्मा मनसा दिव्य रूपमचिन्तयत् ॥९
सलिलेनाप्लुता भूमि दृष्ट्वा स तु समन्तत ।
किन्नु रूप महत् कृत्वा उद्धरेयमह महीम् ॥१०
जलक्रीडासु रुचिर वाराह रूपमस्मरत् ।

अगृष्य सर्वभूतानां वाङ्मयं धर्मसंज्ञितम् ॥११
दशयोजनविस्तीर्णं शतयोजनमुच्छ्रितम् ।
नीलमेघप्रतीकाशं मेघस्तनितनिस्वनम् ॥१२
महापर्वतवर्ष्माणं श्वेतं तीक्ष्णोग्रदंष्ट्रिणम् ।
विद्युदग्निप्रकाशाक्षमादित्यसमतेजसम् ॥१३
पीनवृत्तायतस्कन्धं सिंहविक्रान्तगामिनम् ।
पीनोन्नतकटीदेशं सुश्लक्ष्णं शुभलक्षणम् ॥१४
रूपमास्थाय विपुलं वाराहममितं हरिः ।
पृथिव्युद्धरणार्थाय प्रविवेश रसातलम् ॥१५

इसके अनन्तर उस जल में अन्तर्गत भूमि का ज्ञान प्राप्त करके भी भूमि के उद्धार के प्रति वह अनुमान से असमर्थ था अर्थात् अनुमान के ज्ञान से युक्त था ॥८॥ इसके अनन्तर उसने अन्य तनु किया जैसा कि पहिले कल्प आदि में बनाया था और फिर उस महान् आत्मा ने मन से उस दिव्य रूप का चिन्तन किया था ।९॥ उसने उस समय चारों ओर जल में आप्लुत इस भूमि को देखकर विचार किया कि क्या मैं अपना महान् रूप बनाकर इस भूमि का उद्धार करूँ ? ॥१०॥ जल की क्रीडाओं में अत्यन्त सुन्दर वाराह के रूप का स्मरण किया जो कि समस्त प्राणियों के द्वारा धर्षित न करने के योग्य होता है तथा वाङ्मय और धर्म की संज्ञा वाला है ॥११॥ अब उस वाराह के रूप का विस्तृत वर्णन किया जाता है—वह वाराह जोकि भगवान् ने उस समय अपना रूप बनाया था दश योजन विस्तीर्ण अर्थात् लम्बा था एक सौ योजन ऊँचा था नीले मेघ के समान कान्ति वाला था और मेघ की घोर गर्जना के सदृश शब्द करने वाला था ॥१२॥ एक बहुत ही विशाल पर्वत के समान आकार वाला श्वेत था और उसके अत्यन्त तीक्ष्ण तथा बहुत ही उग्र दाढ़ें । बिजली एवं अग्नि के तुल्य प्रकाश ( चमक ) वाले उसके नेत्र थे और सूर्य के समान तेज वाला था ॥१३॥ मोटे और चौड़े कंधों वाला था सिंह के विक्रम से युक्त गमन के समान गमन करने वाला था । मोटे और ऊँचे बहुत ही सुन्दर एवं शुभ लक्षणों वाले कटि देश से युक्त था ॥१४॥ ऐसे आकार

प्रकार वाला अत्यन्त विशाल अपना अभिमत वाराह का रूप हरि भगवान् ने धारण कर पृथिवी के उद्धार करने के लिये रसातल मे प्रवेश किया था । १५।।

स वेदवाद्युपद्रष्टा क्रतुवक्षाश्चितीमुख ।
अग्निजिह्वो दर्भरोमा ब्रह्मशीर्षो महातपा ।।१६
अहोरात्रेक्षणधरो वेदाङ्गश्रुतिभूषण ।
आज्यनास स्रुवतुण्ड सामघोपस्वनो महान् ।।१७
सत्यधर्ममय श्रीमान् धर्म्मविक्रमसस्थित ।
प्रायश्चित्तरतो घोर पशुजानुर्महाकृति ।।१८
ऊर्द्धगात्रो होमलिङ्ग स्थानवीजो महौपधि ।
वेद्यान्तरात्मा मन्त्रस्फिगाज्यसृक् सोमशोणित ।।१९
वेदस्कन्धो हविर्गन्धो हव्यकव्यातिवेगवान् ।
प्राग्वशकायो द्युतिमान्नानादीक्षाभिरन्वित ।।२०
दक्षिणाहृदयो योगी महासत्रमयो विभु ।
उपाकर्मेष्टिरुचिर प्रवर्ग्यवित्तभूषण ।।२१
नानाच्छन्दोगतिपथो गुह्योपनिपदासन ।
छायापत्नीसहायो वै मणिश्रृङ्ग इवोच्छ्रित ।
भूत्वा यज्ञवाराहो वै अप स प्राविशत् प्रभु ।।२२

अब उस वाराह के स्वरूप मे प्रभु के प्रवेश करने का विस्तृत शोभा समन्वित वर्णन किया जाता है—वह हरि का वाराह स्वरूप वेदवादियो का उपद्रष्टा था, क्रतु ही जिसका वक्ष स्थल था और चिति के मुख वाला था । उस वाराह की जिह्वा साक्षात् अग्निदेव थे, दर्भ रोम रूप थे, ब्रह्म जिसका शीर्ष ( मस्तक ) था, महान् तप वाला था ।।१६।। दिन और रात्रि रूपी नेत्रो को धारण करने वाला, वेद और षट् वेदो के अगो के आभरण वाला, घृत ही जिसकी नासिका थी और स्रुवा जिसका मुख था तथा सामवेद का गान ही उसकी महान् ध्वनि थी ।।१७।। सत्य और धर्म से परिपूर्ण श्री से युक्त तथा धर्म रूपी विक्रम मे सस्थिति करने वाला था । प्रायश्चित्त मे अनुराग रखने

ससर्ज सृष्टिन्तद्रूपां कल्पादिषु यथा पुरा ॥३३
तस्याभिध्यायतः सर्गं तदा वै बुद्धिपूर्वकम् ।
प्रधानसमकालं वै प्रादुर्भूतस्तमोमयः ॥३४
तमो मोहो महामोहस्तामिस्रो ह्यन्धसंज्ञितः ।
अविद्या पञ्चपर्वैषा प्रादुर्भूता महात्मनः ॥३५

स्कन्न और अचल होने से ये अचल कहे गये तथा पर्वों से पर्वत कहे गये हैं। अन्तर्भिन्न होने से इनका नाम गिरि पड़ गया है। इनकी शिलाओं का चयन किये जाने से इनका नाम शिलोच्चय हुआ है। ३ ॥ इसके अनन्तर उन लोक उदधि और पर्वतों के विशीर्ण हो जाने पर विश्वकर्मा बार-बार कल्पादि में निर्माण करते हैं ॥३१॥ समुद्रों के सहित इस पृथ्वी को सात द्वीपों को समस्त पर्वतों को और भूमण्डल से आदि चार लोकों को उसने पुनः प्रकल्पित किया था। इस तरह लोकों का प्रकल्पन करके फिर प्रजा के सर्ग को रचना की ॥३२॥ स्वयम्भू भगवान् ब्रह्माजी ने अनेक प्रकार की प्रजा के सृजन की इच्छा करने वाला होकर जिस प्रकार पहिले कल्पादि में थी उसी रूप वाली सृष्टि की रचना की थी। ३३॥ सर्ग को करने की भावना से अभिध्यान करते हुए उनके सामने में उस समय बुद्धिपूर्वक एक ही समय में प्रधान तथा तमोमय प्रादुर्भूत हुआ ॥३४॥ तम मोह महामोह तामिस्र और अन्ध-संज्ञा वाला तथा महात्मा से पाँच पर्व वाली यह अविद्या प्रादुर्भूत हुई ॥३५॥

पञ्चधा वाथ्वित सर्गो ध्यायतः सोऽभिमानिनः ।
सर्वतस्तमसा चैव दीपः कुम्भवदावृतः ।
बहिरन्तः प्रकाशश्च शुद्धो निःसंज्ञ एव च ॥३६
यस्मात्तेषां संवृता बुद्धिर्मुख्यानि करणानि च ।
तस्मात्ते संवृतात्मानो नगा मुख्याः प्रकीर्तिताः ॥३७
मुख्यसर्गं तथाभूतं ब्रह्मा दृष्ट्वा ह्यसाधकम् ।
अप्रसन्नमनाः सोऽथ ततो न्यासोऽप्यमन्यत ॥३८
तस्याभिध्यायतस्तत्र तिर्यक् स्रोतोऽभ्यवर्तत ।
यस्मात्तिर्यक् व्यवर्तत तिर्यक्स्रोतस्ततः स्मृतम् ॥३९

तमोबहुत्वात्ते सर्वे ह्यज्ञानबहुला स्मृताः ।
उत्पथग्राहिणश्चापि ध्यानाद्ध्यानमानिन ॥४०
तिर्य्यक्स्रोतस्तु दृष्ट्वा वै द्वितीय विश्वमीश्वर ।
अहङ्कृता अहमना अष्टाविंशद्विधात्मका ॥४१
एकादशेन्द्रियविधा नवधा चोदयस्तथा ।
अष्टौ च तारकाद्याश्च तेषा शक्तिविधा स्मृता ॥४२

ध्यान करते हुए अभिमानी का वह सर्ग पाँच प्रकार से आश्रित हुआ। वह सर्ग कुम्भ से दीप की भाँति सब ओर से तम से आवृत था। बाहिर और अन्दर शुद्ध प्रकाश था, जिसकी कोई सज्ञा नही थी ॥३६॥ जिससे उनके द्वारा बुद्धि सवृत थी और मुख्य कारण सवृत थे, उससे वे सवृत आत्मा वाले नग मुख्य कहे गये हैं ॥३७॥ मुख्य सर्ग मे ब्रह्माजी ने उस प्रकार के असाधक को देखकर अपने मन मे बहुत ही अप्रसन्नता की और इसके अनन्तर उसने फिर न्यास करने को मन मे माना ॥३८॥ इस प्रकार सर्ग करने के लिये उसके ध्यान करते हुए वहाँ पर तिर्यक् स्रोत हुआ। क्योकि यह तिर्यक् व्यवहार करता है, इसीलिये वह 'तिर्यक् स्रोत' इस नाम से कहा गया है ॥३९॥ उन सब मे तमोगुण की अधिकता होने से वे सब अधिक अज्ञान वाले कहे गये हैं। ध्यान के मानी के ध्यान से वे सभी उत्पथ के ग्रहण करने वाले भी थे ॥४०॥ तिर्यक् स्रोत वाले ईश्वर ने इस द्वितीय विश्व को देखा, जोकि कर्म मे और मन मे अह भाव वाला तथा अट्ठाईस प्रकार के स्वरूप वाला है ॥४१॥ एकादश इन्द्रियो के प्रकार हैं तथा नौ उदय के प्रकार हैं, आठ तारक आदि के तथा उनकी शक्ति के प्रकार कहे गये हैं ॥४२॥

अत प्रकाशास्ते सर्वे आवृताश्च बहि पुन ।
यस्मात्तिर्यक् प्रवर्त्तेत तिर्य्यक्स्रोता स उच्यते ॥४३
तिर्यक्स्रोताश्च दृष्ट्वा वै द्वितीय विश्वमीश्वर ।
अभिप्रायमथोद्भूत दृष्ट्वा सर्वन्तथाभिधम् ।
तस्याभिध्यायतो नित्य सात्त्विक समवर्त्तत ॥४४
ऊर्द्ध्वस्रोतास्तृतीयस्तु स चैवोर्द्ध्वव्यवस्थित ।

यस्माद्व्यवर्ततोर्द्ध न्तु ऊर्द्ध स्रोतास्ततः स्मृतः ॥४५
ते सुखप्रीतिबहुला बहिरन्तश्च संवृताः ।
प्रकाशा बहिरन्तश्च ऊर्द्धस्रोतोद्भवाः स्मृताः ॥४६
तेन वा तादयो ज्ञेया सृष्टात्मानो व्यवस्थिताः ।
ऊर्द्धस्रोतास्तृतीयो वै तेन सर्गस्तु स स्मृतः ॥४७
ऊर्द्ध स्रोतःसु सृष्टेष देवेषु स तदा प्रभुः ।
प्रीतिमानभवद्ब्रह्मा ततोऽन्यं सोऽभ्यमन्यत ।
ससर्ज सर्गमन्यं स साधकं प्रभुरीश्वरः ॥४८
अथाभिध्यायतस्तस्य सत्याभिध्यायिनस्तदा ।
प्रादुर्बभूव चाव्यक्तादर्वाक्स्रोतः सुसाधकम् ।
यस्मादर्वाकव्यवर्तत ततोऽर्वाकस्रोत उच्यते ॥४९
ते च प्रकाशबहुलास्तमः स्न्वरजोधिकाः ।
तस्मात्ते दुःखबहुला भूयो भूयश्च कारिणः ॥५०

इसलिये वे सब प्रकाश हैं और फिर बाहिर से सब आवृत हैं। जिस कारण से उनकी तिर्यक प्रवृत्ति होती है इसीलिये वह सर्ग तिर्यक स्रोत वाला कहा जाता है ॥४३॥ ईश्वर ने जो कि तिर्यक स्रोत वाला है इस द्वितीय विषय को देखा और उस प्रकार वाले समस्त अद्भुत अभिप्राय को देखा। इस तरह नित्य ही सर्ग रचना के ध्यान करने वाले के समक्ष सात्विक हुआ ॥४४॥ यह तृतीय सर्ग ऊर्ध्व स्रोत वाला था और ऊर्ध्व की ओर ही व्यवस्थित भी था। यह ऊर्ध्व की ओर प्रवृत्त था, इसी कारण से इसका नाम ऊर्ध्व स्रोता कहा गया है ॥४५॥ वे सब सुख और प्रीति की प्रचुरता वाले थे बाहर और अन्दर संवृत थे बाहिर और अन्तर्भाग में प्रकाशमय थे। वे सब ऊर्ध्व स्रोतो द्भव कहे गये हैं ॥४६॥ इससे वात आदि जानने चाहिए क्योंकि सृष्ट स्वरूप वाले व्यवस्थित हैं। यह तृतीय सर्ग ऊर्ध्व स्रोत वाला है अतः यह इसी नाम से कहा भी गया है ॥४७॥ इन ऊर्ध्व स्रोतो में देवों के सृष्ट होने पर वह प्रभु ब्रह्मा उस समय बहुत ही प्रीति वाले हुए अर्थात् ब्रह्माजी को अत्यन्त प्रसन्नता हुई। इसके अनन्तर उन्होंने अन्य सर्ग करने का मन में विचार किया और

ईश्वर प्रभु ने अन्य साधक सर्ग की सृष्टि की ।।४८।। इसके अनन्तर अभिध्यान करते हुए जब सत्य का अभिध्यायी वे हुए तब उसका अव्यक्त से सुसाधक अर्वाक् स्रोत का प्रादुर्भाव हुआ । वह अर्वाक् की ओर बरताव करता है, इसी कारण से वह अर्वाक् स्रोत इस नाम से कहा जाता है ।।४६।। और बहुल प्रकाश वाले वे होते हैं, जिनमे तम, सत्व और रजोगुण अधिक होता है । इससे वे पुन पुन करने वाले तथा अधिक दु ख वाले होते हैं ।।५०।।

प्रकाशा बहिरन्तश्च मनुष्या साधकाश्च ते ।
लक्षणैस्तारकाद्यैस्ते अष्टधा च व्यवस्थिता ।।५१
सिद्धात्मानो मनुष्यास्ते गन्धर्वसहधर्म्मिण ।
इत्येष तेजस सर्गो ह्यर्वाक्स्रोता प्रकीर्तित ।।५२
पञ्चमोऽनुग्रह सर्गश्चतुर्द्धा स व्यवस्थित ।
विपर्य्ययेण शक्त्या च तुष्ट्या सिद्ध्या तथैव च ।
विवृत वर्तमानञ्च तेऽर्थं जानन्ति तत्वत ।।५३
भूतादिकाना सत्वाना षष्ठ. सर्ग स उच्यते ।
विपर्य्ययेण भूतादिरशक्त्या च व्यवस्थित ।।५४
प्रथमो महत सर्गो विज्ञेयो महतस्तु स ।
तन्मात्राणा द्वितीयस्तु भूतसर्ग स उच्यते ।।५५
वैकारिकस्तृतीयस्तु सर्ग ऐन्द्रियक स्मृत ।
इत्येष प्राकृत सर्ग सम्भूतो बुद्धिपूर्वक ।।५६
मुख्यसर्गश्चतुर्थस्तु मुख्या वै स्थावरा स्मृता ।
तिर्य्यक्स्रोताश्च य सर्गस्तिर्य्यग्योनि स पञ्चम ।।५७

बाहिर और अन्दर प्रकाशयुक्त हैं । वे मनुष्य और साधक हैं । तारकाद्य लक्षणो से वे आठ प्रकार से व्यवस्थित होते हैं ।।५१।। सिद्धात्मा वे मनुष्य, जो गन्धर्वों के सहधर्मी होते हैं । यह तेजस सर्ग होता है और अर्वाक् स्रोता कहा गया है ।५२।। पाँचवां अनुग्रह सर्ग होता है और वह चार प्रकार से व्यवस्थित होता है । विपर्य्यय से शक्ति से, तुष्टि से और चतुर्थ प्रकार में सिद्धि से व्यवस्थित है । वे विवृत्त और वर्तमान अर्थ को तत्वत अर्थात् तात्त्विक रूप से

सबसे आगे अर्थात् पहिले ब्रह्माजी ने अपने ही समान मानसों का सृजन किया अर्थात् मन से समुत्पन्न होने वालों की रचना की। उन मानसों में सनन्दन सनक और विद्वान् सनातन हैं। वे महान् ओज वाले वर्वर्त्ती विशेष ज्ञान होने से निवृत्त हो गये अर्थात् निवृत्त मार्ग के अनुगामी बन गये। वे सबुद्ध होते हुए तीनों ही इस नानात्व स्वरूप सृजन से अपविद्ध हो गये। प्रजा की सृष्टि को न करके ही वे फिर प्रतिसर्ग को चल गये ॥६६॥ उस समय उन सनकादि के चले जाने पर ब्रह्माजी ने तब फिर स्थानाभिमानी अन्य मानस साधकों का सृजन किया। अब भूत से लेकर सम्प्लवावस्था वालों के नामों को जान लो ॥६७॥ जल अग्नि पृथिवी वायु अन्तरिक्ष दिशा स्वर्ग दिव समुद्र नद शैल वनस्पति ओषधियों की आत्मा तथा वीरुध और वृक्षों की आत्मा लव काष्ठ कला मुहूर्त्त स न्धि रात्रि दिवस अर्ध मास मास अयन अब्द युग ये सब स्थानाभिमानी हैं अतः वे स्थान के नाम वाले कहे गये हैं ॥६८ ६६ ७ ॥ जिसके मुख से ब्राह्मण उत्पन्न हुए उसके वक्ष स्थल से क्षत्रिय उद्भूत हुए ऊरुओं से वैश्यों की उत्पत्ति हुई और परों से शूद्र वर्ण वाले उत्पन्न हुए। इस तरह ये सभी वर्ण ब्रह्माजी के शरीर के विभिन्न भागों से ही उत्पन्न हुए हैं ॥७१॥ नारायण अव्यक्त से परे है और अण्ड अव्यक्त से उत्पन्न हुआ है। उस अण्ड से ब्रह्माजी ने जन्म ग्रहण किया और फिर उन ब्रह्माजी ने स्वयं इन समस्त लोकों की रचना की है ॥७२॥ यह पाद सक्षप से कह दिया गया है। इसमें विस्तार नहीं किया है। इस आद्य पाद पुराण का भली भाँति कीर्त्तन किया गया है ॥७३॥

## ॥ वर्तमान कल्प में मानुषी सृष्टि ॥

इत्येष प्रथम पाद प्रक्रियार्थे प्रकीर्तित ।
श्रुत्वा तु सहृष्टमना काश्यपेय सनातन ॥१
सम्बोध्य सूत वचसा प्रपच्छाथोत्तरा कथाम् ।
अत प्रभृति कल्पज्ञ प्रतिसन्धि प्रचक्ष्व न ॥२
समतीतस्य कल्पस्य वर्त्तमानस्य चोभयो ।
कल्पयोरन्तर यच्च प्रतिसन्धिर्यवस्तयो ।

एतद्वेदितुमिच्छाम अत्यन्तकुशलो ह्यसि ॥३
अत्र वोऽहं प्रवक्ष्यामि प्रतिसंधिश्च यस्तयो ।
समतीतस्य कल्पस्य वर्त्तमानस्य चोभयो ॥४
मन्वन्तराणि कल्पेषु येषु यानि च सुव्रता ।
यश्चाय वर्त्तते कल्पो वाराह साम्प्रत शुभ ॥५
अस्मात् कल्पाच्च य कल्प पूर्वोऽतीत सनातन ।
तस्य चास्य च कल्पस्य मध्यावस्थान्निबोधत ॥६
प्रत्याहृते पूर्वकल्पे प्रतिसंधि च तत्र वै ।
अन्य प्रवर्त्तते कल्पो जनाल्लोकात् पुन पुन ॥७

इस प्रकार यह प्रथम पाद प्रक्रिया के लिये ही कहा गया है। इसका श्रवण करके सनातन काश्यपेय बहुत ही मन मे प्रसन्न हुए ॥१॥ इसके अनन्तर वाणी से सूतजी का सम्बोधन करके उन्होने इससे आगे की कथा पूछी—उन्होंने कहा—हे कल्पज्ञ ! इससे आगे आप हमको प्रति-सन्धि का वर्णन कर समझावे ॥२॥ जो कल्प व्यतीत हो गया और इस समय वर्त्तमान है इन दोनो कल्पो की जो प्रति-सन्धि है उसे हम जानना चाहते है क्योंकि आप अत्यन्त कुशल हैं आप सभी कुछ जानते हैं। यह हमे सुनाइये ॥ ३ ॥ लोमहर्षणजी ने कहा—मैं अब आपको समतीत कल्प और वर्त्तमान कल्प इन दोनो की जो प्रति-सन्धि होती है उसे बतलाता हूँ ॥४॥ हे सुव्रत वालो ! जिन कल्पो मे जो मन्वन्तर होते हैं और जो यह कल्प होता है वही बतलाता हूँ। वर्त्तमान समय के कल्प का शुभ नाम वाराह है ॥५॥ इस कल्प से पहिले जो सनातन कल्प व्यतीत हुआ है उस कल्प की और इस कल्प की मध्यावस्था को जान लो ॥६॥ पूर्व कल्प के प्रत्याहृत हो जाने पर वहाँ प्रति-सन्धि होती है और बार-बार जन-लोक से अन्य कल्प हुआ प्रवृत्त होता है ॥७॥

व्युच्छिन्नात् प्रतिसंधेस्तु कल्पात् कल्प परस्परम् ।
व्युच्छिद्यन्ते क्रिया सर्वा कल्पान्ते सर्वशस्तदा ।
तस्मात् कल्पान्त कल्पस्य प्रतिसंधिर्निगद्यते ॥८
मन्वन्तरयुगाख्यानामव्युच्छिन्नाश्च सन्धय ।

परस्परा प्रवर्तन्ते मन्वन्तरयुगैः सह ॥९
उक्ता ये प्रक्रियार्थेन पूर्वकल्पा समासतः ।
तेषां परार्द्धकल्पानां पूर्वो ह्यस्मात्तु यः परः ।
आसीत् कल्पो व्यतीतो यः परार्द्धेन परस्तु सः ॥१०
अन्ये भविष्या ये कल्पा अपरार्द्धाद्गुणीकृता ।
प्रथमं साम्प्रतस्तेषां कल्पोऽयं वर्तते द्विजाः ॥११
यस्मिन् पूर्वं परार्द्धं तु द्वितीये पर उच्यते ।
एतावान् स्थितिकालश्च प्रत्याहारस्तु तत् स्मृतः ॥१२
अस्मात् कल्पात्तु यः पूर्वं कल्पोऽतीतः सनातनः ।
चतुर्युगसहस्रान्तं सहो मन्वन्तरैः पुरा ॥१३
क्षीणे कल्पे तदा तस्मिन् दाहकाले ह्युपस्थिते ।
तस्मिन् कल्पे तदा देवा आसन्वैमानिकास्तु ये ॥१४

प्रति सन्धि के व्युच्छिन्न होने से परस्पर मे कल्प से कल्प के अन्त मे समस्त क्रियाऐ उस समय सभी ओर से व्युच्छिन्न हो जाया करती हैं। इसी से कल्प से कल्प की प्रति-सन्धि कही जाती है ॥८॥ कल्प की भाँति ही मन्वन्तर और युगो के नाम वालो की सन्धियाँ भी उच्छिन्न हुआ करती हैं और वे सब परस्पर मे मन्वन्तर और युगो के साथ प्रवृत्त होते हैं ॥ ९ ॥ जो सक्षेप से प्रक्रियार्थ के द्वारा पूर्व कल्प कहे गये हैं अब उन कल्पो के परार्द्ध स्वरूपों मे इससे जो पहिला था और जो पर था इसमे परार्द्ध से जो कल्प व्यतीत हो गया वह पर था ॥१० ॥ हे द्विजो ! अपरार्द्ध से गुनी कृत अन्य जो कल्प भविष्य मे होगे उनमे इस समय रहने वाला यह प्रथम कल्प है जो अब वर्तमान मे चल रहा है ॥११॥ जिस द्वितीय परार्द्ध मे पूर्व पर कहा जाता है इतना ही स्थिति का काल प्रत्याहार कहा गया है ॥१२॥ इस वर्तमान कल्प से जो पहिला सनातन कल्प व्यतीत हो गया है वह पहिले मन्वन्तरो के साथ सतयुग त्रेता द्वापर कलियुग इन चारो युगो के एक सहस्र बार हो जाने के अन्त मे समाप्त हुआ है ॥१३॥ उस समय कल्प के क्षीण हो जाने पर दाह का काल उपस्थित हुआ और उसमे अर्थात् कल्प में उस समय देवता लोग जो थे वे विमानो मे सस्थित हो गये थे ॥१४॥

नक्षत्रग्रहतारास्तु चन्द्रसूर्यग्रहाश्च ये ।
अष्टाविंशतिरेवैता कोट्यस्तु सुकृतात्मनाम् ॥१५
मन्वन्तरे तथैकस्मिन् चतुर्दशसु वै तथा ।
त्रीणि कोटिशतान्यासन् कोट्यादिनवतिस्तथा ।
अष्टाधिका सप्तशता सहस्राणा स्मृता पुरा ॥१६
वैमानिकाना देवाना कल्पेऽतीते तु येऽभवन् ।
एकैकस्मिंस्तु कल्पे वै देवा वैमानिका स्मृता ॥१७
अथ मन्वन्तरेष्वासश्चतुर्दशसु वै दिवि ।
देवाश्च पितरश्चैव मुनयो मनवस्तथा ॥१८
तेषामनुचरा ये च मनुपुत्रास्तथैव च ।
वर्णाश्रमिभिरीड्याश्च तस्मिन् काले तु ये सुरा ।
मन्वन्तरेषु ये ह्यासन् देवलोके दिवौकस ॥१९
ते तै सयोजकै सार्द्ध प्राप्ते सङ्कलने तथा ।
तुल्यनिष्ठास्तु ते सर्वे प्राप्ते ह्याभूतसम्प्लवे ॥२०
ततस्तेऽव श्यभावित्वाद्बुद्ध्वा पर्यायमात्मन.
त्रैलोक्यवासिनो देवास्तस्मिन् प्राप्ते ह्युपप्लवे ॥२१
तेऽनौत्सुक्यविषादेन त्यक्त्वा स्थानानि भावत ।
महर्लोकाय सविग्नास्ततस्ते दधिरे मतिम् ॥२२

और जो नक्षत्र, ग्रह और तारा थे तथा चन्द्र, सूर्य आदि ग्रह थे वे सब सुकृतात्माओ की अठ्ठाईस करोड ही सख्या थी ॥ १५ ॥ इसी प्रकार एक मन्वन्तर मे तथा चौदह मन्वन्तरो मे तीन सौ करोड थे और पहिले अठ्ठानवें करोड सात सौ सहस्र कहे गये हैं ॥ १६ ॥ कल्प के व्यतीत हो जाने पर विमानो मे सस्थित देवताओ मे जो हुये वे एक एक कल्प मे विमानो मे बैठने वाले देवता कहे गये हैं ॥ १७ ॥ इसके अनन्तर दिव मे चौदह मन्वन्तरो में इसी भाँति देवता, पितर, मुनि लोग और मनुगण थे ॥ १८ ॥ और उनके अनुगामी जो मनु पुत्र थे और इसी प्रकार वर्णों तथा आश्रमो मे रहने वालों के द्वारा वन्दित हुये जो उस समय मे सुरगण थे और मन्वन्तरो मे जो दिव मे रहने

वाले देवलोक मे थे वे सब सङ्कलन के प्राप्त होने पर उन सयोजको के साथ भूत सम्प्लव के प्राप्त होने के समय मे तुल्यनिष्ठा वाले थे ॥ १६–२ ॥ इसके पश्चात् उन महलोकर के निवासी देवो ने अवश्यम्भावी होने से अपनी पारी को जानकर उस उपप्लव के प्राप्त होने पर उत्सुकता और विषाद न रखते हुये भाव से स्थानो का त्याग करके फिर महर्लोक के लिये सावधान होते हुये उन्होने अपनी बुद्धि धारण की ॥ १—२२ ॥

ते युक्ता उपपद्यन्ते महसिस्थ शरीरक ।
विशुद्धिबहुला सव मानसी सिद्धिमास्थिता ॥२३
त कल्प वासिभि सार्द्ध महानासादितस्तु य ।
ब्राह्मणै क्षत्रियैर्वैश्यैस्तद्भक्तैश्चापरज्जनै ॥२४
गत्वा तुते महर्लोक देवसङ्घाश्चतुर्दश ।
ततस्ते जनलोकाय सोद्वेगा दध्रिरे मतिम् ॥२५
विशुद्धिबहुला सवे मानसी सिद्धिमास्थिता ।
तै कल्पवासिभि सार्द्धं महानासादितस्तु यै ॥२६
दशकृत्व इवावस्था तस्माद्गच्छन्ति स्वस्तप ।
तत्र कल्पान् दश स्थित्वा सत्य गच्छन्ति वै पुन ।
एतेन क्रमयोगेन यान्ति कल्पनिवासिन ॥२७
एव देवयुगाना तु सहस्राणि परस्परात् ।
गतानि ब्रह्मलोक वै अपरावर्तिनी गतिम् ॥२

वे सब अधिक विशुद्धि वाले और मानसी सिद्धि में आस्थित होते हुए महर्लोक मे स्थित शरीरो से युक्त होकर उपपन्न होते हैं ॥ २३ ॥ जो ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और उनके भक्त दूसरे लोग हैं उन कल्पवासियो के साथ उन्होंने महत् को प्राप्त कर लिया था ॥ २४ ॥ वे चौदह देव सङ्घ महर्लोक को प्राप्त कर फिर उन्होने जन लोक के लिये उद्वेग के साथ अपना विचार किया ॥२५॥ विशुद्धि की प्रचुरता वाले वे सब मानसी सिद्धि मे आस्थित हो गये और उन कल्पवासियो के साथ जिन्होने महान् को प्राप्त किया था ॥ २६ ॥ वापृ स से दश बार की तरहउससे स्वर्लोक और तपलोक को जाते हैं वहाँ दस कल्प पर्यन्त

रहकर फिर वे सत्य लोक को जाते हैं। इसी क्रम के योग्य से कल्प निवासी जाते हैं ॥ २७ ॥ इस प्रकार से देव युगो के सहस्र अर्थात् सहस्रों देवयुग परस्पर से व्यतीत हुये फिर ब्रह्मलोक की अपरावर्त्तिनी गति को प्राप्त हुये ॥ २८ ॥

आधिपत्य विना ते वै ऐश्वर्येण तु तत्समा ।
भवन्ति ब्रह्मणस्तुल्या रूपेण विषयेण च ॥२६
तत्र ते ह्यवतिष्ठन्ति प्रीतियुक्ता प्रसङ्गमात् ।
आनन्द ब्रह्मण प्राप्य मुच्यन्ते ब्रह्मणा सह ॥३०
अवश्यम्भाविनाऽर्थेन प्राकृतेनैव ते स्वयम् ।
नाना त्वेनाभिसम्बद्धास्तदा तत्कालभाविन ॥३१
स्वरूपतो बुद्धिपूर्वं यथा भवति जाग्रत ।
तत्कालभावि तेषा तु तथा ज्ञान प्रवर्त्तते ॥३२
प्रत्याहारे तु भेदाना येषा भिन्नाभिसूक्ष्मणाम् ।
तैं सार्द्ध प्रतिसृज्यन्ते कार्याणि करणानि च ॥३३
नानात्वदर्शनात्तेषा ब्रह्मलोकनिवासिनाम् ।
विनष्टस्वाधिकाराणा स्वेन धर्मेण तिष्ठताम् ॥३४
ते तुल्यलक्षणा सिद्धा शुद्धात्मानो निरञ्जना ।
प्रकृतौ कारणातीता स्वात्मन्येव व्यवस्थिता ॥३५

वहाँ वे आधिपत्य के विना वैभव मे उन्ही के समान रूप और विषम मे ब्रह्मा के ही तुल्य होते हैं ॥ २६ ॥ वहाँ पर सुन्दर सङ्गम होने से बडी ही प्रीति से युक्त होकर वे रहते हैं। ब्रह्मा के आनन्द को प्राप्त कर ब्रह्मा के साथ ही मुक्त किये जाते हैं ॥ ३० ॥ वे स्वय अवश्यम्भावी प्राकृत अर्थ से ही नानात्व से अभिसम्बद्ध होते हुये उस समय उस काल मे होने वाले होते हैं ॥ ३१ ॥ जिस प्रकार जाग्रत स्वरूप से बुद्धिपूर्वक होता है उस काल मे होने वाला उनका वैसा ही ज्ञान प्रवृत्त होता है ॥ ३२ ॥ भिन्न अभिसूक्ष्म जिनके भेदो के प्रत्याहार मे ही उनके साथ कार्य और करण प्रतिसृष्ट किये जाते हैं ॥ ३३ ॥ अपने अधिकारो के विनाश हो जाने वाले, अपने धर्म से स्थित रहने वाले और ब्रह्मलोक के निवास करने वाले उनके नानात्व के दर्शन से वे तुल्य

मे चले जाते हैं और धर्म तथा पाप के अनुबन्ध वाली उस योनि से निर्मुक्त नहीं होते है ॥ ४४ ॥ इसके अनन्तर वे मनुष्य जन लोक में तुल्य रूप वाले होते हैं। उस समय वे सब प्रचुर विशुद्धि वाले होते हुये मानसी सिद्धि में व्यापित हुआ करते हैं ॥ ४५ ॥ वहाँ पर अव्यक्त से जन्म ग्रहण करने वाले ब्रह्मा की एक रात निवास कर फिर यहाँ सर्ग मे ब्रह्मा की मानसी अर्थात् मन से उद्भव वाली प्रजा होते हैं ॥ ४६ ॥ इसके पश्चात् उन त्रलोक्य-वासियों के इस जन-लोक के प्रवृत्त होने पर और सात प्रकारतर सर्गों के द्वारा उन लोकों के क्षार हो जाने पर उन परम विशीर्ण धरों मे वृष्टि से समस्त भूमण्डल के प्लावित हो जाने पर सब समुद्र मेघ और पार्थिव जल सदाश्रित होते हुये सलिल नाम वाले एकार्णवता को प्राप्त हो जाते हैं ॥ ४७-४८ ॥ आया हुआ और बिना गति वाला वह सलिल जब अत्यधिक मात्रा मे हो जाता है तब वह इस सस्थित भूमि को ढककर वह अर्णव नाम वाली हो जाती है ॥ ४९ ॥

आभाति यस्माच्चाभाति भासन्तो व्याप्तिदीप्तिषु ।
सर्वतः समनुप्लाव्य तासाम्चाम्भो विभाव्यते ॥५०
तदम्भस्तनुते यस्मात् सर्वां पृथ्वीं समन्ततः ।
धातुस्तनोतिविस्तारे तेनाम्भस्तनव स्मृता ॥५१
अरमित्येष शीघ्रन्तु निपात कविभि स्मृत ।
एकार्णवे भवन्त्यापो न शीघ्रास्तेन ते नरा ॥५२
तस्मिन् युगसहस्रान्ते सस्थिते ब्रह्मणोऽहनि ।
रात्र्या वर्त्तमानायां तावत्तत् सलिलात्मना ॥५३
ततस्तु सलिले तस्मिन्नष्टाग्नौ पृथिवीतले ।
प्रशान्तवातेऽन्धकारे निरालोके समन्ततः ॥५४
येनधाधिष्ठित हीद ब्रह्मा स पुरुष प्रभु ।
विभागमस्य लोकस्य पुनर्वं कर्त्तु मिच्छति ॥५५
एकार्णवे तदा तस्मिन्नष्टे स्थावरजङ्गमे ।
तदा स भवति ब्रह्मा सहस्राक्ष सहस्रपात् ॥५६

जिसके कारण वे व्याप्त दीप्तियों से जो भासमान होते हैं वे भी उस

समय भासित नहीं होते हैं । सब ओर से भली भाँति प्लावन कर अर्थात् निमग्न करके उस समय केवल उनके जल ही विभावित होता था ॥५०॥ क्योंकि यह जल पूर्णतया विस्तार वाला होता है और इस समस्त पृथ्वी को सब ओर से घेर लेता है । विधाता के विस्तार के फैलाने पर वे इसमें जल के तनु कहे गये हैं ॥५१॥ अर - यह कवियों के द्वारा शीघ्र निपात कहा गया है । एकार्णव में जल ही होते हैं और इसमें वे नर शीघ्र नहीं होते हैं । ५२। ब्रह्माजी के दिन के सस्थित होने पर उस एक सहस्र युग के अन्त में तब तक केवल जल के स्वरूप से ही इस पृथ्वी के वर्त्तमान रहने पर इसके पश्चात् उस जल के पृथ्वी तल में रहने वाली अग्नि में नष्ट हो जाने पर चारों ओर निरालोक अर्थात् प्रकाश से हीन अन्धकार छाया हुआ था और वात प्रशान्त हो गया था ऐसे समय में जिसके द्वारा यह अधिष्ठित था वह ब्रह्मा पर पुरुष प्रभु था और उसने फिर इस लोक के विभाग करने की इच्छा की अथवा इच्छा करता है ॥५३-५४-५५॥ उस एक अर्णव अर्थात् समुद्र में समस्त स्थावर और जङ्गम के नष्ट हो जाने पर उस समय वह ब्रह्मा सहस्र नेत्र और सहस्र चरण वाला हो जाता है ॥५६॥

सहस्रशीर्षा पुरुषो रुक्मवर्णो ह्यतीन्द्रिय॰ ।
ब्रह्मा नारायणाख्यस्तु सुष्वाप सलिले तदा ॥५७
सत्त्वोद्रेकात् प्रबुद्धस्तु शून्य लोकमवेक्ष्य च ।
इमञ्चोदाहरन्त्यत्र श्लोक नारायण प्रति ॥५८
आपो नाराख्यास्तनव इत्यपान्नाम शुश्रुम ।
आपूर्य नाभि तत्रास्ते तेन नारायण स्मृत ॥५९
सहस्रशीर्षा सुमना सहस्रपात् सहस्रचक्षुर्वदन सहस्रभुक् ।
सहस्रबाहु प्रथम प्रजा पतिस्त्रयीपथे य पुरुषो निरुच्यते ॥६०
आदित्यवर्णो भुवनस्य गोप्ता एको ह्यपूर्व प्रथम तुरापाट् ।
हिरण्यगर्भ॰ पुरुषो महात्मा स पठ्यते वै तमस परस्तात् ॥६१
कल्पादौ रजसोद्रिक्तो ब्रह्मा भूत्वाऽसृजत् प्रजा ।
कल्पान्ते तमसोद्रिक्तो कालो भूत्वाऽग्रसत् पुन ॥६२

स च नारायणाख्यस्तु सत्त्वोद्रिक्तोऽर्णवे स्वपन् ।
त्रिधा विभज्य चात्मानं त्रैलोक्ये समवर्त्तत ॥६३

सहस्र शीर्षों वाला हेम के तुल्य देदीप्यमान वर्ण वाला समस्त इन्द्रियों से अगोचर अर्थात् परे वह पुरुष ब्रह्मा नारायण—इस नाम वाला उस समय में जल में शयन करता था ॥५७॥ सत्त्व की अधिकता के होने से वह प्रबुद्ध अर्थात् जाग्रत हुआ और उसने चेतना युक्त होकर इस लोक को शून्य देखा। यहाँ पर उस नारायण के प्रति इस निम्न श्लोक को उदाहृत करते हैं ॥५८॥ आप अर्थात् जल नार इस नाम वाले तनु हैं यही जलों के नाम को सुनते हैं। वहाँ पर नाभि को आपूरित कर वह होता है इसलिये नारायण यह कहा गया है ॥५९॥ सहस्र शीर्ष (मस्तक) वाला अच्छे मन वाला सहस्र चरणों वाला सहस्र नेत्रों वाला सहस्र मुख वाला सहस्र को भोग करने वाला सहस्र बाहुओं वाला प्रथम प्रजापति है जो त्रयीपथ में पुरुष कहा जाता है ॥६०॥ सूर्य के तुल्य वर्ण वाला भुवन की रक्षा करने वाला एक ही प्रथम पुराण है हिरण्यगर्भ महात्मा और पुरुष है जो उस तम से पर कहा जाता है ॥६१॥ वही कल्प के आदि में रजोगुण के उद्रेक से युक्त होकर ब्रह्मा बनकर प्रजाओं का सृजन करता था और जब कल्प का अन्त होता तो उस समय में काल होकर फिर उस सृष्टि का ग्रसन कर लेता था ॥६२॥ वही नारायण नाम वाला सत्त्वगुण से उद्रिक्त होता हुआ समुद्र में शयन करता है तथा वह इस प्रकार अपने स्वरूप को तीन रूपों में विभक्त करके त्रैलोक्य में बरताव किया करता है ॥६३॥

सृजते ग्रसते चैव वीक्षन्ते च त्रिभिस्तु तान् ।
एकार्णवे तदा लोके नष्टे स्थावरजङ्गमे ॥६४
चतुर्युगसहस्रान्ते सर्वतः सलिलावृते ।
ब्रह्मा नारायणाख्यस्तु अप्रकाशार्णवे स्वपन् ॥६५
चतुर्विधा प्रजा ग्रस्त्वा ब्राह्मया रात्र्या महार्णवे ।
पश्यन्ति तं महर्ल्लोकात् सुप्तं कालं महर्षयः ॥६६
भृग्वादयो यथा सत्त कल्पे ह्यस्मिन् महर्षयः ।
ततो विवर्त्तमानैस्तैर्महान् परिगतः परः ॥६७

गत्यर्थाद् ऋषयो धातोर्नामनिर्वृत्तिरादित ।
तस्माद्दषिपरत्वेन महांस्तस्मान्महर्षय· ॥६८
महर्ल्लोकस्थितैर्दृष्ट काल सुप्तस्तदा च तैं ।
सत्याद्या सप्त ये ह्यासन् कल्पेऽतीते महर्षय ॥६९
एव ब्राह्मीषु रात्रीषु ह्यतीतासु सहस्रश ।
दृष्टवन्तस्तथा ह्यन्ये सुप्त काल महर्षय ॥७०

इन तीन रूपों से उन लोकों का सृजन करता है, ग्रसन करता है और इनका वीक्षण करता है। जब एकार्णव मे स्थावर और जङ्गम लोक के नष्ट हो जाने पर इस लोक ग्रसन का कार्य भी नही किया करता है किन्तु प्रत्येक कार्य के स्वरूप भिन्न हैं ॥६४॥ सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग, इन चारो युगो की चौकडी के एक सहस्र सख्या समाप्त हो जाती हैं तब उसके अन्त में सब ओर जल से आवृत होने पर प्रकाश रहित अर्थात् अन्धकारमय सागर में नारायण नाम वाले ब्रह्मा शयन करते हुए चारो प्रकार की प्रजा का ग्रास करके ब्राह्मी रात्रि मे महार्णव मे स्थित रहते हैं और महर्षिगण महर्लोक से उस सुप्तकाल को देखते हैं ॥६५-६६॥ इस कल्प मे भृगु आदि सात महर्षि कहे गये हैं। उनके द्वारा विशेष रूप से वहाँ उपस्थित होकर वह पर महान् चारो ओर से परिगत होगया ॥६७॥ गति के अर्थ वाली धातु से 'ऋषि'—इस नाम की निर्वृत्ति होती है। उससे महान् यह भी ऋषि परत्व है अतएव महर्षय, ऐसा कहा गया है ॥६८॥ महर्लोक मे स्थित उनके द्वारा उस समय काल सुप्त होता हुआ देखा गया। अतीत कल्प में सत्य आद्य ये सात महर्षि थे ॥६९॥ इस प्रकार से सहस्रो ही ब्राह्मी अर्थात् ब्रह्मा से सम्बन्ध रखने वाली रात्रियाँ व्यतीत हो जाने पर उसी प्रकार से उस समय अन्य महर्षियो ने भी काल को सोया हुआ देखा ॥७०॥

कल्पस्यादौ तु बहुशो यस्मात् सस्थाश्चतुर्दश ।
कल्पयामास वै ब्रह्मा तस्मात् कालो निरुच्यते ॥७१
स स्रष्टा सर्वभूताना कल्पादिषु पुन पुन ।
व्यक्ताव्यक्तो महादेवस्तस्य सर्वमिद जगत् ॥७२
इत्येष प्रतिसन्धिर्वं कीर्त्तित कल्पयोर्द्वयो ।

साम्प्रतातीतयोर्मध्ये प्रागवस्था बभूव या ॥७३
कीर्त्तिता तु समासेन कल्पे कल्पे यथा तथा ।
साम्प्रत ते प्रवक्ष्यामि कल्पमेत निबोधत ॥७४

कल्प के आदि मे ब्रह्मा ने बहुत सी चौदह सस्थाओं को कल्पना की थी इसीलिये वह काल ऐसा कहा जाता है ॥७१॥ कल्पों के आदि कालों मे समस्त प्राणियो का सृजन करने वाला वह महादेव बार-बार व्यक्त और अव्यक्त होता है और उसी का यह समस्त जगत् है ॥७२॥ यही दोनों कल्पो की प्रतिसन्धि होती है जो आपके समक्ष मे वर्णित करदी गई है । अब के समय वाले और व्यतीत हुए इन दोनो के मध्य मे जो प्रागवस्था हुई थी वह सक्षेप से वर्णन करदी गई है जो वैसी कल्प कल्प मे थी । अब आपके सामने इस कल्प का वर्णन करता हूँ उसे आप लोग श्रवण करें या समझ लेवे ॥७३ ७४॥

## ॥ मानव सभ्यता का आरम्भ ॥

तुल्य युगसहस्रस्य नश कालमुपास्य स ।
शर्वयन्ते प्रकुरुते ब्रह्मत्व सर्गकारणात् ॥१
ब्रह्मा तु सलिले तस्मिन् वायुर्भूत्वा तदाचरत् ।
अन्धकारे तदा तस्मिन् नष्टे स्थावरजङ्गमे ॥२
जलेन समनुव्याप्ते सर्वत पृथिवीतले ।
अविभागेन भूतेषु समन्तात्सुस्थितेषु च ॥३
निशायामिव खद्योत प्रावृटकाले ततस्तत ।
तदाकाशे चरन् सोऽथ वीक्ष्यमाण स्वयम्भुव ॥४
प्रतिष्ठाया ह्युपायन्तु मार्गमाणस्तदा प्रभु ।
ततस्तु सलिले तस्मिन् ज्ञात्वा ह्यन्तगता महीम् ॥५
अनुमानात्त सम्बुद्धो भूमेरुद्धरण प्रति ।
चकार या तनुश्च व पूर्वकल्पादिषु स्मृताम् ॥६
स तु रूप वराहस्य कृत्वाऽप प्राविशत् प्रभु ।
अद्भि सञ्छादितामुर्वी समीक्ष्याथ प्रजापति ॥७

श्री सूतजी ने कहा—वह एक सहस्र युगो के तुल्य रात्रि के समय की

उपासना कर फिर रात्रि के अन्त मे सर्ग करने के कारण से ब्रह्मत्व को प्राप्त होता है ।।१।। उस जल मे वायु के स्वरूप मे होकर विचरण करता था क्योंकि उस समय स्थावर और जङ्गम सब के नष्ट हो जाने पर वहाँ केवल अंधकार ही अन्धकार था ।।२।। समस्त यह पृथ्वीतल चारो ओर से जल मे ही समनुव्याप्त हो रहा था और वहाँ समस्त प्राणी विभाग रहित होते हुए सुस्थित थे ।।३।। जिस तरह वर्षा ऋतु मे रात्रि के समय मे खद्योत इधर से उधर विचरण करता हुआ दिखाई दे जाता है इस तरह वह भी उस समय आकाश मे इधर-उधर घूमता हुआ दिखाई देता था ।।४।। उस समय प्रभु ने पुन प्रतिष्ठा के उपाय की खोज करते हुए उस जल के अन्दर गई हुई भूमि का ज्ञान प्राप्त किया ।।५।। उस समय अनुमान से भली-भाँति ज्ञान प्राप्त करने से भूमण्डल के उद्धार करने के कार्य की ओर पूर्ण चेतना प्राप्त की और पहिले कल्प आदि में धारण किया हुआ शरीर का स्मरण किया ।।६।। उस समय प्रजापति ने जल द्वारा सम्यक् प्रकार से आच्छादित इस भूमि को देखकर उन्होने तब वाराह का स्वरूप धारण कर जल के अन्दर प्रवेश किया था ।।७।।

उद्धृत्योर्वमिथाद्भचस्तु अपस्तास्तु स विन्यमत् ।
सामुद्रीस्तु समुद्रेपु नादेयीर्निम्नगास्वपि ।
पार्थिवीस्तु स विन्यस्य पृथिव्या सोऽचिनोद्गिरीन् ।।८
प्राक्सर्गे दह्यमाने तु तदा सवर्त्तकाग्निना ।
तेनाग्निना प्रलीनास्ते पर्वता भुवि सर्वश ।।९
शैत्यादेकार्णवे तस्मिन् वायुनापस्तु सहृता ।
निपक्ता यत्र यत्रासस्तत्रतत्राऽचलोऽभवत् ।।१०
स्कन्नाचलत्वादचला पर्वभि पर्वता स्मृता ।
गिरयोऽद्भिर्निगीर्णत्वाच्चयनाच्च शिलोच्चया ।।११
ततस्तु ता समुद्धृत्य क्षितिमन्तर्ज्जलात् प्रभु ।
स्वस्थाने स्थापयित्वा च विभागमकरोत् पुन ।।१२
सप्त सप्त तु वर्पाणि तस्या द्वीपेपु सप्तसु ।
विपमाणि समीकृत्य शिलाभिरचिनोद्गिरीन् ।।१३

द्वीपेषु तेषु वर्षाणि चत्वारिंशत्तथैव च ।
तावन्तः पर्वताश्चैव वर्षान्ते समवस्थिताः ।
सर्गादौ सन्निविष्टास्ते स्वभावेनैव नान्यथा ॥१४

इसके अनन्तर जल मे निमग्न भूमण्डल का उद्धार किया और उस जल का वहीं विन्यास किया था। जो समुद्र से सम्बन्ध रखने वाला जल था उसका समुद्रों मे और जो नदियों से सम्बद्ध था उसका नदियों में विन्यास किया। जो पृथ्वी से समन्वित था उसे पृथ्वी मे ही विन्यास किया तथा उसने पृथ्वी में पर्वतों को चुन दिया था ॥८॥ पहिले सर्ग मे उस समय संवर्त्ताग्नि के द्वारा चारों ओर से दाह के होने से भूमि मे उस अग्नि से समस्त पर्वत प्रलीन हो गये थे ॥९॥ शैत्य के कारण से उस एकार्णव मे वायु के द्वारा संहृत जल जहाँ-जहाँ पर निषिक्त हुए वहाँ वहाँ वह अचल हो गये थे ॥१०॥ ये स्कन्न होकर अचल होने से अचल और इनमे पर्वों के होने के कारण से ये पर्वत कहलाये गये हैं। जल के द्वारा पूर्णतया निगीर्ण हो जाने से गिरि और शिलाओं के बहुत से चयन होने के कारण से इन्हें 'शिलोच्चय' कहा जाता है ॥११॥ इसके अनन्तर प्रभु ने उस भूमि को अन्तर्जल से उद्धृत करके पुनः उसे अपने ही स्थान पर स्थापित कर दिया था और फिर उसका विभाग भी किया था ॥१२॥ उस भूमि मण्डल के सात सात द्वीपों मे सात-सात वर्षों की रचना की और जो विषम स्वरूप मे थे उनको समान बनाकर पर्वतों को शिलाओं से चुन दिया था ॥१३॥ उन द्वीपों मे चालीस वर्ष और उतने ही पर्वत वर्ष के अन्त मे समवस्थित थे। सर्ग के आदि मे वे स्वभाव से ही सन्निविष्ट हो गये थे अन्यथा कुछ भी नहीं किया गया था ॥१४॥

सप्तद्वीपाः समुद्राश्च अन्योन्यस्य तु मण्डलम् ।
सन्निकृष्टाः स्वभावेन समावृत्य परस्परम् ॥१५
भूराद्यांश्चतुरो लोकांश्च द्रादित्यौ ग्रहैः सह ।
पूर्वं तु निर्म्ममे ब्रह्मा स्थानानीमानि सर्वशः ॥१६
अल्पस्य चास्य ब्रह्मा वै ह्यसृजत् स्थानिनः पुरा ।
आपोऽग्निः पृथिवी वायुरन्तरिक्षं दिवं तथा ॥१७

स्वर्गं दिश समुद्राश्च नदी सर्वांश्च पर्वतान् ।
ओषधीनां तथात्मानमात्मान वृक्षवीरुधाम् ॥१८
लवा काष्ठा कलाश्चैव मुहूर्तं सन्धिरात्र्यहम् ।
अर्द्धमासाश्च मासाश्च अयमाब्दयुगानि च ॥१९
स्थानाभिमानिनश्चैव स्थानानि च पृथक् पृथक् ।
स्थानात्मान स सृष्ट्वा वै युगावस्था विनिर्ममे ॥२०
कृत त्रेता द्वापर च कलि चैव तथा युगम् ।
कल्पस्यादौ कृतयुगे प्रथमे सोऽसृजत् प्रजा ॥२१

सात द्वीप और समुद्र अन्योन्य के मण्डल के सन्निकृष्ट होगये और वे परस्पर मे अपने ही आप स्वभाव से समावृत हो गये थे ॥१५॥ सवप्रथम ब्रह्माजी ने सूर्य और चन्द्रादि ग्रहो के साथ भू-इस नाम वाले चार लोको का निर्माण किया और इनके सब ओर से स्थानो की रचना की थी ॥१६॥ इस कल्प के ब्रह्माजी ने पहिले स्थानियों का सृजन किया। जैसे—जल, अग्नि, पृथिवी, वायु, अन्तरिक्ष और उसी प्रकार से दिव-इन सब का सृजन किया जो कि स्थानी होते हैं ॥१७॥ इसी तरह स्वर्ग, दिशा, समुद्र, नदी, पवत समस्त ओषधियो के स्वरूप तथा सम्पूर्ण वृक्ष और वीरुधो के रूप की रचना की थी ॥१८॥ लव, काष्ठा, कला, मुहूर्त्त, सन्धि, रात्रि और दिन, पक्ष, मास, अयन, युग और वर्ष ये सब स्थान और इनके पृथक पृथक् स्थानो के अभिमानी अर्थात् उनमे रहने वाले उन्होंने स्थानों के स्वरूपो का सृजन कर फिर युगों की अवस्था का निर्माण किया था ॥१९-२०॥ कृत युग, त्रेता, द्वापर और कलियुग इन चारो युगो का सृजन कर कल्प के आदि काल मे उनने सवप्रथम कृत युग में प्रजाओ की सृष्टि की थी ॥२१॥

प्रागुक्ता या मया तुभ्य पूर्वकाल प्रजास्तु ता ।
तस्मिन् सवर्त्तमाने तु कल्पे दग्धास्तदाऽग्निना ॥२२
अप्राप्ता यास्तपोलोक जनलोक समाश्रिता ।
प्रवर्तन्ति पुन सर्गे बीजार्थं ता भवन्ति हि ॥२३
बीजार्थेन स्थितास्तत्र पुन सर्गस्य कारणात् ।

द्वीपेषु तेषु वर्षाणि चत्वारिंशत्तथैव च ।
तावन्तः पर्वताश्चैव वर्षान्ते समवस्थिताः ।
सर्गादौ सन्निविष्टास्ते स्वभावेनैव नान्यथा ॥१४

इसके अनन्तर जल में निमग्न भूमण्डल का उद्धार किया और उस जल का वही विन्यास किया था। जो समुद्र से सम्बन्ध रखने वाला जल था उसको समुद्रों में और जो नदियों से सम्बद्ध था उसको नदियों में विन्यास किया। जो पृथ्वी से सम्बन्धित था उसे पृथ्वी में ही विन्यास किया तथा उसने पृथ्वी में पर्वतों को चुन दिया था ॥८॥ पहिले युग में उस समय सम्वर्त्ताग्नि के द्वारा चारों ओर से दाह के होने से भूमि में उस अग्नि से समस्त पर्वत प्रलीन हो गये थे ॥६॥ शैत्य के कारण से उस एकार्णव में वायु के द्वारा संहृत जल जहाँ-जहाँ पर निषिक्त हुए वहाँ वहाँ वह अचल हो गये थे ॥१०॥ ये इकट्ठे होकर अचल होने से अचल और इनमें पर्वों के होने के कारण से ये पर्वत कहलाये गये हैं। जल के द्वारा पूर्णतया निगीर्ण हो जाने से गिरि और शिलाओं के बहुत से चयन होने के कारण से इन्हें शिलोच्चय कहा जाता है ॥११॥ इसके अनन्तर प्रभु ने उस भूमि को अन्तर्जल से उद्धृत करके पुनः उस अपने ही स्थान पर स्थापित कर दिया था और फिर उसका विभाग भी किया था ॥१२॥ उस भूमि मण्डल के सात सात द्वीपों में सात-सात वर्षों की रचना की और जो विषम स्वरूप में थे उनको समान बनाकर पर्वतों को शिलाओं से चुन दिया था ॥१३॥ उन द्वीपों में चालीस वर्ष और उतने ही पर्वत वर्ष के अन्त में समवस्थित थे। सर्ग के आदि में वे स्वभाव से ही सन्निविष्ट हो गये थे अन्यथा कुछ भी नहीं किया गया था ॥१४॥

सप्तद्वीपाः समुद्राश्च अन्योन्यस्य तु मण्डलम् ।
सन्निकृष्टाः स्वभावेन समावृत्य परस्परम् ॥१५
भूराद्यांश्चतुरो लोकाश्चन्द्रादित्यौ ग्रहैः सह ।
पूर्वं तु निर्ममे ब्रह्मा स्थानानीमानि सर्वशः ॥१६
कल्पस्य चास्य ब्रह्मा वै ह्यसृजत् स्थानिनः पुरा ।
आपोऽग्निः पृथिवी वायुरन्तरिक्षं दिवं तथा ॥१७

स्वर्गं दिश समुद्राश्च नदी सर्वांश्च पर्वतान् ।
ओषधीनां तथात्मानमात्मानं वृक्षवीरुधाम् ॥१८
लवा काष्ठा कलाश्चैव मुहूर्तं सन्धिरात्र्यहम् ।
अर्द्धमासाश्च मासाश्च अयमाब्दयुगानि च ॥१६
स्थानाभिमानिनश्चैव स्थानानि च पृथक् पृथक् ।
स्थानात्मानं स सृष्ट्वा वै युगावस्था विनिर्ममे ॥२०
कृतं त्रेता द्वापरं च कलिं चैव तथा युगम् ।
कल्पस्यादौ कृतयुगे प्रथमे सोऽसृजत् प्रजा ॥२१

सात द्वीप और समुद्र अन्योन्य के मण्डल के सन्निकृष्ट होगये और वे परस्पर में अपने ही आप स्वभाव से समावृत हो गये थे ॥१५॥ सर्वप्रथम ब्रह्माजी ने सूर्य और चन्द्रादि ग्रहों के साथ भू-इस नाम वाले चार लोकों का निर्माण किया और इनके सब ओर से स्थानों की रचना की थी ॥१६॥ इस कल्प के ब्रह्माजी ने पहिले स्थानियों का सृजन किया। जैसे-जल, अग्नि, पृथिवी, वायु, अन्तरिक्ष और उसी प्रकार से दिव इन सब का सृजन किया जो कि स्थानी होते हैं ॥१७॥ इसी तरह स्वर्ग, दिशा, समुद्र, नदी, पर्वत समस्त ओषधियों के स्वरूप तथा सम्पूर्ण वृक्ष और वीरुधों के रूप की रचना की थी ॥१८॥ लव, काष्ठा, कला, मुहूर्त्त, सन्धि, रात्रि और दिन, पक्ष, मास, अयन, युग और वर्ष ये सब स्थान और इनके पृथक पृथक् स्थानों के अभिमानी अर्थात् उनमें रहने वाले उन्होंने स्थानों के स्वरूपों का सृजन कर फिर युगों की अवस्था का निर्माण किया था ॥१९-२०॥ कृत युग, त्रेता, द्वापर और कलियुग इन चारों युगों का सृजन कर कल्प के आदि काल में उनने सर्वप्रथम कृत युग में प्रजाओं की सृष्टि की थी ॥२१॥

प्रागुक्ता या मया तुभ्यं पूर्वकाले प्रजास्तु ता ।
तस्मिन् संवर्त्तमाने तु कल्पे दग्धास्तदाऽग्निना ॥२२
अप्राप्ता यास्तपोलोकं जनलोकं समाश्रिता ।
प्रवर्तन्ति पुनः सर्गे बीजार्थं ता भवन्ति हि ॥२३
बीजार्थेन स्थितास्तत्र पुनः सर्गस्य कारणात् ।

ते सर्वे रजसोद्रिक्ता शुष्मिणश्चाप्यशुष्मिण ॥ ७
सृष्ट्वा सहस्रमन्यत्तु द्वन्द्वानामूरुत पुन ।
रजस्तमोभ्यामुद्रिक्ता ईहाशीलास्तु ते स्मृता ॥३८
पद्भ्यां सहस्रमन्यत्तु मिथुनानां ससर्ज्ज ह ।
उद्रिक्तास्तमसा सर्वे नि श्रीका ह्यल्पतेजस ॥ ६
ततो वै हृष्यमाणास्त द्वन्द्वोत्पन्नास्तु प्राणिन ।
अन्योन्या हृच्छयाविष्टा मैथुनायोपचक्रमु ॥४०
तत प्रभृति कल्पेऽस्मिन् मिथुनोत्पत्तिरुच्यत ।
मासे मासेर्त्तव यद्यत्तदाशासीद्धि योषिताम् ॥४१
तस्मात्तदा न सुषुवु सेवितरपि मैथुन ।
आयुषोऽन्त प्रसूयन्त मिथुनान्येव त सकृत् ॥४२

इसके अनन्तर सर्ग के अवष्टब्ध हो जाने पर सृजन की पूर्ण इच्छा रखने वाले ब्रह्माजी के जो सत्व के अभिध्यान करने वाले थे उस समय उन्होंने मुख से सहस्रो प्रजा के मिथुन उत्पन्न किये वे मनुष्य सत्व के उद्रेक से अच्छे चित्त वाले होते हैं ॥३५ ३६॥ उन्होंने सहस्रो मिथुनो को अपने वक्ष स्थल से उत्पन्न किया वे सभी रजोगुण के उद्रेक वाले थे जो शुष्मी होते हुए भी अशुष्मी थ ॥३७॥ अन्य सहस्रो द्वन्द्वो को ब्रह्माजी ने अपने उरुओ से उत्पन्न किया था जो कि रजोगुण और तमोगुण के उद्रेक वाले थे और वे ईहा के स्वभाव वाले कहे गये हैं ॥३८॥ इसके पश्चात् ब्रह्माजी ने सहस्रो जोडो को अपने चरणो से उत्पन्न किया था जो कि सभी तमोगुण के उद्रेक वाले थे और श्रीरहित एव तेज से शून्य थे ।३९॥ इसके अनन्तर अपने अपने द्वन्द्वो के रूप मे उत्पन्न होने वाले वे सभी प्राणी परम प्रसन्न हुए और अन्योन्य काम-वासना मे लिप्त होकर मैथुन में प्रवृत्त हो गये ॥ ४ ॥ तभी से लेकर इस कल्प मे मिथुन उत्पत्ति कही जाती है । प्रत्येक मास मे स्त्रियो को जो ऋतु धर्म होता था वह उस समय उसी ब्रह्मा की आज्ञा थी ॥४१॥ इस लिये उस आर्तव काल मे मैथुन के सेवन करने वालो ने भी स्त्रियो के साथ शयन नहीं किया । आयु के अन्त में ही वे एकबार मिथुनो का प्रसव करते हैं ॥४२॥

कुटका कुविकाश्चैव उत्पद्यन्ते मुमूर्षिता ।
तत प्रभृति कल्पेऽस्मिन् मिथुनाना हि सम्भव ॥४३
ध्याते तु मनसा तासा प्रजाना जायते सकृत् ।
शब्दादि विषय शुद्ध प्रत्येक पञ्चलक्षण ॥४४
इत्येव मनसा पूर्वं प्राक्सृष्टिर्या प्रजापते ।
तस्यान्ववाये सम्भूतार्यैरिद पूरित जगत् ॥४५
सरित्सर समुद्राश्च सेवन्ते पर्वतानपि ।
तदा नात्यम्बुशीतोष्णा युगे तस्मिन् चरन्ति वै ॥४६
पृथ्वीरसोद्भव नाम आहार ह्याहरन्ति वै ।
ता प्रजा कामचारिण्यो मानसी सिद्धिमास्थिता ॥४७
धर्माधर्मौ न तास्वास्ता निर्विशेषा. प्रजास्तु ता ।
तुल्यमायु सुख रूप तासा तस्मिन्न कृते युगे ॥४८
धर्माधर्मौ न तास्वास्ता कल्पादौ तु कृते युगे ।
स्वेन स्वेनाधिकारेण जज्ञिरे ते कृते युगे ॥४९

कुटक और कुविक मरने की इच्छा वाले उत्पन्न होते हैं । तभी से लेकर इस कल्प मे मिथुनो का जन्म हुआ था ॥४३॥ मन से ध्यान करने पर उन प्रजाओ का एकबार पांच लक्षणो वाला शुद्ध शब्दादि का विषय उत्पन्न होता है ॥४४॥ इसी प्रकार से प्रजापति की जो पूर्व सृष्टि पहिले हुई उसी अन्ववाय मे उसकी यह समस्त प्रजा हुई है जिनसे यह समस्त जगत् परिपूरित हो रहा है ॥४५॥ वह प्रजापति की प्रजा सरित् सरोवर, समुद्र और पर्वतो का सेवन करती है । उस समय युग में वे सब अत्यन्त जल, शीत और उष्णता से रहित होते हुए सवत्र विचरण किया करते हैं ॥४६॥ वह समस्त प्रजा अपनी इच्छा के अनुरूप आचरण करने वाली मानसो सिद्धि मे अवस्थित होती हुई पृथ्वी के रस से उत्पन्न आहार को ग्रहण करती है ॥४७॥ उस कृत युग मे उन प्रजाओ में धर्म तथा अधम कुछ भी नही थे । उस समय की वह प्रजा विशेषता रहित थी । उन सब की तुल्य आयु सुख और रूप था । कही भी कुछ भी आपस में अन्तर नही था ऐसा सतयुग की समस्त प्रजा थी ॥४८॥ कल्प के आदि मे कृत

युग में उन प्रजाओं में धर्म और अधर्म कुछ भी नहीं था। कृत युग में वे सब अपने-अपने अधिकार के अनुसार यजन करते थे ॥४६॥

चत्वारि तु सहस्राणि वर्षाणां दिव्यसंख्यया ।
आद्यं कृतयुगं प्राहुः संध्यानान्तु चतुः शतम् ॥५०
ततः सहस्रशस्तासु प्रजासु प्रथितास्वपि ।
न तासां प्रतिघातोऽस्ति न द्वन्द्वश्चापि च क्रमः ॥५१
पर्वतोदधिसेविन्यो ह्यनिकेताश्रयास्तु ताः ।
विशोकाः सत्त्वबहुला एकान्तसुखितप्रजाः ॥५२
ता वै निष्कामचारिण्यो नित्यं मुदितमानसाः ।
पशवः पक्षिणश्चैव न तदासन् सरीसृपाः ॥५३
नोद्भिज्जा नारकाश्चैव ते ह्यधर्मप्रसूतयः ।
न मूलफलपुष्पञ्च नार्तवं ह्यृतवो न च ॥५४
सर्वकामसुखः कालो नात्यर्थं ह्युष्णशीतता ।
मनोभिलषिताः कामास्तासां सर्वत्र सर्वदा ॥५५
उत्तिष्ठन्ति पृथिव्यां वै ताभिर्ध्याता रसास्थिताः ।
बलवर्णकरी तासां सिद्धिः सा रोगनाशिनी ॥५६

दिव्य संख्या से चार हजार वर्ष का आद्य कृत-युग कहा गया है और चार सौ वर्ष सन्ध्याओं के कहे गये हैं ॥५० ॥ उन सहस्रों प्रथित प्रजाओं में उनका कोई प्रतिघात नहीं होता है न कोई द्वन्द्व होता है और न कोई क्रम होता है ॥५१॥ कृत युग में प्रजा पर्वत और समुद्र के सेवन करने वाली थी तथा बिना निकेत और आश्रय वाली थी। उस समय उन प्रजाओं में शोक का अभाव था सत्त्व की प्रचुरता थी और एकान्त सुख से युक्त थी ॥५२॥ कृत युग में समस्त प्रजा स्वेच्छानुकूल आचरण करने वाली और नित्य ही परम प्रसन्न चित्त वाली थी। उस समय पशु पक्षी और सरीसृप नहीं थे ॥५३॥ अधर्म से जिनकी उत्पत्ति होती है ऐसे नारकीय पुरुष और उद्भिज भी नहीं थे। न मूल था न पुष्प थे और न फल ही थे तथा ऋतु का धर्म और ऋतु भी नहीं थे ॥५४॥ कृत युग में उस समय समस्त कामों में सुख देने वाला

काल था। उस समय न अधिक उष्णता थी और न शीतलता ही थी। उस समय उन कृतयुग की प्रजाओं के सभी काम मन के अभिलाषित ही सर्वत्र और सदा होते थे ॥५५॥ पृथिवी मे उनके द्वारा ध्यान की हुई इससे उत्थित बल और वर्ण को करने वाली उनकी सिद्धि उठती थी जो समस्त रोगों के नाश करने वाली थी ॥५६॥

असंस्कार्यै शरीरैश्च प्रजास्ता स्थिरयौवना ।
तासां विशुद्धात् सङ्कल्पाज्जायन्ते मिथुना प्रजा ॥५७
समं जन्म च रूपञ्च म्रियन्ते चैव ता समम् ।
तदा सत्यमलोभश्च क्षमा तुष्टि सुखं दम ॥५८
निर्विशेषा कृता सर्वा रूपायु शीलचेष्टितै ।
अबुद्धिपूर्वकं वृत्तं प्रजानां जायते स्वयम् ॥५९
अप्रवृत्ति कृतयुगे कर्मणो शुभपापयो ।
वर्णाश्रमव्यवस्थाश्च न तदासन्न सङ्कर ॥६०
अनिच्छाद्वेषयुक्तास्ते वर्त्तयन्ति परस्परम् ।
तुल्यरूपायुष सर्वा अधमोत्तमवर्जिता ॥६१
सुखप्राया ह्यशोकाश्च उत्पद्यन्ते कृते युगे ।
नित्यप्रहृष्टमनसो महासत्त्वा महाबला ॥६२
लाभालाभौ न तास्वास्तां मित्रामित्रे प्रियाप्रिये ।
मनसा विषयस्तासान्निरीहाणां प्रवर्त्तते ।
न लिप्सन्ति हि ताऽन्योन्यन्नानुगृह्णन्ति चैव हि ॥६३

न संस्कार करने के योग्य शरीरों के द्वारा वह समस्त प्रजा स्थिर यौवन वाली थी। उनके विशुद्ध सङ्कल्प से मिथुन प्रजा उत्पन्न हुई ॥५७॥ उन सब का जन्म और रूप समान ही था और वे साथ ही मरते भी थे। उस समय सब मे सत्य—लोभ का अभाव—क्षमा–तुष्टि–सुख और दम वर्तमान था। रूप, आयु, शील और चेष्टितों के द्वारा सब विशेषता से रहित कर दिये थे। प्रजाओं का वृत्त अबुद्धि के साथ स्वयं होता है ॥५९॥ कृतयुग मे पाप और शुभयुक्त कर्मों मे प्रवृत्ति का अभाव रहता था। उस समय सतयुग मे चारों वर्णों और चारों

आश्रमो की कोई भी व्यवस्था ही नहीं थी और न कृतयुग मे वर्ण सङ्करता हो थी ॥६० ॥ उस समय के लोग सब इच्छा और द्वेष से युक्त न होते हुए ही पर स्पर मे बरताव किया करते थे । उस समय न तो कोई किसी से उत्तम था और न कोई अधम ही अर्थात् उत्तमाधम के होने का कोई अवसर ही नहीं था और सब समान वय और रूप वाले थे । ६१॥ कृतयुग मे प्राय सभी सुख से युक्त और शोक से रहित थे और इसी प्रकार का जीवन लेकर उत्पन्न होते है । वे नित्य ही प्रहृष्ट चित्त वाले महान् सत्व से सयत और महान् बल वाले थे ॥६२॥ उस समय के व्यक्तियो के विचार मे कोई लाभ या कुछ अलाभ अर्थात् हानि है ऐसा होता ही नहीं था । उनमे न कोई किसी का मित्र था और न कोई शत्रु अर्थात् मित्रामित्र का भेद भाव सर्वथा था ही नहीं । किसी का प्रिय और किसी का अप्रिय होने की भावना भी बिल्कुल नहीं थी । बिना ईहा वाले उनका विषय मन से प्रवृत्त होता है । वे अन्योन्य की कोई लिप्सा नहीं करते है और न किसी पर कोई अनुग्रह किया करते हैं ॥६३॥

ध्यान पर कृतयुगे त्रेतायां ज्ञानमुच्यत ।
प्रवृत्तं द्वापरे यज्ञ दान कलियुगे वरम् ॥६४
सत्त्व कृत रजस्त्रेता द्वापरन्तु रजस्तमौ ।
कलौ तमस्तु विज्ञय युगवृत्तवशेन तु ॥६५
काल कृत युगे त्वेष तस्य सख्यान्निबोधत ।
चत्वारि तु सहस्राणि वर्षाणा तत् कृत युगम् ॥६६
सन्ध्यांशौ तस्य दिव्यानि शतान्यष्टौ च सख्यया ।
तदा तासा बभूवायुर्न च क्लेशविपत्तय ॥६७
ततः कृतयुगे तस्मिन् सन्ध्यांशे हि गते तु व ।
पादावशिष्टो भवति युगधर्मस्तु सर्वश ॥६८
सन्ध्यायामप्यतीतायामन्तकाले युगस्य तु ।
एव कृते तु नि शेषे सिद्धिस्त्वन्तदधे सदा ॥६९
तस्याश्च सिद्धौ भ्रष्टाया मानस्यामभवत्तत ।
सिद्धिरन्या युगे तस्मिन्स्त्रेतायामन्तरे कृता ॥७०

कृतयुग मे सबसे प्रधान ध्यान माना गया है और त्रेतायुग मे ज्ञान का सबसे अधिक महत्त्व होता है। द्वापर युग मे यज्ञ यागादि का सबसे अधिक गौरव माना जाता था और इस कलियुग मे दान की सर्वश्रेष्ठता मानी गई है ॥६४॥ युगवृत्त की वशता के कारण से कृतयुग मे सत्त्वगुण—त्रेता मे रजोगुण—द्वापर मे रजोगुण और तमोगुण तथा कलियुग मे केवल तमोगुण का आधिपत्य रहता है।६५॥ कृतयुग मे जो काल होता है उसकी सख्या समझ लो। चार सहस्र वर्ष का वह कृतयुग होता है॥६६॥ उसके सध्या-सन्ध्याश दिव्य आठ सौ वर्ष सख्या मे होते हैं। उस समय उनकी आयु ऐसी ही होती थी कि उसमे कोई भी क्लेश तथा विपत्तियाँ नही होती थी ॥६ ॥ इसके अनन्तर उस कृतयुग के सन्ध्याश के चले जाने पर एक पाद से अवशिष्ट युग-धर्म सभी ओर से होता है ॥६८॥ अन्तकाल मे युग की सन्ध्या के भी व्यतीत हो जाने पर युग का एक पाद से सन्ध्या-धर्म अवस्थित रहता है । इस प्रकार से कृतयुग के निःशेष हो जाने पर उस समय सिद्धि अन्तर्हित हो जाती है ॥६९॥ तब उस मानसी सिद्धि के भ्रष्ट हो जाने पर उस युग मे त्रेता मे अन्तर मे की हुई अन्य सिद्धि होती है ॥७१॥

सर्गादौ या मयाष्टौ तु मानस्यो वै प्रकीर्तिता ।
अष्टौ ता क्रमयोगेन सिद्धयो यान्ति सक्षयम् ॥७१
कल्पादौ मानसी ह्येषा सिद्धिर्भवति सा कृते ।
मन्वन्तरेषु सर्वेषु चतुर्युगविभागश ।
वर्णाश्रमाचारकृत कर्मसिद्धोद्भव स्मृत ॥७२
सन्ध्याकृतस्य पादेन सन्ध्यापादेन चाशत ।
कृतसन्ध्याशका ह्येते त्रीस्त्रीन् पादान् परस्परान् ।
ह्रसन्ति युगधर्मैस्ते त । श्रुतबलायुषै ॥७३
तत कृताशे क्षीणे तु बभूव तदनन्तरम् ।
त्रेताया युगमन्यन्तु कृताशमृषिसत्तमा ॥७४
तस्मिन् क्षीणे कृताशे तु तच्छिष्टासु प्रजास्विह ।
कल्पादौ सप्रवृत्तायास्त्रेताया प्रमुखे तदा ॥७५

पुन कालान्तरेणव पुनर्ल्लोभावृतास्त ता ।
वृक्षास्तान् पर्यगृह्णन्त मधु वा माक्षिकं बलात् ।।८६
तासा तना पचारेण पुनर्ल्लोककृतेन वै ।
प्रणष्टा मधुना सार्द्ध कल्पवृक्षा क्वचित् क्वचित् ।।६०

तब उस समय उन वृक्षों के प्रनष्ट हो जाने पर वे बहुत ही भ्रान्त हुए उनकी समस्त इन्द्रियाँ व्याकुलित हो गई तब सत्य के अभिध्यायी उन्होंने उस सिद्धि का ध्यान किया ।।८५।। फिर सिद्धि के ध्यान से वे सब गृह में रहने वाले वृक्ष प्रादुर्भूत हो गये थे। और वे वस्त्र फल तथा अनेक आभरणों का प्रसव किया करते हैं ।।८६।। उन प्रभाओं के उन्हीं वृक्षों मे गन्ध वर्ण और रस से युक्त महान् वीर्य युक्त पुन्पुट मे अमाक्षिक मधु उत्पन्न होता है ।।८७।। त्रेतायुग के आरम्भ काल मे सभी प्रजा उसी का व्यवहार करते थे। इससे वे सब परम हृष्ट पुष्ट और उस सिद्धि से विगत ज्वर अर्थात् दुःख रहित हो गये ।।८८।। फिर कुछ काल के पश्चात् ही लोभ से आवृत हुए उन वृक्षों का परिग्रहण करते हैं और बलपूर्वक उनका मधु अथवा माक्षिक भी ग्रहण करते हैं ।। ८९ ।। उनके उस लोक कृत अपचार से फिर कहीं-कहीं वे कल्प वृक्ष मधु के साथ ही साथ नष्ट हो गये थे ।।६ ।।

तस्यामेवाल्पशिष्टाया सन्ध्याकालवशात्तदा ।
प्रावर्तत तदा तासा द्वन्द्वान्यभ्यर्त्थितानि तु ।।६१
शीतवातातपस्तीव्र स्ततस्ता दुःखिता भृशम् ।।
द्वन्द्वैस्ता पीड्यमानास्तु चक्रुरावरणानि च ।।६२
कृत्वा द्वन्द्व प्रतीकारं निकेतानि हि भेजिरे ।
पूर्व निकामचारास्ते अनिकेताश्रया भृशम् ।।६३
यथायोग्य यथाप्रीति निकेतष्ववसन् पुन ।
मरुधन्वसु निम्नेषु पर्वतेषु नदीषु च ।
संश्रयन्ति च दुर्गाणि धन्वान शाश्वतोदकम् ।।६३
यथायोग यथाकाम समेषु विषमेषु च ।
आरब्धास्ते निकेता वै कर्त्तु शीतोष्ण वारणम् ।।६५

ततः संस्थापयामास खेटानि च पुराणि च ।
ग्रामांश्चैव यथाभाग तथैवान्त पुराणि च ॥९६

तासामायामविष्कम्भान् सन्निवेशान्तराणि च ।
चक्रुस्तदा यथाप्राज्ञ प्रदेश सञ्जितस्तु तै ॥९७

अगुष्ठस्य प्रदेशिन्या व्यास प्रादेश उच्यते ।
ताल स्मृतो मध्यमया गोकर्णश्चाप्यनामया ॥९८

कनिष्ठया वितस्तिस्तु द्वादशागुल उच्यते ।
रत्निरगुलपर्वाणि सख्यया त्वेकविंशति ॥९९

उस समय सन्ध्या काल के कारण से जोकि सन्ध्या का थोड़ा-सा भाग ही शेष रह गया था उन प्रजाओ मे द्वन्द्वो की उत्पत्ति हुई अर्थात् 'सुख दुःख' आदि के जोड़े उत्पन्न हो गये ॥९१॥ तब तो वे अति तीव्र शीत, वात, आतप के द्वन्द्वो से बहुत उत्पीडित हुए और वे परम पीडा मान होकर उन द्वन्द्वो से बचाव करने के लिये अपने आवरण करने लगे । ९२॥ सुख-दुःखादि द्वन्द्वो का प्रतीकार करके वे सब घरो मे निवास करने लगे जिससे शीतलता, उष्णतादि से पूर्ण बचाव हो जावे । इसके पूर्व वे सभी स्वेच्छाचारी थे और किसी भी घर का आश्रय लेकर नही रहते थे ॥९३॥ योग्यता और प्रीति के अनुसार फिर घरो में निवास करते हुए रहने लगे । मरुधन्वाओं मे, नीचे स्थानो मे, पर्वतो मे और नदियो मे जहाँ कि निरन्तर जल विद्यमान रहता है वे ऐसे दुर्गों को अर्थात् पूर्ण सुरक्षित स्थानों का आश्रय लेते थे ॥ ९४ ॥ जैसा भी योग हो और जैसी भी इच्छा हो उसी के अनुसार समतल और विषमतल में उन्होने शीत और उष्णता का वारण करने के लिये अपने घरो का निर्माण करना आरम्भ कर दिया था ॥९५॥ इसके पश्चात् खेटो तथा पुरो की स्थापना की थी और भाग के अनुसार ग्रामो की और अन्तःपुरो की स्थापना की गई थी ॥९६॥ उनके आयाम और विष्कम्भो की तथा अन्दर के सन्निवेशो का बुद्धि के अनुसार निर्माण किया और उस समय उन्ही के द्वारा 'प्रदेश' यह सज्ञा रखी गई थी ॥९७॥ प्रदेशिनी से अगुष्ठ का व्यास 'प्रादेश' कहा जाता है । मध्यमा से 'ताल' और अनामिका से 'गोकर्ण' कहा गया है ॥ ९८ ॥ कनिष्ठिका से 'वितस्ति' जोकि द्वादशागुल कहा

जाता है अंगुलियो के पव जो मध्या मे इक्कीस होते हैं रत्नि कहे जाते हे ॥९९।

चतुर्विंशतिभिश्चैव हस्त स्यादगुलानि तु ।
किष्कु स्मृतो द्विरत्निस्तु द्विचत्वारिंशदगुलम् ॥१००
चतुर्हस्त धनुर्दण्डो नालिकायुगमेव च ।
धनु सहस्र द्व तत्र गव्यूतिस्तैर्विभाव्यते ॥१ १
अष्टौ धनु सहस्राणि योजन तन्निरुच्यते ।
एतेन योजनेनैव सन्निवेशस्तत कृत ॥१ २
चतुर्णामेव दुर्गाणा स्वसमुत्थानि त्रीणि तु ।
चतुर्थ कृत्रिम दुग तस्य वक्ष्याम्यह विधिम् ॥१ ३
सौधोच्चवप्रप्राकार सवतश्चातिकावृतम् ।
तदेक स्वस्तिकद्वार कुमारीपुरमेव च ॥१०४
स्रोतसीसह तद्द्वार निखात पुनरेव च ।
हस्ताष्टौ च दश श्रेष्ठा नवाष्टौ वापरे मता ॥१०५
खेटाना नगराणाच ग्रामाणाचैव सर्वश ।
त्रिविधानाच दुर्गाणा पवतोदकवन्धनम् ॥१०६

चौबीस अगुल का हस्त होता है। दो रत्नियो का किष्कु होता है जोकि बयालीस अगुल का होता है ॥१ ॥ चार हस्त का धनु होता है और दो नालिका दण्ड होता है। दो सहस्र धनुओ का गव्यूति होता है ॥१ १॥ आठ सहस्र धनुओ का एक योजन कहा जाता है। इस योजन से ही सन्निवेश किया गया था ॥१ २॥ चार दुर्गो मे तीन तो अपने से उत्थित थे और चौथा दुर्ग कृत्रिम था जिसकी विधि को मैं कहता हूँ ॥१ ३॥ सब ओर से खातको से आवृत ऊँचे प्राकार वाला सौध होता है। उसमे एक स्वस्तिक द्वार होता है और कुमारी पुर होता है ॥१ ४॥ स्रोतसी के साथ वह द्वार निखात (खुदा हुआ) होता है। वह आठ हाथ दश हाथ अथवा नौ हाथ का दूसरे मानते हैं ॥१०५॥ खेटो के नगरों के और ग्रामो के सब ओर से और तीन प्रकार के दुर्गों के पवतोदक बन्धन होता है ॥१ ६॥

त्रिविधानाच दुर्गाणा त्रिष्कम्भायाममेव च ।
योजनानाञ्च विष्कम्भमष्टभागार्द्धमायतम् ।।१०७
परमार्द्धार्द्धमायाम प्रागुदक्प्रवर पुरम् ।
छिन्नकर्ण विकर्णन्तु व्यञ्जन कृशमस्थितम् ।।१०८
वृत्ता हीनञ्च दीर्घञ्च नगर न प्रशस्यते ।
चतुरस्रार्जव दिकस्थ प्रशस्त वै पुर परम् ।।१०९
चतुर्विंशतिराद्यन्तु हस्तानष्टशत परम ।
अत्र मध्य प्रशसन्ति ह्रस्वोत्कृष्टविवर्जितम् ।।११०
अथ किष्कुशतान्यष्टो प्राहुर्मुख्यनिवेशनम् ।
नगरादर्धविष्काभ खेट ग्राम ततो बहि ।।१११।।
नगराद्योजन खेट खेटाद्ग्रामोऽर्द्ध योजनम् ।
द्विक्रोश परमा सीमा क्षेत्रसीमा चतुर्द्धनु ।।११२

तीनो प्रकार के दुर्गों का विष्कम्भ जितना आयाम होता है। योजनो के अष्ट भाग और अर्ध भाग आयत विष्कम्भ होता है ।।१०७।। परमाथ के अर्ध आयाम वाला पहिले उदक से प्रवर पुर, छिन्न कर्ण, विकर्ण, व्यजन, कृशसस्थित, वृत्त, हीन और दीर्घ नगर प्रशस्त नही कहा जाता है। चारो ओर से सिधाई वाला दिशाओ मे स्थित पुर परम प्रशस्त होता है ।।१०८-१०९।। जिसका आद्य चौबीस हाथ और पर आठ सौ तथा ह्रस्व और उत्कृष्ट से रहित मध्य भाग हो उसकी प्रशसा करते हैं ।।११०।। इसके अनन्तर आठ सौ किष्कु का मुख्य निवेशन कहा गया है। नगर से आधा विष्कम्भ खेट होता है और उससे बाहिर ग्राम होता है ।।१११।। नगर से एक योजन खेट और खेट से आधा योजन ग्राम होता है। दो कोण परम सीमा होती है और चार धनुष क्षेत्र की सीमा होती है ।।११२।।

विशद्धनू पि विस्तीर्णो दिशा मार्गस्तु तै कृत ।
विशद्धनुर्ग्रामिमार्ग सीमामार्गो दशैव तु ।।११३
धनू पि दश विस्तीर्ण श्रीमान् राजपथ स्मृत ।
नृवाजिरथनागानामसम्बाध मुसचर ।।११४

धनूंषि चैव चत्वारि शाखारथ्यास्तु तैः कृताः ।
गृहरथ्योपरथ्याश्च द्विकाश्चाप्युपरथ्यकाः ॥११५
घण्टापथश्चतुष्पादस्त्रिपदञ्च गृहान्तरम् ।
वृत्तिमार्गास्त्वर्द्धपदं प्राग्वंशः पदिकः स्मृतः ॥११६
अवस्कर परीवाहः पदमात्रः समन्ततः ।
कृतेषु तेषु स्थानेषु पुनश्चक्रुर्गृहाणि वै ॥११७
यथा ते पूर्वमासन्वै वृक्षास्तु गृहसंस्थिताः ।
तथा कर्तुं समारब्धाश्चिन्तयित्वा पुनः पुनः ॥११८
वृक्षाश्चैव गता शाखा न ताश्चैव परागताः ।
अत उर्द्धगताश्चान्या एवं तिर्य्यग्गताः पुरा ॥११९

बीस धनुष विस्तार वाला उन्होंने दिशाओं का मार्ग बनाया बीस धनुष का विस्तीर्ण ग्राम का मार्ग और दश धनुष विस्तार वाला सीमा का मार्ग बनाया था ॥११ ॥ दश धनुष विस्तार वाला शोभायुक्त राजपथ कहा गया है जोकि मनुष्य अश्व रथ हस्ती आदि का बाधा रहित संचार वाला होता है ॥११४॥ चार धनुष के विस्तार वाली ही शाखा रथ्या ( गली ) उन्होंने बनाई इसी प्रकार से गृहरथ्या उपरथ्या द्विका और उपरथ्यका घण्टापथ चतुष्पाद त्रिपद गृहान्तर वृत्तिमार्ग अर्द्ध पद प्राग्वंश और पदिक कहा गया है ॥११५-११६॥ यह मात्र चारों ओर अवस्कर परीवाह उन स्थानों पर करने पर फिर घर किये ॥११७॥ जिस तरह वे पहिले गृह संस्थित वृक्ष थे पुन-पुन चिन्तन कर वैसा ही करना आरम्भ कर दिया ॥११ ॥ शाखाऐं और वृक्ष गये वैसे ही परागत नहीं हुए। इसलिये ऊपर की ओर गये हुए दूसरे थे इसी प्रकार थे पहिले तिरछे जाने वाले थे ॥११९॥

बुद्धाऽन्विष्यस्तथा न्यायो वृक्षशाखा यथा गताः ।
तथा कृतास्तु ते शाखास्तस्माच्छालास्तु ताः स्मृताः ॥१२
एवं प्रसिद्धाः शाखाभ्यः शालाश्च व गृहाणि च ।
तस्मात्ता वै स्मृताः शालाः शालात्वं चैव तासु तत् ॥१२१
प्रसीदन्ति मनस्तासु मनः प्रसादयन्ति ताः ।

तस्माद्गृहाणि शालाश्च प्रासादाश्चैव संज्ञिना ॥१२२
कृत्वा द्वन्द्वोपघातास्तान् वार्त्तोपायमचिन्तयन् ।
नष्टेषु मधुना सार्द्धं कल्पवृक्षेषु वै तदा ।
विषादव्याकुलास्ता वै प्रजास्तृष्णाक्षुधात्मिका ॥१२३
ततः प्रादुर्बभौ तासां सिद्धिस्त्रेतायुगे पुनः ।
वार्त्तार्थसाधिकाप्यन्या वृत्तिस्तासां हि कामतः ॥१२४
तासां वृष्ट्युदकानीह यानि निम्नैर्गतानि तु ।
वृष्ट्या तदभवत्स्रोतः खातानि निम्नगा स्मृता ॥१२५
एवं नद्यः प्रवृत्तास्तु द्वितीये वृष्टिसर्ज्जने ।
ये परस्तादपां स्तोका आपन्ना पृथिवीतले ॥१२६
अपाम्भूमेश्च संयोगादोषध्यस्तासु चाभवन् ।
पुष्पमूलफलिन्यस्तु ओषध्यस्ताः प्रजज्ञिरे ॥१२७
अफालकृष्टाश्चानुप्ता ग्राम्याऽरण्याश्चतुर्दश ।
ऋतुपुष्पफलाश्चैव वृक्षा गुल्माश्च जज्ञिरे ॥ २८

खूब समझ कर खोज करते हुए का वैसा ही न्याय है जैसा कि वृक्ष मे रहने वाली शाखाएँ होती हैं। उनके द्वारा की हुई शाखाएँ है इसमे वे शालायें कहलाई गई हैं ॥१२०॥ इस प्रकार से शाखाओ से शालाऐ और गृह प्रसिद्ध हुए। इसी से वे शालाऐ कहलाई और उनमे वह शालत्व था ॥१२१॥ उनमे मन प्रसन्न होता है और वे मन को प्रसाद युक्त करती भी हैं। इसी से गृह और शालाऐ प्रसाद सज्ञा से युक्त हुए हैं ॥१२२॥ उन द्वन्द्वो के उपघातों को करके अर्थात् सुख-दुखादि स्वरूप जो बहुत से ससार मे द्वन्द्व (जोडे) हैं उनका निवारण करके अर्थात् गृहादि का निर्माण करके बचाव करके अब जीविका के उपाय के विषय मे चिन्तन किया अर्थात् रोजी कैसे चले, यह विचार किया। उस समय मधु के साथ कल्पवृक्षो के नष्ट हो जाने पर भूखी-प्यासी प्रजा विषाद से व्याकुल हो उठी ॥१२३॥ इसके अनन्तर उन प्रजाजनो को फिर त्रेता युग में वृत्ति की सिद्धि का प्रादुर्भाव हुआ। उनकी इच्छा से जीविका और अर्थ के साधन करने वाली अन्य वृत्ति भी प्रादुभूत हुई ॥१२४॥ तब वृष्टि का जो जल था जो कि यहाँ पर निम्न स्थानो मे चला गया था, वृष्टि से वह स्रोत हो

गया और जो खात अर्थात् गहराई वाले खुदे हुए थे वे नदियाँ कहलाई ॥ ॥१२५। इस तरह द्वितीय वृष्टि के सृजन से नदियाँ प्रवृत्त हुईं। जो जलों के परे छोटी थी और पृथ्वी तल में प्राप्त हुई थी ॥१२६। भूमि और जल के संयोग से उनमें औषधियाँ समुत्पन्न हुईं वे औषधियाँ फूल मूल और फलों वाली उत्पन्न हुई थी ॥१२७॥ जो हल से नहीं जोते गये हैं और बोये गये हैं ऐसे ग्राम के चौदह अरण्य थे जो कि ऋतु के पुष्प और फलों से युक्त वृक्षों को और गुल्मों को उत्पन्न करते थे ॥१२८॥

प्रादुर्भावश्च त्रेताया वार्त्तायामौषधस्य तु ।
तेनौषधेन वर्त्तन्ते प्रजास्त्रेतायुगे तदा ॥१२९
ततः पुनरभूत्तासां रागो लोभश्च सर्वशः ।
अवश्यम्भाविनार्थेन त्रेतायुगवशेन तु ॥१३०
ततस्ताः पर्यगृह्णन्त नदीक्षेत्राणि पर्वतान् ।
वृक्षान् गुल्मौषधीश्चैव प्रसह्य तु यथाबलम् ॥१३१
सिद्धात्मानस्तु ये पूर्वं व्याख्याताः प्राकृते मया ।
ब्रह्मणा मानसास्ते वै उत्पन्ना योजनादिह ॥१३२
शान्ताश्च शुष्मिणश्चैव कर्मिणो दुःखिनस्तथा ।
ततः प्रवर्त्तमानास्ते त्रेताया जज्ञिरे पुनः ॥१३३

त्रेता युग में जीविका के कार्य में औषध का प्रादुर्भाव हुआ। उस समय त्रेता युग में प्रजा उस औषध से अपनी रोजी चलाती थी ॥१२९॥ त्रेता युग में होने वाले अवश्यम्भावी अर्थ से फिर उन प्रजा जनों में सभी ओर से राग और लोभ पुनः हो गया था ॥१३०॥ इसके अनन्तर उन्होंने नदी के क्षेत्रों को और पर्वतों का परिग्रहण किया और बल के अनुसार वृक्षों और गुल्मौषधियों को प्रसह्य किया। झाड़ी के रूप में रहने वाली औषधि गुल्मौषधि कही जाती है ॥१३१॥ जो सिद्ध आत्मा वाले थे वे सब मैंने पहिले प्राकृत में बता दिये अर्थात् उनकी भली भाँति व्याख्या कर दी थी। यहाँ पर योजन से ब्रह्मा के द्वारा जो उत्पन्न हुए वे मानस थे ॥१३२॥ उस समय शान्त-शुष्मी कर्म करने वाले और दुःख से युक्त इसके पश्चात् पुनः प्रवर्त्तमान होते हुए त्रेता युग में उत्पन्न हुए ॥१३३॥

ब्राह्मणा क्षत्रिया वैश्या शूद्रा द्रोहिजनास्तथा ।
भाविता पूर्वजातीषु कर्मभिश्च शुभाशुभै ॥१३४
ततस्तेभ्यो बला ये तु सत्यशीला ह्यहिंसका ।
वीतलोभा जितात्मानो निवसन्ति स्म तेषु वै ॥१३५
प्रतिगृह्णन्ति कुर्वन्ति तेभ्यश्चान्येऽल्पतेजस ।
एव विप्रतिपन्नेषु प्रपन्नेषु परस्परम् ॥१३६
तेन दोषेण तेषा ता ओषध्यो मिषता तदा ।
प्रणष्टा ह्रियमाणा वै मुष्टिभ्या सिकता यथा ॥१३७
अग्रसद्भूयुगबलाद्ग्राम्यारण्याश्चतुर्दश ।
फल गृह्णन्ति पुष्पैश्च पुष्प पत्रैश्च या पुन ॥१३८
ततस्तासु प्रणष्टासु विभ्रान्तास्ता प्रजास्तदा ।
स्वयम्भुव प्रभु जग्मु क्षुधाविष्टा प्रजापतिम् ॥१३९
वृत्त्यर्थमभि लिप्सन्त आदौ त्रेतायुगस्य तु ।
ब्रह्मा स्वयम्भूर्भगवान् ज्ञात्वा तासा मनीषितम् ॥१४०

ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य-शूद्र और द्रोह करने वाले मनुष्य शुभ और अशुभ कर्मों से पूर्व जातियो मे भावित होते हुए उत्पन्न हुए ॥१३४॥ यहाँ से जो उनमे बलवान् थे—सत्य के स्वभाव वाले थे-हिंसा का कम न करने वाले थे—अपनी आत्मा जीत लेने वाले और वीत लोभ अर्थात् लोभ से रहित थे, वे उनमे निवास करते थे ॥१३५॥ उनसे अन्य अल्प तेज वाले प्रतिग्रहण करते हैं । इस प्रकार से आपस मे विप्रतिपन्न और प्रपन्नो मे रहते है ॥१३६॥ उन सबके उस दोष से वे सब ओषधियाँ उस समय मुष्टियो से सिकता की भाँति ह्रियमाण और प्रनष्ट हो गई ॥१३७॥ भूमि ने सबका ग्रास कर लिया । युग के बल से चौदह जो ग्राम्य अरण्य थे वे पुष्पो से फल को और पत्रो से पुष्प को ग्रहण करते हैं ॥ ॥१३८॥ इसके पश्चात् उन सभी के प्रनष्ट हो जाने पर उस समय सब प्रजाजन विभ्रान्त होते हुए, भूख से आविष्ट होते हुए प्रजापति प्रभु स्वयम्भू के पास आये ॥१३९॥ त्रेता युग के आदि मे जीविका के लिये इच्छा करते हुए उनको देखकर स्वयम्भू भगवान् ब्रह्मा ने उनके बुद्धि स्थित विचार को जान लिया था ॥१४०॥

युक्त प्रत्यक्षदृष्टेन दर्शनेन विचार्य च ।
ग्रस्ता पृथिव्या ओषध्यो ज्ञात्वा प्रत्यदुहत्पुन ॥१४१
कृत्वा वत्स सुमेरु तु दुदोह पृथिवीमिमाम् ।
दुग्धेय गौस्तदा तेन बीजानि पृथिवीतले ॥१४२
जज्ञिरे तानि बीजानि ग्राम्यारण्यास्तु ता पुन ।
ओषध्य फलपाकान्ता सप्तसप्तदशास्तु ता ॥१४३
व्रीहयश्च यवाश्चैव गोधूमा अणवस्तिला ।
प्रियङ्गवो ह्युदाराश्च कारूषाश्च सतीनका ॥१४४
माषा मुद्गा मसूराश्च निष्पावा सकुलत्थका ।
आढक्यश्चणकाश्चैव सप्तसप्तदशा स्मृता ॥१४५
इत्येता ओषधीनां तु ग्राम्याणां जातय स्मृता ।
ओषध्यो यज्ञियाश्चैव ग्राम्यारण्याश्चतुर्दश ॥१४६

प्रत्यक्ष दृष्ट दर्शन से युक्त बात का विचार कर ब्रह्मा जी ने यह जान लिया कि पृथिवी ने समस्त ओषधियो को ग्रस लिया है और उन्होने पुन प्रति दोहन किया ॥१४१॥ ब्रह्माजी ने सुमेरु पर्वत को बछडा बनाकर इस पृथ्वी का दोहन किया था। इससे उस समय दोहन की हुई यह गौ ने पृथ्वी तल में बीजों को उत्पन्न किया और उन बीजो ने पुन वे ग्राम्यारण्य उत्पन्न किये और सात सात दशा वाली ओषधियाँ जिनमे फलो का अन्त तक पाक होता था उत्पन्न हुई । व्रीहि–यव–गोधूम–अणु–तिल–उदार प्रियङ्गु–कारूष–सतीनक–माष ( उड़ )–मुद्ग ( मूग )–मसूर और कुलत्थ के सहित निष्पाव–आढकी–चणक ये सात सात दशा वाले कहे गये हैं वे सब उत्पन्न हुए ॥१४२॥१४३॥१४४॥ ॥१४५॥ ये सब ग्राम्य ओषधियो की जातियाँ बतलाई गई हैं। और जो यज्ञिय ओषधियाँ हैं वे ग्राम्यारण्य चौदह हैं ॥ ४६॥

व्रीहय सयवा माषा गोधूमा अणवस्तिला ।
प्रियगुसप्तमा ह्येते अष्टमी तु कुलत्थिका ॥१४७
श्यामाकास्त्वथ नीवारा जर्तिला सगवेधुका ।
कुरुविन्दा वेणुयवास्तथा मर्कटकाश्च ये ॥१४८

ग्राम्यारण्या स्मृता ह्येता ओषध्यस्तु चतुर्दश ।
उत्पन्ना प्रथमा ह्येता आदौ त्रेतायुगस्य तु ॥१४६
अफालकृष्टा ओषध्यो ग्राम्यारण्यास्तु सर्वश ।
वृक्षा गुल्मलतावल्लीवीरुधस्तृणजातय ॥१५०
मूलै फलैश्च रोहिण्यो गृह्णन् पुष्पैश्च जायते ।
पृथ्वी दुग्धा तु बीजानि यानि पूर्वं स्वयम्भुवा ॥१५१
ऋतुपुष्पफलास्ता वै ओषध्यो जज्ञिरे त्विह ।
यदा प्रसृष्टा ओषध्यो न प्ररोहन्ति ता पुन ॥१५२
तत स तासा वृत्त्यर्थं वार्त्तोपाय चकार ह ।
ब्रह्मा स्वयम्भूर्भगवान् दृष्ट्वा सिद्धि तु कर्मजाम् ॥१५३
तत प्रभृत्यथौषध्य कृष्टपच्या स्तु जज्ञिरे ।
समिद्धायान्तु वार्त्तायान्ततस्तासा स्वयभुव ।
मर्यादा स्थापयामास यथारब्धा परस्परम् ॥१५४

व्रीहि, यव, माष, गोधूम अणु, तिल, सातवी प्रियङ्गु और आठवीं कुलत्थिका—श्यामाक, नीवार, जर्त्तिला, सगवेधुका, कुरुविन्द, वेणुयव और मर्कट ये चौदह ओषधियाँ ग्राम्यारण्य नाम से कही गई हैं ॥ त्रेता युग के आदि मे पहिले ये ही उत्पन्न हुई थी ॥१४७॥१४८॥१४६॥ हल की फाल से जो भूमि नही जुती हुई है, उसमे होने वाली ये ओषधियाँ हैं और सब ओर ग्राम्यारण्य हैं जिनमे वृक्ष, गुल्म, लता, वल्ली, विरुध और तृण की जाति वाली ओषधियाँ होती हैं ॥१५०॥ स्वयम्भू के द्वारा दुही हुई पृथ्वी ने जो बीज दिये उन सबके अङ्कुर उत्पन्न हुए और मूल फल और पुष्पो से युक्त हुए उत्पन्न होते हैं ॥१५१॥ अपनी ऋतु में फल और पुष्प प्रदान करने वाली ओषधियाँ यहाँ उत्पन्न हुई । जब ओषधियाँ प्रसृष्ट हो गई तो फिर नही उगती है ॥१५२॥ इसके अनन्तर उन्होंने उन प्रजाजनो की वृत्ति के लिये उपाय किये और भगवान् स्वयम्भू ब्रह्मा ने उनके कर्मो से उत्पन्न होने वाली सिद्धि को देखा ॥१५३॥ तब से लेकर कृष्ट पच्या ओषधियाँ उत्पन्न हुई । इसके अनन्तर उन प्रजा के जनो की जीविका के भली-भाँति सिद्ध हो जाने पर भगवान् स्वयम्भू के द्वारा परस्पर मे जैसे आरम्भ की गई थी वह मर्यादा स्थापित हो गई ॥१५४॥

ये व परिगृहीतारस्तासामा सन्निधात्मका ।
इतरेषा कृतत्राणा स्थापयामास क्षत्रियान् ॥१५५
उपतिष्ठन्ति ये तान्व यावन्तो निर्भयास्तथा ।
सत्य ब्रह्म यथा भूत ब्रु वन्तो ब्राह्मणाश्च ते ॥१५६
ये चा येऽप्यवलास्तेषा वैश्यसकर्मसस्थिता ।
कीनाशा नाशयन्ति स्म पृथि या प्रागतद्रिता ।
वश्यानेव त तानाहु कीनाशान् वृत्तिसाधकान् ॥१५७
शोचन्तश्च द्रवन्तश्च परिचर्यासु ये रता ।
निस्तेजसोऽल्पवीर्याश्च शूद्रास्तानब्रवीत्त स ॥१५८
तेषा कर्माणि धर्माश्च ब्रह्मा तु व्यदधात् प्रभ ।
सस्थितौ प्राकृतायां तु चातवर्णस्य सवश ॥१५९
पुन प्रजास्त ता मोहात् तान् धर्मान्तानपालयन् ।
वर्ण धर्मैरजीवन्त्यो व्यरुध्यन्त परस्परम् ॥१६०
ब्रह्मा तमर्थं बुद्धा तु याथातथ्येन व प्रभु ।
क्षत्रियाणा वल दण्ड युद्धमाजीवमादिशत् ॥१६१
याजनाध्यापन चैव तृतीय च परिग्रहम् ।
ब्राह्मणाना विभुस्तेषा कर्माण्येता यथादिशत् ॥१६२

उनके परिगृहीता विधात्मक थ । दूसरो के त्राण करने वाले क्षत्रियों की स्थापना की । उनका जो उपस्थान करते है वे यथाभूत सत्य ब्रह्म को बोलने वाले ब्राह्मण थे जो कि निर्भय रहा करते थे अर्थात् क्षत्रियो के सरक्षण मे व हे किसी भी बाधा आदि का भय नही रहता था ॥१५६॥ उनमे जो भी अन्य बल रहित थे और वश्य कर्मो मे सस्थित थे पहिले पृथ्वी मे अतन्द्रित का नाश कर देते थे । उन वृत्ति के साधक वैश्यो का कीनाश ही कहते हैं ॥१५७॥ शोच करते हुए-द्रव होते हुए जो परिचर्याओ मे निरत रहते हैं और जो तेज से हीन और अल्प वीर्य वाले है उन्हे वह शूद्र इस नाम से बोलता था ॥१५८॥ प्रभु ब्रह्माजी ने प्राकृत सस्थिति मे सब ओर से चतुर्वर्ण के अनुसार उनके कर्मो की और धर्मो की व्यवस्था कर दी थी ॥१५९॥ फिर उन प्रजा के जनों ने मोह से उन धर्मो का पालन न करते हुए वे वर्णो के धर्मो के द्वारा जीविका

चलाते हुए परस्पर मे विरोध करने वाले हो गये ॥१६०॥ प्रभु ब्रह्माजी ने उस अर्थ को भली भाँति ठीक ठीक समझ कर क्षत्रियो की जीविका बल, दण्ड और युद्ध करना बतलाया था ॥१६१॥ यज्ञादि का यजन कराना, वेद और शास्त्रो का पढाना तथा दान ग्रहण करना ये तीन कर्म उन ब्राह्मणो के विभु श्री ब्रह्मा जी ने बताये थे ॥१६२॥

पाशुपाल्य च वाणिज्य कृषि चैव विशा ददौ ।
शिल्पाजीव भृतिञ्चैव शूद्राणा व्यदधात् प्रभु ॥१६३
सामान्यानि तु कर्माणि ब्रह्मक्षत्रविशा पुन ।
यजनाध्ययन दान सामान्यानि तु तेषु च ॥१६४
कर्माजीव ततो दत्त्वा तेभ्यश्चैव परस्परम् ।
लोकान्तरेषु स्थानानि तेषा सिद्ध्याऽददत् प्रभु ॥१६५
प्राजापत्य ब्राह्मणाना स्मृत स्थान क्रियावताम् ।
स्थानमैन्द्र क्षत्रियाणा सग्रामेष्वपलायिनाम् ॥१६६
वैश्याना मारुत स्थान स्वधर्ममुपजीविनाम् ।
गान्धर्व शूद्रजातीना प्रतिचारेण तिष्ठताम् ॥१६७
स्थानान्येतानि वर्णाना व्यत्याचारवता स्वयम् ।
तत स्थितेषु वर्णेषु स्थापयामास चाश्रमान् ॥१६८
गृहस्थो ब्रह्मचारित्व वानप्रस्थ सभिक्षुकम् ।
आश्रमाश्चतुरो ह्येतान् पूर्वमास्थापयन् प्रभु ॥१६९

पशुओ का पालन करना व्यापार करना और कृषि का काम करना ये तीन कर्मो के करने की व्यवस्था ब्रह्माजी ने वैश्यो के लिये की और यही आदेश दिया । प्रभु ने दस्तकारी के द्वारा रोजी कमाना, नौकरी करना ये कर्म शूद्रो के करने के लिए बताये थे ॥१६३॥ ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यो के सामान्य कर्म स्वय यजन करना, स्वय अध्ययन करना और स्वय दान देना था । ये तीनो कर्म उन तीनो मे समान रूप से होते थे ॥१६४॥ इस प्रकार से इन सबके कर्म और आजीविका की व्यवस्था करके और उन्हे परस्पर में यह देकर फिर प्रभु ने दूसरे लोको मे सिद्धि से उनके स्थानो को भी दिया था ॥१६५॥ जो परम

क्रियावान् ब्राह्मण थे उनके लिये प्राजापत्य कहा गया है। जो संग्रामों में कभी पीठ दिखाकर शत्रु के समक्ष से भयोद्विग्न होकर पलायन नहीं किया करते थे उन क्षत्रियों को इन्द्र सम्बन्धी स्थान दिया गया था ॥१६६॥ अपने धर्म के अनुसार उपजीवन करने वाले वैश्यों के लिए दूसरे लोक में वायु का स्थान दिया था। शूद्र प्रतिचार से सेवावृत्ति करते हुए यहाँ लोक में रहते थे उन शूद्रों की जाति वाले पुरुषों के लिए दूसरे लोक में गन्धर्वों का स्थान दिया था ॥१६७॥ विशेष रूप से अपने आचार के पालन करने वाले उन वर्णों के लिये ये ये स्थान देकर फिर उन वर्णों के स्थित लोकों में चार आश्रमों की स्थापना की थी ॥१६८॥ प्रभु ब्रह्माजी ने गार्हस्थ्य, ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ और संन्यास इन चार आश्रमों की पहिले ही स्थापना की थी। १६९॥

वर्णकर्माणि ये केचित्तेषामिह न कुर्वते ।
कृत कर्मा क्षिति प्राहुराश्रमस्थानवासिन ॥१७०
ब्रह्मा तान् स्थापयामास आश्रमान्नामनामत ।
निर्देशार्थं ततस्तेषां ब्रह्मा धर्मान् प्रभाषत ।
प्रस्थानानि च तेषां वै यमांश्च नियमांश्च ह ॥१७१
चातुर्वर्ण्यात्मकं पूर्वं गृहस्थश्चाश्रम स्मृत ।
त्रयाणामाश्रमाणाञ्च प्रतिष्ठायोनिरेव च ।
यथाक्रम प्रवक्ष्यामि यमैश्च नियमैश्च ते ॥१७२
दाराग्नयोऽथातिथय इज्याश्राद्धक्रिया प्रजा ।
इत्येष वै गृहस्थस्य समासाद्धर्मसंग्रह ॥१७३
दण्डी च मेखली चैव ह्यध शायी तथा जटी ।
गुरुशुश्रूषणं भैक्ष विद्यार्थं ब्रह्मचारिण ॥१७४
चीरपत्राजिनानि स्युर्धान्यमूलफलौषधम् ।
उभे सन्ध्येऽवगाहश्च होमश्चारण्य वासिनाम् ॥१७५

जो भी कोई इस संसार में वर्णों के कर्मों को नहीं करता है उसे आश्रम स्थान के निवास करने वाले कर्माक्षिति कहा करते हैं ॥ १७० ॥ ब्रह्माजी ने उन आश्रमों का नाम से स्थापन किया था। इसके पश्चात् उनके निर्देश के

लिये ब्रह्माजी ने स्वय उन धर्मों का बतलाया था, और प्रस्थान तथा उनके नियम और यम भी ब्रह्मा जी ने बताये थे ॥ १७१ ॥ यह एक ही गृहस्थ का आश्रम ऐसा है जो चारो वर्णो के स्वरूप वाला पहिले कहा गया है । यह गृहस्थाश्रम अन्य तीनो आश्रमो की प्रतिष्ठा का उद्भव स्थान ही होता है । अब यहाँ क्रम के अनुसार ही उनका यम तथा नियमो के साथ वर्णन करता हूँ ॥ १७२ ॥ पत्नी का वैदिक विधि से ग्रहण करना अग्नियो को आहित रखना, घर मे समागत अतिथियो के लिये श्रद्धाभाव से अतिथि सत्कार करना, यजन करना, श्राद्धादि की क्रिया का करना और प्रजा को जन्म देना अर्थात् सन्तान उत्पन्न करना, ये ही सक्षेप से गृहस्थो के धर्मों का सग्रह किया है ॥ १७- ॥ अब ब्रह्मचर्य आश्रम का धर्म बतलाया जाता है—दण्ड का धारण करना, मोञ्जी मेखला का पहिनना, भूमि में शयन करना, शिर पर जटा धारण करना, गुरु की सेवा करना और भिक्षा करना, ये सब ब्रह्मचारी के धर्म होने हैं ॥ १७४ ॥ अरण्य मे निवास करने वालो के चीरपत्र और अजिन अर्थात् मृगचर्म वस्त्र होते हैं । धान्य, मूल, फल और औषध, आहार दोनो समय सन्ध्योपासना करना और स्नान करना आदि धर्म होते हैं ॥ १७५ ॥

आसन्नमुसले भैक्षमस्तेय शौचमेव च ।
अप्रमादोऽव्यवायश्च दया भूतेषु च क्षमा ॥१७६
अक्रोधो गुरुशुश्रूषा सत्यञ्च दशम स्मृतम् ।
दशलक्षणिको ह्येष धर्म प्रोक्त स्वयम्भुवा ॥१७७
भिक्षोर्व्रतानि पञ्चात्र पञ्चैवोपव्रतानि च ।
आचारशुद्धिर्नियम शौचञ्च प्रतिकर्म च ।
सम्यग्दशर्नामित्येव पञ्चैवोपव्रतान्यपि ॥१७८
ध्यान समाधिर्मनसेन्द्रियाणा ससागरैर्भैक्षमथोपगम्य ।
मौन पवित्रोपचितर्विमुक्ति परिव्रजो धर्ममिम वदन्ति ॥१७९
सर्वे ते श्रेयसे प्रोक्तो आश्रमा ब्रह्मणा स्वयम् ।
सत्यार्ज्जवन्तप क्षान्तिर्योगेज्या दमपूर्विका ॥१-०
वेदा साङ्गाश्च यज्ञाश्च व्रतानि नियमास्त्त ये ।
न सिद्ध्यन्ति प्रदुष्टस्य भावदोष उपागते ॥१८१

बहि कर्माणि सर्वाणि प्रसिद्धयन्ति कदाच न ।
अन्तर्भावप्रदुष्टस्य कुर्वतोऽपि पराक्रमान् ॥१८२

आश्रमकुल में भिक्षा करना चोरी न करना शुद्धि रखना प्रमाद न करना तथा स्त्री-संग न करना प्राणियों में दया करना तथा क्षमा रखना, क्रोध न करना गुरु की सेवा करना और सत्य ये दश नियम एवं धर्म होते हैं। स्वयम्भू भगवान् ने यहां दश लक्षण वाला धर्म बताया है ॥ १७६-१७७ ॥ भिक्षु अर्थात् व वासी के पांच तो यहां व्रत होते हैं और पांच ही उपव्रत होते हैं। आचारों की शुद्धि नियम है और क्रोध का होना प्रतिकर्म होता है और सम्यक दर्शन इस प्रकार से पांच ही उपव्रत भी होते हैं ॥ १८ ॥ मन से इन्द्रियों का ध्यान समाधि सागर के सहित भिक्षा प्राप्त करके और पवित्र उप चितों से विमुक्ति प्राप्त करना यही पारिव्राज धर्म कहते हैं । १७९ ॥ ये सब आश्रम ब्रह्माजी ने स्वयं ही कल्प प के लिये कहे हैं। सत्य आर्जव नय क्षान्ति दान इज्या और दम अङ्गों के सहित वेद यज्ञ व्रत और नियम ये सब भाव दोष के उपागत होने पर प्रदुष्ट के कभी सिद्ध नहीं होते हैं ॥ १८१ ॥ जिसका अन्तर्भाव प्रकृष्ट दोष से युक्त होता है उसके पराक्रम करते हुये भी बाहिर से समस्त कर्म कभी प्रसिद्ध नहीं होते हैं अर्थात् केवल दिखावे के कर्मों से कोई अभीष्ट सिद्धि नहीं होता है ॥ १८२ ॥

सर्वस्वमपि यो दद्यात् कलुषेणान्तरात्मना ।
न तेन धर्मभाक स स्याद्भाव एवात्र कारणम् ॥१८३
एवं देवा सपितर ऋषयो मनवस्तथा ।
तेषां स्थानमथूर्ध्वमस्तु संस्थितानां प्रचक्षते ॥१८४
अष्टाशीतिसहस्राणि ऋषीणामूर्ध्वरेतसाम् ।
स्मृतं तु तेषां तत्स्थानं तदेव गुरुवासिनाम् ॥१८५
सप्तर्षीणान्तु यत्स्थानं स्मृतन्तद्वै दिवौकसाम् ।
प्राजापत्यं गृहस्थानां न्यासिनां ब्रह्मण क्षय ।
योगिनाममृतं स्थानं नाभावीनां न विद्यते ॥१ ६
स्थानान्याश्रमिणां तानि ये स्वधर्मे व्यवस्थिता ।
चत्वार एते पन्थानो देवयाना विनिर्मिता ॥१८७

ब्रह्मणा लोकतन्त्रेण आद्य मन्वन्तरे भुवि ।
पन्थानो देवयानाय तेषा द्वार रवि स्मृत ॥१८८
तथैव पितृयाणाना चन्द्रमा द्वारमुच्यते ।
एव वर्णाश्रमाणा वै प्रविभागे कृते तदा ।
यदास्य न व्यवर्त्तन्त प्रजा वर्णाश्रमात्मिका ॥१८९

चाहे कोई अपनी कलुषित आत्मा से अपना सर्वस्व भी क्यो न दे देवे, उस दिये दान से वह कभी भी धर्म का भागी नही हो सकता है क्योंकि इस दान आदि के कर्म मे भाव ही मुख्य कारण होता है ॥ १८३ ॥ इस प्रकार से पितर-ऋषिगण और मनुवृन्द इस लोक मे संस्थित होने वाले उनका स्थान बतलाया जाता है ॥ १८४ ॥ ऊर्द्ध्वरेतस ऋषियो की सख्या अठ्ठासी हजार है उनका वह स्थान है, वही गुरुवासी सप्तर्षियो का स्थान है और वही दिवौकस अर्थात् देवताओं का स्थान कहा गया है । गृहस्थो का प्राजापत्य न्यास करने वालो का ब्रह्मा का क्षय और योगियो का अमृत स्थान है और जो नाना धी वाले हैं उनका कोई नही है ॥ १८५–१८६ ॥ जो अपने-अपने धर्म मे व्यवस्थित रहते हैं उन्ही आश्रमो मे रहने वालो के स्थान होते हैं । ये चार मार्ग देवयान बनाये गये हैं ॥ १८७ ॥ भूमण्डल पर आद्य मन्वन्तर मे लोकतन्त्र ब्रह्माजी के द्वारा देवयान के लिये मार्ग बनाये गये हैं और उनका द्वार रवि कहा गया है ॥१८८॥ उसी प्रकार से पितृयान वालो का द्वार चन्द्रमा कहा जाता है । इस प्रकार से उस समय मे वर्णों और आश्रमों का प्रविभाग करने पर जब इसकी प्रजा वर्णाश्रम के स्वरूप वाली व्यवहार नही करती है ॥ १८९ ॥

ततोऽन्या मानसी सोऽथ त्रेतामध्ये ऽसृजत् प्रजा ।
आत्मन स्वशरीराच्च तुल्याश्चैवात्मना तु वै ॥१९०
तस्मिंस्त्रेतायुगे त्वाद्ये मध्य प्राप्ते क्रमेण तु ।
ततोऽन्या मानसीस्तत्र प्रजा स्रष्टु प्रचक्रमे ॥१९१
तत सत्वरजोद्रिक्ता प्रजा सोऽथासृजत् प्रभु ।
धर्मार्थकाममोक्षाणा वार्त्तायाश्चैव साधिका ॥१९२
देवाश्च पितरश्चैव ऋषयो मनवस्तथा ।
युगानुरूपा धर्मेण यैरिमा विचिता प्रजा ॥१९३

उपस्थित तदा तस्मिन् प्रजाधर्मे स्वयम्भुव ।
अ दध्यौ प्रजा सर्वा नानारूपास्तु मानसा ॥१६४
पूर्वोक्ता या मया तुभ्यञ्जनलोक समाश्रिता ।
कल्पऽतीत तु त ह्यासन् देवाद्यास्तु प्रजा इह ॥१६५
ध्यायतस्तत्र ता सर्वा सम्भूत्यथमुपस्थिता ।
मन्वन्तरक्रमेणेह कनिष्ठे प्रथमे मता ॥१६६
ख्यात्यानुबन्धस्तास्तस्तु सर्वार्थैरिह भाविता ।
कुशलाकुशलप्राय कर्मभिस्त सदा प्रजा ।
तत्कर्मफलशेषेण उपष्टब्धा प्रजज्ञिरे ॥१६७
देवासुरपितृत्वश्च पशुपक्षिसरीसृप ।
वृक्षनारकिकीटत्वै स्तैस्तैर्भा रूपस्थिता ।
आधीनार्थं प्रजानाञ्च आत्मनो वै विनिममे ॥१६८

इसके अन तर उन्होने सत्ता के मध्य मे अ य मानसी प्रजा की सृष्टि की थी। जो अपने से अपने शरीर से और अपनी आत्मा से तुल्य ही थे ॥१६ ॥ उस आद्य त्रेता युग मे क्रम से मध्य को प्राप्त होने पर इसके अनन्तर अ द वहाँ पर मानसी प्रजा के सृजन का उपक्रम किया था । १६१ ॥ इसके पश्चात् उस प्रभु ने सत्व और रजोगुण के उद्रक वाली प्रजा का सृजन किया जो कि धर्म अथ काम और मोक्षो की तथा आजीविका की साधिका थी ॥ १६२ ॥ देव गण पितृवृन्द, ऋषि समुदाय और मनगण ये सब क्रम से युग के अनरूप ही थे जिन्होने इस सम्पूण प्रजा को विधित किया है ॥ १६३ ॥ उस समय मे स्वयम्भू के उस प्रजा धम मे उपस्थित होने पर वह नाना रूप वाला मानसी समस्त प्रजा ने अभिध्यान किया ॥ १६४ ॥ मैंने पहिले तुम से जो जनलोक मे आश्रित रहने वाली बताई थी कल्प के व्यतीत हो जाने पर वह देवाद्या प्रजा यहाँ थी ॥ १६५ ॥ सम्भूति के लिये उपस्थित उस समस्त प्रजा का ध्यान करते हुये उसके यहाँ मन्वन्तर के क्रम से प्रथम कनिष्ठ मे माने गये ॥ १६६ ॥ ख्याति स और सब अर्थो वाले उन उन अनुबन्धो से भावित प्रजा सवत्र उन कुशल और अकुशल कर्मो से तथा उन कर्मो के शेष फल से उपलब्ध होती हुई सत्पन्न

हुई ॥ १६७ ॥ देव, असुर, पितृत्व, पशु, पक्षी, सरीसृप, वृक्ष, नारकिकीटत्व आदि भावों के द्वारा उपस्थित अपने आधीनता के लिये प्रजाओं का निर्माण किया ॥ १६८ ॥

## ॥ देव-सृष्टि वर्णन ॥

ततोऽभिध्यायतस्तस्य जज्ञिरे मानसीप्रजा ॥
तच्छरीरसमुत्पन्नै कार्यैस्त कारणै सह ।
क्षेत्रज्ञा समवर्तन्त गात्रेभ्य स्तस्य धीमत ॥१
ततो देवासुरपितॄन् मानवञ्च चतुष्टयम् ।
सिसृक्षुरम्भास्येतानश्च स्वात्मना समयूयुजत् ॥२
युक्तात्मनस्ततस्तस्य ततो मात्रा स्वयम्भुव ।
तमिमध्यायत सर्ग प्रयत्नोऽभून् प्रजापते ॥३
ततोऽस्य जघनात् पूर्वमसुरा जज्ञिरे सुता ।
असु प्राण स्मृतो विप्रास्तज्जन्मान स्ततोऽसुरा ॥४
यया सृष्टा सुरा तन्वा ता तनु स व्यपोहत ।
सापविद्धा तनुस्तेन सद्यो रात्रिरजायत ॥५
सा तमोबहुला यस्मात्ततो रात्रिस्त्रि यामिका ।
आवृतास्तमसा रात्रौ प्रजास्तस्मात् स्वयम्भुव ॥६
दृष्ट्वा सुरास्तु देवेशस्तनुमन्यामपद्यत ।
अव्यक्ता सत्वबहुला ततस्ता सोऽभ्ययू युजत् ।
ततस्ता युञ्जतस्यस्य प्रियमासीत् प्रभो किल ॥७

श्री सूत जी ने कहा—इसके अनन्तर अभिध्यान करने वाले उनके उन कारणों के साथ उनके शरीर से समुत्पन्न कार्यों से मानसी प्रजा को जन्माया। उस धीमान के गात्रों से क्षेत्रज्ञ हुये ॥ १ ॥ इसके पश्चात् देव, असुर, पितर और चौथा मान की सृष्टि करने की इच्छा वाले ने अपनी आत्मा से इनको और जलो को संयोजित कर दिया था ॥ २ ॥ इसके बाद स्वयम्भू के जन्म दाता युक्तात्मा उनके उस सर्ग का अभिध्यान करते हुये प्रजापति का प्रयत्न हुआ ॥३। इसके अनन्तर उसकी जांघ से पहिले असुर पुत्र उत्पन्न हुये। असु—यह प्राण

कहा गाया है। उसके जन्म देने वाले विप्र हैं। इससे असुर हुये ॥ ४ ॥ जिस शरीर से सुरों का सृजन किया था वह तन उसने व्यपोहित कर दिया। उससे वह तन अर्थात् शरीर अपविद्ध हो गया इससे तुरन्त ही रात्रि उत्पन्न हुई ॥ ५ ॥ यह विशेष तम वाली थी इससे वह तीन याम वाली रात्रि हुई। इससे स्वयम्भू की समस्त प्रजा रात्रि में अन्धकार से एकदम आवृत्त हो गई थी ॥ ६ ॥ देवेश ने सुरों को देखकर अन्य तनु को प्राप्त किया जो कि अव्यक्त और सत्व की प्रभुता वाली थी। इसके पश्चात् उसने उसको योजित कर दिया था। उसको योजित करने वाले प्रभु का वह बहुत ही प्रिय था ॥ ७ ॥

ततो मुखे समुत्पन्ना दीव्यतस्तस्य देवता ।
यतोऽस्य दीव्यतो जातास्तेन देवा प्रकीर्त्तिता ॥८
धातुर्दिवीति य प्रोक्त क्रीडायां स विभाव्यते ।
तस्यान्तन्वान्तु दिव्याया जज्ञिरे तेन देवता ॥९
देवान् सृष्ट्वाथ देवेशस्तनुमन्या मपद्यत ।
सत्वमात्रात्मिकां देवस्ततोऽन्यां सोऽभ्यपद्यत ॥१०
पितृवन्मन्यमानस्तान् पुत्रान् प्राध्यायत प्रभु ।
पितरो ह्युपपक्षाभ्यां राव्यह्नोरन्तरासजत ।
तस्मात्त पितरो देवा पुत्रत्वन्तेन तेषु तत ॥११
यया सृष्टास्तु पितरस्तान्तनु स व्यपोहत ।
सापविद्धा तनुस्तेन सद्य सन्ध्या प्रजायत ॥१२
तस्मादहस्तु देवाना रात्रियां साऽसुरी स्मता ।
तयोर्मध्ये तु व पत्नी या तनु सा गरीयसी ॥१३
तस्माद् वासुरा सर्वे ऋषयो मनवस्तथा ।
ते युक्तास्तामुपासन्त ब्रह्मणो मध्यमान्तनुम् ॥१४

दीव्यमान उसके मुख से फिर देवगण उत्पन्न हुये क्योंकि ये दीव्यमान होते हुये ही उत्पन्न हुये थे इसीलिए ये देवता कहे गये थे ॥ ८ ॥ दिवु—यह धातु जो कहा गया है वह क्रीडा के अर्थ में होता है। उस दीव्यमान तनु में देवता उत्पन्न हुये थे ॥ ९ ॥ फिर देवेश ने देवों का सृजन करके उसके पश्चात्

उसने अन्य शरीर धारण किया। उस देव ने सत्वमात्र के स्वरूप वाले अन्य शरीर को प्राप्त किया था ॥ १० ॥ उस प्रभु ने उन पुत्रों को पिता की भाँति मानते हुये पढ़ाया। वे उपपक्षों से पितर थे फिर प्रभु ने रात्रि और दिन के अन्तर भाग का सृजन किया था। इसी से वे देव पितर हुये क्योंकि उनमें उनका पुत्रत्व भाव था ॥ ११ ॥ जिस तनू से पितरों की सृष्टि की थी उस शरीर का उसने त्यागकर दिया। वह शरीर उससे अपविद्ध हो गया था फिर उससे तुरन्त ही सन्ध्या उत्पन्न हो गई थी ॥ १२ ॥ उससे देवों का दिन हुआ जोकि असुरों की रात्रि कही गई है। उन दोनों के मध्य में जो पैत्री तनू था वह बहुत ही गौरव से पूर्ण था ॥ १३ ॥ उससे सब देव, असुर ऋषि और मनु युक्त होते हुए ब्रह्मा के उस मध्यम शरीर की उपासना करते हैं ॥ १४ ॥

ततोऽन्या स पुनर्ब्रह्मा तनुं वै प्रत्यपद्यत।
रजोमात्रात्मिकायान्तु मनसा सोऽसृजत् प्रभु ॥१५
रज प्रायान् तत सोऽथ मानसानसृजत् सुतान्।
मनसस्तु ततस्तस्य मानसा जज्ञिरे प्रजा ॥१६
दृष्ट्वा पुन प्रजाश्चापि स्वान्तनुन्ता मपोहत।
सापविद्धा तनुस्तेन ज्योत्स्ना सद्यस्त्वजायत ॥१७
तस्माद्भवन्ति सहृष्टा ज्योत्स्नाया उद्भवे प्रजा।
इत्येतास्तनवस्तेन व्यपविद्धा महात्मना ॥१८
सद्यो राज्यहनी चैव सन्ध्या ज्योत्स्ना च जज्ञिरे।
ज्योत्स्ना सन्ध्या तथाहश्च सत्त्वमात्रात्मकं स्वयम्।
तमोमात्रात्मिका रात्रि सा वै तस्मात्त्रियामिका ॥१९
तस्माद्देवा दिव्यतन्वा हृष्टा सृष्टा मुखात्तु वै।
यस्मात्तेषां दिवा जन्म बलिनस्तेन ते दिवा ॥२०
तन्वा यदसुरान् रात्रौ जघनादसृजत् प्रभु।
प्राणेभ्यो रात्रिजन्मानो ह्यसह्या निशि तेन ते ॥२१

इसके अनन्तर उस ब्रह्मा ने फिर एक अन्य शरीर प्राप्त किया था। वह शरीर रजोगुण के स्वरूप वाला था और उसे उस प्रभु ने मन से सृजन किया

था ॥१५॥ इसके अनन्तर उस रजोगुण की बहुलता वाले उस शरीर से मानस पुत्रों का सृजन किया था। फिर उसके मन से मानस प्रजा उत्पन्न हुई ॥ १६ ॥ उस अपनी मानस प्रजा देखकर उसने अपने शरीर का त्याग कर दिया क्योंकि वह तनू उससे अपविद्ध होगया था फिर उससे तुरन्त ही ज्योत्स्ना उत्पन्न हो गई थी ॥१७॥ उससे ज्योत्स्ना के जन्म होने पर समस्त प्रजा अत्यन्त ही प्रसन्न हुई। उस महापुरुष ने इस तरह इतने ये शरीर विशेष रूप से अपविद्ध किये थे ॥१८॥ फिर तुरन्त ही रात्रि दिन सन्ध्या ज्योत्स्ना ( चाँदनी ) उत्पन्न हुए। ज्योत्स्ना सन्ध्या और दिन सत्त्व मात्र स्वरूप वाले स्वयं ही थे। रात्रि तमो मात्र स्वरूप वाली थी और वह तीन याम ( प्रहर ) के स्वरूप वाली थी ॥ १९ ॥ इनसे दिव्य तत्त्व वाले देव परम हृष्ट और मुख से सृष्ट हुए थे। क्योंकि उनका दिवा में जन्म हुआ इसलिये वे दिवा के ही बलि ग्रहण करने वाले हैं ॥२० ॥ जो असुर रात्रि में शरीर की जाँघ से प्रभु ने उत्पन्न किये थे वे प्राणों से रात्रि के जन्म ग्रहण करने वाले हैं इसी से वे रात्रि में असह्य होते हैं ॥ २१ ॥

एतान्येव भविष्याणां देवानामसुरैः सह ।
पितॄणां मानवानाञ्च अतीतानागतेषु च ।
मन्वन्तरेषु सर्वेषां निमित्तानि भवन्ति हि ॥२२

ज्योत्स्ना राभ्यहनी सन्ध्या चत्वार्याभासितानि वै ।
भान्ति यस्मात्ततो भासि भाशब्दोऽयं मनीषिभिः ।
व्याप्तिदीप्त्या निगदित पुनश्चाह प्रजापति ॥२३

सोऽम्भांस्येतानि दृष्ट्वा तु देवदानवमानवान् ।
पितॄंश्च वासृजत्सोऽन्यानात्मनो विबुधान् पुनः ॥२४
तामुत्सृज्य तनुं कृत्स्नान्ततोऽन्यामसृजत् प्रभुः ।
मूर्तिं रजस्तमः प्राया पुनरेवाभ्ययूयुजत् ॥२५
अन्धकारे क्षुधाविष्टस्ततोऽन्या सृजते पुनः ।
तेन सृष्टा क्षुधात्मानस्तेऽम्भास्यादातुमुद्यता ॥२६
अम्भास्येतानि रक्षाम उक्तवन्तश्च तेषु च ।

राक्षसास्ते स्मृता लोके क्रोधात्मानो निशाचरा ॥२७
येऽब्रुवन् क्षिणुमोऽम्भासि तेषा हृष्टा परस्परम् ।
तेन ते कर्मणा यक्षा गुह्यका क्रूरकर्मिण ॥२८

ये ही भविष्य मे होने वाले देवो के असुरो के साथ, पितरो के और अतीत तथा अनागत मानवो के सबवो के मन्वन्तरो में निमित्त होते हैं ॥ २२ ॥ ज्योत्स्ना, रात्रि, दिन और सन्ध्या ये चार आभासित हैं । जिस कारण से ये भा-युक्त होते हैं इसी से इनका 'भा" यह शब्द मनोषियो ने व्याप्ति और दीप्ति इन दोनों के कारण से कहा है और फिर प्रजापति ने भी कहा है ॥२३॥ उसने इन जलो को देखकर तथा देव, दानव, मानव और पितरो को देखकर उसने आत्मा से फिर अन्य देवो को सृजित किया ॥ २४ ॥ प्रभु ने उस अपने सम्पूर्ण शरीर को उत्क्रुन करके फिर अन्य शरीर का सृजन किया और फिर रजोगुण और तमोगुण की बहुलता वाले शरीर को अभियोजित किया था ॥ २५ ॥ उस अन्धकार मे क्षुधा से आविष्ट होते हुए उसने फिर अन्य तनू का सृजन किया । उससे सृजित हुए क्षुधात्मा के अम्भो को लेने के लिये उद्यत हो गये थे ॥२६॥ हम इन जलो की रक्षा करते हैं इस प्रकार से कहे गये वे उनमे राक्षस कहलाये थे जोकि लोक मे क्रोधात्मा निशाचर थे ॥२७। जिन्होने उनमे परस्पर मे परम प्रसन्न होते हुए यह कहा कि हम इन जलो को क्षीण करते हैं । इस कर्म से यक्ष और क्रूर कर्म करने वाले गुह्यक हुए ॥ २८ ॥

रक्षणे पालने चापि धातुरेष विभाव्यते ।
य एष क्षितिधातुर्वै क्षयणे सन्निरुच्यते ॥२९
तान्दृष्ट्वा ह्यप्रियेणास्य केशा शीर्यंत धीमत ।
शीतोष्णाच्चोच्छ्रिना ह्यूर्द्ध तदारोहन्त त प्रभुम् ॥३०
हीना मच्छिरसो व्याला यस्माच्चैवापसर्पिता ।
व्यालात्मान स्मृता व्यालाद्धीनत्वादहय स्मृता ॥३१
पन्नत्वात्पन्नगाश्चैव सर्पाश्चैवापसर्पिण ।
तेषा पृथिव्या निलया सूर्यचन्द्रमसोरध ॥३२
तस्य क्रोधोद्भवो योऽसावग्निगर्भस्सुदारुण ।

स तु सर्पसहोत्पन्नानाविवेश विषात्मिकान् ॥३३
सर्पान् दृष्ट्वा ततः क्रोधात् क्रोधात्मानो विनिर्ममे ।
वर्णेन कपिशेनोग्रास्ते भूता पिशिताशना ॥ ३४
भूतत्वात्ते स्मृता भूता पिशाचा पिशिताशनात् ।
धयन्तो गास्ततस्तस्य गन्धर्वा जज्ञिरे तदा ॥३५
ध्यायतीत्येव धातुर्वै धात्वार्थे परिपठ्यते ।
पिबतो जज्ञिरे गास्तु गन्धर्वास्तेन ते स्मृता ॥३६

यह धातु रक्षण और पालन के अर्थ मे विभाषित होता है । जो यह जिहि धातु है वह क्षपण मे कही जाती है ॥२६॥ अप्रिय उसने उनको देखा कि धीमान् उसके केश विशीर्ण हो गये थे और शीत और उष्णता से ऊर्ध्व की ओर उच्छ्रित होते हुए उस प्रभु का आरोहण किया ॥ ३ ॥ मेरे शिर से हीन व्याल अपसर्पित हो गये इससे व्याल कहे गये और व्याल से हीनता होने के कारण मे अहि कहलाये गये है ॥३१॥ पन्नत्व होने से ये पन्नग कहे गये और अपसर्पण करने वाले होने के कारण सर्प कहलाये गये है । उनका सूर्य और चन्द्रमा के अधोभाग मे पृथिवी मे निलय है ।३२॥ उसके क्रोध से उत्पन्न होने वाला जो यह अग्नि गर्भ है वह बहुत ही दुराधर्ष है और वह सर्पों के साथ उत्पन्न विषात्मकों मे आविष्ट हो गया ॥३३॥ इसके अनन्तर सर्पों को देखकर क्रोध से क्रोधात्माओं का निर्माण किया जो कपिश वर्ण से उग्र मांस को खाने वाले भूत हुए ॥३४॥ भूतत्व होने से वे भूत कहे गये और पिशित ( मांस ) का अशन ( भोजन ) करने से पिशाच कहलाये गये हैं । धय से गा और उसके पश्चात् उस समय उसके गन्धर्व उत्पन्न हुये ॥३५॥ ध्यायति —यह धातु धात्वर्थ के अर्थ मे परिपठित की जाती है । पीते हुए गा के उत्पन्न हुए थे इसलिये वे गन्धर्व कहे गये हैं ॥३६॥

अष्टास्वेतासु सृष्टासु देवयोनिषु स प्रभु ।
ततः स्वच्छन्दतोऽन्यानि वयांसि वयसोऽसृजत ॥३७
छन्दतस्तानि छन्दांसि वयसोऽपि वयांस्यपि ।
दृष्ट्वा पक्षान् दृष्ट्वा तु देवो वयसृजत्पक्षिगणानपि ॥३८

मुखतोऽजान् ससर्जाथ वक्षसश्च वयोऽसृजत् ।
गाश्चैवाथोदराद्ब्रह्मा पार्श्वाभ्याञ्च विनिर्ममे ।।३९
पद्भ्याञ्चाश्वान् समातङ्गान् शरभान् गवयान् मृगान् ।
उष्ट्रानश्वतरांश्चैव तांश्चान्यांश्चैव जातय ।।४०
ओषध्य फलमूलानि रोमतस्तस्य जज्ञिरे ।
एव पश्वोषधी सृष्ट्वा न्ययुञ्जत्सोऽध्वरे प्रभु ।।४१
तस्मादादौ तु कल्पस्य त्रेतायुगमुखे तदा ।
गौरज पुरुषो मेषो ह्यश्वोऽश्वतरगर्दभौ ।
एतान् ग्राम्यान् पशूनाहुरारण्यांश्च निबोधत ।।४२
श्वापदा द्विखुरोहस्ती वानर पक्षिपञ्चमाः ।
उन्दका पशव सृष्टा सप्तमास्तु सरीसृपा ।।४३

इन आठ देव-योनियो की सृष्टि कर लेने पर उस प्रभु ने इसके अनन्तर स्वच्छन्दता से वय से अन्य पशु-पक्षियो का सृजन किया ।।३७।। छाद से उन छन्दो को वय से भी वयो को सृजा तथा देव ने शून्यो को देखकर पक्षियो के समुदाय का भी सृजन किया था ।।३८।। मुख से अजो का उत्पन्न किया, वक्ष स्थल से वय का सृजन किया तथा ब्रह्माजी ने उदर से और पार्श्वों से गा का सृजन किया था ।।३९।। पैरो से घोडों को, मातङ्गो को, शरभो को, गवयो को मृगो को, उष्ट्रो को और अश्वतरो को तथा इनकी अन्य जाति वालो का निर्माण किया ।।४०।। औषधियाँ, फल और मूल उसके रोम से उत्पन्न हुए । इस तरह से पशु-औषधियों का सृजन करके उस प्रभु ने अध्वर में नियोजन किया था ।।४१।। इससे आदि मे कल्प के त्रेतायुग मे मुख गौ, अज, पुरुष, मेष, अश्व, अश्वतर और गर्दभ—इनको ग्राम्य पशु कहते हैं । अब आगे अरण्य पशुओं को समझ लो ।।४२।। श्वापद, द्विखुर, हाथी, बन्दर, पक्षी पञ्चम, उन्दक, पशु और सप्तम सरीसृपो सृजन किया ।।४३।।

गायत्र वरुणञ्चैव त्रिवृत्सौम्य रथन्तरम् ।
अग्निष्टोम च यज्ञाना निर्ममे प्रथमान्मुखात् ।।४४
छन्दांसि त्रैष्टुभङ्कर्म स्तोम पञ्चदशन्तथा ।

बृहत्साममथोक्थञ्च दक्षिणात्सोऽसृजन्मुखात् ॥४५
सामानि जगतीच्छन्दस्तोमं पञ्चदशन्तथा ।
वैरूप्यमतिरात्रञ्च पश्चिमादसृजन्मुखात् ॥४६
एकविंशमथर्वाणमाप्तोर्यामाणमेव च ।
अनुष्टुभं सवैराजमुत्तरादसृजन्मुखात् ॥४७
विद्युतोऽशनिमेघांश्च रोहितेन्द्रधनूंषि च ।
वयांसि च ससर्जादौ कल्पस्य भगवान् प्रभुः ॥४८
उच्चावचानि भूतानि गात्रेभ्यस्तस्य जज्ञिरे ।
ब्रह्मणस्तु प्रजासर्गं सृजतो हि प्रजापतेः ॥४९
सृष्ट्वा चतुष्टयं पूर्वं देवासुरपितॄन् प्रजाः ।
ततः सृजति भूतानि स्थावराणि चराणि च ॥५०

गायत्र वरुण त्रिवृ सौम्य रथन्तर और अग्निष्टोम यज्ञों को प्रथम मुख से निर्माण किया था। ब्रह्माजी के चार मुखों में जो प्रथम था उससे उक्त प्राणियों की उत्पत्ति की थी ॥ ४४ ॥ त्रिष्टुप कर्म स्तोम पञ्चदश बृहत्साम उक्थ को दक्षिण मुख से सृजन किया था ॥४५॥ साम जगती छन्दोस्तोम पञ्चदश वैरूप्य अतिरात्र को पश्चिम मुख से सृजा था ॥ ४६ ॥ एकविंश अथर्वाण आप्तोर्यामाण अनुष्टुभ और सवैराज को ब्रह्माजी ने अपने उत्तर के मुख से सृष्ट किया था ॥ ४७ ॥ विद्युत अशनि (वज्र) मेघ रोहित एवं धनुष और कल्प की अवस्था को भगवान् प्रभु ने आदि में सृजा था ॥ ४८ ॥ उच्चावच भूत उनके गात्रों अर्थात् शरीराङ्गों से उत्पन्न हुए जबकि प्रजापति ब्रह्माजी प्रजा के सर्ग का सृजन कार्य कर रहे थे ॥ ४९ ॥ इसके अनन्तर पहिले देव असुर पितर आदि चार प्रकार की प्रजा की सृष्टि करके इसके पश्चात् भूत स्थावर और चरों का सृजन करते हैं ॥५० ॥

यक्षान् पिशाचान् गन्धर्वान् तथैवाप्सरसाङ्गणान् ।
नरकिन्नररक्षांसि वयः पशुमृगोरगान् ॥५१
अव्ययञ्च व्ययं चैव यदिदं स्थाणु जङ्गमम् ।
तेषां ये यानि कर्माणि प्राक्सृष्ट्या प्रतिपेदिरे ।

तान्येव प्रतिपद्यन्ते सृज्यमाना पुन पुन ॥५२
हिंस्राहिंस्रे मृदुक्रूरे धर्माधर्मावृतानृते ।
तद्भाविता प्रपद्यन्ते तस्मात्तत्तस्य रोचते ॥५३
महाभूतेषु नानात्व मिन्द्रियार्थेषु मूर्तिषु ।
विनियोगञ्च भूताना धातैव व्यदधात् स्वयम् ॥५४
केचित् पुरुषकारन्तु प्राहु कर्म च मानवा ।
दैवमित्यपरे विप्रा स्वभाव दैवचिन्तका ॥५५
पौरुष कर्म दैवञ्च फलवृत्तिस्वभावत ।
न चैक न पृथग्भावमधिक न तयोर्विदु ।
एतदेवञ्च नैकञ्च न चोभे न च वाप्युभे ॥५६
कर्मस्थान् विषयान् ब्रूयु सत्त्वस्था समदर्शिन ।
नामरूपञ्च भूताना कृतानाञ्च प्रपञ्चनम् ।
वेदशब्देभ्य एवादौ निर्ममे स महेश्वर ॥५७

यक्ष, पिशाच, गन्धर्व, अप्सराओ का समुदाय, नर, किन्नर, राक्षस, पशु, मृग, उरग, अव्यय, व्यय, स्थाणु और जङ्गम का सृजन किया । इनमे जिन्होने जो कम पहिले सृष्टि मे प्राप्त किये थे वे पुन-पुन सृज्यमान होते हुए भी उन्हीं को प्राप्त होते हैं ॥५१-५२॥ हिंसा की वृत्ति वाले तथा अहिंस, कोमल स्वभाव वाले तथा कठोर, धर्म और अधर्म, ऋत और अनृत आदि तत्तत् भावनाओ से भावित होकर यहाँ जन्म ग्रहण करते हैं और इसीलिये वही उनको अच्छा भी लगता है ॥५३॥ महाभूतों में अनेक प्रकारता और इन्द्रियो के अर्थों की मूर्तियो में भूतो का विनियोग करना विधाता ने ही स्वय किया था ॥५४। कुछ मनुष्य तो पुरुषार्थ को ही कर्म कहते हैं और दैव ( भाग्य या प्रारब्ध ) का चिन्तन करने वाले अर्थात् भाग्यवादी दूसरे ब्राह्मण दैव ही को कहा करते हैं ॥ ५५ ॥ पौरुष कर्म और दैव इनके फल की वृत्ति स्वभाव से ही हुआ करती है । न तो ये दोनो एक ही है न ये दोनों पृथक् ही होते है और न उन दोनो मे कोई अधिक ही है । इस प्रकार से यह दोनो न एक ही हैं और न दो अलग-अलग ही होते हैं ॥५६॥ सत्त्व गुण में स्थित रहने वाले समान भाव से देखने वाले समदर्शी

बृहत्सामथोक्थञ्च दक्षिणास्सोऽसृजन्मुखात ॥४५

सामानि जगती छन्दस्तोम पञ्चदशन्तथा ।
वैरूप्यमतिरात्रञ्च पश्चिमादसृजन्मुखात ॥४६

एकविंशमथर्वाणमाप्तोर्यामाणमेव च ।
अनुष्टुभं सवैराजमुत्तरादसृजन्मुखात ॥४७

विद्युतोऽशनिमेघाश्च रोहितेन्द्रधनूंषि च ।
वयांसि च ससर्जादौ कल्पस्य भगवान् प्रभु ॥४८

उच्चावचानि भूतानि गात्रेभ्यस्तस्य जज्ञिरे ।
ब्रह्मणस्तु प्रजासर्ग सृजतो हि प्रजापते ॥४९

सृष्ट्वा चतुष्टयं पूर्व देवासुरपितॄन् प्रजा ।
तत सृजति भूतानि स्थावराणि चराणि च ॥५०

गायत्र वरुण त्रिवृत्सोम रथन्तर और अग्निष्टोम यज्ञो को प्रथम मुख से निर्माण किया था। ब्रह्माजी के चार मुखों मे जो प्रथम था उससे उक्त प्राणियो की उत्पत्ति की थी ॥ ४४ ॥ त्रिष्टुभ कर्म स्तोम पञ्चदश बृहत्साम उक्थ उ री को दक्षिण मुख से सृजन किया था ॥४५॥ साम जगती छन्दोस्तोम पञ्चदश वैरूप्य अतिरात्र को पश्चिम मुख से सजा था ॥ ४६ ॥ एकविंश अथर्वाण आप्तोर्यामाण अनुष्टुभ और सवैराज को ब्रह्माजी ने अपने उत्तर के मुख से सृष्ट किया था ॥ ४७ ॥ विद्युत अशनि ( वज्र ) मेघ रोहित इन्द्र धनुष और वयस की अवस्था को भगवान् प्रभु ने आदि मे सजा था ॥ ४८ ॥ उच्चावच भूत उनके गात्रो अर्थात् शरीराङ्गो से उत्पन्न हुए जबकि प्रजापति ब्रह्माजी प्रजा के सर्ग का सृजन कार्य कर रहे थे ॥ ४९ ॥ इसके अनन्तर पहिले देव असुर पितर आदि चार प्रकार की प्रजा की सृष्टि करके इसके पश्चात् भूत स्थावर और चरो का सृजन करते हैं ॥५० ॥

यक्षान् पिशाचान् गन्धर्वान् तथैवाप्सरसाङ्गणान् ।
नरकिन्नररक्षांसि वय पशुमृगोरगान् ॥५१

अव्ययञ्च व्ययं चैव यदिदं स्थाणु जङ्गमम् ।
तेषां ये यानि कर्माणि प्राक्सृष्ट्यां प्रतिपेदिरे ।

तान्येव प्रतिपद्यन्ते सृज्यमाना पुन पुन ॥५२
हिंस्राहिंस्रे मृदुक्रूरे धर्माधर्मावृतानृते ।
तद्भाविता प्रपद्यन्ते तस्मात्तत्तस्य रोचते ॥५३
महाभूतेषु नानात्व मिन्द्रियार्थेषु मूर्तिषु ।
विनियोगञ्च भूताना धातैव व्यदधात् स्वयम् ॥५४
केचित् पुरुषकारन्तु प्राहु कर्म च मानवा ।
दैवमित्यपरे विप्रा स्वभाव दैवचिन्तका ॥५५
पौरुष कर्म दैवञ्च फलवृत्तिस्वभावत ।
न चैक न पृथग्भावमधिक न तयोर्विदु ।
एतदेवञ्च नैकञ्च न चोभे न च वाप्युभे ॥५६
कर्मस्थान् विषयान् ब्रूयु सत्त्वस्था समदर्शिन ।
नामरूपञ्च भूताना कृतानाञ्च प्रपञ्चनम् ।
वेदशब्देभ्य एवादौ निर्ममे स महेश्वर ॥५७

यक्ष, पिशाच, गन्धर्व, अप्सराओं का समुदाय, नर, किन्नर, राक्षस, पशु, मृग, उरग, अव्यय, व्यय, स्थाणु और जङ्गम का सृजन किया। इनमे जिन्होंने जो कर्म पहिले सृष्टि मे प्राप्त किये थे वे पुन पुन सृज्यमान होते हुए भी उन्ही को प्राप्त होते है ॥५१–५२॥ हिंसा की वृत्ति वाले तथा अहिंसा, कोमल स्वभाव वाले तथा कठोर, धर्म और अधर्म, ऋत और अनृत आदि तत्तत् भावनाओं से भावित होकर यहाँ जन्म ग्रहण करते है और इसीलिये वही उनको अच्छा भी लगता है ॥५३॥ महाभूतो मे अनेक प्रकारता और इन्द्रियो के अर्थों की मूर्तियो में भूतो का विनियोग करना विधाता ने ही स्वय किया था ॥५४। कुछ मनुष्य तो पुरुषार्थ को ही कर्म कहते हैं और दैव ( भाग्य या प्रारब्ध ) का चिन्तन करने वाले अर्थात् भाग्यवादी दूसरे ब्राह्मण दैव ही को कहा करते है ॥ ५५ ॥ पौरुष कर्म और दैव इनके फल की वृत्ति स्वभाव से ही हुआ करती है। न तो ये दोनो एक ही हैं न ये दोनो पृथक् ही होते है और न उन दोनो मे कोई अधिक ही है। इस प्रकार से यह दोनो न एक ही हैं और न दो अलग-अलग ही होते हैं ॥५६॥ सत्त्व गुण मे स्थित रहने वाले समान भाव से देखने वाले समदर्शी

पुरुष कर्मों मे स्थित रहने वाले विषयो को बोला करते हैं। महेश्वर उन भगवान् ने आदि मे विनिर्मित भूतो के नाम और रूप का समस्त प्रपञ्च वाणी से ही सृष्ट किये हैं ॥५७॥

ऋषीणा नामधेयानि याश्च देवेषु दृष्टय ।
शर्वर्यन्ते प्रसूताना तान्येवास्य ददाति स ॥५८
यथर्त्तावृतुलिङ्गानि नानारूपाणि पर्यये ।
दृश्यन्ते तानि तान्येव तथा भावा युगादिषु ॥५९
एवविधासु सृष्टासु ब्रह्मणाऽव्यक्तजन्मना ।
शर्वर्यन्ते प्रदृश्यन्ते सिद्धिमाश्रित्य मानसीम् ॥६०
एव भूतानि सृष्टानि चराणि स्थावराणि च ।
यदास्य ता प्रजा सृष्टा न व्यवर्द्धन्त धीमत ॥६१
अथान्यान्मानसान् पुत्रान् सदृशानात्मनोऽसृजत् ।
भृगु पुलस्त्य पुलह क्रतुमाङ्गिरसन्तथा ॥६२
मरीचि दक्षमत्रि च वसिष्ठ चैव मानसम् ।
नव ब्रह्माण इत्येते पुराणे निश्चय गता ।
तेषा ब्रह्मात्मकाना वै सर्वेषा ब्रह्मवादिनाम् ॥६३

ऋषियो के नामधेय अर्थात् नाम और देवो मे जो दृष्टियाँ हैं वे सब रात्रि के अन्त मे प्रसूत होने वालो के वही उनको करता है ॥५८॥ ऋतुओ के अनुसार जो ऋतुओ के चिह्न होते हैं और अनेक प्रकार के स्वरूप होते हैं जबकि उनका परिवर्तन हुआ करता है ये सब युगादिकों मे उस तरह के भाव वे वे ही दिखाई दिया करते हैं ॥५९॥ इस प्रकार से अव्यक्त से जन्म ग्रहण करने वाले ब्रह्मा के द्वारा इस रीति से की हुई सृष्टियो मे रात्रि के अन्त मे मानसी सिद्धि का आश्रय करके दिखलाई दिया करते हैं ॥ ६० ॥ इस तरह से ब्रह्माजी ने चर और स्थावर भूतो की सृष्टि की किन्तु इनकी यह सृजन की हुई समस्त प्रजा जब वृद्धि प्राप्त करती हुई नही हुई तो धीमान् ब्रह्मा ने अपनी ही आत्मा के सदृश अन्य मानस पुत्रो का सृजन किया था जिनके नाम भृगु, पुलस्त्य पुलह, क्रतु आङ्गिरस मरीच दक्ष अत्रि और वसिष्ठ ये होते हैं। ये सभी ब्रह्मवादी

और ब्रह्मात्मक अर्थात् ब्रह्मा के स्वरूप वाले ही थे जिनको कि पुराण मे निश्चित रूप मे 'नव ब्रह्मा' ऐसा ही कहा गया है ॥६१–६२–६३॥

ततोऽसृजत्पुनर्ब्रह्मा रुद्र रोषात्मसम्भवम् ।
सकल्प चैव धर्म च पूर्वेषामपि पूर्वज ॥६४
अग्रे ससर्ज वै ब्रह्मा मानसानात्मन समान् ।
सनन्दन ससनक विद्वास च सनातनम् ॥६५
सनत्कुमार च विभु सनक च सनन्दनम् ।
न ते लोकेषु सज्जन्ते निरपेक्षा सनातना ॥६६
सर्वे ते ह्यागतज्ञाना वीतरागा विमत्सरा ।
तेष्वेव निरपेक्ष्येषु लोकवृत्तानुकारणात् ॥६७
हिरण्यगर्भो भगवान् परमेष्ठी ह्यचिन्तयत् ।
तस्य रोषात्समुत्पन्न पुरुषोऽर्कसमद्युति ।
अर्द्धनारीनरवपुस्तेजसाज्वलनोपम ॥६८
सर्वं तेजोमय जातमादित्यसमतेजसम् ।
विभजात्मानमित्युक्त्वा तत्रैवान्तरधीयत ॥६९
एवमुक्त्वा द्विधाभूत पृथक् स्त्री पुरुष पृथक् ।
स चैकादशधा जज्ञे अर्द्धमात्मानमीश्वर ॥७०

इसके उपरान्त पूर्व मे होने वालों मे भी सबसे पहिले जन्म ग्रहण करने वाले ब्रह्मा ने रोषात्म सम्भव रुद्र का सृजन किया और सकल्प तथा धर्म का सृजन किया था ॥६४॥ पहिले ब्रह्माजी ने अपने ही तुल्य मानस सनक के सहित सनन्दन परम विद्वान् सनातन और विभु सनत्कुमार का सृजन किया था किन्तु वे लोको के सृजन कर्म मे निरपेक्ष होने के कारण प्रवृत्त ही नही हुए थे ॥ ६५–६६ ॥ वे सबके सब ज्ञानोदय हो जाने वाले, वीतराग अर्थात् परम वैराग्य से परिपूर्ण रहने वाले और मत्सरता से रहित थे। इस प्रकार से लोक वृत्त के अनुकरण मे बिल्कुल ही अपेक्षा न रखने वाले उनके होने पर ब्रह्माजी चिन्तित हुए ॥ ६७ ॥ उस समय लोक सृजन एव बराबर उसके वर्धन के अपने कार्य में असफल रहते हुए हिरण्यगर्भ परमेष्ठी भगवान् ने मन मे बहुत ही चिन्ता की

थी। उस चिन्तन काल में उनके रोष से समुत्पन्न सूर्य के समान द्युति वाला अर्धनारीश्वर पुरुष सामने हुआ जो इतना तेज युक्त था जैसे कि साक्षात् अग्नि ही हो ॥६८॥ वह आदित्य के समान तेज वाला समस्त तेज से पूर्ण उत्पन्न हुआ और अपने आपका विभाजन करो यह कहकर वहाँ पर ही अन्तर्हित हो गया ॥ ६॥ इस प्रकार कहकर पुरुष और स्त्री पृथक्-पृथक् होकर दो रूपों में ईश्वर ने अपने आपके अर्ध भाग को एकादश प्रकार से जन्म दिया अर्थात् उत्पन्न किया था ॥७ ॥

तेनोक्तास्ते महात्मानः सर्व एव महात्मना ।
जगतो बहुलीभावमधिकृत्य हितैषिणः ॥७१
लोकवृत्तान्तहेतोर्हि प्रयतध्वमतन्द्रिता ।
विश्वं विश्वस्य लोकस्य स्थापनाय हिताय च ॥ २
एवमुक्तास्तु रुरुदुर्दुद्रुवुश्च समन्ततः ।
रोदनाद्द्रावणाच्चैव रुद्रा नाम्नेति विश्रुता ॥७३
यैर्हि व्याप्तमिदं सर्वं त्रैलोक्यं सचराचरम् ।
तेषामनुचरा लोके सर्वलोकपरायणाः ॥७४
नकनागा युनबना विक्रान्ताश्च गणेश्वराः ।
तत्र या सा महाभागा शंकरस्यार्द्धकायिनी ॥७५
प्रागुक्ता तु मया तुभ्यं स्त्री स्वयमीर्मुखोद्गता ।
कायार्द्धं दक्षिणं तस्याः शुक्लं वामं तथाऽसितम् ॥ ६
आत्मानं विभजस्वेति प्रोक्ता देवी स्वयंभुवा ।
सा तु प्रोक्ता द्विधाभूता शुक्ला कृष्णा च वै द्विजाः ।
तस्या नामानि वक्ष्यामि शृणुध्वं सुसमाहिताः ॥७७

उन महान् आत्मा के द्वारा इस प्रकार से कहे गये वे सभी महात्मा जोकि हित के चाहने वाले थे जगत् की बहुलता को करने की भावना में अधिकार वाले हुए ॥ ७१ ॥ आप सब अतन्द्रित होते हुए लोक के वृत्तान्त के लिये पूर्ण प्रयत्न करो अर्थात् विश्व की रचना करने में आलस्य का त्याग कर पूरा-पूरा यत्न करो। लोक की स्थापना और विश्व का हित करना ही तुम्हारा पूर्ण

कर्त्तव्य है ॥ ७२ ॥ जब ब्रह्माजी ने लोक की रचना एवं स्थापना तथा विश्व के हित के कार्यों की निर्मिति के लिये उनसे कहा तो वे सब ओर से रुदन करने लगे और एकदम द्रवीभूत हो गये। अतएव रोदन करने से तथा उनके द्रावण होने से उनका नाम संसार मे "रुद्र"—यह प्रसिद्ध हो गया था ॥७३॥ जिनके द्वारा यह समस्त चर और अचर स्वरूप वाला त्रैलोक्य व्याप्त हो गया था वे भगवान् रुद्र थे। उनके अनुचर लोक में समस्त लोक कार्यों मे परायण हुए ॥ ७४ ॥ वे गणेश्वर अनेक नागो के बल के तुल्य बल वाले और परम विक्रम से युक्त थे। और वहाँ पर भगवान् शङ्कर के अर्द्ध शरीर वाली जो वह परम महान् भाग वाली थी ॥७५॥ पहिले मैंने तुमको स्वयम्भू के मुख से उत्पन्न हुई स्त्री के विषय मे बतलाया था। उसका दक्षिण काया का अर्द्ध भाग शुक्ल तथा वाम अर्द्ध भाग असित था ॥ ७६ ॥ हे द्विज वृन्द ! आत्मा का विभाजन करो इस प्रकार से भगवान् स्वयम्भू के द्वारा कही गई वह शुक्ल और कृष्ण दो प्रकार की हो गई थी। अब उनके नाम मैं बतलाता हूँ उन्हें तुम लोग सावधान होकर श्रवण करो ॥ ७७ ॥

स्वाहा स्वधा महाविद्या मेधा लक्ष्मीः सरस्वती।
अपर्णा चैकपर्णा च तथा स्यादेव पाटला ॥७८
उमा हैमवती षष्ठी कल्याणी चैव नामत।
ख्याति प्रज्ञा महाभागा लोके गौरीति विश्रुता ॥७९
विश्वरूपमथार्याया पृथग्देहविभावनात्।
शृणु संक्षेपतस्तस्या यथावदनुपूर्वश ॥८०
प्रकृतिर्नियता रौद्री दुर्गा भद्रा प्रमाथिनी।
कालरात्रिर्महामाया रेवती भूतनायिका ॥८१

द्वापरान्तविकारेषु देव्या नामानि मे शृणु।
गौतमी कौशिकी आर्या चण्डी कात्यायनी सती ॥८२
कुमारी यादवी देवी वरदा कृष्णपिङ्गला।
बर्हिर्ध्वजा शूलधरा परमब्रह्मचारिणी ॥८३
माहेन्द्री चेन्द्रभगिनी वृषकन्यैकवाससी।

ब्रह्मा का मानस पुत्र रुचि-इस नाम वाला जानना चाहिए। अपने प्राण से ब्रह्मा ने दक्ष को उत्पन्न किया और चक्षुओं से मरीचि को जन्म दिया था। ॥९२॥ भृगु हृदय से उत्पन्न हुए अर्थात् सलिल से जन्म ग्रहण करने वाले ब्रह्मा के हृदय से भृगु ऋषि की उत्पत्ति हुई थी। शिर से अङ्गिरस की तथा श्रोत्र से अत्रि ऋषि का जन्म हुआ था ॥९३॥ उदान से पुलस्त्य को व्यान से पुलह को समान से वसिष्ठ को अपान से क्रतु को और अभिमान के स्वरूप वाले नील लोहित भद्र को निर्मित किया था। ये बारह प्राण से जन्म लेने वाले ब्रह्मा के पुत्र कहलाये थे ॥९५॥ ये ब्रह्मा के पुत्र मानस जानने चाहिए और जो भृगु आदि का सृजन किया था वे ब्रह्मवादी नहीं थे ॥९६॥ वे सब पुराण गृहमेधी अर्थात् पुराने गृहस्थ थे जिन्होंने प्रथम धर्म को प्रवृत्त किया था। ये बारह रुद्र के साथ प्रजा के सृजन में प्रवृत्त होते हैं ॥९७॥ ऋभु और सनत्कुमार ये दोनों ऊर्ध्वरेता थे। ये उनसे पहिले प्राचीन समय में उत्पन्न हुए थे और ये दोनों सभी के पूर्वज थे ॥९८॥

व्यतीते प्रथमे कल्पे पुराणं लोकसाधकौ।
वैराजे तावुभौ लोके तेजः संक्षिप्य चास्थितौ ॥९९
तावुभौ योगधर्माणावारोप्यात्मानमात्मनि।
प्रजाधर्मञ्च कामञ्च वर्त्तयेतां महौजसा ॥१००
यथोत्पन्नस्तथैवेह कुमार इति चोच्यते।
तस्मात्सनत्कुमारोऽयमिति नामास्य कीर्तितम् ॥१०१
तेषां द्वादश ते वंशा दिव्या देवगुणान्विता।
क्रियावन्तः प्रजावन्तो महर्षिभिरलङ्कृताः ॥१०२
इत्येष करणोद्भूतो लोकान् सृष्ट्वा स्वयम्भुवः।
महदादिविशेषान्तो विकारः प्रकृतेः स्वयम् ॥१०३
चन्द्रसूर्यप्रभालोको ग्रहनक्षत्रमण्डितः।
नदीभिश्च समुद्रैश्च पर्वतैश्च समावृतः ॥१०४
पुरैश्च विविधाकारैः स्फीतैर्जनपदैस्तथा।
तस्मिन् ब्रह्मवनेऽव्यक्तो ब्रह्मा चरति शर्वरीम् ॥१०५

वैराज नामक प्रथम कल्प के व्यतीत होने पर लोकों के साधक वे दोनों लोक मे तेज का सक्षेप करके आस्थित रहे थे ॥ ९९ ॥ योग के धर्म वाले वे दोनो आत्मा मे आत्मा को आरोप करके महान् ओज से प्रजा धर्म और काम को वरतते थे ॥ १०० ॥ ज्यो ही यहाँ उत्पन्न हुये वैसे ही कुमार यह कहे जाते हैं। इसी कारण से यह सनत्कुमार हैं—इस प्रकार से इनका नाम कीर्त्तित हुआ है ॥ १०१ ॥ उनके वे देव गुणो से युक्त दिव्य द्वादश वश हुए जो महर्षियो से अलङ्कृत क्रिया वाले और प्रजा वाले थे ॥ १०२ ॥ यह करण मे उद्भूत स्वयम्भू के लोकों का सृजन करने के लिये महत् से आदि लेकर विशेष के अन्त तक स्वय प्रकृति का विकार है ॥ १०३ ॥ चन्द्रमा और सूर्य की प्रभा के आलोक (प्रकाश) वाला, ग्रहो और नक्षत्रो से विभूषित तथा नदियो, समुद्रो और पर्वतो से समावृत—अनेक प्रकार के आकार वाले, पुरों से एव प्रीतियुक्त जनपदो से आवृत ऐसे उस अव्यक्त ब्रह्म-वन मे ब्रह्मा शर्वरी (रात्रि) को बिताते हैं ॥१०४-१०५ ॥

अव्यक्तबीजप्रभवस्तस्यैवानुग्रहोत्थित ।
बुद्धिस्कन्धमयश्चैव इन्द्रियाङ्कुरकोटर ।।१०६

महाभूतप्रशाखश्च विशेषै पत्रवास्तथा ।
धर्माधर्मसुपुष्पस्तु सुखदु खफलोदय ।।१०७

आजीव सर्वभूतानामय वृक्ष सनातन ।
एतद्ब्रह्मवल चैव ब्रह्मवृक्षस्य तस्य ह ।।१०८

अव्यक्त कारण यत्तन्नित्य सदसदात्मकम् ।
इत्येषोऽनुग्रह सर्गो ब्रह्मण प्राकृतस्तु य ।।१०९

मुख्यादयस्तु षट् सर्गा वैकृता बुद्धिपूर्वका. ।
त्रैकाले सप्रवर्तन्त ब्रह्मणस्तेऽभिमानिन ।।११०

सर्गा परस्परस्याथ कारण ते बुधै स्मृता. ।
दिव्यौ सुपर्णौ सयुजौ सशाखौ पटविद्रुमौ ।
एकस्तु यो द्रुम वेत्तिनान्य सर्वात्मनस्तत ।।१११

द्यौमूर्द्धानं यस्य विप्रा स्तुवन्ति खन्नाभिं च चन्द्रसूर्यौ च नेत्रे।
दिशः श्रोत्रे चरणौ चास्य भूमिः
सोऽचिन्त्यात्मा सर्वभूतप्रसूतिः ॥११२

वक्त्राद्यस्य ब्राह्मणाः सम्प्रसूता वक्षसस्तु क्षत्रियाः पूर्वभागे।
वैश्याश्चोरोर्यस्य पद्भ्यां च शूद्राः
सर्वे वर्णा गात्रतः सम्प्रसूताः ॥११३

महेश्वरः परोऽव्यक्तादण्डमव्यक्तसम्भवम्।
अण्डाज्जज्ञे पुनर्ब्रह्मा येन लोकाः कृतास्त्विमे ॥११४

उसी के अनुग्रह से उत्थित हुआ—अव्यक्त बीज से प्रभव (जन्म) वाला बुद्धि के स्कन्ध से परिपूर्ण, इन्द्रियों के अंकुर को रखने वाला, महाभूतों की शाखाओं वाला विशेषों के से पत्रों वाला, धर्म तथा अधर्म रूपी पुष्पों से अन्वित सुख और दुःख रूपी फलों के उदय वाला और समस्त प्राणियों की आजीविका वाला यह सनातन वृक्ष है। उस ब्रह्म वृक्ष का यह ब्रह्म ही बल होता है ॥ १०६—१०७—१०८ ॥ जो अव्यक्त कारण है वह नित्य और सत् तथा असत् स्वरूप वाला होता है। जो प्राकृतिक सर्ग है वह ब्रह्मा का अनुग्रह है ॥ १०९ ॥ मुख्य आदि छः सर्ग प्रकृत और बुद्धिपूर्वक होते हैं। वे अभिमान वाले ब्रह्मा के तत्काल में होते थे ॥ ११० ॥ विद्वानों ने उन सर्गों को ही परमेश्वर के कारण कहा है। सुन्दर पर्ण वाले, सपुष्प और शाखाओं से युक्त दिव्य पद विद्रुम हैं। जो एक द्रुम का नाम रखता है वह सर्वात्मा से अन्य नहीं है ॥ १११ ॥ जिसके द्यौ रूपा मूर्धा का ब्राह्मण स्तवन किया करते हैं आकाश जिसकी नाभि है और चन्द्रमा तथा सूर्य दो नेत्र हैं दिशा श्रोत्र हैं और भूमि उसके चरण हैं वह समस्त प्राणियों की उत्पत्ति करने वाला अचिन्त्य आत्मा है ॥ ११२ ॥ जिसके मुख से ब्राह्मण उत्पन्न हुए वक्षःस्थल से क्षत्रिय उरुओं के पूर्व भाग से वैश्य और जिसके पैरों से शूद्र उत्पन्न हुए। इस प्रकार सभी वर्ण उसके शरीर से ही उद्भूत हुए हैं ॥ ११३ ॥ अव्यक्त से पर महेश्वर हैं और अव्यक्त से उत्पन्न अण्ड है अण्ड से फिर ब्रह्मा ने जन्म ग्रहण किया जिस ब्रह्मा ने ये सभी लोक बनाये हैं ॥ ११४ ॥

## ।। मन्वन्तरादि वर्णन ।।

एवभूतेपु लोकेपु ब्रह्मणा लोककर्तृणा ।
यदा ता न प्रवर्त्तन्ते प्रजा केनापि हेतुना ।।१
तमोमात्रावृतो ब्रह्मा तदाप्रभृति दु खित ।
तत स विदधे बुद्धिमर्थनिश्चयगामिनीम् ।।२
अथात्मनि समस्राक्षीत्तमोमात्रा नियामिकाम् ।
राजसत्व पराजित्य वर्त्तमान स धर्मत ।।३
तप्यते तेन दु खेन शोकञ्चक्रे जगत्पति ।
तमश्च व्यनुदत्तस्माद्रजस्तमसमावृणोत् ।।४
ततम प्रतिनुत्ता वै मिथुन स व्यजायत ।
अधर्माच्चरणाज्जज्ञे हिंसा शोकादजायत ।।५
ततस्तस्मिन् समुद्भूते मिथुने चरणात्मनि ।
ततश्च भगवानासीत् प्रीतिश्चैवमशिश्रियत् ।।६
स्वा तनु स ततो ब्रह्मा तामपोहदभास्वराम् ।
द्विधाकरोत्स त देहमर्द्धेन पुरुषोऽभवत् ।।७
अर्द्धेन नारी सा तस्य शतरूपा व्यजायत ।
प्राकृता भूतधात्री ता कामान्वै सृष्टवान् विभु ।।८

श्री सूत जी ने कहा—इस प्रकार से होने वाले लोको मे जब लोको की रचना करने वाले ब्रह्मा के द्वारा किसी भी हेतु से वह प्रजा प्रवृत्त न हुई तब तमोमात्र से आवृत्त ब्रह्मा जी तभी से लेकर अत्यन्त दु खित हुये । इसके अनन्तर उन्होने अर्थ के निश्चय करने वाली बुद्धि बनाई ।। १—२ ।। इसके अनन्तर उनने धर्म से वर्त्तमान राजसत्व को पराजित करके तमोमात्रा की नियामक बुद्धि का आत्मा मे सृजन किया था ।। ३ ।। उस दु ख से वह तप्यमान होते है और जगत्पति ने बडा शोक किया था । उससे तम का विनोदन किया और रजोगुण ने तमोगुण आवृत कर लिया था ।। ४ ।। प्रतिनुत्त हुए उस तम से मिथुन की उत्पत्ति हुई । अधर्म के चरण से हिंसा शोक से उत्पन्न हुई ।। ५ ।। इसके पश्चात चरणात्मा मिथुन के समुत्पन्न होने पर इसके अनन्तर भगवान् प्रसन्न हुए

और इस प्रकार से सेवन किया ॥ ६ ॥ इसके पश्चात् ब्रह्मा ने अपने उस अभास्वर शरीर का अपोह कर दिया और उसने उस देह के दो भाग कर दिए। आधे भाग से वह पुरुष हुए और आधे शरीर के भाग से उसकी नारी शतरूपा उत्पन्न हुई। विभु ने भूतों की प्राकृत धात्री उसको मानकर कामनाओं की सृष्टि की थी ॥ ७—८ ॥

सा दिवं पृथिवीञ्च व महिम्ना व्याप्य धिष्ठिता।
ब्रह्मण सा तनः पूर्वा दिवमावृत्य तिष्ठति ॥९
या त्वर्द्धात् सृजते नारी शतरूपा व्यजायत।
सा देवी नियुतन्तप्त्वा तपः परमदुश्चरम् ॥१०
भर्तारन्दीप्तयशसं पुरुषं प्रत्यपद्यत।
स वै स्वायम्भुवः पूर्वं पुरुषो मनुरुच्यते ॥११
तस्यैकसप्ततियुगं मन्वन्तरमिहोच्यते।
लब्ध्वा तु पुरुषः पत्नीं शतरूपामयोनिजाम् ॥१२
तया स रमते सार्द्धं तस्मात्सा रतिरुच्यते।
प्रथमः सम्प्रयोगः स कल्पादौ समवर्त्तत ॥१३
विराजमसृजत ब्रह्मा सोऽभवत् पुरुषो विराट्।
सम्राप्मानसरूपात्तु वैराजस्तु मनुः स्मृतः ॥१४

वह अपनी महिमा से दिव और पृथिवी में व्याप्त होकर अधिष्ठित हुई। ब्रह्मा का वह पूर्व तनु दिव को आवृत करके अधिष्ठित होता है ॥ ९ ॥ जिस शरीर ने अपने अर्धभाग से नारी का सृजन किया और शतरूपा समुत्पन्न हुई। उस देवी ने दश हजार वर्ष पर्यन्त परम दुश्चार तप किया था ॥ १० ॥ ऐसी उग्र तपश्चर्या करके उसने दीप्त यश वाले अपना स्वामी पुरुष प्राप्त किया था और वह पुरुष प्रथम स्वायम्भुव मनु इस नाम से कहा जाता है ॥ ११ ॥ यहाँ पर उसका एक सप्तति अर्थात् इकहत्तर युगपर्यन्त मन्वन्तर कहा जाता है। पुरुष ने अयोनिजा अर्थात् योनि उत्पन्न न होने वाली शतरूपा को पत्नी के रूप में प्राप्त किया ॥ १२ ॥ वह उनके साथ रमण करते हैं इसीलिये वह रति कही जाती है। कल्प के आदि में वह प्रथम साम्प्रयोग हुआ ॥ १३ ॥ ब्रह्मा जी ने

विराट् का सृजन किया सो वह पुरुष विराट् हो गया था। मानस रूप मे सम्राट् वैराज मनु कहा गया है ॥ १४ ॥

स वैराज प्रजासर्ग स सर्गे पुरुषो मनु ।
वैराजात्पुरुषाद्वीराच्छतरूपा व्यजायत ॥१५
प्रियव्रतोत्तानपादौ पुत्रौ पुत्रवता वरौ ।
कन्ये द्वे च महाभागे याभ्या जाता प्रजास्त्विमा ॥१६
देवी नाम्ना तथाकूति प्रसूतिश्चैव ते शुभे ।
स्वायम्भुव प्रसूतिन्तु दक्षाय व्यसृजन् प्रभु ॥१७
प्राणो दक्षस्तु विज्ञेय सङ्कल्पो मनुरुच्यते ।
रुचे प्रजापतेश्चैव आकूर्ति प्रत्यपादयत् ॥१८
आकूत्या मिथुन यज्ञे मानसस्य रुचे शुभम् ।
यज्ञश्च दक्षिणा चैव यमकौ सम्बभूवतु ॥१९
यज्ञस्य दक्षिणायाञ्च पुत्रा द्वादश जज्ञिरे ।
यामा इति समाख्याता देवा स्वायम्भुवेऽन्तरे ॥२०
यमस्य पुत्रा यज्ञस्य तस्माद्यामास्तु ते स्मृता ।
अजिताश्चैव शूकाश्च गणौ द्वौ ब्रह्मण स्मृतौ ॥२१

वह वैराज प्रजासर्ग है और वह सर्ग मे पुरुष मनु है। वीर वैराज पुरुष से शतरूपा उत्पन्न हुई ॥ १५ ॥ पुत्रवानो मे परम श्रेष्ठ प्रियव्रत और उत्तान पाद दो पुत्र और दो महान् भाग्यशालिनी कन्याऐ हुईं जिन दोनो से ये समस्त प्रजा उत्पन्न हुई ॥ १६ ॥ नाम से वे देवी आकूति और प्रसूति थी जो कि अत्यन्त शुभ थी। स्वायम्भुव प्रभु ने प्रसूति को दक्ष के लिये दान करके दिया था ॥ १७ ॥ प्राण को दक्ष समझ लेना चाहिये और सङ्कल्प मनु कहा जाता है। प्रजापति रुचि के लिए आकूति को दे दिया ॥ १८ ॥ आकूति मे मानस के यज्ञ में शुभ मिथुन हुआ। यज्ञ और दक्षिणा यह यमल ( जोड़ली सन्तति ) पैदा हुआ ॥ १९ ॥ यज्ञ के दक्षिणा मे बारह पुत्र उत्पन्न हुए। वे स्वायम्भुव के अन्तर में 'यामा' इस नाम से आख्यात हुए थे ॥ २० ॥ यम के पुत्र थे इससे यज्ञ के याम कहे गये हैं। अजित और शूक ये दो गण ब्राह्मण कहे गये हैं ॥२१॥

यामा पूर्व परिक्रान्ता यत संज्ञा दिवौकस ।
स्वायम्भुवसुतायान्त प्रसूत्या लोकमातर ॥२२
तस्या कन्याश्चतुर्विंशद्दक्षस्त्वजनयत् प्रभु ।
सर्वास्ताश्च महाभागा सर्वा कमललोचना ॥२३

योगपत्न्यश्च ता सर्वा सर्वास्ता योगमातर ।
श्रद्धा लक्ष्मी धृतिस्तुष्टि पुष्टिर्मेधा क्रिया तथा ।
बुद्धिर्लज्जा वपु शान्ति सिद्धि कीर्तिस्त्रयोदशी ॥२४
पत्न्यर्थे प्रतिजग्राह धर्मो दाक्षायणी प्रभ ।
द्वाराण्येतानि चैवास्य विहितानि स्वयम्भुवा ॥२५

ताभ्य शिष्टा यवीयस्य एकादश सुलोचना ।
ख्याति सत्यथ सम्भूति स्मृति प्रीति क्षमा तथा ॥२६
सन्नतिश्चानसूया च ऊर्ज्जा स्वाहा स्वधा तथा ।
तास्तत प्रत्यपद्यन्त पुनरन्ये महर्षय ॥२७
रुद्रो भृगुर्मरीचिश्च अङ्गिरा पुलह क्रतु ।
पुलस्त्योऽत्रिर्वसिष्ठश्च पितरोऽग्निस्तथैव च ॥२८

याम पहिले परिक्रान्त हुए इसलिए दिवौकस संज्ञा हुई। स्वायम्भुव सुता प्रसूति में दक्ष ने लोकमातर चौबीस कन्याओं को उत्पन्न किया था। वे सभी महान् भाग वाली और सभी कमल के समान सुन्दर नेत्रों वाली परम सुन्दरी थी ॥ २२—२३ ॥ वे सभी योग पत्नियाँ थी और सब योगमाताएँ थीं। श्रद्धा लक्ष्मी धृति तुष्टि पुष्टि मेधा क्रिया बुद्धि लज्जा, वपु शान्ति सिद्धि कीर्ति इन तेरहों को दाक्षायणी प्रभु धर्म ने पत्नी के रूप में ग्रहण कर लिया था। इसके ये द्वार स्वयम्भू ने किए थ ॥ २४—२५ ॥ उनसे शेष यवीयान की एकादश सुलोचनाऐं थी जिसके नाम ये हैं—ख्याति सती सम्भूति स्मृति प्रीति क्षमा सन्नति अनसूया ऊर्जा स्वाहा और स्वधा ये ग्यारह है। उनको फिर अन्य महर्षियों ने ग्रहण किया था। उन महर्षियों के नाम ये हैं—रुद्र भृगु मरीचि अङ्गिरा पुलह क्रतु पुलस्त्य अत्रि वसिष्ठ पितर और अग्नि ये महर्षियो के नाम थ ॥ २६—२७—२८ ॥

सती भवाय प्रायच्छन् ख्यातिञ्च भृगवे तथा ।
मरीचये च सम्भूतिं स्मृतिमाङ्गिरसे ददौ ॥२९
प्रीतिं चैव पुलस्त्याय क्षमां वै पुलहाय च ।
क्रतवे सन्नतिं नाम अनसूयान्तथात्रये ॥३०
ऊर्ज्जां ददौ वसिष्ठाय स्वाहा वै ह्यग्नये ददौ ।
स्वधा चैव पितृभ्यस्तु ताश्वपत्यानि वक्ष्यते ॥३१
एते सर्वे महाभागाः प्रज्ञाः स्वानुष्ठिताः स्थिताः ।
मन्वन्तरेषु सर्वेषु यावदाभूतसम्प्लवम् ॥३२
श्रद्धा कामं विजज्ञे वै दर्पो लक्ष्मीसुतः स्मृतः ।
धृत्यास्तु नियमः पुत्रस्तुष्ट्या सन्तोष उच्यते ॥३३
पुष्ट्या लाभः सुतश्चापि मेधापुत्रः श्रुतस्तथा ।
क्रियायास्तु नयः प्रोक्तो दण्डः समय एव च ॥३४
बुद्धेर्बोधसुतश्चापि अप्रमादश्च तावुभौ ।
लज्जाया विनयः पुत्रो व्यवसायो वपुः सुतः ॥३५

दक्ष ने सती को महादेव के लिये दिया, भृगु को ख्याति, मरीचि को सम्भूति और अङ्गिरस के लिये स्मृति नाम वाली कन्या का दान किया था ॥ २९ ॥ पुलस्त्य को प्रीति, पुलह को क्षमा, क्रतु को सन्नति तथा अत्रि के लिये अनसूया नाम वाली कन्या का दान दक्ष ने दिया था ॥ ३० ॥ वसिष्ठ को ऊर्ज्जा, अग्नि को स्वाहा और पितृगण को स्वधा दी। अब उनमें जो सन्तति समुत्पन्न हुई उसे बतलाया जाता है ॥ ३१ ॥ ये सब महान् भाग्य से युक्त, परम पण्डित और अपने कर्त्तव्य कर्म में निष्ठित होकर स्थित रहे जब तक कि समस्त मन्वन्तरों में आभूत सम्प्लव हुआ था ॥ ३२ ॥ श्रद्धा ने काम को समुत्पन्न किया और लक्ष्मी का पुत्र 'दर्प' इस नाम से कहा जाने वाला पैदा हुआ। धृति का पुत्र नियम था और तुष्टि ने सन्तोष नामक पुत्र को जन्म दिया था ॥ ३३ ॥ पुष्टि से लाभ नामक पुत्र का प्रसव हुआ तथा मेधा का पुत्र श्रुत हुआ था। क्रिया के पुत्र का नाम 'नय' था और दण्ड एवं समय भी उसी के पुत्र हुए थे ॥ ३४ ॥ बुद्धि के बोध और अप्रमाद ये दो पुत्र पैदा हुए थे एक लज्जा

के विनय नामक पुत्र प्रगट हुआ तथा व्यवसाय काम वाला पुत्र वपु का हुआ था ॥ ३५ ॥

क्षेम शान्तिसुतश्चापि सुख सिद्धेव्यजायत ।
यश कीर्तेः सुतश्चापि इत्येते धर्मसूनव ॥३६
कामस्य हर्ष पुत्रो व देव्या रत्या व्यजायत ।
इत्येष व सुखोदक सर्गो धर्मस्य कीर्तित ॥३७
जज्ञे हिंसात्वधर्माद्व निकृतिश्चानृतावुभौ ।
निकृत्यानृतयोर्जज्ञे भय नरक एव च ॥ ३८
माया च वेदना चापि मिथुनद्वयमेतयो ।
भयाज्जज्ञेऽथ सा माया मृत्यु भूतापहारिणम् ॥३९
वेदनायास्ततश्चापि दु ख जज्ञेऽथ रौरवात् ।
मृत्योर्व्याधिज्वरा शोका क्रोधोऽसूया च जज्ञिरे ।
दु खान्तरा स्मृता ह्येते सर्वे चाधर्मलक्षणा ॥४०
तेषा भार्याऽस्ति पुत्रो वा ते सर्वे निधना स्मृता ।
इत्येव तामस सर्गो जज्ञे धर्मनियामक ॥४१
प्रजा सृजेति व्यादिष्टो ब्रह्मणा नीललोहित ।
सोऽभिध्याय सतीं भार्यां निर्ममे ह्यात्मसम्भवाम् ॥४२

शान्ति के क्षेम और सिद्धि का सुख पुत्र हुआ। कीर्ति का यश हुआ इतने ये धर्म पुत्र हुए थे ॥ ३६ ॥ काम का हर्ष नामक पुत्र देवी रति से उत्पन्न हुआ। यह धर्म का सुखोदक अर्थात् सुखप्रदान करने वाला सर्ग हुआ जो कि बताया गया है ॥ ३७ ॥ हिंसा ने अधर्म से निकृति और अनृत ये दो पुत्र उत्पन्न किये थे। निकृति और अनृत के भय तथा नरक समुत्पन्न हुए ॥३८॥ इन दोनों के माया और वेदना इनका जोड़ा पैदा हुआ थी भय से जन्म ग्रहण किया था। उस माया ने समस्त भूतों के अपहरण करने वाली मृत्यु को जन्म दिया था ॥ ३९ ॥ वेदना ने रौरव से दुःख को जन्म दिया था। मृत्यु ने व्याधि ज्वर शोक और असूया ने क्रोध को उत्पन्न किया ये सब दुःखान्तर अधर्म के लक्षण वाले हुए हैं ॥ ४० ॥ उनकी भार्या अथवा पुत्र ये सभी निधन कहे गये

हैं। यह इतना तामस सर्ग था जो यम का नियामक हुआ है ॥ ४१ ॥ 'प्रजा का सृजन करो—इस प्रकार से ब्रह्मा के द्वारा नीललोहित जब आदेश प्राप्त करने वाला हुआ तो उसने आत्मा से सम्भूत होने वाली सती का अभिध्यान करके उसे अपनी भार्या बनाया था ॥ ४२ ॥

नाधिकान्न च हीनास्तान्मानसानात्मन समान् ।
सहस्र हि सहस्राणामसृजत् कृत्तिवाससा ।
तुल्यांश्चैवात्मन सर्वे रूपतेजोवलश्रुतै ॥४३
पिङ्गलान् सनिषङ्गांश्च सकपर्द्दान् विलोहितान् ।
विवासान् हरि केशांश्च दृष्टिघ्नांश्च कपालिन ॥४४
बहुरूपान् विरूपांश्च विश्वरूपांश्च रूपिण ।
रथिनो वर्मिणश्चैव धर्मिणश्च वरूथिन ॥४५
सहस्रशत बाहूंश्च दिव्यान् भौमान्तरिक्षगान् ।
स्थूलशीर्षानष्टदंष्ट्रानुद्विजिह्वांस्त्रिलोचनान् ॥४६
अन्नादान् पिशितादांश्च आज्यपान् सोमपास्तथा ।
मेदपाश्चातिकायाश्च शितिकण्ठोग्रमन्यव ॥४७
सोपासङ्गतलत्राश्च धन्विनो ह्य पवर्मिण ।
आसीनान् धावतश्चैव जृम्भिनश्चैव धिष्ठितान् ॥४८
अध्यापिनोऽथ जपतो युञ्जतोऽध्यायतस्तथा ।
ज्वलतो वर्षतश्चैव द्योतमानान् प्रधूपितान् ॥४६

तब कृत्तिवासा ने न ज्यादा अधिक और न ज्यादा हीन ऐसे अपने ही समान मानस पुत्र जो सहस्रों के सहस्र थे उत्पन्न किये जो कि रूप, तेज और बल से सब अपनी आत्मा के ही बिल्कुल तुल्य थे ॥ ४३ ॥ अब यहाँ उनके ही रूप, गुण तथा आकारादि का वर्णन किया जाता है कि ये किस प्रकार के थे—पिङ्गल, सनिषङ्ग, सकपर्द, विलोहित, निवास, हरिकेश, दृष्टिघ्न और कपाली थे ॥ ४४ ॥ फिर वे विरूप, बहुरूप, विश्वरूप, रूपी, रथी, वर्मी, धर्मी और वरूथ वाले थे जिनको कि उत्पन्न किया था ॥ ४५ ॥ सहस्र शत बाहु वाले, दिव्य, भूमि और अन्तरिक्ष मे गमन करने वाले, स्थूल शीष वाले,

योग तपश्च सत्यञ्च धर्मश्चापि महामुने ।
माहेश्वरस्य ज्ञानस्य साधनञ्च प्रचक्ष्व न ॥६३
येन येन च धर्मेण गतिं प्राप्स्यन्ति व द्विजा ।
तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि योग माहेश्वर प्रभो ६४

उस समय पर श्रीमान महादेव के द्वारा इस प्रकार से कहे गये ब्रह्मा ने उत्तर दिया और प्रजापति हर्षित होते हुए भीम से बोले — इस प्रकार से आपका कल्याण हो—हे प्रभो ! जैसा भी आपने कहा है। ब्रह्मा के द्वारा समनु ज्ञान होने पर सभी सब ठीक हुआ ॥ ५ —५८ ॥ तब से लेकर फिर देवों के स्व मी ने आगे प्रजा का सृजन नही किया था। जब तक आभूत सम्प्लव अर्थात् महाप्रलय नहीं हुआ तब तक ऊर्द्ध्व रेता होकर स्थाणु के रूप में स्थित हो गये मैं स्थित हूँ यह कहने के कारण से ही स्थाणु इस नाम से प्रसिद्ध हुए हैं ॥५६॥ ज्ञान वैराग्य ऐश्वर्य तप सत्य क्षमा धृति सृष्टत्व, आत्म सम्बोध अधिष्ठातृत्व ये दश शङ्कर में नित्य ही विद्यमान रहा करते हैं ॥ ६ ॥ समस्त देवता ऋषिवृन्द और उनके अनुचर इन सबको अपने तेज से ये अतिक्रान्त कर देते हैं अतएव यह महादेव कहला गये हैं ॥ ६१ ॥ ऐश्वर्य से देवों का तथा बल से महान् असुरो का ज्ञान से समस्त मुनिगण का एवं योग से सम्पूर्ण प्राणिमात्र का सब ओर से अतिक्रमण महादेव शम्भु कर दिया करते है । ६२ ॥ ऋषियों ने कहा—हे महामुने ! महेश्वर भगवान का योग तप सत्य धर्म तथा ज्ञान का साधन हमारे सामने वर्णन कीजिये हम उसे श्रवण करना चाहते हैं ॥ ६३ ॥ हे प्रभो ! जिस जिस धर्म से द्विज गति को प्राप्त किया करते है वह सभी माहेश्वर योग को सुनना चाहते हैं ॥ ६४ ।

पञ्च धर्मा पुराणे तु रुद्रेण समुदाहृता ।
माहेश्वर्यं यथा प्रोक्त रुद्र रक्लिष्टकर्मभि ॥६५
आदित्यैर्वसुभि साध्यैरश्विभ्याञ्च व सर्वश ।
मरुद्भिर्भृगुभिश्च व मै चा ये विबुधालया ॥६६
यमशुक्रगुरोगैश्च पितृकालान्तकस्तथा ।
एतैश्चान्यैश्च बहुभि ते धर्मा पर्युपासिता ॥६७

ते वै प्रक्षीणकर्माण शारदाम्बरनिर्मला ।
उपासते मुनिगणा सन्ध्यायात्मानमात्मनि ॥६८
गुरुप्रियहिते युक्ता गुरूणा वै प्रियेप्सव ।
विमुच्य मानुष जन्म विहरन्ति च देववत् ॥६६
महेश्वरेण ये प्रोक्ता पञ्च धर्मा सनातना ।
तान् सर्वान् क्रमयोगेन उच्यमानान्नि बोधत ।७०

वायुदेव ने कहा—पुराण मे रुद्र ने पाँच धर्म बतलाये है। अविनष्ट कर्म करने वाले रुद्रो ने जिस प्रकार से माहेश्वर्य ज्ञान को बतलाया है उन समस्त धर्मों की जिन्होने उपासना की है वह मैं बतलाता हूँ ॥ ६५ ॥ आदित्य, वसु, साध्य, अश्विनीकुमार, मरुद्गण भृगु और जो अन्य देवगण हैं उन्होने तथा यम, शुक्र जिन के पुरोगामी है उनके द्वारा तथा पितृ कालान्तक इन सबके द्वारा एव अन्य बहुतो के द्वारा वे समस्त धर्म उपासित किये गये हैं ॥ ६६-६७ ॥ प्रक्षीण कर्म वाले और शरत्काल के अम्बर के सदृश निर्मल चित्त वाले वे मुनियो के समूह सन्ध्या मे आत्मा मे आत्मा की उपासना करते हैं ॥ ६८ ॥ अपने गुरु के प्रिय और हित के कार्य मे सदा युक्त रहने वाले और गुरु के प्रिय की इच्छा रखने वाले मनुष्य का जन्म त्याग कर देवताओ की तरह विहार किया करते हैं ॥ ६६ ॥ भगवान महेश्वर ने जो सनातन पाँच धर्म बतलाये हैं उन सबको क्रम के योग से मैं कहता हूँ मेरे द्वारा कहे जाने वाले उन सबको आप लोग भली-भाँति समझ लो ॥ ७० ॥

प्राणायामस्तथा ध्यान प्रत्याहारोऽथ धारणा ।
स्मरणञ्चैव योगेऽस्मिन् पञ्च धर्मा प्रकीर्त्तिता ॥७१
तेषा क्रमविशेषेण लक्षण कारण तथा ।
प्रवक्ष्यामि तथा तत्त्व यथा रुद्रेण भाषितम् ॥७२
प्राणायामगतिश्चापि प्राणस्यायाम उच्यते ।
स चापि त्रिविध प्रोक्तो मन्दो मध्योत्तमस्तथा ॥७३
प्राणाना च निरोधस्तु स प्राणायामसज्ञित ।
प्राणायामप्रमाणन्तु मात्रा वै द्वादश स्मृता ॥७४

योग तपश्च सत्यञ्च धर्मश्चापि महामुने ।
माहेश्वरस्य ज्ञानस्य साधनञ्च प्रचक्ष्व नः ॥६३
येन येन च धर्मेण गतिं प्राप्स्यन्ति वै द्विजा ।
तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि योगं माहेश्वरं प्रभो ६४

उस समय पर श्रीमान महादेव के द्वारा इस प्रकार से कहे गये ब्रह्माजी ने उत्तर दिया और प्रजापति हर्षित होते हुए मौन से बोले—इस प्रकार से आपका भ पाण हो—हे प्रभो ! जैसा भी आपने कहा है । ब्रह्मा के द्वारा समनुज्ञात होने पर सदा सब ठीक हुआ ॥ ५ —५८ ॥ तब से लेकर फिर देवों के स्वामी ने आगे प्रजा का सृजन नहीं किया था । जब तक आभूत सम्प्लव अर्थात् महाप्रलय नहीं हुआ तब तक ऊर्द्ध्व रेता होकर स्थाणु के रूप मे स्थित हो गये । मैं स्थित हूँ यह कहने के कारण से ही स्थाणु इस नाम से प्रसिद्ध हुए है ॥५६॥ ज्ञान वैराग्य ऐश्वर्य तप सत्य क्षमा धृति स्रष्टृत्व, आत्म सम्बोध अधिष्ठातृत्व ये सदा शङ्कर मे नित्य ही विद्यमान रहा करते हैं ॥ ६ ॥ समस्त देवता ऋषिवृन्द और उनके अनुचर इन सबको अपने तेज से ये अतिक्रान्त कर देते हैं अतएव यह महादेव कहल ये गये हैं ॥ ६१ ॥ ऐश्वर्य से देवो का तथा बल से महान् असुरो का ज्ञान से समस्त मुनिगण का एव योग से सम्पूर्ण प्राणिमात्र का सब ओर से अतिक्रमण महादेव शम्भु कर लिया करते हैं । ६२ ॥ ऋषियो ने कहा—हे महामुने ! महेश्वर भगवान का योग तप सत्य धर्म तथा ज्ञान का साधन हमारे सामने वर्णन कीजिये हम उसे श्रवण करना चाहते हैं ॥ ६३ ॥ हे प्रभो ! जिस जिस धर्म से द्विज गति को प्राप्त किया करते है वह सभी माहेश्वर योग को सुनना चाहते हैं ॥ ६४ ।

पञ्च धर्माः पुराणे तु रुद्रेण समुदाहृता ।
माहेश्वर्यं यथा प्रोक्तं रुद्रैरक्लिष्टकर्मभिः ॥६५
आदित्यैर्वसुभिः साध्यैरश्विभ्यां च सर्वशः ।
मरुद्भिर्भृगुभिश्चैव ये चान्ये विबुधालया ॥६६
यमशुक्रगुरोगैश्च पितृभिः कालतस्तथा ।
एतैश्चान्यैश्च बहुभिस्ते धर्माः पर्युपासिता ॥६७

ते वै प्रक्षीणकर्माण शारदाम्बरनिर्मला ।
उपासते मुनिगणा सन्ध्यायात्मानमात्मनि ॥६८
गुरुप्रियहिते युक्ता गुरुणा वै प्रियेप्सव ।
विमुच्य मानुष जन्म विहरन्ति च देववन् ॥६९
महेश्वरेण ये प्रोक्ता पञ्च धर्मा सनातना ।
तान् सर्वान् क्रमयोगेन उच्यमानान्नि बोधत ।७०

वायुदेव ने कहा—पुराण मे रुद्र ने पाँच धर्म बतलाये है । अविनष्ट कर्म करने वाले रुद्रो ने जिस प्रकार से माहेश्वर्य ज्ञान को बतलाया है उन समस्त धर्मों की जिन्होंने उपासना की है वह मैं बतलाता हूँ ॥ ६५ ॥ आदित्य, वसु, साध्य, अश्विनीकुमार, मरुद्गण भृगु और जो अन्य देवगण हैं उन्होने तथा यम, शुक्र जिन के पुरोगामी हैं उनके द्वारा तथा पितृ कालान्तक इन सबके द्वारा एव अन्य बहुतो के द्वारा वे समस्त धर्म उपासित किये गये हैं ॥ ६६–६७ ॥ प्रक्षीण कर्म वाले और शरत्काल के अम्बर के सदृश निर्मल चित्त वाले वे मुनियो के समूह सन्ध्या मे आत्मा में आत्मा की उपासना करते हैं ॥ ६८ ॥ अपने गुरु के प्रिय और हित के कार्य मे सदा युक्त रहने वाले और गुरु के प्रिय की इच्छा रखने वाले मनुष्य का जन्म त्याग कर देवताओ की तरह विहार किया करते हैं ॥ ६९ ॥ भगवान महेश्वर ने जो सनातन पाँच धर्म बतलाये हैं उन सबको क्रम के योग से मैं कहता हूँ मेरे द्वारा कहे जाने वाले उन सबको आप लोग भली-भाँति समझ लो ॥ ७० ॥

प्राणायामस्तथा ध्यान प्रत्याहारोऽथ धारणा ।
स्मरणञ्चैव योगेऽस्मिन् पञ्च धर्मा प्रकीर्तिता ॥७१
तेषा क्रमविशेषेण लक्षण कारण तथा ।
प्रवक्ष्यामि तथा तत्त्व यथा रुद्रेण भाषितम् ॥७२
प्राणायामगतिश्चापि प्राणस्यायाम उच्यते ।
स चापि त्रिविध प्रोक्तो मन्दो मध्योत्तमस्तथा ॥७३
प्राणाना च निरोधस्तु स प्राणायामसञ्ज्ञित ।
प्राणायामप्रमाणन्तु मात्रा वै द्वादश स्मृता ॥७४

मन्दो द्वादशमात्रस्तु उद्घाता द्वादश स्मृता ।
मध्यमश्च द्विरुद्घातश्चतुर्विंशतिमात्रिक ॥७५
उत्तमस्त्रिरुद्घातो मात्रा षट्त्रिंशदुच्यते ।
स्वेदकम्पविषादानां जननो ह्युत्तमः स्मृतः ।७६
इत्येतत् त्रिविधं प्रोक्तं प्राणायामस्य लक्षणम् ।
प्रमाणञ्च समासेन लक्षणञ्च निबोधत ॥७७

प्राणायाम ध्यान प्रत्याहार, धारणा और स्मरण ये पाँच बातें इस योग मे धर्म के नाम से कही गयी हैं ॥ ७१ ॥ इन पाँचो का क्रम विशेष से लक्षण कारण तथा तत्व जैसा कि भगवान रुद्र ने कहा है उसे मैं बताता हूँ ॥ ७२ ॥ प्राणायाम की गति भी प्राण का आयाम कहा जाता है और वह भी तीन प्रकार का होता है । एक मन्द होता है दूसरा मध्यम और तृतीय उत्तम होता है ॥ ७३ ॥ प्राणो का निरोध जो किया जाता है वही प्राणायाम इस सज्ञा वाला होता है । प्राणायाम का प्रमाण द्वादश मात्रा बताई गई है ॥७४॥ मन्द सज्ञक प्राणायाम द्वादश मात्रा वाला ही होता है । इसमे द्वादश उद्घात मात्रा बताई गई है । प्राणायाम का दूसरा मध्यम नाम वाला जो भेद है उसमे दो बार उद्घात होता है और चौबीस मात्राएं हो जाती हैं । तीसरे उत्तम नामक भेद मे तीन बार उद्घात होकर छत्तीस मात्राऐ होती हैं । स्वेद कम्प और विषाद का जनन करने वाला उत्तम कहा गया है ॥ ७५—७६ ॥ ये तीन प्रकार वाला प्राणायाम का लक्षण बताया गया है । सक्षेप मे इसका प्रमाण और लक्षण समझ लो ॥ ७७ ॥

सिंहो वा कुञ्जरो वापि तथाऽन्यो वा मृगो वने ।
गृहीतः सेव्यमानस्तु मृदुः समुपजायते ॥७८
तथा प्राणो दुराधर्षः सर्वेषामकृतात्मनाम् ।
योगतः सेव्यमानस्तु स एवाभ्यासतो व्रजेत् ॥७९
स चैव हि यथा सिंहः कुञ्जरो वापि दुर्बलः ।
कालान्तरवशाद्योगाद्गम्यते परिमर्दनात् ॥८०
परिधाम मनो मन्दं वश्यत्वं चाधिगच्छति ।
परिधाय मनाश्चैव तथा जीयति मारुतः ॥८१

वश्यत्व हि तथा वायुर्गच्छते योगमास्थित ।
तदा स्वच्छन्दत प्राण नयते यत्र चेच्छति ।।८२

यथा सिहो गजो वापि वश्यत्वादवतिष्ठते ।
अभयाय मनुष्याणा मृगेभ्य सप्रवर्त्तते ।।८३

यथा परिचितश्चाय वायुर्वै विश्वतो मुख ।
परिध्यायमान सरुद्ध शरीरे किल्विष दहत् ।।८४

सिंह हो अथवा हाथी हो तथा वन मे अन्य कोई मृग हो, उसे ग्रहण कर लिया जावे और सेव्यमान बनाया जावे तो वह मृदु हो जाता है अर्थात् उस हिंस्र पशु की नैसर्गिक क्रूरता का ह्रास होकर उसमे कोमल भाव आ जाता है ।।७८।। इसी भाँति अकृतात्मा समस्त मानवो का प्राण बहुत ही दुराधर्ष होता है अर्थात् आत्म-बल से हीन मनुष्यो का प्राण धर्षण के अयोग्य होता है। यदि योग के अभ्यास से वही प्राण सेव्यमान होकर वही जाता है ।। ७९ ।। जिस प्रकार कोई दुर्बल शेर या हाथी कालान्तर मे योग के वश से परिमर्दन होने से गम्य होता है उसी भाँति प्राण भी होता है ।८० ।। मन मन्द को परिधान करके वश्यत्व को प्राप्त होता है। मारुत मनोदेव का परिधान करके जीवित रहता है ।।८१।। योग में आस्थित होता हुआ वायु जिस प्रकार से वश्यत्व को प्राप्त होता है उसी तरह उस समय वह जहाँ भी चाहता है वही स्वच्छन्दता के साथ प्राण को ले जाता है ।। ८२ ।। जिस प्रकार से सिंह अथवा हाथी वश्यत्व हो जाने से अवस्थित हो जाता है और मनुष्यों को पशुओ से भय रहित कर देता है ।। ८३ ।। उसी तरह यह विश्वतोमुख वायु अर्थात् सभी ओर सर्वत्र गमनशील वायु परिचित होता हुआ परिध्यायमान होकर जब सरुद्ध होता है तो वह शरीर मे जो किल्विष होता है उसका दाह कर दिया करता है ।। ८४ ।।

प्राणायामेन युक्तस्य विप्रस्य नियतात्मन ।
सर्वे दोषा प्रणश्यन्ति सत्वस्थश्चैव जायते ।।८५

तपासि यानि तप्यन्ते व्रतानि नियमाश्च ये ।
सर्व यज्ञफलश्चैव प्राणायामश्च तत्सम ।।८६

मन्दो द्वादशमात्रस्तु उद्घाता द्वादश स्मृता ।
मध्यमश्च द्विरुद्घातश्चतुर्विंशतिमात्रिक ॥७५
उत्तमस्त्रिरुद्घातो मात्रा षट्त्रिंशदुच्यते ।
स्वेदकम्पविषादाना जननो ह्युत्तम स्मृत ॥७६
इत्येतत् त्रिविध प्रोक्त प्राणायामस्य लक्षणम् ।
प्रमाणञ्च समासेन लक्षणञ्च निबोधत ॥७७

प्राणायाम ध्यान प्रत्याहार धारणा और स्मरण ये पाँच बातें इस योग मे धर्म के नाम से कही गयी हैं ॥ ७१ ॥ उन पाँचो का क्रम विशेष से लक्षण कारण तथा तत्त्व जैसा कि भगवान रुद्र ने कहा है उसे मैं बताता हूँ ॥ ७२ ॥ प्राणायाम की गति भी प्राण का आयाम कहा जाता है और वह भी तीन प्रकार का होता है। एक मन्द होता है दूसरा मध्यम और तृतीय उत्तम होता है ॥ ७३ ॥ प्राणो का निरोध जो किया जाता है वही प्राणायाम इस संज्ञा वाला होता है। प्राणायाम का प्रमाण द्वादश मात्रा बताई गई हैं ॥७४॥ मन्द संज्ञक प्राणायाम द्वादश मात्रा वाला ही होता है। इसमे द्वादश उद्घात मात्रा बताई गई है। प्राणायाम का दूसरा मध्यम नाम वाला जो भेद है उसमे दो बार उद्घात होता है और चौबीस मात्राएं हो जाती हैं। तीसरे उत्तम नामक भेद मे तीन बार उद्घात होकर छत्तीस मात्राऐं होती हैं। स्वेद कम्प और विषाद का जनन करने वाला उत्तम कहा गया है ॥ ७५—७६ ॥ ये तीन प्रकार वाला प्राणायाम का लक्षण बताया गया है। सक्षेप मे इसका प्रमाण और लक्षण समझ लो ॥ ७७ ॥

सिंहो वा कुञ्जरो वापि तथाऽन्यो वा मृगो वने ।
गृहीत सेव्यमानस्तु मृदु समुपजायते ॥७८
तथा प्राणो दुराधर्ष सर्व पामकृतात्मनाम् ।
योगत सेव्यमानस्तु स एवाभ्यासतो व्रजेत् ॥७९
स चैव हि यथा सिंह कुञ्जरो वापि दुर्बल ।
कालान्तरवशाद्योगाद्गम्यते परिमर्दनात् ॥८०
परिधाम मनो मन्द वशत्व चाधिगच्छति ।
परिधाय मनात्मेम तथा जीवति मारुत ॥८१

वश्यत्व हि तथा वायुर्गच्छते योगमास्थित ।
तदा स्वच्छन्दत प्राण नयते यत्र चेच्छति ॥८२

यथा सिंहो गजो वापि वश्यत्वादवतिष्ठते ।
अभयाय मनुष्याणा मृगेभ्य सम्प्रवर्त्तते ॥८३

यथा परिचितश्चाय वायुर्वै विश्वतो मुख ।
परिध्यायमान सरुद्ध शरीरे किल्विष दहत् ॥८४

सिंह हो अथवा हाथी हो तथा वन में अन्य कोई मृग हो, उसे ग्रहण कर लिया जावे और सेव्यमान बनाया जावे तो वह मृदु हो जाता है अर्थात् उस हिंस्र पशु की नैसर्गिक क्रूरता का ह्रास होकर उसमे कोमल भाव आ जाता है ॥७८॥ इसी भाँति अकृतात्मा समस्त मानवो का प्राण बहुत ही दुराधर्ष होता है अर्थात् आत्म-बल से हीन मनुष्यो का प्राण धर्षण के अयोग्य होता है । यदि योग के अभ्यास से वही प्राण सेव्यमान होकर वही जाता है ॥ ७९ ॥ जिस प्रकार कोई दुबल शेर या हाथी कालान्तर मे योग के वश से परिमदन होने से गम्य होता है उसी भाँति प्राण भी होता है । ८० ॥ मन मन्द को परिधान करके वश्यत्व को प्राप्त होता है । मारुत मनोदेव का परिधान करके जीवित रहता है ॥८१॥ योग में आस्थित होता हुआ वायु जिस प्रकार से वश्यत्व को प्राप्त होता है उसी तरह उस समय वह जहाँ भी चाहता है वही स्वच्छन्दता के साथ प्राण को ले जाता है ॥ ८२ ॥ जिस प्रकार से सिंह अथवा हाथी वश्यत्व हो जाने से अवस्थित हो जाता है और मनुष्यो को पशुओ से भय रहित कर देता है ॥ ८३ ॥ उसी तरह यह विश्वतोमुख वायु अर्थात् सभी ओर सवत्र गमनशील वायु परिचित होता हुआ परिध्यायमान होकर जब सरुद्ध होता है तो वह शरीर मे जो किल्विष होता है उसका दाह कर दिया करता है ॥ ८४ ॥

प्राणायामेन युक्तस्य विप्रस्य नियतात्मन ।
सर्वे दोषा प्रणश्यन्ति सत्त्वस्थश्चैव जायते ॥८५

तपासि यानि तप्यन्ते व्रतानि नियमाश्च ये ।
सर्वयज्ञफलश्चैव प्राणायामश्च तत्सम ॥८६

अविन्दु य कुशाग्रेण मासि मासि समश्नुते ।
संवत्सरशतं साग्रं प्राणायामश्च तत्समम् । ८७
प्राणायामैर्दहेद्दोषान् धारणाभिश्च किल्बिषम् ।
प्रत्याहारेण विषयान् ध्यानेनानीश्वरान् गुणान् ॥८८
तस्माद्युक्तः सदा योगी प्राणायामपरो भवेत् ।
सर्वपापविशुद्धात्मा परं ब्रह्माधिगच्छति ॥८९

प्राणायाम से युक्त नियत आत्मा वाले विप्र के समस्त दोष नष्ट हो जाया करते हैं और फिर वह केवल सत्वगुण में ही स्थित रहा करता है ॥ ८५ ॥ जो भी तपश्चर्या तपी जाती हैं व्रत लिये जाते हैं और नियम ग्रहण किये जाते हैं तथा समस्त यज्ञों के करने का जो भी कुछ फल होता है वह सब प्राणायाम के समान होता है ॥ ८६ ॥ जो कोई मास मास में कुशा के अग्रभाग से जल के बिन्दु को ग्रहण करता है और सौ वर्ष तक करता रहता है यह सब प्राणायाम के तुल्य ही होता है ॥ ८७ ॥ प्राणायामों के द्वारा मनुष्य अपने समस्त दोषों को दग्ध कर दिया करता है धारणाओं के द्वारा किल्विष का नाश कर देता है, प्रत्याहार से विषयों का संहार कर देता है और ध्यान के द्वारा अनीश्वर गुणों का क्षय करता है ॥ ८८ ॥ इसलिये योगी को सर्वदा युक्त होकर प्राणायाम में परायण होना चाहिये । वह फिर समस्त पापों से विशुद्ध आत्मा वाला होकर परब्रह्म को प्राप्त कर लिया करता है ॥ ८९ ॥

## ॥ पाशुपत-योग ॥

एकं महान्तं दिवसमहोरात्रमथापि वा ।
अर्द्धमासं तथा मासमयनाब्दयुगानि च ॥१
महायुगसहस्राणि ऋषयस्तपसि स्थिताः ।
उपासते महात्मानः प्राणं दिव्येन चक्षुषा ॥२
अतऊर्द्ध्वं प्रवक्ष्यामि प्राणायामप्रयोजनम् ।
फलञ्च च विशेषेण यथाह भगवान् प्रभुः ॥३
प्रयोजनानि चत्वारि प्राणायामस्य विद्धि वै ।
शान्तिः प्रशान्तिर्दीप्तिश्च प्रसादश्च चतुष्टयम् ॥४

घोराकारशिवानान्तु कर्मणा फलसम्भवम् ।
स्वयकृतानि कालेन इहामुत्र च देहिनाम् ॥५
पितृमातृ प्रदुष्टाना ज्ञातिसम्बन्धिसङ्करै ।
क्षपण हि कषायाणा पापाना शान्तिरुच्यते ॥६
लोभमानात्मकाना हि पापानामपि सयम ।
इहामुत्र हितार्थाय प्रशान्तिस्तप उच्यते ॥७

श्री वायु ने कहा—एक महान् दिन अथवा एक अहोरात्र अर्थात् पूरा दिन और पूरी रात्रि, अधमास अर्थात् पन्द्रह दिन, मास, अयन, अब्द अर्थात् वर्ष, युग और सहस्रो महायुग तक महान् आत्मा वाले ऋषिगण तपश्चर्या में स्थित होते हुये दिव्य चक्षु के द्वारा प्राणायाम की उपासना किया करते हैं ॥ १-२ ॥ इससे आगे प्राणायाम का प्रयोजन बतलाया जाता है और जैसा कि भगवान प्रभु ने कहा है उसका विशेष रूप से फल भी बतलाते हैं ॥ ३ ॥ प्राणायाम के चार प्रयोजन जान लो—शान्ति, प्रशान्ति, दीप्ति और चौथा प्रसाद—ये प्रयोजन चतुष्टय होता है ॥ ४ ॥ देहधारियों के घोर आकार वाले तथा शिव कर्मों की फल की उत्पत्ति स्वयकृत इस लोक में अथवा परलोक मे कुछ काल मे होती है ॥ ५ ॥ पिता माता के द्वारा प्रकृष्ट रूप से दुष्ट एव ज्ञाति सम्बन्धी सङ्करों से दोपयुक्त कषाय पापों का क्षपण शान्ति कही जाती है ॥ ६ ॥ लोभ और मान-स्वरूप वाले पापो का सयम इस लोक मे और परलोक में हित के लिये जो तप होता है "प्रशान्ति" कही जाती है ॥ ७ ॥

सूर्येन्दुग्रहताराणा तुल्यस्तु विषयो भवेत् ।
ऋषीणाञ्च प्रसिद्धाना ज्ञानविज्ञानसम्पदाम् ॥८
अतीतानागतानाञ्च दर्शन साम्प्रतस्य च ।
बुद्धस्य समता यान्ति दीप्ति स्यात्तप उच्यते ॥९
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थाश्च मन पञ्च च मारुतान् ।
प्रसादयति येनासौ प्रसाद इति सज्ञित ॥१०
इत्येष धर्म प्रथम प्राणायामश्चतुर्विध ।
सन्निकृष्टफलो ज्ञेय सद्य काल प्रसादज ॥११

अत ऊर्ध्व प्रवक्ष्यामि प्राणायामस्य लक्षणम् ।
आसन च यथातत्त्व युञ्जतो योगमव च ॥१२
ओङ्कार प्रथम कृत्वा चन्द्रसूर्यौ प्रणम्य च ।
आसन स्वस्तिक कृत्वा पद्ममर्द्धासनन्तथा ॥१३
समजानुरेकजानुरुत्तान सुस्थितोऽपि च ।
समो दृढासनो भूत्वा स८ृत्य चरणावुभौ ॥१४

सूर्य चन्द्र ग्रह और ताराओ के तुल्य विषय होता है। ज्ञान और विज्ञान की सम्पत्ति स्वरूप प्रसिद्ध ऋषियो के तथा जो पहिले हो चुके हैं उनके एव भविष्य मे होने वालो के और बोध से युक्त इस समय मे होने वाले के दर्शन समानता को प्राप्त होते हैं और वह दीप्ति होती है यह तप कहा जाता है ॥ ८-९ ॥ इन्द्रियाँ और इन्द्रियो के अर्थ अर्थात् विषय मन और पाँच मारुतों को जिससे प्रसाद होता है इसलिय यह प्रसाद इस सज्ञा से युक्त हुआ है ॥१ ॥ यह प्रथम क्रम है और प्राणायाम चार प्रकार का होता है। सद्य काल में प्रसाद स उत्पन्न होने वाला सन्नकृष्ट फल वाला जानना चाहिए ॥ ११ ॥ इसके आगे प्राणायाम का लक्षण बताते हैं और योग को ही करने वाले के यथातथ्य आसन को भी बताया जाता है ॥ १२ ॥ सब प्रथम ओङ्कार का उच्चारण करे फिर चन्द्र और सूर्य देव को प्रणाम करे इसके पश्चात् स्वस्तिक आसन करे तथा पद्म या अर्धासन करे ॥ १३ ॥ समान जानुओ वाला एक जानु उत्तान और सुस्थित सम और दृढ आसन वाला होकर दोनो चरणो को सहृत करे ॥१४॥

सवृतास्योऽवबद्धाक्ष उरो विष्टभ्य चाग्रत ।
पार्ष्णिभ्या वृषणो छाद्य तथा प्रजनन तत ॥१५
किञ्चिदुन्नामितशिरा शिरो ग्रीवा तथैव च ।
सम्प्रेक्ष्य नासिकाग्र स्व दिशश्चानवलोकयन् ॥१६
तम प्रच्छाद्य रजसा रज सत्त्वेन च्छादयेत् ।
तत सत्त्वस्थितो भूत्वा योग युञ्जन् समाहित ॥१७
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थांश्च मन पञ्च स मारुतान् ।
विगृह्य समवायेन प्रत्याहारमुपक्रमेत् ॥१८

यस्तु प्रत्याहरेत् कामान् कूर्मोऽङ्गानीव सर्वत ।
तथात्मरतिरेकस्थ. पश्यत्यात्मानमात्मनि ॥१९
पूरयित्वा शरीरन्तु स बाह्याभ्यन्तर शुचि· ।
आकण्ठनाभियोगेन प्रत्याहारमुपक्रमेत् ॥२०
कलामात्रस्तु विज्ञेयो निमेषोन्मेष एव च ।
तथा द्वादशमात्रस्तु प्राणायामो विधीयते ॥२१

अपने मुख को बन्द करके—आँखो को बन्द करके और उर स्थल को आगे की ओर निकालकर—पार्ष्णियो से वृषणो को तथा जननेन्द्रिय को छादित करे ॥१५॥ कुछ ऊँचा सिर करने वाला सिर और ग्रीवा (गरदन) को ऊँचे की ओर करे और अपनी नासिका के अग्र भाग को देखे तथा इधर-उधर किसी भी ओर दिशाओ मे नही देखे ॥१६॥ रजोगुण से तमोगुण का प्रच्छादन करे और फिर सत्त्व के द्वारा रजोगुण का छादन करना चाहिए । इसके अनन्तर सत्त्वगुण में स्थित होकर बहुत समाहित भाव से योग का अभ्यास करे ॥१७॥ इन्द्रियो को और समस्त इन्द्रियो के अर्थों को—मन को तथा पाँच मारुतो को समवाय से विगृहीत करके प्रत्याहार करने का उपक्रम करना चाहिए ॥१८॥ जो कूर्म के द्वारा अपने अङ्गो की भाँति सभी ओर से अपनी कामनाओ का प्रत्याहरण करता है और आत्मरति वाला होता हुआ एकस्थ अर्थात् एकाग्र होकर अपने में ही आत्मा को देखता है ॥१९॥ बाहर और भीतर से शुचि होकर शरीर को पूरित करे और आकण्ठ नाभि के योग से प्रत्याहार का उपक्रम करना चाहिए ॥२०॥ एक कला मात्र निमेष और उन्मेष जानना चाहिए फिर द्वादश मात्रा वाला प्राणायाम किया जाता है ॥२१॥

धारणा द्वादशायामो योगो वै धारणाद्वयम् ।
तथा वै योगयुक्तश्च ऐश्वर्यं प्रतिपद्यते ।
वीक्षते परमात्मान दीप्यमान स्वतेजसा ॥२२
प्राणायामेन युक्तस्य विप्रस्य नियतात्मन ।
सर्वे दोषा प्रणश्यन्ति सत्त्वस्थश्चैव जायते ॥२३
एव वै नियताहार प्राणायामपरायण ।

जित्वा जित्वा सदा भूमिमारोहेत्तु सदा मुनि ॥२४
अजिता हि महाभूमिर्दोषानुत्पादयेद्बहून् ।
विवर्द्धयति सम्मोह न रोहेदजिता तत ॥२५
नालेन तु यथा तोय यन्त्रेणव बलान्वित ।
आपिबेत प्रयत्नेन तथा वायुर्जितश्रम ॥२६
नाभ्या च हृदये चव कण्ठे उरसि चानने ।
नासाग्र तु तथा नेत्रे भ्रुवोमध्येऽथ मद्ध नि ॥२७
किञ्चिद्रूद्ध परस्मिश्च धारणा परमा स्मृता ।
प्राणापानसमारोधान् प्राणायाम स कथ्यते ॥२८

द्वादशायाम धारणा होती है और दो धारणाओ का योग होता है और इस प्रकार से योग से युक्त होकर ऐश्वर्य को प्राप्त हो जाता है फिर अपने तेज से दीप्यमान परमात्मा को देख लेता है ॥२२॥ प्राणायाम से युक्त नियत आत्मा वाले विप्र के समस्त दोष नष्ट हो जाते हैं और फिर वह केवल सत्व मे ही स्थित रहने वाला होता है ॥२३॥ इस प्रकार से नियत आहार वाला और सर्वदा प्राणायाम करने तत्पर रहने वाला सदा मुनि जीत-जीत कर भूमि का आरोहण करे ॥२४॥ न जीती हुई महाभूमि बहुत से दोषो को उत्पन्न कर देती है और सम्मोह को बढा देती है इसलिये अजिता का कभी आरोहण नही करना चाहिए ॥२५॥ नाल यन्त्र से बल से अन्वित होता हुआ जिस प्रकार से जल को पीता है उसी प्रकार से प्रयत्न से वायु को श्रम से जीते ॥२६॥ नाभि मे हृदय मे कण्ठ मे उरस्थल मे मुख मे नासा के अग्रभाग मे नेत्र मे भ्रुवो के मध्य मे और मूर्धा मे कुछ ऊर्ध्व मे और पर मे धारणा परम कही गई है । प्राण और अपान के समारोध करने से वह प्राणायाम कहा जाता है ॥२७ २८॥

मनसो धारणा चव धारणेति प्रकीर्तिता ।
निवृत्ति विषयाणान्तु प्रत्याहारस्तु सज्ञित ॥२९
सर्वेषा समवाये तु सिद्धि स्याद्योगलक्षणा ।
तयोत्पन्नस्य योगस्य ध्यान व सिद्धिलक्षणम् ।
ध्यानयुक्त सदा पश्येदात्मान सूर्यचन्द्रवत् ॥३०

सत्त्वस्यानुपपत्तौ तु दर्शनन्तु न विद्यते ।
अदेशकालयोगस्य दर्शनन्तु न विद्यते ॥३१
अग्न्यभ्याशे वने वापि शुष्कपर्णचये तथा ।
जन्तुव्याप्ते श्मशाने वा जीर्णगोष्ठे चतुष्पथे ॥३२
सशब्दे सभये वापि चैत्यवल्मीकसञ्चये ।
उदपाने तथा नद्यान्न बाधात कदाचन ॥३३
क्षुधाविष्टस्तथाऽप्रीतो न च व्याकुलचेतन ।
युञ्जीत परम ध्यान योगी ध्यानपर सदा ॥३४
एतान् दोषान् विनिश्चित्य प्रमादाद्यो युनक्ति वै ।
तस्य दोषा प्रकुप्यन्ति शरीरे विघ्नकारका ॥३५

मन की धारणा ही धारणा इस नाम से कीत्तित हुई है । विषयों की निवृत्ति प्रत्याहार इस सज्ञा से युक्त हुआ है ॥२९॥ प्राणायामादि समस्तो के समवाय मे ही योग के लक्षण वाली सिद्धि होती है । उससे उत्पन्न योग का ध्यान सिद्धि का लक्षण है । ध्यान से युक्त सदा आत्मा को सूयचन्द्र की भाँति देखता है ॥३०॥ सत्व की उत्पत्ति न होने पर दर्शन नही होता है । देश और काल के योग से रहित को दर्शन नही होता है ॥३१॥ अग्नि के समीप मे—वन में—शुष्क पत्तो के ढेर मे—जन्तुओ से व्याप्त स्थान मे—श्मशान मे—पुराने टूटे-फूटे गोष्ठ मे—चतुष्पथ मे—शब्दो से अर्थात् कोलाहल पूर्ण स्थान मे—भय से पूर्ण प्रदेश मे—चैत्य और वल्मीको के सचय वाली स्थान मे—उदपान में—अन्नादि बाधा से युक्त—क्षुधा से आविष्ट—अप्रसन्न और व्याकुल चित्त वाला पुरुष सदा ध्यान में परायण योगी परम ध्यान कभी न करे । तात्पर्य यह है कि ऐसी परिस्थिति मे ध्यानादि कभी नही करना चाहिए ॥३२ ३३-३४॥ इन उक्त दोषो का विशेष रूप से निश्चय करके प्रमाद से जो योग का अभ्यास करता है उसके दोष प्रकुपित हो जाते हैं और शरीर मे विघ्नो के करने वाले हो जाते हैं ॥३५॥

जडत्व बधिरत्व च मूकत्व चाधिगच्छति ।
अन्धत्व स्मृतिलोपश्च जरा रोगस्तथैव च ॥३६

तस्य दोषा प्रकुप्यन्ति अज्ञानाद्या युनक्ति वै ।
तस्माज्ज्ञानेन शुद्ध न योगी युञ्ज्यत्समाहित ॥३७
अप्रमत्त सदा चव न दोषान् प्राप्नुयान् क्वचित् ।
तेषा चिकित्सा वक्ष्यामि दोषाणा च यथाक्रमम् ।
यथा गच्छन्ति ते दोषा प्राणायामसमुत्थिता ॥ ८
स्निग्धा यवागूमत्युष्णा भुक्त्वा तत्रावधारयेन् ।
एतेन क्रमयोगेन वातगुल्म प्रशाम्यति ॥ ६
गुदावर्त्तप्रतीकाररमिद कुर्य्याच्चिकित्सितम् ।
भुक्त्वा दधियवागूर्वा वायुरूर्ध्व ततो व्रजेन् ॥४०
वायुग्रंथि ततो भित्त्वा वायुर्देश प्रयोजयेन् ।
तथापि न विशेष स्याद्धारणा मूर्ध्नि धारयेत् ॥४१
युञ्जानस्य तनु तस्य सत्त्वस्थस्यैव देहिन ।
गुदावर्त्तप्रतीघाते एतत् कुर्य्याच्चिकित्सितम् ॥४२

समय–स्थिति–देश आदि की कुछ भी परवाह न करके जो योग का अभ्यास किया करते हैं उनको जडता–बहरापन–मूकता हो जाते है । अ ज्ञापन—स्मृति का लुप्त हो जाना—बुढापा और रोग आदि हो जाते हैं ।।३६। उस व्यक्ति के दोष प्रकुपित हो जाया करते हैं जो अज्ञान से योग का अभ्यास किया करते हैं। इसलिये शुद्ध ज्ञान से योगी को पूर्णतया समाहित होकर ही योगाभ्यास करना चाहिए ॥३७॥ जो अप्रमत्त अर्थात् प्रमाद से रहित होता है वह सर्वदा ही दोषों को प्राप्त नही किया करता है । उन दोषो की क्रम के अनुसार चिकित्सा बतलाते हैं जिससे कि प्राणायाम से उत्पन्न हुए दोष चले जाया करते हैं ॥३८॥ स्निग्ध अर्थात् घृत के स्नेह वाली अत्यन्त उष्ण यवागू को खाकर वहाँ अवधारण करना चाहिए। इस क्रम के योग से वात गुल्म प्रशान्त हो जाता है। ३६।। गुदावर्त्त का प्रतीकार चिकित्सा को करते हुए यही करे कि दही अथवा यवागू खाकर रहे इससे वायु ऊर्ध्व को चली जाती है ॥४ ॥ वायु की ग्रन्थि का भेदन कर उसे वायु के देश मे प्रयोजित करना चाहिए। तो भी विशेष न हो तो धारणा को मूर्धा मे धारण करे ।४१॥ जो युञ्जान व्यक्ति है

उसकी स्थिति सत्त्व मे होती है उस देही के गुदावर्त के प्रतिघात मे यह चिकित्सा करनी चाहिए ॥४२।

सर्वगात्रप्रकम्पेन समारब्धस्य योगिन ।
इमा चिकित्सा कुर्वीत तया सपद्यते सुखी ॥४३
मनसा यद्व्रत किञ्चिद्विष्टम्भीकृत्य धारयेत् ।
उरोद्घाते उर स्थान कण्ठदेशे च धारयेत् ॥४४
त्वचोऽवघाते ता वाचि वाधिर्ये श्रोत्र योस्तथा ।
जिह्वास्थाने तृपार्त्तस्तु अग्रे स्नेहाश्च तन्तुभि ।
फल वै चिन्तयेद्योगी तन सपद्यते सुखी ॥४५
क्षये कुष्ठे सकीलासे धारयेत्सर्वसात्विकीम् ।
यस्मिन् यस्मिन् रजोदेशे तस्मिन् युक्तो विनिर्द्दिशेत् ॥४६
योगोत्पन्नस्य विप्रस्य इद कुर्याच्चिकित्सितम् ।
वशकीलेन मूर्द्धानि धारयाणस्य ताडयेत् ।
मूर्ध्नि कीरा प्रतिष्ठाप्य काष्ठ काष्ठेन ताडयेत् ॥४७
भयभीयस्य सा सज्ञा तत प्रत्यागमिष्यति ।
अथ वा लुप्तसज्ञस्य हस्ताभ्या तत्र धारयेत् ॥४८
प्रतिलभ्य तत सज्ञा धारणा मूर्ध्नि धारयेत् ।
स्निग्धमल्प च भुञ्जीत तत सपद्यते सुखी ॥४९

शरीर के समस्त अङ्गो के प्रकम्प होने से समारब्ध योगी की इस चिकित्सा को करे उससे वह सुखी हो जाता है ॥४३॥ जो कोई भी व्रत हो उसे मन से विष्टम्भी कृत बनाकर धारण करना चाहिए अर्थात् मन मे पूर्ण दृढता करके ही धारण करे । उर के उद्घात होने पर उर स्थान को कण्ठ देश मे धारण करना चाहिए ॥४४॥ त्वक् का अवघात हो जाने पर उसको वाणी में धारण करे, श्रोत्रो के वधिरत्व मे उसी प्रकार करे । तृषा से आर्त्त को जिह्वा के स्थान मे आगे तन्तुओ से स्नेहो को धारण करे । योगी को फल का चिन्तन करना चाहिए इससे वह सुख वाला होता है ॥४५॥ क्षय मे–कुष्ठ मे और सकीलास मे सब सात्विकी को धारण करे । जिस-जिस मे रजोदेश मे युक्त

होते हुए उसका विनिर्देश करना चाहिए ॥४६॥ योगोत्पन्न विघ्न की यह चिकित्सा करे कि बांस की कील को मूर्धा मे धारण करते हुए ताडित करना चाहिए। मूर्धा मे कील प्रतिष्ठित करके काष्ठ को काष्ठ से ताडन करे ॥४७॥ भयभीत की तब यह संज्ञा आ जायगी । अथवा लुप्त संज्ञा वाले की हाथो से वहीं धारण करे ॥४८॥ फिर संज्ञा को प्राप्त कर धारणा को मूर्धा मे धारण करे। थोडा स्निग्ध पदार्थ खाना चाहिए तब वह सुखी हो जाता है ॥४९॥

अमानुषेण सत्त्वेन यदा बुध्यति योगवित् ।
दिव च पृथिवीञ्चैव वायुमग्नि च धारयेत् ॥५०
प्राणायामेन तत्सर्व दह्यमान वशीभवेत् ।
अथापि प्रविशेद्देह ततस्त प्रतिषधयेत् ॥५१
तत सस्तम्य योगेन धारयानस्य मूर्द्धनि ।
प्राणायामाग्निना दग्ध तत्सर्व विलय व्रजेत् ॥५२
कृष्णसर्पापराध तु धारयेद्धृदयोदरे ।
महज्जनस्तप सत्य हृदि कृत्वा तु धारयेद् ॥५३
विषस्य तु फल पीत्वा विशल्या धारयेत्तत ।
सर्वत सनगा पृथ्वी कृत्वा मनसि धारयेत् ॥५४
हृदि कत्वा समुद्राश्च तथा सर्वाश्च देवता ।
सहस्र ण घटानाञ्च युक्त स्नायीत योगवित् ॥५५

जिस समय योग का वेत्ता अमानुष सत्त्व से जागृत हो जाता है और दिव तथा पृथिवी को—वायु को और अग्नि को धारण करे ॥५ ॥ प्राणायाम से यह सब दह्यमान होकर वशीभूत हो जाते हैं और भी देह मे प्रवेश करे तो उसका प्रतिषेध कर देना चाहिए ॥५१॥ इसके अनन्तर योग से स्तम्भित कर मूर्धा मे धारण करने वाले के प्राणायाम की अग्नि से दग्ध हुआ वह सब विलीन हो जाता है ॥५२॥ कृष्ण सर्प के अपराध को हृदय के उदर मे धारण करे और महः—जन—तप और सत्य को हृदय मे करके धारण करना चाहिए ॥५३॥ विष के फल को पीकर फिर विशल्या को धारण करे। सब ओर से पृथ्वी को नगों से युक्त करके मन मे धारण करे । हृ य मे समस्त समुद्रो को तथा सपूर्ण

देवो को करके योग के ज्ञाता पुरुष को एक सहस्र घटो से स्नान करना चाहिए ॥५४-५५॥

उदके कण्ठमात्रे तु धारणा मूर्ध्नि धारयेत् ।
प्रतिस्रोतोविषाविष्टो धारयेत् सर्वगात्रिकीम् ॥५६
शीर्णोऽर्कपत्रपुटके पिबेद्वल्मीकमृत्तिकाम् ।
चिकित्सितविधिर्ह्येष विश्रुतो योगनिर्मित ॥५७
व्याख्यातस्तु समासेन योगदृष्टेन हेतुना ।
ब्रुवता लक्षण विद्धि विप्रस्य कथयेत् क्वचित् ॥५८
अथापि कथयेन्मोहात्तद्विज्ञान प्रलीयते ।
तस्मात प्रवृत्तिर्योगस्य न वक्तव्या कथञ्चन ॥५९
सत्त्व तथारोग्यमलोलुपत्व वर्णप्रभा सुस्वरसौम्यता च ।
गन्ध शुभो मूत्रपुरीषमल्प योगप्रवृत्ति प्रथमा शरीरे ॥६०
आत्मान पृथिवीञ्चैव ज्वलन्ती यदि पश्यति ।
कृत्वान्य विशते चैव विद्यात् सिद्धिमुपस्थिताम् ॥६१

कण्ठ मात्र जल मे धारणा को मूर्धा मे धारण करे । प्रति स्रोत के विष से आविष्ट होता हुआ सर्वगात्रिकी को धारण करना चाहिए ॥५६॥ शीर्ण होता हुआ आक के पत्तो के दोनो मे वल्मीक की मृत्तिका को पीना चाहिए यह योग मे निर्मित चिकित्सा की विधि बतलाई गई है ॥५७॥ योग मे दृष्ट हेतु से इसकी सक्षेप मे व्याख्या भी कर दी गई है । बोलने वाले से इसका लक्षण जानलो । किसी भी योग्य विप्र को इसे कह देना चाहिए ॥५८॥ और भी मोह के कारण यदि कहेगा तो वह विज्ञान प्रलीन हो जायगा । अतएव योग की प्रवृत्ति को किसी भी प्रकार से कहना नही चाहिए ॥५९॥ यह शरीर मे प्रथम योग की प्रवृत्ति है । इसमे सत्त्वगुण की पूर्ण वृद्धि होती है—आरोग्य, अलोलुपता, वर्णं की कान्ति, सुन्दर स्वर और सौम्यता, अच्छा गन्ध और अल्प मूत्र तथा मल ये सब इसमे हो जाते हैं ॥६०॥ यदि अपने आपको और जलती हुई पृथिवी को देखे तो अन्य को करके प्रवेश करे और सिद्धि को उपस्थित होने वाली समझ लेना चाहिए ॥६१॥

## ।। योगमार्ग के विघ्न ।।

अत ऊर्द्ध प्रवक्ष्यामि उपसर्गा यथा तथा ।
प्रादुर्भवन्ति ये दोषा दृष्टतत्त्वस्य देहिन ।।१
मानुष्यान् विविधान् कामान् कामयन् ऋतु स्त्रिय ।
विद्यादानफलञ्चैव उपसृष्टस्तु योगवित ।।२
अग्निहोत्र हविर्यज्ञमेतत प्रायतन तथा ।
मायाकर्म धन स्वर्गमुपसृष्टस्त काङ्क्षति ।।३
एव कर्मसु युक्तस्त सोऽविद्यावशमागत ।
उपसृष्टन्तु जानीयाद्बुद्ध्या चैव विसर्जयेत ।
नित्य ब्रह्मपरो युक्त उपसर्गात प्रमुच्यते ।।४
जितप्रत्युपसर्गस्य जितश्वासस्य देहिन ।
उपसर्गा प्रवर्त्तन्ते सात्त्वराजसतामसा ।।५
प्रतिभाश्रवणे चैव देवानाञ्चैव दर्शनम् ।
भ्रमावर्तश्च इत्येते सिद्धिलक्षणसंज्ञिता । ६
विद्या काव्य तथा शिल्प सर्व वाचामृतानि तु ।
विद्यार्थाश्चापतिष्ठन्ति प्रभावस्यैव लक्षणम् ।।७

श्री सूतजी ने कहा—अब इसके आगे जैसे-तैसे उपसर्गों को बतलाते हैं। तत्त्व को देख लेने वाले देहधारी को जो दोष प्रादुर्भूत हो जाते हैं ।।१।। मनुष्य से सम्बन्ध रखने वाले अनेक प्रकार के कामों की और स्त्री की ऋतु की कामना करनी चाहिए और उपसृष्ट और योग का वेत्ता पुरुष विद्या दान के फल की इच्छा करे ।।२। जो उपसृष्ट अर्थात् उपसर्ग से युक्त होता है वह पुरुष अग्निहोत्र हवि यज्ञ तथा यह प्रायतन माया कर्म धन और स्वर्ग की इच्छा करता है ।३। कर्मों मे युक्त वह अविद्या के वश मे आया हुआ होकर किया करता है उसे उपसृष्ट अर्थात् उपसर्ग से युक्त ही जान लेना चाहिए और बुद्धि मे इन सब का त्याग कर देना चाहिए। जो नित्य ही ब्रह्म परायण युक्त होता है वह उपसर्ग से प्रमुक्त हो जाता है ।।४। प्रत्युपसर्ग को जीत लेने वाले और श्वास को जीत लेने वाले देही को उपसर्ग प्रवृत्त हुआ करते हैं और वे सत्त्व से

्त्विक, राजस तथा तामस होते हैं ॥५॥ प्रतिभा के श्रवण से और देवो के दर्शन तथा भ्रमावर्त्त इतने ये सिद्धि के लक्षण की सज्ञा वाले कहे गये हैं ॥६॥ विद्या, काव्य, शिल्प और सर्व वाचावृत तथा विद्या के अर्थ मे ये सब उपस्थित होते हैं और यह सब प्रभाव का ही लक्षण कहा जाता है ॥७॥

शृणोति शब्दान् श्रोतव्यान् योजनाना शतादपि ।
सर्वज्ञश्च विधिज्ञश्च योगी चोन्मत्तवद्भवेत् ॥८
यक्षराक्षसगन्धर्वान् वीक्षते दिव्यमानुषान् ।
वेत्ति ताश्च महायोगी उपसर्गस्य लक्षणम् ॥९
देवदानवगन्धर्वान् ऋषीश्चापि तथा पितृन् ।
प्रेक्षते सर्वतश्चैव उन्मत्त त विनिर्दिशेत् ॥१०
भ्रमेण भ्राम्यते योगी चोद्यमानोऽन्तरात्मना ।
भ्रमेण भ्रान्तबुद्धेस्तु ज्ञान सर्वं प्रणश्यति ॥११
वार्त्ता नाशयते चित्त चोद्यमानोऽन्तरात्मना ।
वर्त्तनाक्रान्तबुद्धेस्तु सर्व ज्ञान प्रणश्यति ॥१२
आवृत्य मनसा शुक्ल पट वा कम्बल तथा ।
ततस्तु परम ब्रह्म क्षिप्रमेवानुचिन्तयेत् ॥१३
तस्माच्चैवात्मनो दोषास्तूपसर्गानुपस्थितान् ।
परित्यजेत मेधावी यदीच्छेत सिद्धिमात्मन ॥१४॥

एकसौ योजन सेभी सुनने के योग्य शब्दों को सुनलेता है, सब कुछ का ज्ञाता तथा विधियो का जानने वाला योगी एक उन्मत्त की भाँति हो जाता है ॥८॥ यक्ष, राक्षस और गन्धर्वों को तथा दिव्य मनुष्यो को वह देखता है और महान् योग वाला उनको जानता है, यह सब उपसर्ग का ही लक्षण होता है ॥९॥ देव, दानव, गन्धर्वो को ऋषियो, को तथा पितृगणो को सब ओर वह देखा करता है । उसे एक उन्माद से युक्त उन्मत्त व्यक्तिनिर्दिष्ट करना चाहिए ॥१०॥ अन्तरात्मा के द्वारा प्रेरित होता हुआ योगी भ्रम से भ्राम्यमाण होता है और जो भ्रम से भ्रान्त बुद्धि वाला हो जाता है उसका सम्पूर्ण ज्ञान नष्ट हो जाया करता है ॥११॥ अन्तरात्मा के द्वारा प्रेरित होने वाला वार्त्ता का नाश कर देता है

और जो वर्तन से आक्रान्त बुद्धि वाला होता है उसका समस्त ज्ञान स्पष्ट रूप से नष्ट हो जाता है ॥१२॥ उस स्थिति में मन से शुक्ल वस्त्र या कम्बल से आवृत होकर इसके अनन्तर शीघ्र ही ब्रह्म का अनुचिन्तन करना चाहिए ॥१३॥ उस से ही आत्मा के दोषों को तथा उक्तप्रकार के उपस्थित उपसर्गों को मेधा वाले पुरुष को परित्याग कर देना चाहिए यदि वह अपनी आत्मा की सिद्धि की इच्छा करता है। तो उसको सिद्धि के लिये ऐसे त्याग करने की परमावश्यकता होती है ॥१४॥

ऋषयो देवगन्धर्वा यक्षोरगमहासुराः ।
उपसर्गेषु संयुक्ता आवर्तन्ते पुनः पुनः ॥१५
तस्माद्युक्तः सदा योगी लघ्वाहारो जितेन्द्रियः ।
तथा सुप्तः सुसूक्ष्मेषु धारणां मूर्ध्नि धारयेत् ॥१६
ततस्तु योगयुक्तस्य जितनिद्रस्य योगिनः ।
उपसर्गाः पुनश्चान्ते जायन्ते प्राणमनकाः ॥१७
पृथिवीं धारयेत्सर्वां तमश्चापो ह्यनन्तरम् ।
ततोऽग्निश्च व सर्वेषामाकाशं मन एव च ॥१८
ततः परां पुनर्बुद्धिं धारयेद्यत्नतो यती ।
सिद्धीनाञ्चैव लिङ्गानि दृष्ट्वा दृष्ट्वा परित्यजेत् ॥१६
पृथ्वीं धारयमाणस्य मही सूक्ष्मा प्रवर्तते ।
अपो धारयमाणस्य आपः सूक्ष्मा भवन्ति हि ।
शीता रसा प्रवर्तन्ते सूक्ष्मा ह्यमृतसन्निभाः ॥२०
तेजो धारयमाणस्य तेजः सूक्ष्मं प्रवर्तते ।
आत्मानं मन्यते तेजस्तद्भावमनुपश्यति ॥२१

ऋषिगण देवता गन्धर्व यक्ष उरग और महान् असुर गण ये सब उपसर्ग से संयुक्त होकर बार बार आवर्तित हुआ करते हैं। १५॥ इसलिये जो युक्त योगी होता है उसे सर्वदा अल्प और हल्का आहार करने वाला इन्द्रियों को जीत लेने वाला होना चाहिए तथा सूक्ष्मों में सुप्त रहने वाला होकर उसे मूर्धा में धारणा को धारण करना चाहिए ॥१६॥ इस प्रकार से रहने वाले निद्रा

का जीत लेने वाले योग से युक्त योगी को अन्त मे फिर वे उससर्ग प्राणसज्ञा वाले हो जाया करते हैं ॥१७॥ समस्त पृथिवी को धारण करे इसके अनन्तर जलो को, फिर अग्नि को और सबके बाद आकाश को धारण करे ॥१८॥ इसके अनन्तर यती को मनसे भी परा बुद्धि को यत्न पूर्वक धारण करनी चाहिए। और इस बीच में जो भी सिद्धियो के चिह्न उपस्थित हो उन्हे देख,देख कर त्याग देना चाहिए ॥१९॥ पृथ्वी को धारण करने वाले के लिये यह मही अति सूक्ष्म प्रवृत्त होती है। जलो को धारण करने वाले के लिये जल सूक्ष्म हो जाते है और समस्त रस शीत तथा अमृत के तुल्य प्रवर्तमान हुआ करते हैं ॥२०॥ जब तेज को धारण किया जाता है तो वह तेज भी सूक्ष्म हो जाता है और आत्मा को तेज मानता है और तेज तद्भाव का ही अनुदर्शन किया करता है ॥२१॥

आत्मान मन्यते वायु वायुवन्मण्डल प्रभो ।
आकाश धारयाणस्य व्योम सूक्ष्म प्रवर्त्तते ॥२२
पश्यते मण्डल सूक्ष्म घोपश्वास्य प्रवर्त्तते ।
आत्मान मन्यते नित्य वायु सूक्ष्म प्रवर्त्तते ॥२३
तथा मनो धारयतो मन सूक्ष्म प्रवर्त्तते ।
मनसा सर्वभूताना मनस्तु विशते हि स ।
बुद्धचा बुद्धि यदा युङ्क्ते तदा विज्ञाय बुद्ध्यते ॥२४॥
एतानि सप्त सूक्ष्माणि विदित्वा यस्तु योगवित् ।
परित्यजति मेधावी स बुद्ध्या परम व्रजेत् ॥२५॥
यस्मिन् यस्मिश्च सयुक्तो भूत ऐश्वर्यलक्षणे ।
तत्रैव सङ्ग भजते तेनैव प्रविनश्यति ॥२६॥
तस्माद्विदित्वा सूक्ष्मणि ससक्तानि परस्परम् ।
परित्यजति यो बुद्धचा स पर प्राप्नुयाद्द्विज ॥२७
दृश्यन्ते हि महात्मान ऋषयो दिव्यचक्षुप ।
ससक्ता सूक्ष्मभावेपु ते दोपास्तेपु सज्ञिता ॥२८

हे प्रभो ! आत्मा को वायु मानता है और समस्त मण्डल को वायु की भाँति देखता है। आकाश को धारयमाण का व्योम सूक्ष्म हो जाता है ॥२२॥

नित्य ब्रह्मपरो युक्त स्थानान्येतानि व त्यजत् ।
असज्यमान स्थाने। द्विज सव गतो भवत् ।।४०

ऐश्वय के गुण से सम्प्राप्त ब्रह्मभूत उस प्रभु को सब ओर समस्त देव स्थानो मे नि शेष रूप से बरतता है ।। ३६ ।। पिशाचो को पिशाच से राक्षसो को राक्षस से गन्धर्वों को गन्धव से तथा कुबेरजो को कौवेर से अर्थात् कुबेर के स्थान से साधन करना चाहिये ।। ३७ ।। इन्द्र को ऐन्द्र स्थान स सौम्य को सौम्य स्थान से तथा प्रजापति को प्राजापत्य स्थान से साधन करना चाहिये ।। ३८ ।। इसी प्रकार से ब्राह्म से ब्राह्म प्रभु का उपाभिषण करता है । वहाँ पर सक्त होने वाला उन्मत्त हो जाता है । उसी से सब प्रवृत्त होता है ।। ३९ ।। नित्य ही ब्रह्म मे परायण रहने वाले युक्त पुरुष को ये स्थान त्याग देने चाहिये । स्थानो मे आसक्त न होने वाला द्विज सवगत हो जाता है ।। ४० ।।

## ।। योग मार्ग के ऐश्वय ।।

अत ऊर्द्ध प्रवक्ष्यामि ऐश्वयगुण विस्तरम् ।
येन योग विशेषेण सवलोकानतिक्रमेत् ।।१
तत्राष्टगुणमैश्वय योगिना समुदाहृतम् ।
तत्सव क्रमयोगेन उच्यमान निबोधत ।।२
अणिमा लघिमा चव महिमा प्राप्तिरेव च ।
प्राकाम्यञ्चव सवत्र ईशित्वञ्चव सवत ।।३
वशित्वमथ सवत्र यत्र कामावसायिता ।
तच्चापि विविध ज्ञयमैश्वय सवकामिकम् ।।४
सावद्य निरवद्य च सूक्ष्मञ्चैव प्रवर्तते ।
सावद्य नाम तत्तत्व पञ्चभूतात्मक स्मृतम् ।।५
निरवद्य तथा नाम पञ्चभूतात्मक स्मृतम् ।
इन्द्रियाणि मनश्च व अहङ्कारश्च वै स्मृतम् ।।६
तत्र सूक्ष्मप्रवृत्त तु पञ्चभूतात्मकं पुन ।
इन्द्रियाणि मनश्चैव बुद्ध यहङ्कार सज्ञितम् ।।७

श्री वायुदेव ने कहा—इसके आगे ऐश्वर्य गुणो का विस्तार से वर्णन

किया जाता है जिस योग विशेष के द्वारा समस्त लोकों का अतिक्रमण किया करता है ॥ १ ॥ वहाँ पर आठ गुणों वाला योगियों का ऐश्वर्य कहा गया है। वह सब क्रम के योग से कहा जाने वाला है उसे आप लोग भली-भाँति समझ लेवें ॥ २ ॥ अणिमा, लघिमा, महिमा, प्राप्ति, सर्वत्र प्राकाम्य और सब ओर ईशत्व तथा सर्वत्र वशित्व जहाँ कि कामावसायिता होवे। वह भी सर्वकामिक ऐश्वर्य अनेक प्रकार वाला जानना चाहिये ॥ ३—४ ॥ वह ऐश्वर्य सावद्य, निरवद्य और सूक्ष्म प्रवर्त्तमान हुआ करता है। इसमें जो सावद्य होता है वह तत्व होता है जो कि पञ्चभूतात्मक होता है ॥ ५ ॥ निरवद्य यह नाम भी पञ्च-भूतात्मक कहा गया है। इन्द्रियों का समूह, मन और अहङ्कार कहा गया है ॥ ६ ॥ वहाँ पर पुन सूक्ष्म प्रवृत्त पञ्चभूतात्मक इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि और अहङ्कार संज्ञा वाला होता है ॥ ७ ॥

तथा सर्वमय चैव आत्मस्था ख्यातिरेव च ।
सयोग एव त्रिविध सूक्ष्मेष्वेव प्रवर्त्तते ॥८
पुनरष्टगुणस्यापि तेष्वेवाथ प्रवर्त्तते ।
तस्य रूप प्रवक्ष्यामि यथाह भगवान् प्रभु ॥९
त्रैलोक्ये सर्वभूतेषु जीवस्यानियत स्मृत ।
अणिमा च यथाव्यक्त सर्व तत्र प्रतिष्ठितम् ॥१०
त्रैलोक्ये सर्वभूताना दुष्प्राप्य समुदाहृतम् ।
तच्चापि भवति प्राप्य प्रथम योगिना बलात् ॥११
लम्बन प्लवन योगे रूपमस्य सदा भवेत् ।
शीघ्रग सर्वभूतेषु द्वितीय तत्पद स्मृतम् ॥१२
त्रैलोक्ये सर्वभूताना प्राप्ति प्राकाम्यमेव च ।
महिमा चापि यो यस्मिस्तृतीयो योग उच्यते ॥१३
त्रैलोक्ये सर्वभूतेषु त्रैलोक्यमगम स्मृतम् ।
प्रकामान् विषयान् भुक्ते न च प्रतिहत क्वचित् ।
त्रैलोक्ये सर्वभूताना सुख-दुख प्रवर्त्तते ॥१४

इसी प्रकार से सर्वमय और आत्मा में रहने वाली ख्याति ही तीन प्रकार

का सयोग सूक्ष्मो मे ही प्रवृत्त होता है ॥ ८ ॥ पुन अ ठ गुणो वाले की भी उनमे जो प्रवृत्ति होती है उसके रूप को बतलाते हैं जो कि भगवान प्रभु ने बताया है ॥ ९ ॥ त्रैलोक्य मे समस्त भूतो मे जीव की अनियतता कही गई है। अणिमा जिस प्रकार से अव्यक्त है उसमे सभी कुछ प्रतिष्ठित होता है ॥१०॥ तीनो लोको मे जो परम दुष्प्राप्य बताया गया है वह भी योगियो को पहिले बल पूर्वक प्राप्त होता है ॥ ११ ॥ योग मे इसका रूप सर्वदा लम्बन एव प्लवन होता है। शीघ्र गमन करने वाला समस्त भूतो मे उसका द्वितीय पद कहा गया है ॥ १२ ॥ त्रैलोक्य मे समस्त भूतो की प्राप्ति और प्राकाम्य तथा जो जिसमे महिमा होती है वह भी तृतीय योग कहा जाता है ॥ १३ ॥ त्रैलोक्य मे समस्त भूतो मे त्रैलोक्य अगम कहा गया है। वह विषयो को प्रकृष्ट कामना के अनुसार भोग करता है और कोई कहीं भी प्रतिहति करने वाला नहीं होता है। त्रैलोक्य मे सब भूतो का सुख और दुःख प्रवृत्त होता है ॥ १४ ॥

ईशो भवति सर्वत्र प्रविभागेन योगवित् ।
वश्यानि च व भूतानि त्रैलोक्ये सचराचरे ।
भवन्ति सव कार्येषु इच्छतो न भवन्ति च ॥१५
यत्र कामावसायत्वं त्रैलोक्ये सचराचरे ।
इच्छया चेन्द्रियाणि स्युर्भवन्ति न भवन्ति च ॥१६
शब्द स्पर्शो रसो गन्धो रूप च व मनस्तथा ।
प्रवर्त्तन्तेऽस्य चेच्छातो न भवन्ति ह्यनिच्छया ॥१७
न जायते न म्रियते भिद्यते न च छिद्यते ।
न दह्यते न मुह्यते हीयते न च लिप्यते ॥१८
न क्षीयते न क्षरति न खिद्यति कदाचन ।
क्रियते च व सर्वत्र तथा विक्रियते न च ॥१९
अगन्धरसरूपस्तु स्पर्शशब्दविवर्जित ।
अवर्णो ह्यवरश्च व तथा वर्णस्य कर्हिचित् ॥२०
भुङ्क्तेऽथ विषयांश्च व विषयैर्न च युज्यते ।
ज्ञात्वा तु परम सूक्ष्म सूक्ष्मत्वाच्चापवर्गक ॥२१

व्यापकस्त्वपवर्गाच्च व्यापित्वात्पुरुष स्मृत ।
पुरुष. सूक्ष्मभावात्तु ऐश्वर्ये परत स्थित ॥२२
गुणान्तरन्तु ऐश्वर्ये सर्वत सूक्ष्म उच्यते ।
ऐश्वर्य्यमप्रतीघाति प्राप्य योगमनुत्तमम् ।
अपवर्गं ततो गच्छेत् सुसूक्ष्म परम पदम् ॥२३

योग के ज्ञान को रखने वाला प्रविभाग से सर्वत्र ईश होता है। इस चराचरात्मक त्रैलोक्य मे समस्त भूत वश्य होते हैं। समस्त कार्यों मे इच्छा करते हुये नही होते हैं ॥ १५ ॥ इस चराचर त्रैलोक्य मे जहाँ पर कामावसायित्व होता है वहाँ इच्छा से इन्द्रियाँ होती है और नही होती है ॥ १६ ॥ शब्द, स्पर्श, रस, गन्ध, रूप तथा मन इसकी इच्छा से प्रवृत्त होते हैं तथा इच्छा से नही होते हैं ॥ १७ ॥ यह न उत्पन्न होता है, न मरता है, न भिन्न होता है, न छेदन किया जाता है, न जलाया जाता है, न मोह को प्राप्त होता है, न दीयमान होता है, न लिप्त ही होता है, न यह क्षीण होता है, न क्षर होने वाला होता है और न कभी खिन्न होता है। यह सर्वत्र किया जाता है और विकार युक्त नही होता है ॥ १८ –१९ ॥ बिना गन्ध, रस और रूप वाला तथा स्पर्श और शब्द से विवर्जित, बिना वर्ण वाला तथा वर्ण का अवर, स्वरूप वाला यह होता है ॥ २० ॥ और विषयो का भोग करता है तथा विषयो से युक्त नहीं होता है। परम सूक्ष्म का ज्ञान प्राप्त करके सूक्ष्मत्व होने से अपवर्ग से व्यापक है और व्यापित्व होने से पुरुष कहा गया है। सूक्ष्मभाव से यह पुरुष ऐश्वर्य मे परे स्थित होता है ॥ २२ ॥ ऐश्वर्य मे दूसरा गुण सब ओर सूक्ष्म कहा जाता है। ऐश्वय का अप्रतिघाती परम श्रेष्ठ योग को प्राप्त करके अति सूक्ष्म परम पद अपवग को जाता है ॥ २३ ॥

## ॥ पाशुपत योग का स्वरूप ॥

न चैवमागतो ज्ञानाद्रागात् कर्म्म समाचरेत् ।
राजस तामस वापि भुक्त्वा तत्रैव युज्यते ॥१
तथा सुकृतकर्म्मा तु फल स्वर्गे समश्नुते ।
तस्मात् स्थानात् पुनर्भ्रष्टो मानुष्यमनुपद्यते ॥२

तस्माद्ब्रह्म परं सूक्ष्मं ब्रह्म शाश्वतमुच्यते ।
ब्रह्म एव हि सेवेत ब्रह्मैव परमं सुखम् ॥३
परिश्रमस्तु यज्ञानां महतार्थेन वर्त्तते ।
भूयो मृत्युवशं याति तस्मान्मोक्षः परं सुखम् ॥४
अथ च ध्यानसंयुक्तो ब्रह्मयज्ञपरायणः ।
न स शक्यो व्यापितुं शक्यो मन्वन्तरशतैरपि ॥५
दृष्ट्वा तु पुरुषं दिव्यं विश्वाख्यं विश्वरूपिणम् ।
विश्वपादशिरोग्रीवं विश्वेशं विश्वभावनम् ।
विश्वगन्धं विश्वमाल्यं विश्वाम्बरधरं प्रभुम् ॥६
गोभिर्मही संयतं पतत्रिणं महात्मानं परममतिं वरेण्यम् ।
कविं पुराणमनुशासितारं सूक्ष्माच्च सूक्ष्मं महतो महान्तम् ।
योगेन पश्यन्ति न चक्षुषा तं निरिन्द्रियं पुरुषं रुक्मवर्णम् ॥७

श्री वायु देव ने कहा—इस प्रकार से माया हुआ ज्ञान से अथवा राग से कर्म का आचरण न करे। राजस हो अथवा तामस हो उसका भोग करके वहीं पर ही युक्त होता है ॥ १ ॥ यदि कोई सुकृत कर्मों के करने वाला है तो वह अपने सुकृत कर्मों के प्रभाव से उनका फल स्वर्ग में भोगता है। जब पुण्य कर्मों के फल का भोग समाप्त हो जाता है तो उस स्थान से भ्रष्ट होकर पुनः मनुष्य लोक को प्राप्त हो जाता है ॥ २ ॥ इससे ब्रह्म परम सूक्ष्म है और ब्रह्म शाश्वत कहा गया है अर्थात् ब्रह्म सर्वदा रहने वाला कहा जाता है। ब्रह्म का ही सेवन करना चाहिये क्योंकि ब्रह्म ही परम सुख होता है ॥ ३ ॥ यज्ञों के करने में महान् परिश्रम करना पड़ता है और वह भी बहुत अधिक धन से सम्पन्न किया जाता है। यज्ञादि के करने वाला भी फिर मृत्यु के वश में हो जाता है। इसलिये मोक्ष का प्राप्त करना ही परम सुख होता है ॥ ४ ॥ ध्यान से संयुक्त होता हुआ जो ब्रह्म यज्ञ में परायण होता है वह सौ मन्वन्तरों में भी मारा नहीं जा सकता है ॥ ५ ॥ विश्व नाम वाले विश्व के रूप वाले विश्व के पाद शिर और ग्रीवा वाले विश्व के स्वामी विश्व का पालन करने वाले दिव्य पुरुष विश्व की गन्ध वाले विश्व की माल्य विश्व के अम्बर को धारण करने वाले

प्रभु का योग से दर्शन करते हैं ॥ ६ ॥ मही इन्द्रियों से पतत्रि, महान् आत्म वाले, परम मति, वरेण्य, कवि, पुराण, अनुशासन करने वाले, सूक्ष्म से भी सूक्ष्म, महान् से भी महान् को सयत करती है उस इन्द्रियो से रहित सुवर्ण के समान वर्ण वाले पुरुष को योग से देखते हैं, चक्षु से नही देखते हैं ॥ ७ ॥

अलिङ्गिन पुरुष रुक्मवर्णं सलिङ्गिन निर्गुण चेतन च ।
नित्य सदा सर्वगतन्तु शौच पश्यन्ति युक्त्या ह्यचल प्रकाशम् ॥८
तद्भावितस्तेजसा दीप्यमान अपाणि पादोदरपार्श्वजिह्व ।
अतीन्द्रियोऽप्यापि सुसूक्ष्म एक पश्यत्यचक्षु स शृणोत्यकर्ण ॥९
नास्यास्त्यबुद्ध न च बुद्धिरस्ति स वेद सव न च वेदवेद्य ।
तमाहुरग्र्य पुरुष महान्त सचेतन सर्वगत सुसूक्ष्मम् ॥१०
तामाहुर्मुनय सर्वे लोके प्रसवधर्मिणीम् ।
प्रकृति सवभूताना युक्ता पश्यन्ति चेतसा ॥११
सर्वत पाणिपादान्त सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम् ।
सर्वत श्रुतिम (म) ल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति ॥१२
युक्ता योगेन चेशान सर्वतश्च सनातनम् ।
पुरुष सर्वभूताना तस्माद्ध्याता न मुह्यते ॥१३
भूतात्मान महात्मान परमात्मानमव्ययम् ।
सर्वात्मान पर ब्रह्म तद्वै ध्यात्वा न मुह्यति ॥१४

बिना लिङ्ग ( चिह्न ) वाले, हेम के सदृश वर्ण से युक्त, सलिङ्गी, निर्गुण, चेतन, नित्य, सदा सब मे रहने वाले, शौच, अचल और प्रकाश स्वरूप पुरुष को युक्ति से देखते हैं ॥८। उसकी भावना से युक्त तेज से दीप्यमान, पाणि, पाद, उदर, पार्श्व और जिह्वा से रहित, इन्द्रियो की पहुँच से परे, बिना नेत्रों वाला और बिना कानो वाला अब भी सुसूक्ष्म एक वह देखता है और सुनता भी है ॥९॥ इसको कुछ भी अबुद्ध नही है इसके बुद्धि भी नही है, वह सब को जानता है और वह वेदो के द्वारा भी जानने के योग्य नही हैं अर्थात् वेद भी उसके यथार्थ स्वरूप को नही बता सकते हैं। उसको सब मे प्रथम पुरुष महान्, सचेतन सर्वगत और सुसूक्ष्म कहते हैं ॥१०॥ लोक

ये सब मुनिगण उस को समस्त प्राणियों के प्रसव के धर्म वाली प्रकृति कहते हैं। जो योग से युक्त होते हैं वे ध्यान में चित्त से उसे देखते हैं। ११॥ अब उनके स्वरूप का वर्णन करते हैं कि वह सभी ओर पाणि तथा पादों वाला है सब ओर नेत्र शिर और मुख वाला है सब तरफ श्रुतिमान् है और लोक में सब को आवृत करके स्थित रहता है ॥१२। जो युक्त होते हैं वे योग से उस ईशान और सदा स्थित सनातन को एवं समस्त भूतों के पुरुष को देखते हैं। इसलिए जो ध्याता अर्थात् ध्यान योगी हैं वे कभी मोह को प्राप्त नहीं होते हैं ॥१३॥ समस्त भूतों की आत्मा महान् आत्मा वान अव्यय सब की आत्मा परब्रह्म परमात्मा का ध्यान करके मोहित नहीं होते हैं ॥१४॥

पवनो हि यथा ग्राह्यो विचरन् सर्वमूर्तिषु ।
पुरि शेते तथाभ्र च तस्मात् पुरुष उच्यते ।
अथ चेल्लुप्तधर्म्मात्तु सविशेषश्च कर्म्मभि ॥१५
ततस्तु ब्रह्मयो या व शुक्रशोणितसयुतम् ।
स्त्रीपुमासप्रयोगेण जायते हि पुन पुन ॥१६
ततस्तु गर्भकाले तु कलल नाम जायते ।
कालेन कललश्चापि बुद्बुदश्च प्रजायते ॥१७
मृत्पिण्डस्तु यथा चक्र चक्रवातेन पीडित ।
हस्ताभ्या क्रियमाणस्तु विश्वत्वमुपगच्छति ॥१८
एवमात्मास्थिसयुक्तो वायुना समुदीरित ।
जायते मानुषस्तत्र यथा रूप तथा मन ॥१९
वायु सम्भवते तेषा वातात् सञ्जायते जलम् ।
जलात्सभव त प्राण प्राणाच्छुक्र विवर्द्धते ॥२०
रक्तभागास्त्रयस्त्रिंशच्छुक्रभागाश्चतुर्दश ।
भागतोऽर्द्धपल कृत्वा ततो गर्भे निषेवते ॥२१

जिस तरह पवन समस्त मूर्तियों में विचरता हुआ ग्राह्य हुआ करता है उसी भाँति यह पुर में शयन करता है तथा अभ्र में भी स्थित रहता है इसी लिये पुरुष—यह कहा जाता है। इसके अनन्तर सविशेष कर्मों से लुप्त

घन वाला होता है ॥१५॥ इसके पश्चात् वह ब्रह्म शुक्र और शोणित से सयुत होकर योनि में स्त्री और पुमान् के प्रयोग से बार-बार उत्पन्न होता है ॥१६॥ सर्वप्रथम योनि मे पुरुष के शुक्र और स्त्री के शोणित के सयोग से गर्भ की स्थिति होती है तो वह उस गर्भ के समय मे पहिले कलन नाम वाला होता है। कुछ समय मे वही कलन बुद्बुद हो जाता है ॥१७॥ जिस तरह मिट्टी का एक पिण्ड चक्र वात के द्वारा पीडित किया जाता है और हाथो से बनाया हुआ विग्रहत्व को प्राप्त हो जाता है ॥१८॥ इसी प्रकार से वायु के द्वारा समुदीरित वह आत्मा और अस्थि से सयुक्त मनुष्य उत्पन्न होता है। उसमे फिर जैसा रूप होता है वैसा मन होता है ॥१९॥ वायु उत्पन्न होता है, उस वात से जल होता है, जल से प्राण उत्पन्न होता है और प्राण से शुक्र की वृद्धि होती है ॥२०॥ तेतीस रक्त के भाग होते हैं और शुक्र के चौदह भाग होते है। भाग से आधा पल करके फिर गर्भ मे निषेवित होता है ॥२१

ततस्तु गर्भसयुक्त पञ्चभिर्वायुभिर्वृत ।<br>
पितु शरीरात् प्रत्यङ्गरूपमस्योपजायते ॥२२<br>
ततोऽस्य मातुराहारात् पीतलीढप्रवेशितम् ।<br>
नाभि स्रोत प्रवेशेन प्राणाधारो हि देहिनाम् ॥२३<br>
नवमासान् परिक्लिष्ट सवेष्टितशिरोधर ।<br>
वेष्टित सर्वगात्रैश्च अपर्य्यायक्रमागत ।<br>
नवमासोषितश्चैव योनिच्छिद्रादवाङ् मुख ॥२४<br>
ततस्तु कर्म्मभि पापैर्निरय प्रतिपद्यते ।<br>
असिपत्रवनञ्चैव शाल्मलीच्छेदभेदयो ॥२५<br>
तत्र निर्भर्त्सनञ्चैव तथा शोणितभोजनम् ।<br>
एतास्तु यातना घोरा. कुम्भीपाकसुदु सहा ॥२६<br>
यथा ह्यापस्तु विच्छिन्ना स्वरूपमुपयान्ति वै ।<br>
तस्माच्छिन्नाश्च भिन्नाश्च यातनास्थानमागत ॥२७<br>
एव जीवस्तु तै पापैस्तप्यमान स्वय कृतै ।<br>
प्राप्नुयात् कर्म्मभिर्दु ख शेष वा यदि चेतरम् ॥२८

इसके पश्चात् पाँच वायु से वृत्त और गन्ध से संयुक्त इसके पिता के शरीर से प्रत्येक अङ्ग का रूप उत्पन्न होता है ॥२२॥ इसके अनन्तर माता जो कुछ भी खाया करती है उस उसके आहार से पीया हुआ खाया हुआ अन्दर प्रवेशित होता है वह नाभि के स्रोत के द्वारा गर्भ तक प्रवेश करता है उससे देह धारियों के प्राणों का आधार होता है ॥२३॥ इस तरह नौ मास पर्यन्त सवेष्टित शिरोधर परिक्लेश से युक्त होता हुआ समस्त गात्रों से वेष्टित होकर अपर्याय क्रम से आया हुआ रहता है नौ मास तक वहाँ गर्भ में रहकर फिर योनि के छिद्र से अवाङ्मुख होता हुआ जन्म ग्रहण किया करता है ॥२४॥ फिर यहाँ पर आकर अनेक पाप कर्म करता है और उन दुष्कर्मों के कारण नरक को प्राप्त किया करता है। असिपत्र वन शाल्मली छेद भेदों के नाम वाले नरक होते हैं उनमें पाप कर्मों से यातना भोगता है ॥२५॥ वहाँ नरक स्थानों में बहुत बुरी तरह फटकार खाता है तथा शोणित का भोजन करना पड़ता है। ये समस्त अत्यन्त घोर यातनाऐं हैं और कुम्भीपाक नरक की बहुत असह्य यातना होती है ॥२६॥ जिस तरह छिन्न किये हुए जल अपने स्वरूप को प्राप्त कर लेते हैं उसी प्रकार छिन्न और भिन्न हुए यातना के स्थान में आते हैं ॥२७॥ इस तरह जीवात्मा अपने ही किये हुए पाप कर्मों से दह्यमान होता हुआ कर्मों के द्वारा दुःख प्राप्त किया करता है। आदि का जो भी शेष अन्य होता है। उसे भी भोगता है ॥२८॥

एकेनैव तु गन्तव्यं सर्वमृत्युनिवेशनम्।
एकेनैव च भोक्तव्यं तस्मात् सुकृतमाचरेत् ॥२९
न ह्येनं प्रस्थितं कश्चिद्गच्छन्तमनुगच्छति।
यदनेन कृतं कर्म तदेनमनुगच्छति ॥३०
ते नित्यं यमविषये विभिन्नदेहाः क्रोशन्ति सततमनिष्टसंप्रयोगैः।
शाम्यन्ते परिगतवेदनाशरीरा बह्वीभिः सुभृशमधर्मयातनाभिः ॥३१
कर्मणा मनसा वाचा यदभीष्टं निषेव्यते।
तत् प्रसह्य हरेत् पापं तस्मात् सुकृतमाचरेत् ॥३२
यादृग् जातानि पापानि पूर्वं कर्माणि देहिनः।

ससार तामस तादृक् षड्विध प्रतिपद्यते ॥३३
मानुष्य पशुभावञ्च पशुभावान्मृगो भवेत् ।
मृगत्वात् पक्षिभावन्तु तस्माच्चैव सरीसृप ॥३४
सरीसृपत्वाद्गच्छेद्धि । स्थावरत्वन्न सशय ।
स्थावरत्व पुन प्राप्तो यावदुन्मिषते नर ।
कुलालचक्रवद्भ्रान्तस्तत्रै वपरिकीर्तित ॥३५

समस्त प्राणियो के मृत्यु के स्थान मे एक ही को अकेले जाना पडता मे अर्थात् अन्य वहाँ कोई भी सहायक नही हो सकता है । और स्वय एक ही को वहाँ नरक स्थान मे कर्मों का फल भोगना पडता है इसलिये सवदा सुकृत ही करना चाहिए ॥२६॥ जब अन्त समय उपस्थित होता है तो मृत्यु के मुख मे प्रस्थान करने वाले इसको कोई भी साथी नही मिलता है और न जाते हुए के पीछे ही कोई जाया करता है । इसने यहाँ लोक मे जो भी भला-बुरा कर्म किया है वही इसके पीछे साथ जाया करता है ॥३०॥ वे वहाँ यमराज के स्थान मे विभिन्न देह वाले नित्य ही बराबर बुरे-बुरे सम्प्रयोगो से रुदन करते हुए शुष्क हो जाते हैं और बहुत-सी अधम यातनाओ से जो कि अत्यन्त ही घोर रूप मे प्राप्त होती है सब तरह वेदना स पूर्ण शरीर वाले होते हैं ॥३१॥ कर्म से मन से और वाणी से जो अभीष्ट का सेवन किया जाता है उस पाप को बलपूवक दूर कर देना चाहिए । इससे सुकृत कर्म का ही आचरण करना चाहिए ॥३२॥ इस देहधारी पुरुष के जैसे भी पहिले कम तथा पाप हुए हैं उनको यह तामस ससार वैसा ही छै प्रकार वाला प्राप्त हुआ करता है ॥३३॥ मानुष्य से पशुभाव, पशुभाव से मृग होता है । मृगत्व से पक्षिभाव को प्राप्त होता है और फिर उससे सरीसृप होता है ॥३४॥ सरीसृप से स्थावरता को प्राप्त किया करता है, इसमे तनिक भी सन्देह नही है । जब तक नर के उन्मेष को प्राप्त नही होता है बराबर पुन स्थावरत्व को प्राप्त किया करता है । कुम्हार के चाक की भाँति भ्रमण करता हुआ वहाँ ही पर रहा करता है ॥३५॥

इत्येव हि मनुष्यादि ससारे स्थावरान्तके ।

विज्ञयस्तामसो नाम तत्रय परिवर्तते ॥३६
सात्विकश्चापि ससारा ब्रह्मादि परिकीर्तित ।
पिशाचान्त स विज्ञय स्वर्गस्थानेषु देहिनाम् ॥३७
ब्राह्म तु केवल सत्त्व स्थावर केवल तम ।
चतुर्द शाना स्थानाना मध्ये विष्टम्भक रज ।
मर्मसु छिद्यमानेषु वेदनार्त्तस्य देहिन ॥३८
ततस्तु परम ब्रह्म कथ विप्र स्मरिष्यति ।
सस्कारात् पूर्वधर्मस्य भावनाया प्रणोदित ।
मानुष्य भजते नित्य तस्मान्नित्य समादधेत ॥३९

इस प्रकार से ससार मे मनुष्य से आदि लेकर स्थावर के अन्त तक तामस भाव जानना चाहिए । वह वहाँ ही परिवर्तित होता रहा करता है ॥३६॥ सात्त्विक भी ससार ब्रह्म से आदि लेकर कहा गया है जो कि पिशाच के अन्त तक स्वर्ग स्थानो मे देहधारियो का जानना चाहिए ॥३७॥ ब्राह्म मे तो केवल सत्त्व ही होता है और स्थावर मे केवल तमोगुण ही होता है । चौदह स्थानो के मध्य मे रजोगुण विष्टम्भक होता है जो कि मर्म स्थानो के छिद्यमान होने पर वेदना से आर्त्त देहधारी को हुआ करता है ॥३८॥ इसके पश्चात् विप्र परम ब्रह्म का कैसे स्मरण करेगा ? पूर्व धर्म के सस्कार से भावना मे प्रेरित होता हुआ मानुष्य का सेवन किया करता है । इसलिये नित्य ही समाधीत होना चाहिए ॥३९॥

## ॥ पाशुपत योग–महिमा ॥

चतुर्दशविध ह्येतद्बुद्ध्वा ससारमण्डलम् ।
तथा समारभेत कर्म्म ससारभयपीडित ॥१
तत स्मरति ससारचक्रेण परिवर्त्तित ।
तस्मात् सतत युक्तो ध्यानतत्परयुञ्जक ।
तथा समारभेद्योग यथात्मान स पश्यति ॥२
एष आद्य पर ज्योतिरेष सेतुरनुत्तम ।
विवृद्धो ह्येष भूताना न सम्भेदश्च यावत ॥३

तदेन सेतुमात्मान अग्नि वै विश्वतोमुखम् ।
हृदिस्थ सर्वभूतानामुपासीत विधानवित् ।।४
हुत्वाटावाहुती सम्यक् शुचिस्तद्गतमानस ।
वश्वानर हृदि यन्तु यथावदनुपूर्वश ।
अप पूर्व सकृत् प्राश्य तुष्णी भूत्वा उपासते ।५
प्राणायेति ततस्तस्य प्रथमा ह्याहुति स्मृता ।
अपानाय द्वितीया तु समानायेति चापरा ।।६
उदानाय चतुर्थीति व्यानायेति च पञ्चमी ।
स्वाहाकारं पर हुत्वा शेप भुञ्जीत कामत ।
अप पुन सकृत् प्राश्य ग्याचम्य हृदय स्पृशेत् ।।७

श्रीवायुदेव ने कहा—इस प्रकार से चौदह प्रकार वाले इस समार के मण्डल को समझ कर ससार के भय स पीडित होते हुए वैसे कर्मों के करने का आरम्भ करना चाहिए ।।१।। इस समार के चक्र से परिवर्त्तित हाते रहने वाला फिर स्मरण किया करता है। इसलिये निरन्तर योग में युक्त होकर ध्यान मे परायण युञ्जान होवे और इस तरह से योग का आरम्भ करना चाहिए कि फिर आत्मा का दशन प्राप्त कर लेवे ।।२।। यही आद्य परम ज्योति है, यही सर्वोत्तम सेतु है, यह प्राणियों का विशेष रूप से वधित होता है और सम्भेद शास्वित नही है ।। ३ ।। इसलिये आत्मा स्वरूप सेतु को, विश्वतोमुख अग्नि को जो कि समस्त प्राणियो के हृदय मे स्थित होता है विधान के ज्ञाता को उसकी उपासना करनी चाहिए ।।४।। पवित्र होकर उसी मे अपने मन को सन्निविष्ट करने वाले को भली-भाँति आठ आहुतियों से हवन करना चाहिए। जो वैश्वानर हृदय मे स्थित है उसी के लिये यथावत् क्रम से आहुतियाँ देनी चाहिए। पूर्व मे एकबार जल का पान कर फिर मौन होकर उपासना करे ।।५।। प्रथम आहुति 'प्राणाय स्वाहा'— इससे बताई गई है। दूसरी आहुति 'अपानाय स्वाहा'—इससे देवे और तीसरी आहुति 'समानाय स्वाहा'—इससे देनी चाहिए ।।६।। उदानाय स्वाहा'—इससे चौथी व्यानाय स्वाहा'—इससे पाँचवी आहुति देवे। स्वाहाकारों से पर को हवन कर शेष का इच्छा पूर्वक

भोजन करे । फिर एकबार जल का पान कर तीन बार आचमन करे और हृदय का स्पर्श करना चाहिए ॥७।

ॐप्राणाना ग्रन्थिरस्यात्मा रुद्रो ह्यात्मा विशान्तक ।
स रुद्रो ह्या मन प्राणा एवमाप्यायेन स्वयम् ॥८
त्व देवानामपि ज्येष्ठ उग्रस्त्व चतुरः वृषा ।
मृत्युघ्नोऽसि त्वमस्मभ्य भद्रमेतद्धत हवि ॥९
एव हृन्यमालभ्य पादागुष्ठ तु दक्षिणे ।
विश्राव्य दक्षिण पाणि नाभि व पाणिना स्पृशेत् ।
तत पुनरुपस्पृश्य चात्मानमभिसस्पृशेत् ॥१०
अक्षिणी नासिका श्रोत्रे हृदय शिर एव च ।
द्वावात्मानावुभावेतौ प्राणापानावुदाहृतौ ॥११
तयो प्राणोऽन्तरात्मास्य बाह्योऽपानोऽन्य उच्यते ।
अन्न प्राणस्तथापान मृत्युर्जीवितमेव च ॥१२
अन्न ब्रह्म च विज्ञेय प्रजाना प्रसवस्तथा ।
अन्नाद्भूतानि जायन्ते स्थितिरन्नेन चेष्यते ।
वर्द्धन्ते तेन भूतानि तस्मादन्नन्तदुच्यते ॥१३
तदेवाग्नौ हुत ह्यन्न भुञ्जते देवदानवाः ।
गन्धर्वयक्षरक्षासि पिशाचाश्चान्नमेव हि ॥१४

इसके अनन्तर ओ प्राणाना ग्रन्थिरस्यात्मा रुद्रो ह्यात्मा विशान्तक । स रुद्रो ह्यात्मन प्राणा एवमाप्यायेस्स्वयम् —अर्थात् प्राणो की जो ग्रन्थि है उसकी आत्मा विशान्तक रुद्र है । वही रुद्र आत्मा के प्राण हैं । इस प्रकार से स्वय आप्यायित होना चाहिए ॥८॥ आप देवो मे भी सबसे बड़े हैं आप उग्र हैं आप चतुर वृष हैं । आप हमारी मृत्यु के नाशक हैं । यह हुत हवि हमारे लिये कल्याणप्रद होवे ॥९॥ इस प्रकार हृदय का आलभन कर दक्षिण पाद के अगूठे मे विश्रावित कर फिर दक्षिण पाणि और नाभि का पाणि से स्पर्श करना चाहिए । इसके पश्चात् पुन आचमन कर अपने आपको स्पर्श करे ॥१०॥ तथा दोनो नेत्रो को नासिका दोनो कानो को हृदय को और शिर को स्पर्श करे ।

प्राण और अपान ये दोनो दो आत्माऐ कही गई हैं ॥११॥ उन दोनो का अन्तरात्मा प्राण होता है। इसका बाह्य आत्मा अपान है यह कहा जाता है। अन्न प्राण तथा अपान है, मृत्यु और जीवन है ॥१२॥ अन्न को ब्रह्म जानना चाहिए तथा अन्न को प्रजाओ का प्रसव समझना चाहिए। अन्न से प्राणी होते हैं और उनकी स्थिति भी अन्न से कही जाती है तथा भूतो की वृद्धि भी अन्न से ही होती है, इसी लिये अन्न को ऐसा कहा जाता है ॥१३॥ वही अन्न जब अग्नि मे हुत होता है तो उस अन्न को देव और दानव खाते हैं। गन्धव, यक्ष और राक्षस तथा पिशाच भी अन्न का ही भोग करते हैं ॥१४॥

## ॥ शौचाचार लक्षण ॥

अत ऊर्द्ध्वं प्रवक्ष्यामि शौचाचारस्य लक्षणम्।
यदनुष्ठाय शुद्धात्मा प्रेत्य स्वर्गं हि चाप्नुयात् ॥१
उदकार्थी तु शौचाना मुनीनामुत्तम पदम्।
यस्तु तेष्वप्रमत्त स्यात् स मुनिर्न्नावसीदति ॥२
मानावमानौ द्वावेतौ तावेवाहुर्विषामृते।
अवमान विष तत्र मानन्त्वमृतमुच्यते ॥३
यस्तु तेष्वप्रमत्त स्यात् स मुनिर्न्नावसीदति।
गुरो प्रियहिते युक्त स तु सवत्सर वसेत् ॥४
नियमेष्वप्रमत्तस्तु यमेषु च सदा भवेत्।
प्राप्यानुज्ञान्ततश्चैव ज्ञानागमनमुत्तमम्।
अविरोधेन धर्मस्य विचरेत् पृथिवीमिमाम् ॥५
चक्षु पूत व्रजेन्मार्गं वस्त्रपूत जल पिबेत्।
सत्यपूता वदेद्वाणीमिति धर्मानुशासनम् ॥६
आतिथ्य श्राद्धयज्ञेषु न गच्छेद्योगवित् क्वचित्।
एव ह्यहिंसको योगी भवेदिति विचारणा ॥७

श्रीवायुदेव कहते हैं—इसके आगे शौचाचार का लक्षण बतलाया जाता है जिसको अनुष्ठित करने पर शुद्ध आत्मा वाला होकर मृत्यु के पश्चात् स्वर्गलोक की प्राप्ति किया करता है ॥१॥ उदक को चाहने वाला शुद्ध मुनियो का उत्तम

पद होता है। जो उत्तम प्रमाद से रहित होता है वह मुनि कभी भी अवसन्न नहीं होता है ।२।। मान और अपमान ये दोनों हैं और इन्हीं दोनों को अमृत तथा विष कहते हैं। उनमें जो अपमान है वही विष होता है और मान को अमृत कहा जाता है ।।३।। जो उनमें अप्रमत्त होता है वह मुनि दुःखित नहीं होता है। जो गुरु के प्रिय कार्य और हितप्रद कर्म में युक्त होता है वह एक सम्वत्सर तक वास करता है ।।४।। जो नियम निर्धारित हैं उनमें अप्रमत्त होता हुआ सर्वदा धर्मों का पूर्ण पालक होना चाहिए। अनुज्ञा को प्राप्त करके इसके अनन्तर ज्ञान का आगमन उत्तम होता है। सदा धर्म का विरोध न करते हुए ही इस भूमण्डल पर विचरण करना चाहिए ।।५।। नेत्रों से पवित्र करके अर्थात् आँखों से अच्छी तरह देख भाल के मार्ग में आगे चलना चाहिए तथा वस्त्र से पवित्र करके अर्थात् सर्वदा कपड़े से छानकर ही जल पीना चाहिए। सत्य से पूत करके अर्थात् सचाई से पवित्र की हुई वाणी को बोलना चाहिए यह धर्म मनस्त्र का अनुशासन अर्थात् आज्ञा है ।।६।। योग का वेत्ता पुरुष श्राद्ध यज्ञों में कहीं भी आतिथ्य ग्रहण न करे। इस प्रकार से योगी अहिंसक होता है यह विचारणा है ।।७।

वह्नौ विधूमे व्यङ्गारे सर्वस्मिन् भुक्तवज्जने ।
विचरेन्मतिमान् योगी न तु तेष्वेव नित्यशः ।।८
यथवमवमन्यन्ते यथा परिभवन्ति च ।
युक्तस्तथा चरेद्भक्ष्य सतां धर्ममदूषयन् ।।९
भैक्ष्य चरेद्गृहस्थेषु यथाचारगृहेषु च ।
श्रेष्ठा तु परमा चेयं वृत्तिरस्योपदिश्यते ।।१०
अत ऊर्ध्वं गृहस्थेषु शालीनेषु चरेद्द्विज ।
श्रद्दधानेषु दान्तेषु श्रोत्रियेषु महात्मसु ।।११
अत ऊर्ध्वं पुनश्चापि अदुष्टपतितेषु च ।
भैक्षचर्या विवर्णेषु जघन्या वृत्तिरुच्यते ।।१२
भैक्ष यवागू तक्रं वा पयो यावकमेव च ।
फलमूलं विपक्वं वा पिण्याकं शक्तवोऽपि वा ।।१३

इत्येते वै मया प्रोक्ता योगिना सिद्धिवर्द्धना ।
आहारास्तेषु सिद्धेषु श्रेष्ठ भैक्षमिति स्मृतम् ॥१४

वह्नि के धूम रहित तथा व्यङ्गार हाने पर तथा सब जनो के भुक्तवान् होने पर मतिमान् योगी को विचरण करना चाहिए किन्तु उन्ही घरो मे नित्य नही करे ॥८॥ जिस प्रकार से एव अवमन्यमान होते हैं और जिस तरह परिभूत होते हैं युक्त को उस प्रकार से सत्पुरुषो के धर्म को दूषित न करते हुए भिक्षा करनी चाहिए ॥६॥ योगी पुरुष को गृहस्थो मे तथा यथा चार गृहो मे भिक्षा चरण करना चाहिए । इसके लिए यही वृत्ति परम श्रेष्ठ शास्त्र मे उपदिष्ट की जाती है ॥१०॥ इसके आगे द्विज को जो शालीन गृहस्थ हो उनमें, श्रद्धानो मे दान्तो मे, श्रोत्रियो मे और महान् आत्माओ म भिक्षाचरण करना चाहिए ॥११॥ इसके बाद मे आगे फिर जो दुष्ट तथा पतित न हो उनमे एव विवर्णों मे भैक्षचर्या करे किन्तु यह जघन्य वृत्ति कही जाती है ॥१२॥ भिक्षा मे यवागू, तक्र, पय, यावक फल मूल अथवा विपक्व पिण्याक अथवा जो भी शक्तिपूर्वक दिया गया हो ग्रहण करे ॥१३॥ इतने जो मैंने बताये हैं वे सब योगियो की सिद्धि के बढाने वाले आहार होते है । उनके सिद्ध हो जाने पर परम श्रेष्ठ भैक्ष कहा गया है ॥१४॥

अविन्दु य कुशाग्रेण मासे मासे समश्नुते ।
न्यायतो यस्तु भिक्षेत स पूर्वोक्ताद्विशिष्यते ॥१५
योगिना चैव सर्वेषा श्रेष्ठ चान्द्रायण स्मृतम् ।
एक द्वे त्रीणि चत्वारि शक्तितो वा समाचरेत् ॥१६
अस्तेय ब्रह्मचर्यञ्च अलोभस्त्याग एव च ।
व्रतानि चैव भिक्षूणामहिंसा परमार्थिता ॥१७
अक्रोधो गुरुशुश्रूषा शौचमाहारलाघवम् ।
नित्य स्वाध्याय इत्येते नियमा परिकीर्तिता ॥१८
बीजयोनिर्गुणवपुर्बद्ध कर्मभिरेव च ।
यथा द्विप इवारण्ये मनुष्याणा विधीयते ॥१९
प्राप्यते वाचिरा देवाकुशनेव निवारित ।

एवं ज्ञानेन शुद्धेन दग्धबीजो ह्यकल्मषः ।
विमुक्तबन्धः शान्तोऽसौ मुक्त इत्यभिधीयते ॥२०
वेदस्तुत्या सर्वयज्ञक्रियास्तु यज्ञं जप्यं ज्ञानिनामाहुरग्र्यम् ।
ज्ञानाद्ध्यानं सङ्गरागव्यपेतं तस्मिन् प्राप्ते शाश्वतस्योपलब्धि ॥२१
दमः शमः सत्यमकल्मषत्वं मौनं च भूतेष्वखिलेष्वथार्जवम् ।
अतीन्द्रियज्ञानमिदं तथार्जवं प्राहुस्तथा ज्ञानविशुद्धसत्त्वाः ॥२२
समाहितो ब्रह्मपरोऽप्रमादी शुचिस्तथैवात्मरतिर्जितेन्द्रियः ।
समाप्नुयुर्योगमिमं महाधियो महर्षयश्चैवमनिन्दितामलाः ॥२३

जो कुशा के अग्रभाग से मास मास में जल की बूदों का अशन किया करता है और जो न्याय से भिक्षा किया करता है वह पहिले कहे हुए से भी विशेषता से युक्त होता है ॥१५॥ और योगियों के लिये चान्द्रायण सबसे श्रेष्ठ कहा गया है। एक दो तीन और चार चान्द्रायण व्रतों को शक्तिपूर्वक आचरण करना चाहिए ॥१६॥ चोरी न करना ब्रह्मचर्य का पूर्ण रूप से पालन करना लोभ न करना त्याग अहिंसा और परमार्थिता ये व्रत भिक्षुओं के लिये सर्वोत्तम होते हैं ॥१ ॥ क्रोध न करना गुरु की सेवा शौच आहार का हलकापन नित्य वेद का अध्ययन ये नियम कहे गये हैं ॥१८॥ बीज योनि वाला तथा गुणों के शरीर वाला कर्मों से बँधा हुआ है। अरण्य हाथी की तरह मनुष्यों के लिये विधान किया जाता है ॥१९॥ अङ्कुश से जैसे निवारित होकर शीघ्र ही प्राप्त किया जाता है इसी प्रकार से शुद्ध ज्ञान के द्वारा दग्ध बीज वाला कल्मष हीन विमुक्त बन्धन वाला शान्त यह मुक्त कहा जाता है ॥२ ॥ वेदों से स्तुति से समस्त यज्ञों की क्रिया यज्ञ में जप ज्ञानियों को सबसे श्रेष्ठ कहा गया है। ज्ञान से सङ्ग और राग से विरहित ध्यान कहा गया है। उसके पाने पर शाश्वत पद की प्राप्ति हो जाती है ॥२१॥ दम शम सत्य अकल्मषत्व मौन समस्त प्राणियों में सीधापन तथा आर्जव इसको ज्ञान से विशुद्ध सत्त्व वाले लोग अतीन्द्रिय ज्ञान कहते हैं ॥२२॥ समाहित अर्थात् पूर्ण सावधान ब्रह्म में तत्पर रहने वाले अप्रमादी पवित्र आत्मा में रति रखने वाले और इन्द्रियों को जीत लेने वाले महान् बुद्धि वाले अनिन्दित एवं अमल महर्षिगण इस योग को समापन करें ॥२३॥

## ॥ परमाश्रय प्राप्ति ॥

आश्रमत्रयमुत्सृज्य प्राप्तस्तु परमाश्रमम् ।
अत सवत्सरस्यान्ते प्राप्य ज्ञानमनुत्तमम् ॥१
अनुज्ञाप्य गुरु चैव विचरेत् पृथिवीमिमाम् ।
सारभूतमुपासीत ज्ञान यज्ज्ञेयसाधकम् ॥२
इद ज्ञानमिद ज्ञेयमिति यस्तुपितश्चरेत् ।
अपि कल्पसहस्रायुर्नैव ज्ञेयमवाप्नुयात् ॥३
त्यक्तसङ्गो जितक्रोधो लघ्वाहारा जितेन्द्रिय ।
पिधाय बुद्धया द्वाराणि ध्याने ह्य व मनो दधेत् ॥४
शून्येष्वेवावकाशेषु गुहासु च वने तथा ।
नदीना पुलिने चैव नित्य युक्त सदा भवेत् ॥५
वाग्दण्ड कर्मदण्डश्च मनोदण्डश्च ते त्रय ।
यस्यते नियता दण्डा स त्रिदण्डी व्यवस्थित ॥६
अवस्थितो ध्यानरतिर्जितेन्द्रिय शुभाशुभे हित्य च कर्मणी उभे ।
इद शरीर प्रविमुच्य शाश्वतो न जायते म्रियते वा कदाचित् ॥७

श्रीवायुदेव ने कहा—तीन आश्रमो का त्याग कर परमाश्रम को प्राप्त करे और एक सम्वत्सर के अन्त मे सर्वोत्तम ज्ञान की प्राप्ति कर लेवे ॥ १ ॥ श्री गुरुचरण की आज्ञा को प्राप्त करके इस भूमण्डल मे विचरण करे और जो जानने के योग्य एव साधक ज्ञान हो उसी ज्ञान की उपासना करनी चाहिए क्योंकि इस समय परम सार स्वरूप ज्ञान ही अत्यावश्यक होता है ॥२॥ यह ज्ञान है और यही जानने के योग्य है—इस प्रकार से तुष्ट होकर विचरण करना चाहिए । सहस्र कल्पो की आयु वाला होकर भी जो जानने के योग्य होता है उसे प्राप्त नही किया करता है ॥३। सब प्रकार के सङ्गो को त्याग देने वाला, क्रोध को जीत लेने वाला, हलका तथा स्वल्प । आहार करने वाला, अपनी इन्द्रियो को काबू में रखने वाला बुद्धि से द्वारो को ढाँककर इस प्रकार से मन को ध्यान मे लगावे ॥४॥ जो बिल्कुल शून्य स्थान हो उनमे, अवकाशो मे, गुफाओ मे तथा वन मे एव नदियो के पुलिन मे नित्य युक्त होते हुए सदा रहना चाहिए

॥५॥ वाणी का दण्ड कम का दण्ड और मन रूपी दण्ड ये तीन प्रकार के दण्ड कहे गये हैं। जिसके पास ये तीन दण्ड होते हैं वही त्रिदण्डी व्यवस्थित होता है ॥६॥ ध्यान मे रति रखने वाला अवस्थित होकर तथा अपनी समस्त इन्द्रियों को जीत कर शुभ एव अशुभ दोनो प्रकार के कर्मों को त्याग कर इस शरीर को जो त्याग देता है वह शास्त्र की पद्धति से चलने वाला फिर न उत्पन्न होता है और न कभी मृत्यु को ही प्राप्त होता है अर्थात् आवागमन से मुक्त होकर वह मोक्ष प को प्राप्त कर लेता है ॥७॥

## ॥ प्रायश्चित्त विधि ॥

अत ऊर्द्ध प्रवक्ष्यामि यतीनामिह निश्चयम् ।
प्रायश्चित्तानि तत्त्वेन या्यकामकृतानि तु ।
अथ कामकृतेप्याहु सूक्ष्मधर्मविदोजना ॥१
पापञ्च त्रिविध प्रोक्त वाङ मन कायसम्भवम् ।
सतत हि दिवा रात्रौ येनेद बध्यते जगत् ॥२
न कर्माणि न चाप्येष तिष्ठतीतिपरा ुति ।
क्षणमेष प्रयोज्यन्तु आयुषस्तु विधारणात् ॥३
भवेद्धीरोऽप्रमत्तास्तु योगो हि परम बलम् ।
न हि योगात्पर किञ्चिन्नराणामिह दृश्यते ।
तस्माद्योग प्रशसन्ति धमयुक्ता मनीषिण ।४
अविद्या विद्यया तीर्त्वा प्राप्यश्वर्यमनुत्तमम् ।
दृष्ट्वा परापर धीरा पर गच्छन्ति तत्पदम् ॥५
व्रतानि यानि भिक्षूणा तथैवोपव्रतानि च ।
एककापक्रमे तथा प्रायश्चित्त विधीयत ॥६
उपेत्य तु स्त्रिय कामात प्रायश्चित्त विनिर्दिशेत् ।
प्राणायामसमायुक्त कुर्यात्सान्तपन तथा ॥७

श्री वायुदेव ने कहा—अब इससे आगे यतियों के निश्चय को बतलाते हैं और प्रायश्चित्तों को बतलाया जाता है जो कि तात्त्विक रूप से बिना इच्छा के किये गये हैं। इनके अन तर सूक्ष्म धर्म के ज्ञाता मनुष्य कामकृ ~ भी कहते

है ॥ १ ॥ इस लोक मे पाप तीन प्रकार का बतलाया गया है जो कि वाणी, मन और शरीर से उत्पन्न होता है । सर्वदा रात-दिन जिस पाप से यह समस्त ससार बाधित होता रहता है ॥ २ ॥ न तो यहाँ जगत् मे यह और न कर्म ही कोई भी नहीं रहता है, यह पर-श्रुति है । आयु के विशेप रूप से धारण करने से एक क्षणमात्र ही का प्रयोग करें ॥ ३ ॥ धीर एव अप्रमत्त होना चाहिए । योग सबमे प्रबल बल होता है । इस ससार मे योग से अधिक मनुष्यो का हित साधक अन्य कुछ भी दिखलाई नही देता है । इसी लिये धर्म के तत्त्व के जानने मनीषीगण योग की ही अत्यधिक प्रशसा किया करते हैं ॥ ४ ॥ विद्या से अर्थात् ज्ञान से अविद्या के अन्धकार को पार करके तथा सर्वोत्तम ऐश्वर्य को प्राप्त करके धीर पुरुष परापर को देखकर उस परम पद को जाया करते हैं ॥ ५ ॥ जो यतियो के लिये व्रत तथा उपव्रत बताये गये है उनमे एक एक के अपक्रम करने मे प्रायश्चित्त का विधान होता है ॥ ६ ॥ स्वेच्छया स्त्री का उपगमन करे तो प्रायश्चित्त करना चाहिए । प्राणायाम से समायुक्त होते हुए सान्तपन व्रत करना चाहिए ॥ ७ ॥

ततश्चरति निर्द्देश कृच्छ्रस्यान्ते समाहित ।
पुनराश्रममागम्य चरेद्भिक्षुरतन्द्रित ।
न मर्मयुक्त वचन हिनस्तीति मनीषिण ॥८
तथापि च न कर्त्तव्य प्रसङ्गो ह्येष दारुण ।
अहोरात्राधिक कश्चिन्नास्त्यधर्म इति श्रुति ॥९
हिंसा ह्येषा परा सृष्टा दैवतैर्मुनिभिस्तथा ।
यदेतद्द्रविण नाम प्राणा ह्येते बहिश्चरा ।
स तस्य हरति प्राणान् यो यस्य हरते धनम् ॥१०
एव कृत्वा स दुष्टात्मा भिन्नवृत्तो व्रताच्च्युत ।
भूयो निर्वेदमापन्नश्चरेच्चान्द्रायण व्रतम् ॥११॥
विधिना शास्त्रदृष्टेन सवत्सरमिति श्रुति ।
तत सवत्सरस्यान्ते भूय प्रक्षीणकल्मष ।
भूयो निर्वेदमापन्नश्चरेद्भिक्षुरतन्द्रित ॥१२

अहिंसा सर्वभूतानां कर्मणा मनसा गिरा ।
अकामादपि हिंसेत यदि भिक्षुः पशून् मृगान् ।
कृच्छ्रातिकृच्छ्रं कुर्वीत चान्द्रायणमथापि वा ॥१३
स्कन्देदिन्द्रियदौर्बल्यात् स्त्रियं दृष्ट्वा यतिर्यदि ।
तेन धारयितव्या वै प्राणायामास्तु षोडश ॥१४

इसके अनन्तर कृच्छ्र के अन्त में निर्देश से चरण करना चाहिए और पुनः समाहित होकर रहना चाहिए । भिक्षु को पुनः अपने आश्रम में आकर व्रत निरत होते हुए रहना चाहिए । मनीषी लोग कहते हैं कि कभी मनयुक्त वचन के द्वारा हिंसा न करे ॥८॥ लोभी यह दारुण प्रसङ्ग कभी नहीं करना चाहिए । अहो राम से अधिक कोई अधर्म नहीं है—ऐसी श्रुति है । ९॥ देवताओं न तथा मुनियों ने यह सबसे परा हिंसा बताई है । जो यह द्रविण है वह भी प्राण के ही समान है क्योंकि प्राण बहिश्चर हो जाया करते हैं । वह उसके प्राणों का ही हरण किया करता है जो कि उसका धन हरण करता है अर्थात् यहाँ प्राण और धन में कुछ भी अन्तर नहीं होता है ॥१ ॥ जो कोई भी ऐसा करता है वह परम दुष्ट होता है आचरण से भ्रष्ट तथा व्रत से च्युत हो जाया करता है । उसे फिर निर्वेद प्राप्त करते हुए चान्द्रायण व्रत करना चाहिए ॥११॥ शास्त्र में बताई हुई विधि से एक वर्ष पर्यन्त ऐसा करे ऐसी श्रुति है । फिर संवत्सर के अन्त में प्रक्षीण कल्मष वाला होता है । इसके बाद में फिर निर्वेद को प्राप्त कर भिक्षु को अतन्द्रित होते हुए चरण करना चाहिए ॥१२॥ समस्त प्राणियों की हिंसा न करे और वह कर्म मन तथा वाणी किसी के भी द्वारा नहीं करनी चाहिए । यदि बिना इच्छा के भी भिक्षु पशु तथा मृग की हिंसा कर दो उसे उस पाप की निवृत्ति के लिये प्रायश्चित्त करना ही चाहिए और वह कृच्छ्रातिकृच्छ्र तथा चान्द्रायण व्रत है ॥१३॥ यदि कोई यति किसी स्त्री को देख कर इन्द्रियों की दुर्बलता के कारण स्कन्दन करे तो उसे उस पाप की निवृत्ति के के लिये सोलह प्राणायाम अवश्य ही करने चाहिए ॥१४॥

दिवा स्कन्नस्य विप्रस्य प्रायश्चित्तं विधीयते ।
त्रिरात्रमुपवासश्च प्राणायामशतं तथा ॥१५

रात्रौ स्कन्न शुचि स्नातोऽपि तु धारणा ।
प्राणायामेन शुद्धात्मा विरजा जायते द्विज ॥१६
एकान्न मधु मांस वा ह्यामश्राद्ध तथैव च ।
अभोज्यानि यतीनाञ्च प्रत्यक्षलवणानि च ॥१७
एकैकातिक्रमे तेषां प्रायश्चित्त विधीयते ।
प्राजापत्येन कृच्छ्रेण नत पापात् प्रमुच्यते ॥१८
व्यतिक्रमाच्च ये केचिद्वाङ्मन कायसम्भवम् ।
सद्भि सह विनिश्चित्य यद्ब्रूयुस्तत्समाचरेत् ॥१९
विशुद्धबुद्धि समलोष्टकाञ्चन समस्त भूतेषु चरन् स माहित ।
स्थान ध्रुव शाश्वतमव्यय सता पर स गत्वा न पुनर्हि जायते २०

दिन मे जो विप्र स्कन्न होता है उसके प्रायश्चित्त का विधान किया जाता है कि उसे तीन रात्रि तक उपवास करना चाहिए ॥१५॥ जो रात्रि मे स्कन्न हो अर्थात् स्खलित हो तो उसे शुद्धि स्नान करके केवल बारह ही प्राणायाम कर लेने चाहिए । इन द्वादश प्राणायामो से वह द्विज निष्पाप हो जाता है ॥१६॥ एक ही अन्न, मधु, मास, आमश्राद्ध, प्रत्यक्ष लवण ये यतियो के अभोज्य बताये गये हैं इनमे किसी भी एक का अतिक्रमण करने मे प्रायश्चित्त का विधान होता है । प्राजापत्य कृच्छ्र व्रत करने से इस पाप से प्रमुक्त होता है ॥१७-१८॥ जो कोई वाणी, मन और शरीर से उत्पन्न होने वाले पाप का व्यतिक्रम करे तो सत्पुरुषो के साथ विशेष रूप से निश्चय करके उसका प्रायश्चित्त जैसा भी वे बतावें करना चाहिए ॥१९॥ यति को सर्वदा विशुद्ध बुद्धि वाला और सुवर्ण तथा मिट्टी के ढेले को एक सान दृष्टि से देखते हुए परम समाहित होकर समस्त प्राणियों मे विचरण करना चाहिए । ऐसा यति शाश्वत ध्रुव और अव्यय और सत्पुरुषो का परम स्थान प्राप्त करता है और फिर इस जगत् मे जन्म ग्रहण नही करता है ॥२०॥

## ॥ अरिष्ट वर्णन ॥

अत ऊर्द्ध्वं प्रवक्ष्यामि अरिष्टानि निबोधत ।
येन ज्ञानविशेषेण मृत्यु पश्यति चात्मन ॥१

अरुन्धतीं ध्रुवञ्च व सोम च्छायां महापथम् ।
यो न पश्येत्स नो जीवेन्नर संवत्सरात्परम् ॥२
अरश्मिवन्तमादित्य रश्मिवन्तञ्च पावकम्
य पश्येन्न च जीवेन मासादेकादशात्परम् ॥३॥
वमे मूत्र करीषं वा सुवर्ण रजत तथा ।
प्रत्यक्षमथ वा स्वप्ने दशमासान् स जीवति ॥४
अग्रत पृष्ठतो वापि खण्ड यस्य पदम्भवेत् ।
पांशुले कर्दमे वापि सप्तमासान् स जीवति ॥५
काक कपोतो गृध्रो वा निलीयेद्यस्य मूर्द्धनि ।
क्रव्यादो वा खग कश्चित् षण्मासान्नातिवर्तते ॥६
वध्यो वायसपङ्क्तीभि पांशुवर्षेण वा पुन ।
छायां वा विकृतां पश्येत्तु पञ्च स जीवति ॥७

श्रीवायुदेव ने कहा—अब आगे अरिष्टों को बताते है उन्हे जानलो जिसके ज्ञान विशेष से अपनी मृत्यु का द खलेता है ॥१॥ जो अरुन्धती ध्रुव सोम की छाया और महापथ को नही देखता है वह मनुष्य एक वर्ष से अधिक जीवित नही रहा करता है ॥२॥ जो मनुष्य बिना रश्मियो वाले सूर्य को तथा रश्मियो से युक्त पावक को देखता है वह ग्यारह मास से अधिक जीवित नही रहा करता है ॥३॥ जो मनुष्य मूत्र करीष सुवर्ण अथवा रजत का वमन प्रत्यक्ष या स्वप्न मे करता है वह दश मास तक जीवित रहता है ॥४॥ रतीले स्थान मे अथवा कीच मे आगे या पीछे से जिसके पद खण्ड हो सात मास पर्यन्त जीवन धारण किया करता है ॥५॥ काक कपोत अथवा गृध्र जिसके मस्तक पर निलीन हो जावे अथवा क्रव्याद या पक्षी बैठ जावे वह मनुष्य छः मास से अधिक जीवित नही रहता है ॥६। कौओ की पंक्तियो से अथवा पांशु की वर्षा से वध्य हो जावे अथवा विकृत छाया को देखे वह मनुष्य चार या पाच मास तक ही जीवित रहता है ॥७॥

अनभ्रे विद्युत पश्येद्दक्षिणां दिशमाश्रिताम् ।
उदकेन्द्रधनुर्वापि त्रयो द्वौ वा स जीवति ॥८

अप्सु वा यदि वाऽऽदर्शे आत्मानं यो न पश्यति ।
अशिरस्कं तथात्मानं मासादूर्द्ध्वं न जीवति ।।९
शवगन्धि भवेद्गात्रं वसागन्धि च्छायापि वा ।
मृत्युह्य् पस्थितस्तस्य अर्द्धमासं स जीवति ।।१०
सम्भिन्नो मारुतो यस्य मर्मस्थानानि कृन्तति ।
अद्भिः स्पृष्टो न हृष्येच्च तस्य मृत्युरुपस्थितः ।।११
ऋक्षवानरयुक्तेन रथेनाशान्तु दक्षिणाम् ।
गायन्नथ व्रजेत् स्वप्ने विद्यान्मृत्युरुपस्थितः ।।१२
कृष्णाम्बरधरा श्यामा गायन्ती वाथ चाङ्गना ।
यन्नयेद्दक्षिणामाशां स्वप्ने सोऽपि न जीवति ।।१३
छिद्रं वासश्च कृष्णञ्च स्वप्ने यो विभृयान्नरः ।
भग्नं वा श्रवणं दृष्ट्वा विद्यान्मृत्युरुपस्थितः ।।१४

मेघाडम्बर के बिना ही जो दक्षिण दिशा मे आश्रित बिजली को देखता है अथवा उदक मे इन्द्र धनुष को देखा करता है वह तीन या दो मास तक ही जीवित रहा करता है ।।८।। जल मे अथवा दर्पण मे जो अपने आपको नही देखता है अथवा बिना शिर वाला अपने आपको देखता है वह मनुष्य एक मास से अधिक जीवित नही रहता है ।।९।। जिसका शरीर शव की गन्ध के समान गन्धवाला हो जावे अथवा वसा ( चर्वी ) की गन्ध वाला हो जावे उस की मौत उपस्थित ही समझ लेना चाहिए । वह केवल १५ दिन तक ही जीवित रहा करता है ।।१०।। सम्भिन्न वायु जिसके मर्मस्थानो को कृन्तित किया करता है और जल से स्पर्श हो जाने पर प्रसन्नता का अनुभव नही करता है उस मनुष्य की मृत्यु उपस्थित ही समझ लेना चाहिए ।।११।। जो रीछ या बन्दरो से युक्त रथ मे गान करता हुआ दक्षिण दिशा मे स्वप्न मे जावे उसकी मौत उपस्थित ही जान लेनी चाहिए । १२।। कृष्ण वर्ण के वस्त्रो को धारण करने वाली श्यामा अथवा जाती हुई अङ्गना स्वप्न मे जो दक्षिण दिशा को ले जावे तो वह जीवित नही रहता है ।।१३।। जो स्वप्न मे छिद्र और कृष्ण वस्त्र को धारण करता है अथवा भग्न श्रवण को देखे उसकी मृत्यु उपस्थित ही जान लेनी चाहिए ।।१४।।

आमस्तकनताद्यस्तु निमज्जेत्पङ्कसागरे ।
दृष्ट्वा तु तादृशं स्वप्नं सद्य एव न जीवति ॥१५
भस्माङ्गाराश्च केशाश्च नदी शुष्का भुजङ्गमान् ।
पश्येद्यो दशरात्रन्तु न स जीवेत तादृशं ॥१६
कृष्णश्च विकटश्चैव पुरुषैरुद्यतायुधै ।
पाषाणैस्ताड्यते स्वप्ने य सद्यो न स जीवति ॥१७
सूर्योदये प्रत्युषसि प्रत्यक्षं यस्य वै शिवा ।
क्रोशन्ती सम्मुखाभ्येति स गतायुर्भवेन्नरः ॥१८
यस्य वै स्नातमात्रस्य हृदयं पीड्यते भृशम् ।
जायते दन्तहर्षश्च तं गतायुषमादिशेत् ॥१९
भूयो भूयः श्वसेद्यस्तु रात्रौ वा यदि वा ।
दीपगन्धं नो वेत्ति विद्यान्मृत्युमुपस्थितम् ॥२
रात्रौ चेन्द्रायुधं पश्येद्दिवा नक्षत्रमण्डलम् ।
परनेत्रेषु चात्मानं न पश्येन्न स जीवति ॥२१

जो नीचे से मस्तक पर्यन्त पङ्क सागर मे निमग्न हो जावे अथवा इस प्रकार का स्वप्न देखें वह तुरन्त ही शेष जीवन वाला हो जाता है ॥१५॥ जो कोई भस्म अङ्गार केश नदी जो सूखी हुई हो और सर्पों को दस रात्रि तक स्वप्न मे बराबर देखा करता है ऐसा आदमी जीवित नही रहा करता है ॥१६॥ कृष्ण वर्ण वाले और विकट आकार वाले तथा उद्यत हथियारो वाले पुरुषो के द्वारा जो स्वप्न मे पाषाणो से ताड़ित किया जाता हो वह मनुष्य तुरन्त ही मृत्युगत हो जाता है और जीवित नही रहा करता है ॥१७॥ प्रातःकाल मे सूर्य के उदय समय मे गीदड की मादा रोती हुई मुख के सामने से आती है वह मनुष्य गतायु होता है ॥१ ॥ जिस पुरुष के केवल स्नान करने ही से हृदय मे बहुत ही अधिक पीडा होती है और दन्तहर्ष होता है वह मनुष्य गतायु होता है अर्थात् यह समझ लेना चाहिए कि अब उसकी आयु समाप्त हो चुकी है । १९॥ जो बार-बार दिन मे अथवा रात्रि मे श्वास लिया करता है और दीप गन्ध को नही जानता है उसकी मृत्यु उपस्थित ही समझ लेनी चाहिए ॥२ ॥ जो मनुष्य

रात्रि मे तो देखता हो और दिन मे नक्षत्र मण्डल को देखता हो और दूसरे के नेत्रो मे अपने आप को नहीं देखता है वह जीवित नही रहा करता है ॥२१॥

नेत्रमेक स्रवेद्यस्य कर्णौ स्थानाच्च भ्रश्यत ।
नासा च वक्रा भवति स ज्ञेयो गतजीवित ॥२२
यस्य कृष्णा खरा जिह्वा पङ्कभास च वै मुखम् ।
गण्डे चिपिटके रक्ते तस्य मृत्युरुपस्थित ॥२३
मुक्तकेशो हसश्चैव गायन् नृत्यश्च यो नर ।
याम्याशाभिमुखो गच्छेत्तदन्त तस्य जीवितम् ॥२४
यस्य स्वेदसमुद्भूता श्वेतसर्षपसन्निभा ।
स्वेदा भवन्ति ह्यसकृत्तस्य मृत्युरुपस्थित ॥२५
उष्ट्रा वा रासभा वापि युक्ता स्वप्ने रथेऽशुभा ।
यस्य सोपि न जीवेत दक्षिणाभिमुखो गत ॥२६
द्वे चात्र परमेऽरिष्टे एतद्रूप परं भवेत् ।
घोष न शृणुयात् कर्णे ज्योतिर्नेत्रे न पश्यति ॥२७
श्वभ्रे यो निपतेत् स्वप्ने द्वारश्चास्य न विद्यते ।
न चोत्तिष्ठति य श्वभ्रात्तदन्त तस्य जीवितम् ॥२८

जिसके एक नेत्र मे स्राव होता हो और कान दोनो अपने स्थान से भ्रष्ट हो गये हो तथा नाक टेढी हो गई हो उस मनुष्य को गतजीवित समझ लेना चाहिये ॥ २२ ॥ जिसकी जिह्वा काली और खरखरी हो गई हो तथा मुखपङ्क की कान्ति के समान कान्ति वाला हो गया हो एव गण्ड चिपिटक और रक्त हो गये हों उस मनुष्य की उपस्थिति नही समझ लेनी चाहिये ॥ २३ ॥ खुले हुये केशो वाला, हँसता हुआ, गाता हुआ और नाचता हुआ जो मनुष्य दक्षिण दिशा की ओर मुख किये हुये जाता है उसके जीवन का अन्त ही समझ लेना चाहिये ॥ २४ ॥ जिस मनुष्य के पसीने मे उत्पन्न होने वाली श्वेत सरसो के सदृश श्वेत कण बार बार होते हैं उसकी मृत्यु उपस्थित ही जान लेनी चाहिये ॥२५॥ जिस मनुष्य के रथ में ऊँट अथवा गधे जुडे हुये हो और स्वप्न मे दक्षिण की ओर मुख किये हुये जाता हो वह मनुष्य भी जीवित नहीं रहा करता है ॥२६॥

यहाँ पर ये दो परम अरिष्ट होते हैं और यह रूप भी पर होता है। कानों में ध्वनि न सुनाई देती हो और नेत्र में ज्योति नहीं देखता हो ॥ २७ ॥ स्वप्न में जो स्वभ्र में निपतित होवे और इसका द्वार न होवे और जो स्वभ्र से नहीं उठता है उसके जीवन का बिल्कुल अन्त समझ लेना चाहिये ॥ २८ ॥

ऊर्द्ध्वा च दृष्टिर्न च सम्प्रतिष्ठा रक्ता पुन सम्परिवर्त्तमाना ।
मुखस्य चोष्मा सुषिरा च नाभिरत्युष्णमूत्रो विषमस्थ एव ॥२९
दिवा वा यदि वा रात्रौ प्रत्यक्ष योऽभिहन्यते ।
त पश्येदथ हन्तार स हतस्तु न जीवति ॥३
अग्निप्रवेश कुरुते स्वप्नान्ते यस्तु मानव ।
स्मृति नोपलभेच्चापि तदन्त तस्य जीवितम् ।३१
यस्तु प्रावरण शुक्ल स्वक पश्यति मानव ।
रक्त कृष्णमपि स्वप्ने तस्य मृत्युरुपस्थित ॥ २
अरिष्टसूचिते देहे तस्मिन् काल उपागते ।
त्यक्त्वा भयविषादञ्च उद्गच्छेद्बुद्धिमान्नर ॥३३
प्राची वा यदि वोदीची दिश निष्क्रम्य व शुचि ।
समऽतिस्थावरे देशे विविक्त जनवर्जिते ॥३४
उदङ मुख प्राङ मुखो वा स्वस्थ स्वाचान्त एव च ।
स्वस्तिकोपनिविष्टश्च नमस्कृत्य महेश्वरम् ।
समकायशिरोग्रीव धारयेन्नावलोकयेत ॥३५

जिसकी दृष्टि ऊर्ध्व हो तथा सम्प्रतिष्ठित रक्त एवं फिर सम्परिवर्त्त मान न हो मुख की ऊष्मा ( गर्मी ) तथा नाभि सुषिरा हो एवं मूत्र अत्यधिक उष्ण हो ऐसा व्यक्ति विषम स्थिति में ही रहने वाला होता है ॥ २९ ॥ दिन मे अथवा रात्रि म जो प्रत्यक्ष रूप से हन्यमान होता है उस मारने वाले को देखे जो हत हुआ है वह जीवित नहीं रहता है ॥ ३ ॥ जो मनुष्य स्वप्न के अन्त मे अग्नि मे प्रवेश किया करता है और स्मृति को उपलब्ध नहीं किया करता है उस मनुष्य के जीवन का अन्त ही समझ लेना चाहिये ॥ ३१ ॥ जो मनुष्य अपना प्रावरण अर्थात् आच्छादन शुक्ल देखता है तथा स्वप्न म रक्त और कृष्ण

देखता है उसकी मृत्यु उपस्थित ही जाननी चाहिये ॥ ३२ ॥ अरिष्ट से सूचित देह मे उस काल के उपस्थित होने पर भय और विषाद का त्याग करके बुद्धिमान मनुष्य को उद्गमन करना चाहिये ॥ ३३ ॥ पूव या उत्तर दिशा मे वाहिर निकलकर पवित्र हो जावे और अ-यन्न स्थावर समतल देश मे जो कि एकान्त एव जनो मे विवर्जित हो, वहाँ पर उत्तर या पूव की ओर मुख वाला होकर स्वस्थता से बैठ जावे तथा आचमन करे। स्वस्तिक पर उपनिष्ट होते हुये महेश्वर को प्रणाम करे। अपने पूरे शरीर को, ग्रीवा को तथा मस्तक को समस्थिति मे रक्खे। इधर उधर किसी भी ओर नही देखना चाहिये ॥ ३४—३५ ॥

यथा दीपो निवातस्थो नेङ्गते सोपमा स्मृता।
प्रागुदक्प्रवणे देशे तस्माद्युञ्जीत योगवित् ॥३६
प्राणे च रमते नित्य चक्षुषो स्पर्शने तथा।
श्रोत्रे मनसि बुद्धौ च तथा वक्षसि धारयेत् ॥३७
कालधर्मञ्च विज्ञाय समूहञ्चैव सर्वश।
द्वादशाध्यात्ममित्येव योगधारणमुच्यते ॥३८
शतमष्ट शत वापि धारणा मूर्ध्नि धारयेत।
न तस्य धारणायागोद्वायु सर्व प्रवर्त्तते ॥३९
ततस्त्वापूरयेद्देहमोङ्कारेण समाहित।
अथोङ्कारमयो योगी न क्षरेत्वक्षरी भवेत् ॥४०

जिस प्रकार निर्वात स्थान मे रक्खा हुआ दीपक बिल्कुल भी उसकी ज्योति नही हिलती है वही उपमा यहाँ पर बताई गई है। प्राक्, उदक्, प्रवण देश मे योग के ज्ञाता व्यक्ति को अभ्यास करना चाहिये ॥ ३६ ॥ रमण करने वाले प्राण मे, नेत्रो मे, स्पर्शन अर्थात् त्वगिन्द्रिय मे, श्रोत्र मे, मन मे, बुद्धि मे तथा वक्षस्थल मे धारण करे ॥ ३७ ॥ काल के धर्म को और सब ओर के समूह को जानकर द्वादश अध्यात्म है यही योग का धारण करना कहा जाता है ॥ ३८ ॥ सौ अथवा आठ सौ धारणा को मस्तक मे धारण करना चाहिये। उसकी धारणायागोद्वायु सब प्रवृत्त नही होती है ॥ ३९ ॥ इसके अनन्तर समाहित होकर ओङ्कार से देह को आपूरित करना चाहिये। इसके अनन्तर ओङ्कारमय योगी क्षरित न होते हुये अक्षरी हो जाता हैं ॥ ४० ॥

## ॥ ओङ्कार प्राप्ति लक्षण ॥

अत ऊर्द्धं प्रवक्ष्यामि ओङ्कार प्राप्ति लक्षणम् ।
एष त्रिमात्रो विज्ञयो व्य जनश्चात्र सस्वरम् ॥१
प्रथमा वद्युती मात्रा द्वितीया तामसी स्मृता ।
तृतीया निर्गुणी विद्या मात्रामक्षरगामितीम् ॥२
गन्धर्वीति च विज्ञ या गान्धारस्वरसम्भवा ।
पिपीलिकासमस्पर्शा प्रयुक्ता मूध्नि लक्ष्यते ॥३
तथा प्रयुक्तमोङ्कार प्रतिनिर्वाति मूद्धनि ।
तयोङ्कारमयो योगी ह्यक्षरे त्वक्षरी भवेत् ॥४
प्रणवो धनु शरो ह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते ।
अप्रमत्तन वेद्धव्य शरवत्तन्मया भवेत् ॥५
ओमित्येकाक्षर ब्रह्म गुहाया निहित पदम् ।
ओमित्येतत्त्रयो वेदास्त्रयो लोकास्त्रयोऽग्नय ।
विष्णुक्रमास्त्रयस्त्वेते ऋकसामानि यजूषि च ॥६
मात्राश्चात्र चतस्रस्तु विज्ञ या परमार्थत ।
तत्र युक्तश्च यो योगी तस्य सालोक्यता व्रजेत् ॥७

श्री वायुदेव ने कहा—इसके आगे ओङ्कार की प्राप्ति का लक्षण बतलाते हैं। यह ओङ्कार तीन मात्रा वाला समझ लेना चाहिये इसमे व्यञ्जन जो होता है वह युक्त होता है ॥ १ ॥ प्रथमा मात्रा वद्युती होती है द्वितीया मात्रा तामसी कही गई है और तृतीया मात्रा निर्गुणी होती है। इस प्रकार से अक्षरो मे गमन करने वाली मात्रा को जाननी चाहिये ॥ २ ॥ गान्धार नामक स्वर से समुत्पन्न जो मात्रा है वह गन्धर्वी इस नाम से कही जाती है। पिपीलिका के समान स्पर्श करने वाली मूर्द्धा मे प्रयुक्त की हुई दिखाई देती है ॥ ३ ॥ उस प्रकार से प्रयोग मे लाया हुआ ओङ्कार मूर्द्धा मे प्रतिनिर्वात होता है। इस तरह यह ओङ्कार से परपूर्ण योगी अक्षर मे अक्षरी हो जाता है ॥ ४ ॥ प्रणव धनुष है आत्मा शर है और उसका लक्ष्य स्थान ब्रह्म होता है। यदि अप्रमत्त होते हुये वध्य हो तो शर की भांति वह तन्मय हो जाता है ॥ ५ ॥ ओम् यह

एकाक्षर वाला ब्रह्म पद गुहा मे निहित है। 'ओम्'— यह तीन वेद हैं—तीन लोक हैं और तीन अग्नि हैं। ये तीनो ऋक् साम और यजु विष्णु के क्रम हैं ॥ ६ ॥ यहाँ चार मात्राएं हैं जो कि परमार्थ रूप से समझ लेनी चाहिये। उनमे युक्त जो योगी है वह सालोक्यता को जाता है ॥ ७ ॥

अकारस्त्वक्षरो ज्ञेय उकार स्वरित स्मृत ।
मकारस्तु प्लुतो ज्ञेयस्त्रिमात्र इति सगित ॥८
अकारस्त्वथ भूर्लोक उकारो भुवरुच्यते ।
सव्य जनो मकारश्च स्वर्ल्लोकश्च विधीयते ॥९
ओङ्कारस्तु त्रयो लोका शिरस्तस्य त्रिविष्टपम् ।
भुवनान्तश्च सत्सर्वं ब्राह्म तत्पदमुच्यते ॥१०
मात्रापद रुद्रलोको ह्यमात्रस्तु शिव पदम् ।
एवन्ध्यानविशेषेण तत्पद समुपासते ॥११
तस्माद्ध्यानरतिर्नित्यममात्र हि तदक्षरम् ।
उपास्य हि प्रयत्नेन शाश्वत पदमिच्छता ॥१२
ह्रस्वा तु प्रथमा मात्रा ततो दीर्घा त्वनन्तरम् ।
तत प्लुतवती चैव तृतीया उपदिश्यते ॥१३
एतास्तु मात्रा विज्ञेया यथावदनुपूर्वश ।
यावच्चैव तु शक्यन्ते धार्यन्ते तावदेव हि ॥१४

इस मे अकार को अक्षर समझना चाहिये और उकार स्वरित कहा गया है। मकार प्लुत जानना चाहिये। इस प्रकार से यह तीन मात्रा वाला सक्षिप्त होता है ॥ ८ ॥ इसमे जो अकार है वह भूलोक है और उकार भुवर्लोक कहा जाता है। व्यञ्जन के साथ मकार जो है वह स्वर्लोक होता है ॥ ९ ॥ ओङ्कार जो है वह तीन लोक हैं उसका शिर त्रिविष्टप होता है। वह सब भुवनान्त होता है। ब्राह्म उसका पद कहा जाता है ॥ १० ॥ मात्रा पद रुद्र लोक है और जो अमात्र है वह शिव-पद होता है। इस प्रकार से ध्यान की विशेषता से उसके पद की समुपासना करते हैं ॥ ११ ॥ इससे ध्यान मे रति रखने वाला होवे और नित्य मात्रारहित उस अक्षर की शाश्वत पद की इच्छा रखने वाले के द्वारा

प्रयत्न के साथ उपासना करनी चाहिये ॥ १२ ॥ प्रथमा जो मात्रा है वह ह्रस्व होती है इसके पश्चात् दीर्घा मात्रा होती है और उसके आगे फिर तृतीया जो मात्रा होती है वह प्लुता होती है अर्थात् प्लुत वाली होती है ॥ १३ ॥ ये यथा विधि अनुपूर्वी के क्रम से मात्राऐं जान लेनी चाहिये। जितनी ही हो सके उतनी ही धारण की जाती हैं ॥ १४ ॥

इन्द्रियाणि मनो बुद्धिं ध्यायन्नात्मनि च सदा ।
अत्राष्टमात्रमपि चेच्छृणुयात्फलमाप्नुयात् ॥१५
मासे मासेऽश्वमेधेन यो यजेत शत समा ।
न स तत् प्राप्नुयात पुण्य मात्रया यदवाप्नुयात ॥१६
अर्बिन्दु च कुशाग्र ण मासे मासे पिबेन्नर ।
संवत्सरशत पूर्ण मात्रया तदवाप्नुयात ॥१७
इष्टापूर्त्तस्य यज्ञस्य सत्यवाक्ये च यत् फलम् ।
अभक्षणे च मासस्य मात्रया तदवाप्नुयात ॥१८
स्वाम्यर्थे युध्यमानाना शूराणामनिवर्त्तिनाम् ।
यद्भवेत्तत फल दृष्ट मात्रया तदवाप्नुयात ॥१९
न तथा तपसोग्र ण न यज्ञैर्भूरिदक्षिण ।
यत फल प्राप्नुयात्तु सम्यग मात्रया तदवाप्नयात ॥२
तत्र वै योऽर्द्ध मात्रो च प्लुतो नामोपदिश्यते ।
एषा एव भवेत कार्या गृहस्थानान्तु योगिनाम् ॥२१
एषा चव विशेषेण ऐश्वय समलक्षणा ।
योगिनान्तु विशेषेण एश्वर्ये ह्याष्टलक्षणे ।
अणिमाद्यति विज्ञ या तस्याच्छीत ता द्विज ॥२२

जो सदा आत्मा मे इन्द्रियो को मन को और बुद्धि को ध्यान करते हुए यदि यहाँ पर आठ मात्रा वाले का भी श्रवण करे तो फल को प्राप्त किया करता है ॥ १५ ॥ मास मास मे अर्थात प्रत्येक मास मे जो सौ वर्ष तक अश्वमेधों का यजन किया करता है वह भी उस पुण्य की प्राप्ति नहीं करता है जो मात्रा के द्वारा पुण्य प्राप्त होता है ॥ १६ ॥ जो कुशा के अग्रभाग से जल की बिन्दुओं

को मास-मास मे पीता है और बराबर सौ वर्ष तक पीता रहता है उसका जो पुण्य होता है वह पुण्य मात्रा के द्वारा प्राप्त किया करता है ॥ १७ ॥ इष्टापूर्त्त-यज्ञ का सत्यवाक्य मे जो फल होता है तथा मांस के न खाने मे जो पुण्य होता है वह पुण्य मात्रा के द्वारा हो जाता है ॥ १८ ॥ अपने स्वामी के लिये युद्ध करते हुए शूरवीरो का जो कि पुन. जगत् मे अनिवर्त्ती होते हैं उनका जो पुण्य-फल होता है वही मात्रा से प्राप्त किया जाता है ॥ १९ ॥ अत्यन्त उग्र तप के द्वारा और भूरि दक्षिणा वाले यज्ञो के द्वारा जो फल प्राप्त होता है वही फल भली भाँति मात्रा के द्वारा प्राप्त किया करते हैं ॥ २० ॥ वहाँ पर जो आधी मात्रा वाला प्लुत इस नाम से कहा जाता है यही गृहस्थ योगियो को करनी चाहिये ॥ २१ ॥ यही मात्रा विशेष रूप से ऐश्वय के समान लक्षण वाली होती है और आठ लक्षण वाले ऐश्वर्य मे योगियो को विशेष रूप से होती है । अणि-मादि ये जाननी चाहिये । इससे द्विज को उसका युञ्जन करना चाहिये ॥२२॥

एव हि योगी सयुक्त शुचिर्दान्तो जितेन्द्रिय ।
आत्मान विन्दते यस्तु स सर्वं विन्दते द्विज ॥२३
ऋचो यजूषि सामानि वेदोपनिषदस्तथा ।
योगज्ञानादवाप्नोति ब्राह्मणो ध्यानचिन्तक ॥२४
सर्वभूतलयो भूत्वा अभूत स तु जायते ।
योगी सङ्क्रमण कृत्वा याति वै शाश्वत पदम् ॥२५
अपि चात्र चतुर्हस्ता ध्यायमानश्चतुर्मुखीम् ।
प्रकृति विश्वरूपाख्या दृष्ट्वा दिव्येन चक्षुषा ॥२६

अजामेता लोहितशुक्लकृष्णां बह्वी प्रजा सृजमाना स्वरूपाम् ।
अजो ह्येको जुषमाणोऽनुशेते जहात्येना भुक्तभोगामजोऽन्य ।
अष्टाक्षरा षोडशपाणिपादा चतुर्मुखी त्रिशिखामेकशृङ्गाम् ।
आद्यामजा विश्वसृजा स्वरूपा ज्ञात्वा बुधास्त्वमृतत्व व्रजन्ति ।
ये ब्राह्मणा प्रणव वेदयन्ति न ते पुन ससरन्तीह भूय ॥२७
इत्येतदक्षर ब्रह्म परमोङ्कारसज्ञितम् ।
यस्तु वेदयते सम्यक् तथा ध्यायति वा पुन ॥२८

समारज्जकमुत्सृज्य मुक्तबन्धनबन्धन ।
अचल निर्गुण स्थान शिव प्राप्नोत्यसशय ।
इत्येतद्द मया प्रोक्तमोङ्कारप्राप्ति लक्षणम् ॥२९

जो इस प्रकार से शुचि दमनशील जितेन्द्रिय सयुक्त योगी आत्मा का लाभ किया करता है वह ब्राह्मण सभी कुछ को प्राप्त कर लेता है ॥ २३ ॥ ध्यान मे चिन्तन करने वाला ब्राह्मण योग के ज्ञान से ऋक यजु और सामवेद तथा उपनिषदों को प्राप्त कर लेता है अर्थात् एक मात्र योग के द्वारा सबका ज्ञान प्राप्त हो जाता है ॥ २४ ॥ समस्त भूतो का लय होकर वह बिना भूतों वाला अभूत हो जाता है । योगी सक्रमण करके शाश्वत पद की प्राप्ति कर लेता है । ॥ २५ ॥ और यहाँ पर भी चार हाथ की चार मुख वाली विश्व रूप नाम से युक्त प्रकृति को दिव्य चक्षु के द्वारा देखता है ॥ २६ ॥ लोहित कृष्ण और शुक्ल वर्ण वाली इस अजा को जो बहुत सी प्रजा का सृजन करने वाली अपने रूप मे स्थित है एक अज सेवन करता हुआ अनुगमन करता है और दूसरा अज युक्त भोगो वाली इसको त्याग देता है। आठ अक्षर वाली सोलह हाथ और पदो वाली चार मुख वाली तीन शिखा से युक्त और एक शृंग वाली आद्या अजा और विश्व के सृजन करने वाले स्वरूप वाली को पण्डितगण जान कर अमृतत्व को प्राप्त किया करते हैं। जो ब्राह्मण प्रणव का वेदन किया करते हैं वे फिर यहाँ दुबारा ससार मे नही आया करते हैं ॥ २७ ॥ यही ओङ्कार सज्ञा वाला अक्षर ब्रह्म है जो परम माना जाता है । जो इसे भली भाँति जानता है तथा इसका फिर ध्यान किया करता है वह इस ससार के चक्र का त्यागकर बन्धनो के बन्धन से भी मुक्त हो जाता है और अचल तथा निर्गुण शिव स्थान को निस्सन्देह प्राप्त करता है । यह इतना मैंने ओङ्कार की प्राप्ति का लक्षण बता दिया है ॥ २९ ॥

नमो लोकेश्वराय सङ्कल्पकल्पग्रहणाय महान्तमुपतिष्ठते तद्धो हितं यद्ब्रह्मणे नम । सर्वत्र स्थानिने निर्गुणाय सम्भक्त्योगीश्वराय च । पुष्करपर्णमिवाद्भिर्विशुद्धमिव महामुपतिष्ठत्पवित्र पवित्राणां पवित्र पवित्रेण परिपूरितेन पवित्रेण ह्रस्वन्दीर्घप्लुतमिति

ङ्कारमशब्दमस्पर्शमरूपमरसमगन्धं पर्युपासीत अविद्येशानाय विश्व-रूपो न तस्य अविद्येशानाय नमो योगीश्वरायेति च येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृढा येन स्वस्तभितं येन नाकस्तयोरन्तरिक्षमिमे वरीयसो देवाना हृदय विश्वरूपो न तस्य प्राणापानौपम्य चास्ति ओङ्कारो-विश्वविश्वा वै यज्ञ यज्ञो वै वेद वेदो वै नमस्कार नमस्कारो रुद्र नमो रुद्राय योगेश्वराधिपतये नम । इति सिद्धिप्रत्युपस्थान सायप्रात-र्मध्याह्ने नम इति। सर्वकामफलोरुद्र । यथा वृन्तात् फल पक्व पवनेन समीरितम् । नमस्कारेण रुद्रस्य तथा पाप प्रणश्यति ॥३०

सङ्कल्प कल्प ग्रहण स्वरूप लोक के स्वामी के लिये नमस्कार है । महान् को उपतिष्ठमान, वह जो हमारा हित है, ऐसे ब्रह्म के लिये नमस्कार है । सब जगह स्थान वाले, निर्गुण और सम्भक्त योगीश्वर के लिये नमस्कार है । जल से कमल पत्र की भांति विशुद्ध ब्रह्म का उपस्थान कहे । परिपूरित पवित्रता से पवित्रों को भी पवित्र करने वाला है और ह्रस्वदीर्घ प्लुत स्वरूप वाला उस ओङ्कार को जो शब्द स्पर्श रूप, रस, गन्ध से हीन है उसकी उपासना करनी चाहिये । अविद्या के ईशान के लिये उसका विश्वरूप नही है ऐसे अविद्येशान के लिये नमस्कार है और योगीश्वर के लिये नमस्कार है जिसने द्यौ को उग्र किया, पृथिवी को दृढ बनाया जिसने स्व को विस्तृत किया, जिसने नाक ( स्वर्ग ) बनाया और इस अन्तरिक्ष को किया वरीयान, देवो का हृदय विश्व रूप उसका प्राणापानौपम्य नही है । ओङ्कार विश्व-विश्वा है, यज्ञ यज्ञ है, वेद वेद है और नमस्कार नमस्कार है ऐसे रुद्र के लिये नमस्कार है तथा योगेश्वराधिपति के लिये नमस्कार है । यह सिद्धि का प्रत्युप स्थान है । साय, प्रात और मध्याह्न के लिये नमस्कार है । समस्त कामो का फल रुद्र है । जिस प्रकार वृन्त से पका हुआ फल वायु के द्वारा समीरित होता है वैसे ही नमस्कार से अर्थात् रुद्र को किये हुये नमन से पाप भी नष्ट हो जाता है ॥ ० ॥

यथा रुद्रनमस्कार सर्वधर्मफलो ध्रुव ।<br>
अन्यदेवनमस्कारो न तत् फलमवाप्नुयात् ॥३१<br>
तस्मात् त्रिषवण योगी उपासीत महेश्वरम् ।<br>
दशविस्तारक ब्रह्म तथा च ब्रह्म विस्तरम् ॥३२

ओङ्कार सर्वत काले सब विहितवान् प्रभु ।
तेन तेन नु विष्णुत्व नमस्कार महायशा ॥३३
नमस्कारस्तथा चव प्रणवस्तुवत प्रभुम् ।
प्रणव स्तुवत यज्ञो यश सस्तुवते नम ।
नमस्तुवतिव रुद्रस्तस्माद्रुद्रपद शिवम् ॥३४
इत्येतानि रहस्यानि यतीना वै यथाक्रमम् ।
यस्तु वेदयते ध्यान स पर प्राप्नुयात्पदम् ॥३५

जिस तरह शर्व के लिये किया हुआ नमस्कार समस्त धर्मों के फल वाला होता है और ध्रुव होता है वसे अन्य देव के लिये किया हुआ नमस्कार वह फल प्राप्त नही कराता है ॥ ३१ ॥ इसलिये योगी का कर्त्तव्य है कि वह तीनो कालो मे महेश्वर की उपासना करे । ब्रह्म दश विस्तारक होता है और यह ब्रह्म विस्तार है ॥ ३२ ॥ प्रभु ने सब काल मे सबको ओङ्कार बनाया था । उस उस से विष्णुत्व होता है । नमस्कार महान् यश वाला है ॥ ३३ ॥ नमस्कार प्रणव के लिये है प्रणव प्रभु का स्तवन करता है । यज्ञ प्रणव का स्तवन करता है उस सस्तवन करने वाले के लिये नमस्कार है । नम —यह रुद्र का स्तवन करता है इसलिये रुद्र पद ही शिव है ॥ ३४ ॥ यतियो के ये रहस्य हैं । इनको जो यथाक्रम जानता है और ध्यान करता है वह परम पद को प्राप्त किया करता है ॥ ३५ ॥

## ॥ कल्प निरूपण ॥

ऋषीणामग्निकल्पानां नैमिषारण्यवासिनाम् ।
ऋषि श्रुतिधर प्राज्ञ सावर्णिर्नाम नामत ॥१
तदा सोऽग्यतो भूत्वा वायु वाक्यविशारद ।
सातत्य तत्र कुर्वन्त प्रियार्थे सत्रयाजिनाम् ।
विनयेनोपसगम्य पप्रच्छ स महाद्युतिम् ॥२
विभो पुराणसबद्धा कथा वै वेदसंमिताम् ।
श्रोतुमिच्छामहे सम्यक प्रसादात्सर्वदर्शिन ॥३

हिरण्यगर्भो भगवान् ललाटान्नीललोहितम् ।
कथं तत्तेजसं देवं लब्धवान् पुत्रमात्मनः ॥४
कथं च भगवान् जज्ञे ब्रह्मा कमलसंभवः ।
रुद्रत्वं चैव शर्वस्य स्वात्मजस्य कथं पुनः ॥५
कथं च विष्णो रुद्रेण सार्द्धं प्रीतिरनुत्तमा ।
सर्वे विष्णुमया देवा सर्वे विष्णुमया गणाः ॥६
न च विष्णुसमा काचिद्गतिरन्या विधीयते ।
इत्येवं सततं देवा गायन्ते नात्र संशयः ।
भवस्य स कथं नित्यं प्रणामं कुरुते हरिः ॥७

श्री सूत जी ने कहा—नैमिषारण्य मे निवास करने वाले अग्नि के समान ऋषियो मे से श्रुति को धारण करने वाला परम पण्डित सावर्णि नाम वाले ऋषि थे ॥ १ ॥ वचन बोलने मे महापण्डित उन सब मे अग्रणी होकर सबका यजन करने वालों के प्रिय के लिये सर्वदा वही रहने वाले वायु के समीप विनय-पूर्वक उपस्थित होकर उस महान् द्युति वाले वायु से पूछा ॥ २ ॥ सावर्णि ने कहा—हे विभो ! पुराणो से सम्बद्ध तथा वेदों से समित कथा को सर्वदर्शी आप से सुनने की हम इच्छा करते हैं आपके प्रसाद से उसे भली भाँति श्रवण करेगे ॥ ३ ॥ हिरण्यगर्भ भगवान् ने ललाट से नीललोहित अपने पुत्र उस तेजस्वरूप देव को कैसे प्राप्त किया था ? ॥ ४ ॥ कमल से जन्म ग्रहण करने वाले भगवान् ब्रह्मा जी ने अपने आत्मज शर्व का फिर रुद्रत्व कैसे उत्पन्न किया था ? ॥ ५ ॥ और भगवान् विष्णु की रुद्र के साथ किस तरह सर्वोत्तम प्रीति उत्पन्न हुई ? समस्त विष्णुमय देव हैं और सम्पूर्ण गण विष्णुमय हैं ॥ ६ ॥ विष्णु के समान कोई भी गति नही होती है । इस प्रकार से समस्त देवता गान किया करते हैं, इसमे कुछ भी संशय नही है । वह हरि नित्य ही भव को क्यो प्रणाम किया करते हैं ॥ ७ ॥

एवमुक्तस्तु भगवान् वायुः सावर्णिमब्रवीत् ।
अहो साधु त्वया साधो पृष्टः प्रश्नो ह्यनुत्तमः ॥८
भवस्य पुत्रमन्मत्वं ब्रह्मणः सोऽभवद्यथा ।
ब्रह्मणः पद्मयोनित्वं रुद्रत्वं शंकरस्य च ॥९

द्वाभ्यामपि च सम्प्रीतिर्विष्णोश्चैव भवस्य च।
यच्चापि कुरुत नित्य प्रणाम शकरस्य च।
विस्तरेणानुपूर्व्याच्च शृणुत ब्रुवतो मम ॥१०
मन्वन्तरस्य सहारे पश्चिमस्य महात्मन।
आसीत्तु सप्तम कल्प पद्मो नाम द्विजोत्तम।
वाराह साम्प्रतस्तस्य वक्ष्यामि विस्तरम् ॥११
कियता चैव कालेन कल्प सम्भवत कथम्।
कि च प्रमाण कल्पस्य तन्न प्रब्रूहि पृच्छताम् ॥१२
मन्वन्तराणा सप्तानां कालसख्या यथाक्रमम्।
प्रवक्ष्यामि समासेन ब्रुवतो मे निबोधत ॥१३
कोटीनां द्वे सहस्र व अष्टौ कोटिशतानि च।
द्विषष्टिश्च तथा कोटयो नियुतानि च सप्तति।
कल्पार्द्धस्य तु सख्यायामेतत समुदाहृतम् ॥१४

श्री सूतजी ने कहा—सावर्णि ऋषि के इस प्रकार से कहने पर भगवान् वायुदेव ने कहा—हे साधो ! आपने यह बहुत ही अच्छा अत्युत्तम प्रश्न किया है ॥ ८ ॥ जिस तरह महादेव का ब्रह्मा से पुत्र का जन्म लेना हुआ और ब्रह्मा का पद्म योनित्व जैसे हुआ तथा शकर का रुद्रत्व जिस प्रकार स हुआ ॥ ९ ॥ विष्णु और शिव इन दोनो की पारस्परिक प्रीति जिस तरह से हुई थी और जो नित्य ही विष्णु शकर को प्रणाम किया करते हैं इन सब बातो को मैं तुम्हे विस्तार के साथ बताता हूँ और आनुपूर्वी के सहित बताता हूँ आप लोग मुझसे सब श्रवण कर ॥ १ ॥ हे द्विजोत्तम ! महात्मा पश्चिम मन्वन्तर के सहार हो जाने पर पद्म नाम वाला सप्तम कल्प था। उनमे इस समय वाराह कल्प है उसके विस्तार को बताता हूँ ॥ ११ ॥ सावर्णि ने कहा—कल्प कितने समय मे होता है और वह कैसे होता है ? कल्प का क्या प्रमाण होता है यह पूछने वाले हम को बतलाइये ॥ १२ ॥ वायु ने कहा—सात मन्वन्तरो की काल की सख्या क्रम के अनुसार बतलाऊँगा। सक्षेप मे बतलाते हुए मुझसे सब जान लो ॥१३॥ दो सहस्र आठ सौ करोड तथा सत्तर नियुत बासठ करोड़ कल्प के आधे भाग की यह सख्या कह दी गई है ॥ १४ ॥

पूर्वोक्तौ च गुणच्छेदौ वर्षाग्र लब्धमादिशेत् ।
शत चैव तु कोटीना कोटीनामष्टसप्तति ।
द्वे च शतसहस्रे तु नवतिर्नियुतानि च ॥१५
मानुषेण प्रमाणेन यावद्वैवस्वतान्तरम् ।
एष कल्पस्तु विज्ञेय कल्पार्द्ध द्विगुणीकृत ॥१६
अनागताना सप्तानामेतदेव यथाक्रमम् ।
प्रमाण कालसख्याया विज्ञेय मतमैश्वरम् ॥१७
नियुतान्यष्टपञ्चाशत्तथाऽशीतिशतानि च ।
चतुरशीतिश्चान्यानि प्रयुतानि प्रमाणत ॥१८
सप्तर्षयो मनुश्चैव देवाश्चेन्द्रपुरोगमा ।
एतत् कालस्य विज्ञेय वर्षाग्रन्तु प्रमाणत ॥१९
एव मन्वन्तर तेषा मानुषान्तः प्रकीर्त्तित ।
प्रणवान्ताश्च ये देवा साध्या देवगणाश्च ये ।
विश्वे देवाश्च ये नित्या कल्प जीवन्ति ते गणा ॥२०
अय यो वर्त्तते कल्पो वाराह स तु कीर्त्यते ।
यस्मिन् स्वायम्भुवाद्याश्च मनवश्च चतुर्द्दश ॥२१

पूर्व मे उक्त गुणच्छेद लब्ध वर्ष का अग्र बताना चाहिए । एक सौ अठहत्तर करोड दो सौ हजार नब्बे नियुत होता है ॥ १५ ॥ मानुष प्रमाण से जितना वैवस्वतान्तर है कल्प के अर्ध भाग को दुगुना करने पर वह कल्प जान लेना चाहिए ॥१६॥ अनागत सातो के काल की सख्या मे प्रमाण भी यथाक्रम यही होता है, यह ऐश्वर मत है ॥ १७ ॥ अट्ठावन नियुत तथा अस्सी सौ और चौरासी अन्य प्रयुत प्रमाण से होते हैं ॥ १८ ॥ सप्तर्षिगण—मनु और इन्द्रादि देवगण यह काल का वर्षाग्र प्रमाण जान लेना चाहिए ॥ १९ ॥ इसी प्रकार से उनका मन्वन्तर मानुषान्त कहा गया है । प्रणवान्त जो देवता है, साध्य और जो देवगण हैं और जो नित्य विश्वेदेवा हैं वे सब गण एक कल्प पर्यन्त जीवित रहा करते हैं । यह जो कल्प वरत रहा है वह वाराह इस नाम से कहा जाता है । जिसमें स्वायम्भुवादि चौदह मनु होते है ॥ २०-२१ ॥

यस्माद्वाराहकल्पोऽयं नामतः परिकीर्तितः ।
कस्माच्च कारणाद् वा वराह इति कीर्त्यते ॥२२
को वा वराहो भगवान् कस्य योनिः किमात्मकः ।
वराहः कथमुत्पन्न एतदिच्छाम वेदितुम् ॥२३
वराहस्तु यथोत्पन्नो यस्मिन्नर्थे च कल्पितः ।
वाराहश्च यथा कल्पः कल्पत्वं कल्पना च या ॥२४
कल्पयोरन्तरं यच्च तस्य चास्य च कल्पितम् ।
तत्सर्वं सम्प्रवक्ष्यामि यथादृष्टं यथाश्रुतम् ॥२५
भवस्तु प्रथमः कल्पो लोकादौ प्रथितः पुरा ।
ज्ञातव्यो भगवानत्र ह्यानन्दः साम्प्रतं स्वयम् ॥२६
ब्रह्मस्थानमिदं दिव्यं प्राप्तं वा दिव्यसम्भवम् ।
द्वितीयस्तु भवः कल्पस्तृतीयस्तप उच्यते ॥२७
भवश्चतुर्थो विज्ञेयः पञ्चमो रम्भ एव च ।
ऋतुकल्पस्तथा षष्ठः सप्तमस्तु क्रतुः स्मृतः ॥२८

ऋषियों ने कहा—यह नाम से वाराह कल्प क्यों कहा गया है और किस कारण देव वाराह इस नाम से पुकारे जाते हैं ।। २२ ।। भगवान् वाराह कौन थे ? किससे उत्पन्न हुए और क्या उनका स्वरूप था ? वाराह उत्पन्न कैसे हुए यह सभी हम जानने की इच्छा रखते हैं ।। २३ ।। श्री वायुदेव ने कहा—वाराह जिस तरह से उत्पन्न हुए और जिस अर्थ में कल्पित हुए तथा जिस प्रकार से यह वाराह कल्प हुआ और जो कल्पत्व और कल्पना है ।। २४ ।। दो कल्पों में जो अन्तर है उसका और इसका जो कल्पित है वह सभी जैसा हम ने देखा है और सुना है कहेंगे ।। २५ ।। पहिले लोक के आदि में भव यह प्रथम कल्प प्रसिद्ध हुआ था । यहाँ भगवान् स्वयं साम्प्रत आनन्द जानने चाहिए ।। २६ ।। यह दिव्य ब्रह्म स्थान है अथवा दिव्य सम्भव है । दूसरा भुव कल्प है तीसरा तप कल्प कहा जाता है । २७ ।। चतुर्थ भव-कल्प जानना चाहिए और पञ्चम रम्भ-कल्प होता है । छठा ऋतु कल्प होता है और सातवाँ क्रतु इस नाम से कल्प कहा गया है ।। २८ ।।

अष्टमस्तु भवेद्वह्निर्नवमो हव्यवाहन ।
सावित्रो दशम कल्पो भुवस्त्वेकादश स्मृत ॥२९
उशिको द्वादशस्तत्र कुशिकस्तु त्रयोदश ।
चतुर्दशस्तु गन्धर्वा गान्धर्वा यत्र वै स्वर ।
उत्पन्नस्तु यथा नादा गन्धर्वा यत्र चोत्थिता ॥३०
ऋषभस्तु तत कल्पो ज्ञेय पचदशो द्विजा ।
ऋषया यत्र सम्भूता स्वरो लोकमनोहर ॥३१
षड्जस्तु षोडश कल्प षड जना यत्र चर्पय ।
शिशिरश्च वसन्तश्च निदाघो वर्प एव च ॥३२
शरद्धेमन्त इत्येते मनसा ब्रह्मण सुता ।
उत्पन्ना षड्ज ससिद्धा पुत्रा कल्पे तु षोडशे ॥३३
यस्माज्जातैश्च तैं षड्भि सद्यो जातो महेश्वर ।
तस्मात् समुत्थित षड्ज स्वरस्तूदधिसन्निभ ॥३४
तत सप्तदश कल्पो मार्जालीय इति स्मृत ।
मार्ज्जालीय तु तत् कर्म यस्माद्ब्राह्ममकल्पयत् ॥३५

आठवाँ वह्नि नाम वाला कल्प होता है और नवम कल्प हव्य वाहन नाम वाला होता है । सावित्र इस नाम वाला दशम कल्प होता है और भुव इस नाम से एकादश कल्प प्रसिद्ध होता है ॥ २९ ॥ उशिक बारहवाँ और कुशिक तेरहवाँ कल्प होता है । चौदहवाँ कल्प गन्धर्व होता है जहाँ गान्धर्व स्वर उत्पन्न हुआ जिसके नाद से यहाँ गन्धर्व उत्पन्न हुए थे । इसके पश्चात् पन्द्रहवाँ कल्प ऋषभ नाम वाला हुआ । जहाँ द्विज ऋषिवर्ग उत्पन्न हुए और लोक मनोहर स्वर उत्पन्न हुआ था ॥ ३०-३१ ॥ षड्ज सोलहवाँ कल्प है जहाँ छै जन ऋषि हैं । शिशिर और वसन्त, निदाघ और वर्षा, शरद और हेमन्त ये ब्रह्माजी के मानस पुत्र उत्पन्न हुए और सोलहवें कल्प में षड्ज से ससिद्ध हुए थे ॥ ३२-३३ ॥ जिससे उत्पन्न उन छै से तुरन्त ही महेश्वर उत्पन्न हुए उनसे उदधि के तुल्य षड्ज स्वर उठ खड़ा हुआ ॥ ३४ ॥ इसके पश्चात् सत्रहवाँ कल्प मार्जालीय इस नाम से कहा गया है । मार्जालीय वह कर्म है जिससे ब्राह्म की कल्पना की गई है ॥ ३५ ॥

ततस्तु मध्यमो नाम कल्पोऽष्टादश उच्यते ।
यस्मिस्तु मध्यमो नाम स्वरो धैवतपूजितः ।
उत्पन्नः सर्वभूतेषु मध्यमो वै स्वयम्भुवः ॥३६
ततस्त्वेकोनविंशस्तु कल्पो वैराजकः स्मृतः ।
वैराजो यत्र भगवान् मनुर्वै ब्रह्मणः सुतः ॥३७
तस्य पुत्रस्तु धर्मात्मा दधीचिर्नाम धार्मिकः ।
प्रजापतिर्महातेजा बभूव त्रिदशेश्वरः ॥ ८
अकामयत गायत्री यजमानं प्रजापतिम् ।
तस्माज्जज्ञे स्वरः स्निग्धः पुत्रस्तस्य दधीचिनः ॥३६
ततो विंशतिमः कल्पो निषादः परिकीर्त्तितः ।
प्रजापतिस्तु तं दृष्ट्वा स्वयम्भूप्रभवं तदा ।
विरराम प्रजाः स्रष्टुं निषादस्तु तपाऽतपत् ॥४०
दिव्यं वर्षसहस्रन्तु निराहारो जितेन्द्रियः ।
तमुवाच महातेजा ब्रह्मा लोकपितामहः ॥४१
ऊर्द्ध्वबाहुं तपोग्लानं दुःखितं क्षुत्पिपासितम् ।
निषीदेत्यब्रवीदेनं पुत्रं शान्तं पितामहः ।
तस्मान्निषादः सम्भूतः स्वरस्तु स निषादवान् ॥४२

इसके पश्चात् मध्यम इस नाम वाला अठारहवाँ कल्प कहा जाता है । जिसमे धैवत पूजित मध्यम इस नाम वाला स्वर उत्पन्न हुआ । समस्त प्राणियों मे मध्यम स्वयम्भुव है ॥ ३६ ॥ इसके अनन्तर उन्नीसवां कल्प वैराजक कहा गया है । जहाँ भगवान् वैराज ब्रह्मा के पुत्र मनु हुए हैं ॥ ३७ ॥ उनके पुत्र महात्मा दधीचि परम धार्मिक हुए । त्रिदशेश्वर महान् तेज वाले प्रजापति हुए थे ॥ ३८ ॥ गायत्री ने यजमान प्रजापति की कामना की थी । उससे उस दधीचि का पुत्र स्निग्ध स्वर उत्पन्न हुआ ॥ ३९ ॥ इसके अनन्तर बीसवां कल्प निषाद इस नाम से परिकीर्त्तित हुआ है । उस समय प्रजापति ने स्वयम्भू से उत्पन्न उसे देखकर प्रजा के सृजन के कार्य से विराम ले लिया था । इसके अनन्तर निषाद ने तपश्चर्या आरम्भ करदी ॥ ४ ॥ निषाद ~ सहस्र

दिव्य वर्ष तक निराहार और जितेन्द्रिय होकर तपश्चर्या की थी, तब लोक के पितामह महान् तेज वाले ब्रह्माजी ने उससे कहा ॥४१॥ वह निषाद उस समय मे ऊर्ध्व बाहुओं वाला—तप मे अत्यन्त म्लान—श्रम दु खित और भूख-प्यास से युक्त होकर तप कर रहा था। तब पितामह ने इस शान्त अपने पुत्र से कहा—'निषीद' अर्थात् बैठ जाओ। इससे निषाद वाला वह निषाद स्वर उत्पन्न हुआ था ॥४२॥

एकविंशतिम कल्पो विज्ञेय पञ्चमो द्विजा ।
प्राणोऽपान समानश्च उदानो व्यान एव च ॥४३
ब्रह्मणो मा नसा पुत्रा पञ्चैते ब्रह्मण समा ।
तैस्त्वयर्थवादिभिर्युक्तैर्वाग्भिरिष्टो महेश्वर ॥४४
यस्मात्परिगतैर्गीत पञ्चभिस्तैर्महात्मभि ।
स्वरस्तु पञ्चम स्निग्ध तस्मात्कल्पस्तु पञ्चम ॥४५
द्वाविंशस्तु तथा कल्पो विज्ञेयो मेघवाहन ।
यत्र विष्णुर्महाबाहुर्मेघो भूत्वा महेश्वरम् ।
दिव्य वर्षसहस्रन्तु अवहत् कृत्तिवाससम् ॥४६
तस्य नि श्वसमानस्य भाराक्रान्तस्य वै मुखात् ।
निर्जगाम महाकाय कालो लोकप्रकाशन ।
यस्त्वय पठ्यते विप्रैर्विष्णुर्वै कश्यपात्मज ॥४७
त्रयोविंशतिम कल्पो विज्ञेयश्चिन्तकस्तथा ।
प्रजापतिसुत श्रीमान् चितिश्च मिथुनश्च तौ ॥४८
ध्यायतो ब्रह्मणश्चैव यस्माच्चिन्ता समुत्थिता ।
तस्मात्तु चिन्तक सो वै कल्प प्रोक्त स्वयम्भुवा ॥४६

हे द्विजगणो ! इक्कीसवाँ कल्प पञ्चम जानना चाहिए। प्राण—अपान—उदान—समान और व्यान ये ब्रह्माजी के मानस पाँच पुत्र जो कि ब्रह्मा के ही तुल्य ये उत्पन्न हुए। उनके द्वारा युक्त अर्थवादियो ने वाणियो के द्वारा महेश्वर की उपासना की थी ॥४३। ४४॥ जिस कारण से महान् आत्मा वाले उन परिगत पाँच गीतों से गाये गये पञ्चम स्वर बहुत ही स्निग्ध हुए इसी कारण से

पञ्चम कल्प हुआ ॥४५॥ बाईसवाँ कल्प तो मेघवाहन इस नाम वाला जानना चाहिए जहाँ पर महाबाहु विष्णु भगवान् ने मेघ होकर कृत्ति वस्त्र वाले महेश्वर को एक सहस्र दिव्य वर्ष पर्यन्त वहन किया था ॥४६॥ भार से आक्रान्त नि श्वास लेते हुए उसके मुख से महान् काया वाला लोक को प्रकाश देने वाला काल निकला था जो कि वह विष्णु ब्राह्मणों के द्वारा कश्यप का पुत्र पढ़ा जाता है ॥४७॥ तेईसवाँ कल्प चिन्तक जानना चाहिए। प्रजापति का पुत्र श्रीमान् चित्ति है और वे दोनों का जोड़ा है। ४८॥ ब्रह्म का ध्यान करते हुए ही चिन्ता समुत्पन्न हो गई थी यही कारण है जिससे स्वयम्भू के द्वारा वह चिन्तक कल्प कहा गया है ।४९॥

चतुर्विंशतिमश्चापि ह्याकूति कल्प उच्यते।
आकूतिश्च तथा देवी मिथुन सम्बभव ह ॥५
प्रजा स्रष्टु तथाकूति यस्मादाह प्रजापति ।
तस्मात स पुरुषोश्य आकूति कल्पसज्ञित ।।५१
पञ्चविंशतिम कल्पो विज्ञाति परिकीर्त्तित ।
विज्ञातिश्च तथा देवी मिथुन सम्प्रसूयत ॥५२
ध्यायत पुत्रकामस्य मनस्यध्यात्मसज्ञितम् ।
विज्ञात व समासेन विज्ञानिस्तु तत स्मृत ॥५३
षड विंशस्तु तत कल्पो मन इत्यभिधीयते।
देवो च शाङ्करी नाम मिथुन सम्प्रसूयते ॥५४
प्रजा वै चिन्तमानस्य स्रष्टुकामस्य व तदा।
यस्मात् प्रजासम्भवनादुत्पन्नस्तु स्वयम्भुवा।
तस्मात् प्रजासम्भवनाद्भावनासम्भव स्मृत ॥५५
सप्तविंशतिम कल्पो भावो वै कल्पसज्ञित ।
पौणमासी तथा देवी मिथुन समपद्यत ॥५६

चौबीसवाँ कल्प आकूति कल्प कहा जाता है। आकूति और देवी दोनों का मिथुन हुआ था ॥५ ॥ क्योंकि प्रजापति ने आकूति से प्रजा के सृजन करने के लिए कहा था इसी से वह पुरुष आकूति कहा गया और उनके नाम

से कल्प जानना चाहिए ॥५१॥ पच्चीसवाँ कल्प विज्ञाति नाम से कहा गया है। विज्ञाति और देवी का मिथुन सम्प्रसूत होता है ॥५२॥ मन से अध्यात्म संज्ञा वाले का ध्यान करते हुए पुत्र की कामना के होने से मनोज माना गया अतएव विज्ञात होने से वह विज्ञाति कहा गया है ॥५३॥ छब्बीसवाँ कल्प मन इस नाम से कहा जाता है और शाङ्करी देवी से यह मिथुन सम्प्रसूत किया जाता है ॥५४॥ उस समय प्रजा की चिन्ता करते हुए प्रजा की सृष्टि की कामना वाले के प्रजा के सम्भवन होने से स्वयम्भू के द्वारा उत्पन्न है इसलिये प्रजा के सम्भवन से भावना सम्भव कहा गया है ॥५५॥ सत्ताईसवाँ कल्प का नाम भाव कहा हुआ है तथा पौर्णमासी देवी से यह मिथुन उत्पन्न हुआ ॥५६॥

प्रजा वै स्रष्टुकामस्य ब्रह्मण परमेष्ठिन ।
ध्यायतस्तु पर ध्यान परमात्मानमीश्वरम् ॥५७
अग्निस्तु मण्डलीभूत्वा रश्मिजालसमावृत ।
भुवन्दिवञ्च विष्टभ्य दीप्यते स महावपु ॥५८
ततो वर्षसहस्रान्ते सम्पूर्णे ज्योतिमण्डले ।
आविष्टया सहोत्पन्नमपश्यन् सूर्यमण्डलम् ॥५९
यस्मादहश्यो भूताना ब्रह्मणा परमेष्ठिना ।
दृष्टस्तु भगवान् देव सूर्य्य सम्पूर्णमण्डल ॥६०
सर्वे योगाश्च मन्त्राश्च मण्डलेन सहोत्थिता ।
यस्मात् कल्पो ह्यय दृष्टस्तस्मात्त दशमुच्यते ॥६१
यस्मान्मनसि सम्पूर्णो ब्रह्मण परमेष्ठिन ।
पुरा वै भगवान् सोम पौर्णमासी तत स्मृता ॥६२
तस्मात्तु पर्वदर्शे वै पौर्णमासश्च योगिभि ।
उभयो पक्षयोर्ज्येष्ठमात्मनो हितकाम्यया ॥६३

प्रजा के सृजन की कामना रखने वाले परमेष्ठी ब्रह्मा द्वारा परमात्मा ईश्वर का ध्यान करते हुए रश्मि जाल से समावृत अग्नि मण्डलीभूत होकर भू और दिव दोनों को विष्टब्ध करके महान् वपु वाला वह दीप्यमान होता है ॥५७-५८॥ इसके पश्चात् एक सहस्र वर्ष के अन्त में सम्पूर्ण ज्योति मण्डल में आविष्ट होने

वाली के साथ उत्पन्न होने वाले सूर्य मण्डल को देखा ।।५९।। परमेष्ठी ब्रह्मा के द्वारा अदृश्य थे, फिर भूतों को भगवान् सम्पूर्ण मण्डल वाले सूर्यदेव दृष्ट हुए अर्थात् पूर्ण रूप से दिखाई देने लगे ।।६ । समस्त योग और मन्त्र उस मण्डल के साथ ही उपस्थित हो गये थे । क्योंकि यह म र देखा गया है इसी से इसका नाम दर्शम्—यह कहा जाता है ।।६१।। क्योंकि पहिले परमेष्ठी ब्रह्म के मन मे भगवान् सोम थे इसके पश्चात् पौर्णमासी कही गई है ।।६२।। इससे पवदश मे योगियो के द्वारा अपने हित की कामना से दोनो पक्षो मे पौर्णमास ज्येष्ठ होता है ।।६३।।

दर्शञ्च पौर्णमासञ्च ये यजन्ति द्विजातय ।
न तेषा पुनरावृत्तिर्ब्रह्मलोकात् कदाचन ।।६४
योऽनाहिताग्नि पयतो वीराध्वान गतोऽपि वा ।
समाधाय मनस्तीव्र मन्त्रमुच्चारयेच्छन ।।६५
त्वमग्ने रुद्रो असुरो महो दिवस्त्व शर्वो मारुत पृक्ष ईशिषे ।
त्व पाशगन्धवशिष पूषा विधत्तपासिना ।
इत्येव मन्त्र मनसा सम्यगुच्चारयेद्द्विज ।
अग्नि प्रविशते यस्तु रुद्रलोक स गच्छति ।।६६
सोमश्चाग्निस्तु भगवान् कालो रुद्र इति श्रुति ।
तस्माद्य प्रविशेदग्नि स रुद्रान्न निवर्त्तते ।।६७
अष्टा विशतिम कल्पो बृहदित्यभिसज्ञित ।
ब्रह्मण पुत्रकामस्य स्रष्टुकामस्य व प्रजा ।
ध्यायमानस्य मनसा बृहत्साम रथन्तरम् ।।६८
यस्मात्तत्र समुत्पन्नो बृहत सर्वतोमुख ।
तस्मात्तु बृहत कल्पो विज्ञ यस्तत्त्वचिन्तक ।।६९
अष्टाशीतिसहस्राणी योजनाना प्रमाणत ।
रथन्तरन्तु विज्ञ य परम सूर्य्यमण्डलम् ।
तस्मादण्डन्तु विज्ञयमभेद्य सूयमण्डलम् ।।७
यत्सूर्य्यमण्डलञ्चापि बृहत्साम तु भिद्यते ।

भित्वा चैन द्विजायान्ति योगात्मानो दृढव्रता ।
सङ्घातमुपनीताश्च अन्ये कल्पा रथन्तरे ।।७१
इत्येतत्तु मया प्रोक्त चित्रमध्यात्मदर्शनम् ।
अत पर प्रवक्ष्यामि कल्पाना विस्तर शुभम् ।।७२

जो द्विजाति गण दर्श और पौर्णमास का यजन किया करते हैं, उनकी फिर ब्रह्मलोक से पुनरावृत्ति कदाचन ही होती है ।।६४।। जो व्याहित अग्नि वाला न हो वह वीराध्वा को गया हुआ भी मन को समाहित करके शनै मन्त्र का उच्चारण करते हैं ।।६५।। मन्त्र यह है—हे अग्ने ! आप रुद्र हैं असुर हैं, मही हैं, दिव हैं, शर्व हैं और मारुत हैं । आप पूछे हुए हैं, समथ हैं, आप पाश-गन्धव शिव हैं और विघत्त पाणी के द्वारा पूपा हैं—इस इतने मन्त्र को मन से द्विज भली-भाँति धीरे से उच्चारण करे । जो अग्नि की अचना करता है वह रुद्र के लोक को चला जाता है ।।६५।।६६।। सोम और अग्नि भगवान् काल रुद्र हैं, यह श्रुति है । इसलिये जो अग्नि अचना करता है वह रुद्र से निवर्तमान नही होता है ।।६७।। अट्ठाईसवाँ कल्प 'बृहत्'—इस सज्ञा वाला होता है । पुत्र की इच्छा वाले और प्रजा की सृजन-कामना वाले ब्रह्मा के मन से ध्य न करते हुए बृहत्साम रथन्तर हुआ ।। ८।। क्योंकि वहाँ सर्वतोमुख बृहत् उत्पन्न हुआ था, इसीलिये तत्वो के चिन्तकों के द्वारा यह बृहत कल्प जानने के योग्य हुआ है । ।।६९।। अट्ठासी हजार योजनो के प्रमाण से परम रथन्तर सूर्य-मण्डल जानना चाहिए । इसलिये यह अण्ड न भेदन करने के योग्य सूर्य मण्डल जानना चाहिए । ।।७०।। जो बृहत् साम सूर्यमण्डल भी विद्यमान होता है । दृढ व्रत वाले योगात्मा द्विज इसका भेदन करके जाया करते हैं । सङ्घात को उपनीत अन्य कल्प- रथन्तर मे होते हैं । मैंने यह अध्यात्म दर्शन चित्र बतला दिया है । इससे आगे कल्पो का शुभ विस्तार बताऊँगा ।।७१।।७२।।

## ।। कल्प-संख्यानिरूपण ।।

अत्यद्भुतमिद सर्वं कल्पानान्ते महामुने ।
रहस्य वै समाख्यात मन्त्राणाञ्च प्रकल्पनम् ।।१
न तवाविदित किञ्चित् त्रिपु लोकेपु विद्यते ।

तस्माद्विस्तरन्न सर्वा कल्पसख्या ब्रवीहि न ॥२
अत्र व कथयिष्यामि कल्पसख्या यथा तथा ।
युगाग्र च वर्षाग्रन्तु ब्रह्मण परमेष्ठिन ॥३
एक कल्पसहस्रन्तु ब्रह्मणोऽब्द प्रकीत्तित ।
एतदष्टसहस्रन्तु ब्रह्मणस्तद्युग स्मृतम् ॥४
एक युगसहस्रन्तु सवन तत प्रजापते ।
सवनाना सहस्रन्तु द्विगुण त्रिवृत तथा ॥५
ब्रह्मण स्थितिकालस्य चैतत् सव प्रकीर्तितम् ।
तस्य सख्या प्रवक्ष्यामि पुरस्ताद्व यथाक्रमम् ॥६
अष्टाविंशतिर्ये कल्पा नामत परिकीत्तिता ।
तेषा पुरस्ताद्वक्ष्यामि कल्पसज्ञा यथाक्रमम् ॥७

ऋषियों ने कहा—हे महामुने ! आपने यह अत्यन्त ही अद्भुत कल्पों का सम्पूण रहस्य और मन्त्रों का प्रकल्पन बताया ह ॥१॥ तीनो लोको मे ऐसी कुछ भी वस्तु नही है जो आपको अविदित हो अर्थात् जिसे आप नही जानते हो—तात्पर्य यही ह कि आप सभी कुछ जानते हैं । इसलिये आप हमारे सामने समस्त कल्पो की सख्या विस्तारपूवक वणन कीजिए ॥२॥ वायुदेव ने कहा—यहाँ मैं आपके आगे यथातथ्य कल्पो की सख्या—युग का अग्रभाग और परमेष्ठी ब्रह्माजी के वर्षों के अग्रभाग को बतलाता हूँ ॥३॥ एक सहस्र कल्पो का ब्रह्मा का एक वष होता ह । इनका आठ सहस्र ब्रह्मा का युग कहा गया है ॥४॥ एक युग सहस्र प्रजापति का सवन होता ह । इस तरह सवनो का सहस्र तथा द्विगुण एव त्रिवृत यह सब ब्रह्मा की स्थिति का काल बताया गया है । उसकी सख्या यथाक्रम पहिले बताऊँगा ॥५॥६॥ कल्पो की अट्ठाईस सख्या नाम से बतला दी गई है । उनकी पहिल कल्प सज्ञा को यथाक्रम कहूँगा ॥७॥

रथन्तरस्य साम्नस्तु उपरिष्टान्निबोधत ।
कल्पान्ते नाम धेयानि मन्त्रोत्पत्तिश्च यस्य या ॥८
एकोनविंशक कल्पो विज्ञय श्वतलोहित ।
यस्मिस्तत परमध्यान ध्यायतो ब्रह्मणस्तथा ॥९

श्वेतोष्णीष श्वेतमाल्य श्वेताम्बरधर शिखी ।
उत्पन्नस्तु महातेजा. कुमार पावकोपम ॥१०
भीम मुख महारौद्र सुघोर श्वेतलोहितम् ।
दीप्त दीप्तेन वपुषा महास्य श्वेतवर्च्चसम् ॥११
त दृष्ट्वा पुरुष श्रीमान् ब्रह्मा वै विश्वतोमुख ।
कुमार लोकधातार विश्वरूप महेश्वरम् ॥१२
पुराणपुरुष देव विश्वात्मा योगिना चिरम् ।
ववन्दे देवदेवेश ब्रह्मा लोकपितामह ॥१३
हृदि कृत्वा महादेव परमात्मानमीश्वरम् ।
सद्योजात ततो ब्रह्म ब्रह्मा वै समचिन्तयत् ।
ज्ञात्वा मुमोच देवेशो हृष्टो हास जगत्पति ॥१४

रथन्तर का साम का ऊपर से समझ लो, जिसकी जो मन्वन्तरोत्पत्ति है और जो नामधेय हैं ॥८॥ उन्नीसवाँ कल्प श्वेत लोहित जानना चाहिए जिसमें ध्यान करने वाले ब्रह्माजी का परम ध्यान है ॥९॥ श्वेत उष्णीष ( पगडी ) वाला–श्वेत माला धारण करने वला–श्वेत वस्त्र धारी–महान् तेज से युक्त पावक के समान दीप्ति वाला शिखी कुमार उत्पन्न हुआ ॥१०॥ जिसका मुख भीम–महान् रौद्र–सुघोर और श्वेत लोहित है। दीप्त वपु से दीप्यमान–महान् मुख वाले और श्वेत वर्चस उसको देखकर विश्वतोमुख श्रीमान पुरुष ब्रह्माजी ने लोकों के धाता–विश्वरूप–महेश्वर–कुमार और पुराण पुरुष देव-देव को विश्वात्मा लोक पितामह की वन्दना की ॥ ११–१२–१३ ॥ परमात्मा ईश्वर महादेव को हृदय मे स्थित करके ब्रह्म तुरन्त उत्पन्न हुआ है ऐसा ब्रह्माजी ने चिन्तन किया और ज्ञान प्राप्त करके परम प्रसन्न देवेश जगत्पति ने हास्य किया ॥ १४ ॥

ततोऽस्य पार्श्वत श्वेता ऋषयो ब्रह्मवर्च्चस ।
प्रादुर्भूता महात्मान श्वेतमाल्यानुलेपना ॥१५
सुदन्दो नन्दकश्चैव विश्वनन्दोऽथ नन्दन ।
शिष्यास्ते वै महात्मानो यैस्तु ब्रह्म ततो वृतम् ॥१६

तस्याग्र श्वेत वर्णाभ श्वेतनामा महामुनि ।
विजज्ञ ऽथ महातेजा यस्माज्जज्ञ नरस्त्वसौ ।।१७

तत्र ते ऋषय सर्वे सद्यःजात महेश्वरम् ।
तस्माद्विश्वेश्वर देव ये प्रपश्यन्ति व द्विजा ।
प्राणायामपरा युक्ता ब्रह्मणि व्यवसायिन ।।१८

ते सर्वे पापनिर्मुक्ता विमला ब्रह्मवर्च स ।
ब्रह्मलोकमतिक्रम्य ब्रह्मलोक व्रजन्ति च ।।१९

ततस्त्रिशत्तम कल्पो रक्तो नाम प्रकीर्तित ।
रक्तो यत्र महातेजा रक्तवर्ण मधारयत् ।।२०

ध्यायत पुत्रकामस्य ब्रह्मण परमेष्ठिन ।
प्रादुर्भूतो महातेजा कुमारो रक्तविग्रह ।
रक्तमाल्याम्बर धरो रक्तनेत्र प्रतापवान् ।।२१

इसके अनन्तर इसके पार्श्व में ब्रह्मवर्चस श्वेत ऋषिगण प्रादुर्भूत हुए जो महान् आत्मा वाले और श्वेतमाल्य तथा अनुलेपन वाले थे ।। १५ । सुनन्दक विश्वन" और भन्दन ये महान् आत्मा वाले शिष्य थे जिनसे वह ब्रह्म आवृत था ।। १६ ।। उसके आगे श्वेतवर्ण की आभा वाले श्वेत नाम वाले महामुनि उत्पन्न हुए जिससे महान् तेज वाला यह नर उत्पन्न हुआ था ।। १७ ।। वहाँ वे सब ऋषिगण सद्य उत्पन्न हुए विश्वेश्वर महेश्वर देव को देखते हैं और जो ब्राह्मण उसका दर्शन करते हैं वे प्राणायाम मे परायण तथा ब्रह्म मे व्यवसाय से युक्त थे ।। १८ ।। वे सब पापो से निर्मुक्त हुए बिना मल वाले ब्रह्मवर्चस ब्रह्मलोक का अतिक्रमण करके ब्रह्मलोक को चले जाते हैं ।। १९ ।। इसके पश्चात् श्री वायुदेव ने कहा—इसके अनन्तर तीसवा जो कल्प था वह रक्त–इस नाम से कहा गया है । जहाँ महान् तेज से युक्त रक्त था उसने रक्तवर्ण को धारण किया था ।। २ ।। पुत्र की कामना वाले परमेष्ठी ब्रह्मा के ध्यान करते हुए महान् तेज वाला रक्त विग्रह से युक्त कुमार उत्पन्न हुआ था जो रक्तमाल्य और रक्त वस्त्र के धारण करने वाला रक्त नेत्रों वाला तथा प्रताप वाला था ।। २१ ।।

स त दृष्ट्वा महादेव कुमार रक्तवाससम् ।
ध्यानयोग परङ्गत्वा बुबुधे विश्वमीश्वरम् ॥२२
स त प्रणम्य भगवान् ब्रह्मा परमयन्त्रित ।
वामदेव ततो ब्रह्मा ब्रह्मात्मक व्यचिन्तयत् ॥२३
एव ध्यातो महादेवो ब्रह्मणा परमेष्ठिना ।
मनसा प्रीतियुक्तेन पितामहमथाब्रवीत् ॥२४
ध्यायता पुत्रकामेन यस्मात्तेह पितामह ।
दृष्ट परमया भक्त्या ध्यानयोगेन सत्तम ॥२५
तस्माद्ध्यान पर प्राप्य कल्पे कल्पे महातपा ।
वेत्स्यसे मा महासत्व लोकधातारमीश्वरम् ।
एवमुक्त्वा तत शर्व अट्टहास मुमोच ह ॥२६
ततस्तस्य महात्मानश्चत्वारश्च कुमारका ।
सम्बभूवर्म महात्मानो विरेजु शुद्धबुद्धय ॥२७
विरजश्च विवाहश्च विशोको विश्वभावन ।
ब्रह्मण्या ब्रह्मणस्तुल्या वीरा अध्यवसायिन ॥२८

उस रक्त वस्त्र धारी महादेव कुमार को उसने देखकर और पर ध्यान-योग मे स्थित होकर विश्व-रूप ईश्वर का ज्ञान प्राप्त किया ॥ २२ ॥ भगवान परम यन्त्रित ब्रह्मा जी ने उसको प्रणाम करके फिर ब्रह्मा जी ने ब्रह्मात्मक वाम-देव का विशेष रूप से चिन्तन किया ॥ २३ ॥ इस प्रकार से परमेष्ठी ब्रह्मा के द्वारा ध्यान किये हुए महादेव प्रीति से युक्त मन से पितामह से कहा ॥ ३४ ॥ हे सत्तम ! पुत्र की कामना रखने वाले और ध्यान करने वाले तुमने पितामह मुझे परम भक्ति से तथा ध्यान के योग से देखा था ॥ २५ ॥ इसलिये परम ध्यान प्राप्त करके महान् तप वाले कल्प-कल्प मे हे महासत्व ! लोकों के धाता ईश्वर मुझको भली भाँति जान लोगे । इस प्रकार से कह कर पश्चात् शर्व ने बडा अट्टहास किया था ॥ २६ ॥ इसके पश्चात् उसके महान् आत्मा वाले चार कुमार उत्पन्न हुए थे और शुद्ध बुद्धि वाले महात्मा विशेष रूप से दीप्तिमान हुए थे ॥ २७ ॥ वे विरज, विवाह, विशोक और विश्वमानव थे तथा ब्रह्मण्य, वीर, अध्यवसायी और ब्रह्म के ही तुल्य थे ॥ २८ ॥

रक्ताम्बरधरा सवे रक्तमाल्यानुलेपना ।
रक्तभस्मानुलिप्ताङ्गा रक्तास्या रक्तलोचना ।।२६
ततो वपसहस्र'न्ते ब्रह्मण्या व्यवसायिन ।
गृणन्तश्च माहात्मानो ब्रह्म तद्वामदवकम् ।।३०
अनुग्रहाथ लोकाना शिष्याणा हितकाम्यया ।
धर्मोपदेशमखिल कृत्वा ते ब्राह्मणा स्वयम् ।
पुनरेव महादेव प्रविष्टा रुद्रमव्ययम् ।।३१
येऽपिचान्ये द्विजश्रेष्ठा यु जाना वाममीश्वरम् ।
प्रपद्यन्ति महादे ा तद्भक्तास्तत्परायणा ।।३२
ते सवे पापनिमु क्ता विमला ब्रह्मव स ।
रुद्रलोक गमिष्यन्ति पुनरावृत्तिदुलभम् ।।३३

सब रत वस्त्रो के धारण करने वाले और रक्त-माल्य तथा अनुलेपन से युक्त थे। वे रक्त भस्म से अनुलिप्त अङ्गों वाले रक्त मुख से युक्त तथा रक्त नेत्रो वाले थे ।। २६ ।। इसके पश्चात् एक सहस्र वर्षों के अ त मे वे ब्रह्मण्य महा्मा और व्यवसायी उस वामदेव ब्रह्म को ग्रहण करने वाले थे ।। ३ ।। लोको के ऊपर अनुग्रह करने के लिये और शिष्यो के हित की कामना से समस्त धम का उपदेश करके वे ब्राह्मण स्वय पुन अव्यय रुद्र स्वरूप महादेव मे प्रविष्ट हो गये ।। ३१ ।। और जो भी अन्य श्रे ष्ठ द्विज वाम ईश्वर के यु जान होते हुए उनके परम भक्त एव उन ही मे परायण रहने वाले थे वे महादेव को प्राप्त होते हैं ।। ३२ ।। वे सभी पापो से छुटकारा पाने वाले होकर विमल अर्थात् मल से र ि त विशुद्ध होने वाले ब्रह्मवचस रुद्र लोक को जाते हैं जहाँ से फिर इस ससार मे आवृत्ति दुलभ हुआ करती है ।। ३३ ।।

## ।। माहेश्वरावतार-योग ।।

एकत्रिंशत्तम कल्प पीतवासा इति स्मृत ।
ब्रह्मा यत्र महातेजा पीतवर्णत्वमागत ।।१
ध्यायत पुत्रकामस्य ब्रह्मण परमेष्ठिन ।
प्रादुर्भूतो महातेजा कुमार पीतवस्त्रवान् ।।२

पीतगन्धानुलिप्ताङ्ग पीतमाल्यधरो युवा ।
पीतयज्ञोपवीतश्च पीतोष्णीवो महाभुज ।।३
त दृष्ट्वा ध्यानसयुक्त ब्रह्मा लोकेश्वर प्रभुम् ।
मनसा लोकधातार ववन्दे परमेश्वरम् ।।४
ततो ध्यानगतस्तत्र ब्रह्मा माहेश्वरी पराम् ।
अपश्यद्गा विरूपा च महेश्वरमुखच्युनाम् ।।५
चतुष्पदा चतुर्वक्त्रा चतुर्हस्ता चतु स्तनीम् ।
चतुर्नेत्रा चतु शृङ्गी चतुर्दंष्ट्रा चतुर्मुखीम् ।
द्वात्रिंशल्लोकसयुक्तामीश्वरी सर्वतोमुखीम् ।।६
स ता दृष्ट्वा महातेजा महादेवी महेश्वरीम् ।
पुनराह महादेव सर्वदेवनमस्कृत ।।७

श्री वायुदेव ने कहा इक्तीसवाँ कल्प पीतवासा इस नाम से कहा गया है जहाँ महान् तेज वाला ब्रह्मा पीत वर्णता को प्राप्त हो गया है ।। १ ।। पुत्र के पाने की कामना से युक्त ध्यान करने वाले परमेष्ठी ब्रह्मा के पीत-वस्त्र वाला तथा महान् तेज से युक्त कुमार प्रादुर्भूत हुआ था ।। २ ।। वह कुमार पीत गन्ध से अनुलिप्त अङ्ग वाला था और वह युवा पीत-माल्य के धारण करने वाला था । वह महान् भुजाओ वाला पीतवर्ण का ही यज्ञोपवीत धारण करने वाला था और पीत ही मस्तक उष्णीप अर्थात् शिरोवस्त्र पहिने हुए था ।। ३ ।। ब्रह्मा ने ध्यान मे सयुक्त उस लोकेश्वर प्रभु को देखकर मन से लोक धाता परमेश्वर की वन्दना की ।। ४ ।। इसके अनन्तर वहाँ पर ध्यान मे स्थित ब्रह्मा जी ने महेश्वर के मुखच्युन विरूप पर माहेश्वरी गौ को देखा ।। ५ ।। वह गौ चार पदो वाली, चार मुखो वाली चार ही हाथो से युक्त और चार स्तन वाली थी तथा उसके चार नेत्र, चार श्रृङ्ग, चार दाढ और चार मुख थे । वह बत्तीस लोकों से सयुक्त, सर्वतोमुखी और ईश्वरी थी ।। ६ ।। वह महान् तेज वाला उस महादेवी महेश्वरी को देखकर समस्त देवो के द्वारा नमस्कृत अर्थात् वन्दित महादेव फिर बोले ।। ७ ।।

मति स्मृतिर्बुद्धिरिति गायमान पुन पुन ।
एह्येहीति महादेवी सोत्तिष्ठत् प्राञ्जलिर्भृशम् ।।८

विश्वमावृत्य योगेन जगत्सर्वं वशीकुरु ।
अथ वा महादेवेन रुद्राणी त्वं भविष्यसि ।
ब्राह्मणानां हितार्थाय परमार्थ भविष्यसि ॥८
अथनां पुत्रकामस्य ध्यायतः परमेष्ठिनः ।
प्रददौ देवदेवेशश्चतुष्पादां महेश्वरीम् ।
ततस्तां ध्यानयोगेन विदित्वा परमेश्वरीम् ॥१०
ब्रह्मा लोकनमस्कार्यं प्रपद्य तां महेश्वरीम् ।
गायत्रीन्तु ततो रौद्रीं ध्यात्वा ब्रह्मा सुयन्त्रित ॥११
इत्येतां वैदिकीं विद्यां रौद्रीं गायत्रीमर्पिताम् ।
जपित्वा तु महादेवीं रुद्रलोकनमस्कृताम् ।
प्रपन्नस्तु महादेवं ध्यानयुक्तेन चेतसा । १२
ततस्तस्य महादेवो दिव्यं योगं पुनः स्मृतः ।
ऐश्वर्यं ज्ञानसम्पत्तिं वैराग्यं च ददौ पुनः ॥१३
अथाट्टहासं मुमुचे भीषणं दीप्तमीश्वरः ।
ततोऽस्य सर्वतो दीप्ताः प्रादुर्भूताः कुमारकाः ॥१४

मति स्मृति और बुद्धि यह कहते हुए और बार बार यही गायन करते हुए महादेवी आइये-आइये यह कहते हुए वह अत्यन्त प्राञ्जलि होकर वहाँ स्थित हो गये ॥ ८ ॥ योग से विश्व को आवृत करके इस समस्त जगत् को वश में करो । अथवा आप महादेव के साथ रुद्राणी हो जाओगी । ब्राह्मणों के हित के लिये आप परमार्थ हो जाओगी ॥ ९ ॥ इसके अनन्तर इसको ध्यान करने वाले पुत्र की इच्छा वाले परमेष्ठी को देव देवेश ने चार पादों वाली महेश्वरी को दे दिया । इसके पश्चात् उसको ध्यान के योग से परमेश्वरी जान लिया था ॥ १ ॥ लोकों के द्वारा नमस्कार करने के योग्य ब्रह्मा जी ने उस महेश्वरी के शरण में आकर इसके पश्चात् रौद्री गायत्री का ध्यान कर ब्रह्मा जी सुयन्त्रित हो गये ॥ ११ ॥ इस प्रकार से इस वैदिकी विद्या अर्पित रौद्री गायत्री का जप करके रुद्र लोक के द्वारा नमस्कृत महादेवी भली भाँति जाप में संलग्न हो गये थे और फिर ध्यान से युक्त चित्त से महादेव की प्रसन्नता से प्राप्त हो गये थे

॥ १२ ॥ इसके अनन्तर महादेव ने पुन दिव्य योग दिया और ऐश्वर्य, ज्ञान रूपी सम्पत्ति तथा वैराग्य प्रदान किया था ॥ १३ ॥ इसके उपरान्त ईश्वर ने भीषण एवं दीप्त अट्टहास किया। इससे इसके सब ओर प्रादुर्भूत कुमार दीप्त हो गये ॥ १४ ॥

पीतमाल्याम्बरधरा पीतगन्धविलेपना ।
पीतोष्णीषशिरस्काश्च पीतास्या पीतमूर्द्धजाः ॥१५
ततो वर्षसहस्रान्ते उषित्वा विमलौजस ।
योगात्मानस्तत स्नाता ब्राह्मणाना हितैषिण ॥१६
धर्मयोगबलोपेता ऋषीणा दीर्घसत्रिणाम् ।
उपदिश्य तु ते योग प्रविष्टा रुद्रमीश्वरम् ॥१७
एवमेतेन विधिना प्रपन्ना ये महेश्वरम् ।
अन्येऽपि नियतात्मानो ध्यानयुक्ता जितेन्द्रिया ॥१८
ते सर्वे पापमुत्सृज्य विरजा ब्रह्मवर्च्चस ।
प्रविशन्ति महादेव रुद्रन्ते त्वपुनर्भवा ॥१९
ततस्तस्मिन् गते कल्पे पीतवर्णे स्वयम्भुव ।
पुनरन्य प्रवृत्तस्तु सितकल्पो हि नामत ॥२०
एकार्णवे तदा वृत्ते दिव्ये वर्षसहस्रके ।
स्रष्टुकाम प्रजा ब्रह्मा चिन्तयामास दु खित ॥२१

वे सभी कुमार पीत माल्य तथा अम्बर के धारण करने वाले थे और पीतवर्ण की गन्ध के अनुलेपन से युक्त थे। इनके मस्तक पर उष्णीष अर्थात् शिरोवेष्टन वस्त्र था वह भी पीत था, पीत मुख से युक्त तथा पीत ही केशों वाले थे ॥ १५ ॥ इसके अनन्तर एक सहस्र वर्षों के अन्त मे निवास करके विमल ओज वाले, योगात्मा और स्नान किये हुए तथा ब्राह्मणो के हितों के चाहने वाले धर्म के तथा योग के बल से उपेत वे सब दीर्घ सत्र का यजन करने वाले ऋषियो को अपना उपदेश देकर रुद्र ईश्वर योग मे प्रविष्ट हो गये ॥ १६-१७ ॥ इस प्रकार से जो इस विधि से महेश्वर को प्रसन्न हुए तथा अन्य लोग भी ध्यान से युक्त नियत आत्मा वाले जितेन्द्रिय थे वे सभी अपने पापो से छूटकर विरज

और अह्यमवस से महादेव रूप में प्रवेश किया करते है और फिर उनका जन्म नही होता है ॥ १८ १६ । श्री वायुदेव ने कहा—इसके अनन्तर स्वयम्भू की पीतवर्ण वाले कल्प के समाप्त हो जाने पर फिर दूसरा कल्प प्रवृत्त हुआ जिसका नाम सित कल्प हुआ ॥ २ ॥ उस समय सर्वत्र एकमात्र समुद्र के दिव्य एक सहस्र वर्ष हो जाने पर प्रजा के सृजन की कामना करने वाले ब्रह्माजी परम दु खित होते हुए चिन्ता करने लगे ॥ २१ ॥

तस्य चिन्तयमानस्य पुत्रकामस्य व प्रभो ।
कृष्ण समभवद्वर्णो ध्यायत परमेष्ठिन ॥२२
अथापश्य महातेजा प्रादुभू त कुमारकम् ।
कृष्णवर्ण महावीय दीप्यमान स्वतेजसा ॥२३
कृष्णाम्बरवरोष्णीष कृष्णयज्ञोपवीतिनम् ।
कृष्णेन मौलिना युक्त कृष्णस्रगनुलेपनम् ॥२४
स त दृष्ट्वा महात्मानममर घोर मन्त्रिणम् ।
ववन्दे देवदेवेश विश्वेश कृष्णपिङ्गलम् ॥२५
प्राणायामपर श्रीमान् हृदि कृत्वा महेश्वरम् ।
मनसा ध्यानसयुक्त प्रपन्नस्तु यतीश्वरम् ।
अघोरेति ततो ब्रह्मा ब्रह्म एवानुचिन्तयन् ॥२६
एव व ध्यायतस्तस्य ब्रह्मण परमष्ठिन ।
मुमोच भगवान् रुद्र अट्टहास महास्वनम् ॥२७
अथास्य पाश्वत कृष्णा कृष्णस्रगनुलेपना ।
चत्वारस्तु महात्मान सम्बभूवु कुमारका ॥२८

इस तरह से चिन्ता करने वाले पुत्र की कामना से युक्त प्रभु परमेष्ठी का ध्यान मे सलग्न रहते रहते ही कृष्णवर्ण हो गया ॥ २२ ॥ इसके अनन्तर महान् तेज वाले ने प्रादुर्भाव होने वाले कृष्णवर्ण से युक्त महान् वीर्य वाले अपने तेज से दे दीप्यमान कुमार को देखा ॥ २३ ॥ वह कुमार काले वस्त्र और शिरोवेष्टन वाला था तथा कृष्ण उपवीत धारण कर रहा था। उसका मस्तक भी कृष्ण था तथा कृष्णवर्ण की माला और विलेपन से युक्त था ॥ २४ ॥ उस महान् आत्मा

वाले घोर मन्त्र से युक्त अमर उनने देखकर कृष्ण पिङ्गल विश्वेश तथा देव देवेश उसको प्रणाम किया ॥ २५ ॥ प्राणायाम करने मे परायण होकर श्रीमान् उसने हृदय मे उसको स्थित करके ध्यान से संयुक्त यतियो के स्वामी महेश्वर को मन से प्रसन्न हुआ था और इसके पश्चात् यह अघोर है, ऐसा ब्रह्मा ने उस ब्रह्म का चिन्तन किया था ॥ २६ ॥ इस प्रकार से परमेष्ठी ब्रह्माजी के ध्यान करते हुए भगवान् रुद्र ने उस समय बहुत ही अधिक ध्वनि से युक्त महान् अट्टहास किया था ॥ २७ ॥ इसके पश्चात् इसके पार्श्व प्रदेश मे कृष्णवर्ण वाले तथा कृष्णवर्ण की माला और विलेपन से युक्त महान् आत्मा वाले चार कुमारों का सम्भव ( जन्म ) हुआ था ॥ २८ ॥

कृष्णा कृष्णाम्बरोष्णीषा कृष्णास्या कृष्णवाससः ।
तैश्चाट्टहासः सुमहान् हुङ्कारश्चैव पुष्कलः ।
नमस्कारश्च सुमहान् पुनः पुनरुदीरितः ॥२९
ततो वर्षसहस्रान्ते योगात्तत् पारमेश्वरम् ।
उपासित्वा महाभागाः शिष्येभ्यः प्रददुस्ततः ॥३०
योगेन योगसम्पन्ना प्रविश्य मनसा शिवम् ।
अमलं निर्गुणं स्थानं प्रविष्टा विश्वमीश्वरम् ॥३१
एवमेतेन योगेन ये चाप्यन्ये द्विजातयः ।
स्मरिष्यन्ति विधानज्ञा गन्तारो रुद्रमव्ययम् ॥३२
ततस्तस्मिन् गते कल्पे कृष्णरूपे भयानके ।
अन्यः प्रवर्त्तितः कल्पो विश्वरूपस्तु नामतः ॥३३
विनिवृत्ते तु संहारे पुनः सृष्टे चराचरे ।
ब्रह्मणः पुत्रकामस्य ध्यायतः परमेष्ठिनः ।
प्रादुर्भूता महानादा विश्वरूपा सरस्वती ॥३४
विश्वमाल्याम्बरधरं विश्वयज्ञोपवीतिनम् ।
विश्वोष्णीषं विश्वगन्धं विश्वस्थानं महाभुजम् ॥३५
अथ तं मनसा ध्यात्वा युक्तात्मा वै पितामहः ।
ववन्दे देवमीशानं सर्वेशं सर्वगं प्रभुम् ॥३६

वे चारो उत्पन्न होने वाले कुमार एकदम कृष्ण वर्ण वाले थे। उनके वस्त्र और शिरोवेष्टन भी कृष्ण थे कृष्ण वर्ण का ही उन सब का मुख था और कृष्ण वस्त्रधारी थे। उन्होने सुमहान् अट्टहास और बहुत अधिक हुङ्कार एवं बार बार सुमहान् नमस्कार का उच्चारण किया था॥ २६॥ इसके अनन्तर जब एक सहस्र वर्ष समाप्त हो गये तब योग से उस परम ईश्वर की उपासना करके महाभाग वाले उन्होने शिष्यो को दे दिया॥ ३ ॥ योग से सम्पन्न होते हुए योग के बल से वे मन से अमल निर्गुण विश्व स्वरूप ईश्वर के स्थान मे प्रविष्ट हो गये॥ ३१॥ इस प्रकार से इसी योग से जो अन्य भी द्विजाति थे जो कि इस विधान के ज्ञाता थे वे अवश्य रुद्र के समीप मे गमन करने वाले स्मरण करेगे ॥ ३२॥ इसके अनन्तर उस कृष्ण रूप वाले भयानक कल्प के समाप्त हो जाने पर फिर अन्य कल्प प्रवृत्त हुआ जिसका नाम विश्व रूप था ॥ ३३॥ सहार के निवृत्त हो जाने पर और फिर इस चराचर के सृष्ट हो जाने पर पुत्र की कामना रखने वाले तथा ध्यान मे सलग्न रहने वाले परमेष्ठी ब्रह्मा के महान् नाद (ध्वनि) वाली विश्व रूपा सरस्वती प्रादुर्भूत हुई अर्थात् सरस्वती ने जन्म ग्रहण किया था॥ ४॥ विश्व माल्य को धारण करने वाले तथा विश्व के अम्बर के धारण करने वाले विश्व यज्ञोपवीत के धारी विश्व का उष्णीष धारण करने वाले विश्वगन्ध विश्व स्थान और महान् भुजा वाले उसका युक्तात्मा ब्रह्मा ने मन से ध्यान करके उस सर्वत्र गमन करने वाले सब के स्वामी ईशान देव की वन्दना की॥ ५ ३६॥

ओमीशान नमस्तेऽस्तु महादेव नमोऽस्तु ते।
एव ध्यानगत तत्र प्रणमन्त पितामहम्।
उवाच भगवानीश प्रीतोऽह ते किमिच्छसि॥ ७
ततस्तु प्रणतो भूत्वा वाग्भि स्तुत्वा महेश्वरम्।
उवाच भगवान् ब्रह्मा प्रीत प्रीतेन चेतसा॥३८
यदिद विश्वरूपन्ते विश्वग विश्वमीश्वरम्।
एतद्वेदितुमिच्छामि कश्चाय परमेश्वर॥३९
कया भगवती देवी चतुष्पादा चतुर्मुखी।

चतुःशृङ्गी चतुर्वक्त्रा चतुर्दन्ता चतुःस्तनी ॥४०
चतुर्हस्ता चतुर्नेत्रा विश्वरूपा कथं स्मृता ।
किन्नामधेया कोऽस्यात्मा किंवीर्या वापि कर्मतः ॥४१

हे महादेव ! ओमीशान आपके लिये नमस्कार है इस प्रकार से ध्यान में संलग्न होने वाले एवं प्रणाम करते हुए पितामह से भगवान् ईश ने कहा— मैं तुम से बहुत ही प्रसन्न हूँ, बतलाओ तुम क्या चाहते हो ? ॥ ७ ॥ इसके उपरान्त प्रणत होकर और अपनी वाणियों से महेश्वर की बहुत कुछ स्तुति करके परम प्रसन्न चित्त से ब्रह्माजी ने कहा ॥ ३८ ॥ जो आपका यह विश्व रूप है, विश्व में सर्वत्र गमन करने वाला और इस विश्व का ईश्वर स्वरूप है इसे मैं जानना चाहता हूँ कि यह परमेश्वर कौन है ? ॥ ३९ ॥ और मैं यह भी ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा रखता हूँ कि यह भगवती चार पादों वाली तथा चार मुखों वाली, चार सींग, चार मुख, चार दाँत एवं चार स्तनों वाली देवी कौन है जिसके चार हाथ हैं चार नेत्र है। यह विश्वरूपा कैसे कही गई है ? इसका क्या नाम है, इसकी आत्मा कौन हैं इसका वीर्य ( पराक्रम ) क्या होता है और इसका कर्म क्या है, यह सभी मैं जानना चाहता हूँ ॥ ४०-४१ ॥

रहस्यं सर्वमन्त्राणां पावनं पुष्टिवर्द्धनम् ।
शृणुष्वैतत्परं गुह्यमादिसर्गं यथा तथम् ॥४२
अयं यो वर्त्तते कल्पो विश्वरूपस्त्वसौ स्मृतः ।
यस्मिन् भवादयो देवाः षड्विंशन्मनवः स्मृताः ॥४३
ब्रह्मस्थानमिदं चापि यदा प्राप्तं त्वया विभो ।
तदाप्रभृति कल्पश्च त्रयस्त्रिंशत्तमो ह्ययम् ॥४४
शतं शतसहस्राणामतीता ये स्वयम्भुवः ।
पुरस्तात्तव देवेश तान्शृणुष्व महामुने ॥४५
आनन्दस्तु स विज्ञेय आनन्दस्ते महालयः ।
गालव्यगोत्रतपसा मम पुत्रस्त्वमागतः ॥४६
त्वयि योगश्च साङ्ख्यश्च तपो विद्याविधिः क्रिया ।

ऋता सत्यश्च यद्ब्रह्म अहिंसा सन्ततिक्रमा ॥४७
ध्यान ध्यानवपु शान्तिर्विद्याऽविद्यामतिर्धृति ।
कान्ति शान्ति स्मृतिर्मेधा लज्जा शुद्धि सरस्वती ।
तुष्टि पुष्टि क्रिया चैव लज्जा क्षान्ति प्रतिष्ठिता ॥४८
षडविंशत्तद्गुणा ह्येषा द्वात्रिंशाक्षरसंज्ञिता ।
प्रकृतिं विद्धि तां ब्रह्म स्त्वत्प्रसूतिं महेश्वरीम ॥४९

महेश्वर ने कहा—यह समस्त म ो का रहस्य है और यह पावन तथा पुष्टि के वर्धन करने वाला है तुम अब मुझ से इस परम गोपनीय विषय को सुनो जो कि आदि सर्ग मे बसा था ॥ ४२ ॥ जो यह कल्प इस समय वर्तमान है वह विश्वरूप इस नाम वाला कहा गया है जिसमें भवादि देव छब्बीस मनु कहे गये हैं ॥ ४३ ॥ हे विभो ! यह ब्रह्म-स्थान है जब कि आपने इसे प्राप्त किया है। तब से ही लेकर यह तेईसवाँ कल्प कहा गया है ॥ ४४ ॥ हे देवेश ! आपके सम्मुख ही जो सकडो और सहस्रों स्वयम्भु बीत गये उनकी कथा बतलाता हूँ। उस समय तुम्हारा नाम आनन्द था ॥ ४५ ॥ तुम्हारा महालय भी आनन्द ही होता है। गालव्य गोत्र तप से तुम मेरे पुत्रता को प्राप्त हुए हो ॥ ४६ ॥ तुममे योग सांख्य तप विद्या विधि क्रिया ऋत सत्य जो ब्रह्म है वह अहिंसा सन्तति क्रम प्रतिष्ठित हैं ॥ ४७ ॥ ध्यान ध्यान का वपु शान्ति विद्या अविद्यामति धृति कान्ति शान्ति स्मृति मेधा लज्जा शुद्धि सरस्वती तुष्टि पुष्टि क्रिया लज्जा और क्षान्ति ये सब तुम मे प्रतिष्ठित हैं ॥ ४८ ॥ ये छब्बीस गुण बत्तीस अक्षरो की संज्ञा से युक्त हैं। हे ब्रह्मन् ! उसको आपकी प्रसूति महेश्वरी प्रकृति समझना चाहिए ॥ ४९ ॥

सैषा भगवती देवी तत्प्रसूति स्वयम्भव ।
चतुर्मुखी जगद्योनि प्रकृतिगौ प्रकीर्तिता ।
प्रधान प्रकृति चैव यदाहुस्तत्त्वचिन्तका ॥५०
अजामेनां लोहितां शुक्लकृष्णां विश्वं सम्प्रसृजमानां सुरूपाम ।
अजोऽहं वै बुद्धिमान् विश्वरूपां गायत्रीं गां विश्वरूपां हि बुद्ध्वा ॥५१
एवमुक्त्वा महादेव अट्टहासमथाकरोत् ।

वलितास्फोटितरव कहाकहनदन्तथा ॥५२
ततोऽस्य पार्श्वतो दिव्या सवरूपा कुमारका ।
जटी मुण्डी शिखण्डी च अर्द्ध मुण्डश्च जज्ञिरे ॥५३
ततस्ते तु यथोक्तेन योगेन सुमहौजस ।
दिव्य वर्षसहस्रन्तु उपासित्वा महेश्वरम् ॥५४
धर्मोपदेश नियत कृत्वा योगमय दृढम् ।
शिष्टाना नियतात्मान प्रविष्टा रुद्रमीश्वरम् ॥५५

वह यह भगवती देवी स्वयम्भू की तत्प्रसूति है और यह चतुर्मुखी, जगद्योति, प्रकृति और गौ कही गई है । तत्वों के चिन्तन करने वाले पुरुष इसको प्रधान और प्रकृति कहते हैं ॥ ५० ॥ बुद्धिमान्! मैं अज हूँ यह अजा, लोहिता, कृष्ण शुक्ला विश्व का सम्प्रजन करने वाली सुरूपा, विश्वरूप वाली, गौ और गायत्री जानी गई है ॥ ५१ ॥ महादेव ने इस प्रकार से कहकर अट्टहास किया और वलित एव स्फोटितरव वाला कहाहे की ध्वनि की ॥ ५२ ॥ इसके अनन्तर उसके पार्श्व देश मे जटी, मुण्डी शिखण्डी और अधमुण्ड दिव्य सवरूप कुमार उत्पन्न हुए ॥ ५३ ॥ इसके पश्चात् महान् ओज से युक्त यथोक्त योग के द्वारा उन्होंने दिव्य एक सहस्र वर्ष तक महेश्वर की उपासना की ॥ ५४ ॥ फिर योगमय नियत दृढ धर्मोपदेश करके शिष्टों मे नियत आत्मा वाले ईश्वर रुद्र मे प्रविष्ट हो गये ॥ ५५ ॥

## ॥ शार्व-स्तोत्र ॥

चत्वारि भारते वर्षे युगानि मुनयो विदु ।
कृत त्रेता द्वापर च तिष्य चेति चतुर्युगम् ॥१
एतत्सहस्रपर्यन्तमहर्यद्ब्रह्मण स्मृतम् ।
यामाद्यास्तु गणा सप्त रोमवन्तश्चतुर्द्दश ॥२
सशरीरा श्रूयन्ते स्म जनलोक सहानुगा ।
एव देवेष्वतीतेषु महर्ल्लोकाज्जन तप ॥३
मन्वन्तरेष्वतीतेषु देवा सर्वे महौजस ।
ततस्तेषु गतेषूर्द्ध्व सायुज्य कल्पवासिनाम् ॥४

समेत्य देवस्ते देवा प्राप्ते सङ्कालने तदा ।
महर्लोकं परित्यज्य गणास्ते वै चतुर्दश ॥५
भूतादिष्ववशिष्टेषु स्थावरान्तेषु वै तदा ।
शून्येषु तेषु लोकेषु महान्तेषु भुवादिषु ।
देवेष्वथ गतेषूर्द्ध्वं कल्पवासिषु वै जनम् ॥६
तत्संहृत्या ततो ब्रह्मा देवर्षिगणदानवान् ।
संस्थापयति वै सर्वान् दाहवृष्ट्या युगक्षये ॥७

श्री वायुदेव ने कहा—मुनिगण भारतवर्ष मे चार युग कहते है कृत त्रेता द्वापर और तिष्य ये चार युग है ॥ १ ॥ इन युगो का एक सहस्र जब तक हो रहा है तब ब्रह्मा का एक दिन होता है । यामादि साध्य गण और शेष वाले चौदह शरीर एवं अनुगो के साथ जनलोक का सेवन करते थे । इस प्रकार से देवो के अतीत हो जाने पर महर्लोक से जन और फिर तपलोक का सेवन करते हैं ॥ २ ३ ॥ मन्वन्तरो के व्यतीत हो जाने पर महान् ओज से युक्त समस्त देव होते हैं । इसके पश्चात् कल्पवासियो में उनके ऊर्ध्व सायुज्य को प्राप्त हो जाने पर वे देव देवो के एकत्रित होकर उस समय सङ्कालन प्राप्त हो ने पर वे चौदहगण महर्लोक का परित्याग कर देते हैं ॥ ४ ५ ॥ उस समय अवशिष्ट भूतादि स्थावरान्त मे शून्य लोक महान् भुवादि और देव को कि कल्पवासी थे ऊर्द्ध्व म ग मे जनलोक मे चले जाने पर इसके उपरान्त उस संहृति से ब्रह्मा देव ऋषिगण और दानवों को संस्थापित करते हैं और युग के क्षय मे सब की दाह वृष्टि से संस्थापना किया करते हैं ॥ ६ ७ ।

सोऽतीतः सप्तमः कल्पो मया वः परिकीर्तितः ।
समुद्रः सप्तभिर्गाढमेकीभूतैर्महार्णवः ।
आसीदेकार्णवं घोरमविभागं तमोमयम् ॥८
मायया॑र्णवे तस्मिन् शङ्खचक्रगदाधरः ।
जीमूताभोऽम्बुजाक्षश्च किरीटी श्रीपतिर्हरिः ॥९
नारायणमुखोद्गीर्णः सोऽष्टमः पुरुषोत्तमः ।
अष्टबाहुर्महोरस्को लोकानां योनिरुच्यते ।

किमप्यचिन्त्य युक्तात्मा योगमास्थाय योगवित् ।।१०
फणासहस्रकलित तमप्रतिमवर्चसम् ।
महाभोगपतेर्भोगमन्वास्तीर्य महोच्छ्रयम् ।
तस्मिन्महति पर्यङ्के शेते वै कनकप्रभे ।।११
एव तत्र शयानेन विष्णुना प्रभविष्णुना ।
आत्मारामेण क्रीडार्थं सृष्ट नाभ्या तु पङ्कजम् ।।१२
शतयोजनविस्तीर्णं तरुणादित्यवर्चसम् ।
वज्रदण्ड महोत्सेध लीलया प्रभविष्णुना ।।१३
तस्यैव क्रीडमानस्य समीप देवमीढुप ।
हेमब्रह्माण्डजो ब्रह्मा रुक्मवर्णो ह्यतीन्द्रिय ।
चतुर्मुखो विशालाक्ष समागम्य यहच्छया ।।१४

जो सातवाँ कल्प व्यतीत हो गया वह मैंने तुमको बतला दिया है । सात समुद्र जो गाढ एकीभूत महार्णव हैं उनसे एक अतिघोर तमोमय विभाग से रहित अर्णव हो गया था ।। ८ ।। उस एक समुद्र मे मैने शङ्ख, चक्र और गदा के धारण करने वाले, मेघ की आभा के सदृश आभा से युक्त, कमल के समान नेत्रो वाले, किरीटधारी, लक्ष्मी के स्वामी हरि को देखा जो कि नारायण के मुख से उद्गीर्ण हुए और वह आठवें पुरुषोत्तम थे । उनके आठ भुजाऐ थीं, महान् चौडा वक्ष स्थल था और जो समस्त लोको की योनि अर्थात् उद्भव स्थान कहे जाते हैं । योग के वेत्ता युक्त आत्मा वाले किसी अचिन्त्य का योग मे स्थित होकर ध्यान करते थे ।। ९ १० ।। एक सहस्र फनो से युक्त अप्रतिम वर्चस वाले महाभोगपति के उस महान् उच्छ्रय वाले भोग को फैलाकर उस कनक के समान प्रभा वाले महान् पर्यङ्क पर शयन करते हैं ।। ११ ।। इस प्रकार से वहाँ शयन करने वाले प्रभविष्णु विष्णु ने जो कि अपने आप में रमण करने वाले हैं उनने केवल क्रीडा के लिये अपनी नाभि में एककमल नाल की सृष्टि की थी।।१२।। वह पङ्कज नाल सौ योजन के विस्तार वाला तथा तरुण सूर्य के समान वर्चस वाला था, इसका वज्र के सदृश दण्ड तथा इसकी महान् ऊँचाई थी, इसकी रचना प्रभविष्णु ने लीला से ही की थी ।। १३ ।। इस तरह क्रीडा करने वाले

समेत्य देवस्ते देवा प्राप्ते सङ्कालन तदा ।
महर्लोकं परित्यज्य गणास्ते व चतुर्दश ॥५
भूतादिष्ववशिष्टेषु स्थावरान्तेष व तदा ।
शून्येषु तेषु लोकेषु महान्तेषु भुवादिषु ।
देवेष्वथ गतेषूर्द्ध कल्पवासिषु व जनम ॥६
तत्सहृत्या ततो ब्रह्मा देवर्षिगणदानवान् ।
संस्थापयति व सर्वान् दाहवृष्ट्या युगक्षये ॥७

श्री वायुदेव ने कहा—मुनिगण भारतवर्ष में चार युग कहते हैं कृत त्रेता द्वापर और तिष्य ये चार युग हैं ॥ १ ॥ इन युगों का एक सहस्र जब तक हो ा है तब ब्रह्मा का एक दिन होता है । यामादि सात गण और गोम वाले चौदह शरीर एवं अनुगों के साथ जनलोक का सेवन करते थे । इस प्रकार से देवों के अतीत हो जाने पर महर्लोक से जन और फिर तपलोक का सेवन करते हैं ॥ २ ३ ॥ मन्वन्तरों के व्यतीत हो जाने पर महान् ओज से युक्त समस्त देव होते हैं । इसके पश्चात् कल्पवासियों म उनके ऊर्ध्व सायुज्य को प्राप्त हो जाने पर वे देव देवों के एकत्रित होकर उस समय सङ्कालन प्राप्त ह ने पर वे चौदहगण महर्लोक का परित्याग कर देते हैं ॥ ४ ५ ॥ उस समय अवशिष्ट भूतादि स्थावरान्त वे शून्य लोक महान् भुवादि और देव कि कल्पवासी य ऊर्द्ध भाग में जनलोक में चले जाने पर इसके उपरान्त उस संहृति से ब्रह्मा देव ऋषिगण और दानवों को संस्थापित करते हैं और युग क्षय में सब की दाह वृष्टि से संस्थापना किया करते हैं ॥ ६-७ ।

योऽतीतः सप्तम कल्पो मया व परिकीर्तित ।
समुद्रः सप्तभिर्गाढमेकीभूतैर्महार्णव ।
आसीदेकार्णव घोरमविभाग तमोमयम् ॥८
मायर्यैकार्णवे तस्मिन् शङ्खचक्रगदाधर ।
जीमूताभोऽम्बुजाक्षश्च किरीटी श्रीपतिर्हरि ॥९
नारायणमुखोद्गीर्ण सोऽष्टम पुरुषोत्तम ।
अष्टबाहुर्महोरस्को लोकाना योनिरुच्यते ।

किमप्यचिन्त्य युक्तात्मा योगमास्थाय योगवित् ।।१०
फणासहस्रकलित तमप्रतिमवर्चसम् ।
महाभोगपतेर्भोगमन्वास्तीर्य महोच्छ्रयम् ।
तस्मिन्महति पर्यङ्के शेते वै कनकप्रभे ।।११
एव तत्र शयानेन विष्णुना प्रभविष्णुना ।
आत्मारामेण क्रीडार्थं सृष्ट नाभ्या तु पङ्कजम् ।।१२
शतयोजनविस्तीर्णं तरुणादित्यवर्चसम् ।
वज्रदण्ड महोत्सेध लीलया प्रभविष्णुना ।।१३
तस्यैव क्रीडमानस्य समीप देवमीढुष ।
हेमब्रह्माण्डजो ब्रह्मा रुक्मवर्णो ह्यतीन्द्रिय ।
चतुर्मुखो विशालाक्ष समागम्य यदृच्छया ।।१४

जो सातवाँ कल्प व्यतीत हो गया वह मैंने तुमको बतला दिया है । सात समुद्र जो गाढ़ एकीभूत महार्णव हैं उनसे एक अतिघोर तमोमय विभाग से रहित अर्णव हो गया था ।। ८ ।। उस एक समुद्र मे मैंने शङ्ख, चक्र और गदा के धारण करने वाले, मेघ की आभा के सदृश आभा से युक्त, कमल के समान नेत्रों वाले, किरीटधारी, लक्ष्मी के स्वामी हरि को देखा जो कि नारायण के मुख से उद्गीर्ण हुए और वह आठवें पुरुषोत्तम थे । उनके आठ भुजाऐ थी, महान् चौडा वक्ष स्थल था और जो समस्त लोको की योनि अर्थात् उद्भव स्थान कहे जाते हैं । योग के वेत्ता युक्त आत्मा वाले किसी अचिन्त्य का योग मे स्थित होकर ध्यान करते थे ।। ९ १० ।। एक सहस्र फनो से युक्त अप्रतिम वर्चस वाले महाभोगपति के उस महान् उच्छ्रय वाले भोग को फैलाकर उस कनक के समान प्रभा वाले महान् पर्यङ्क पर शयन करते हैं ।। ११ ।। इस प्रकार से वहाँ शयन करने वाले प्रभविष्णु विष्णु ने जो कि अपने आप में रमण करने वाले हैं उनने केवल क्रीडा के लिये अपनी नाभि मे एककमल नाल की सृष्टि की थी।।१२।। वह पङ्कज नाल सौ योजन के विस्तार वाला तथा तरुण सूर्य के समान वर्चस वाला था, इसका वज्र के सदृश दण्ड तथा इसकी महान् ऊँचाई थी, इसकी रचना प्रभविष्णु ने लीला से ही की थी ।। १३ ।। इस तरह क्रीडा करते वाले

उसके समीप में शेष की उपासना करने वाला है। ब्रह्माण्ड से उत्पन्न सुवर्ण के समान वर्ण वाले इन्द्रियों से परे ब्रह्माजी वहाँ पर आये जो कि चार मुखों से युक्त विशाल नेत्रों वाले थे ॥ १४ ॥

श्रिया युक्तेन मध्येन सुप्रभेण सुगन्धिना ।
तं क्रीडमानं पद्मेन दृष्ट्वा ब्रह्मा तं भेजिवान् ॥१५
स विस्मयमथागम्य शस्य सपूर्णया गिरा ।
प्रोवाच को भवान् शेते आश्रितो मध्यमम्भसाम् ॥१६
अथ तस्याच्युतः श्रुत्वा ब्रह्मणस्तु शुभं वचः
उदतिष्ठत पर्यङ्काद्विस्मयोत्फुल्ललोचनः ॥१७
प्रत्युवाचोत्तरं चैव क्रियते यच्च किञ्चन ।
द्यौरन्तरिक्षं भूतञ्च परं पदमहं प्रभुः ॥१८
तमेवमुक्त्वा भगवान् विष्णुः पुनरथाब्रवीत ।
कस्त्वं खलु समायातः समीपं भगवान् कुतः ।
कुतश्च भूयो गन्तव्यं कुत्र वा ते प्रतिश्रयः ॥१९
को भवान् विश्वमूर्तिस्त्वं कर्त्तव्यं किञ्च ते मया ।
एवं ब्रुवाणं वैकुण्ठं प्रत्युवाच पितामहः ॥२०
यथा भवांस्तथा चाहमादिकर्त्ता प्रजापतिः ।
नारायणसमाख्यातः सर्वं वै मयि तिष्ठति ॥२१

ब्रह्माजी ने श्री से युक्त सुन्दर प्रभावाले सुगन्ध से अन्वित नवीन कमल से क्रीड़ा करते हुए उनका दर्शन कर उनकी सेवा करना आरम्भ कर दिया ॥१५॥ इनके उपरान्त वह अन्य त आश्चर्य में भरकर शस्य सम्पूर्ण वाणी से बोले इस जल के मध्य में आश्रय लेकर शयन करने वाले आप कौन हैं? ॥१६॥ इसके अनन्तर भगवान् अच्युत उन ब्रह्माजी के इस शुभप्रश्न स्वरूप वचन को सुन कर विस्मय से उत्फुल्ल नेत्रों वाले होते हुए पर्यङ्क से उठ बैठे ॥१७। और उन्होंने ब्रह्माजी के प्रश्न का उत्तर दिया कि जो कुछ भी किया जाता है और अन्तरिक्ष (आकाश) एवं भूत उन सबमें मैं परम पद प्रभु हूँ ॥१८॥ उन ब्रह्मा जी से इस तरह भगवान् विष्णु ने कह कर फिर वे यह बोले आप कौन हैं

जो यहाँ पर आये हो और आप कहाँ से आये हैं ? यहाँ आपका आगमन किस लिये हुआ है और फिर कहाँ जाना है तथा आपका आश्रय स्थान कौन सा है ? ॥१९॥ आप विश्वमूर्ति कौन हैं और मुझ से आप को क्या करना है ? इस प्रकार से बोलने वाले भगवान् विष्णु को पितामह ब्रह्माजी ने उत्तर दिया ॥२०॥ जिस प्रकार आप हैं वैसे ही आदि कर्त्ता प्रजापति मैं भी हूं । मुझे नारायण इस नाम से कहा गया है और यह सभी कुछ मेरे अन्दर ही रहता है अर्थात् स्थिति प्राप्त करता है ॥२१॥

सविस्मय परं श्रुत्वा ब्रह्मणा लोककर्तृणा ।
सोऽनुज्ञातो भगवता वैकुण्ठो विश्वसम्भवः ॥२२
कौतूहलान्महायोगी प्रविष्टो ब्रह्मणो मुखम् ।
इमानष्टादशद्वीपान् ससमुद्रान् सपर्वतान् ।
प्रविश्य स महातेजाश्चातुर्वर्ण्यसमाकुलान् ।
ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तान् सप्तलोकान् सनातनान् ॥२३
ब्रह्मणस्तूदरे दृष्ट्वा सर्वान् विष्णुर्महायशाः ।
अहोऽस्य तपसो वीर्यं पुनः पुनरभाषत ॥२४
पर्य्यटन् विविधान् लोकान् विष्णुर्नानाविधाश्रमान् ।
ततो वर्षसहस्रान्तेनान्तं हि ददृशे तदा ॥२५
तदाऽस्य वक्त्रान्निष्क्रम्य पन्नगेन्द्रारिकेतनः ।
अजातशत्रुर्भगवान पितामहमथाब्रवीत् ॥२६
भगवन् आदि मध्यञ्च अन्तं कालदृशोर्न च ।
नाहमन्तं प्रपश्यामि ह्युदरस्य तवानघ ॥२७
एवमुक्त्वाब्रवीद्भूयः पितामहमिदं हरिः ।
भवानप्येवमेवाद्य ह्युदरं मम शाश्वतम् ।
प्रविश्य लोकान् पश्यैताननौपम्यान् द्विजोत्तम ॥२८

लोकों के कर्त्ता ब्रह्माजी ने परम आश्चर्य के साथ इस को सुन कर भगवान् ने विश्व सम्भव भगवान विष्णु को अनुज्ञात किया ॥२२॥ कौतूहल से वह महान् योगी ब्रह्मा के मुख मे प्रविष्ट हो गये । उस महान् तेज वाले ने प्रवेश

करके समुद्रो और पर्वतो के सहित इन अठारह द्वीपो को चातुर्वर्ण्य से तथा कुल एव सनातन ब्रह्मादि स्तम्ब पर्यन्त सात लोको को सबको ब्रह्मा के उदर में देखकर महान यश वाले विष्णु ने मन मे सोचा हो हो इसके तप का कितना आश्चर्य पूर्ण पराक्रम है ? इस के अनन्तर वे बार बार बोले ।।२३ २४।। विष्णु अनेक लोक और विविध भाँति के आश्रमो का पर्यटन करते रहे पर एक सहस्र वर्षों के अन्त मे भी उनका अन्त उन्होने नहीं देखा ।।२५।। तब उस समय इनके मुख से पन्नगेन्द्रारि केतन अर्थात् पन्नग सर्पों के शिरोमणि के शत्रु गरुड के केतन वाले ने निकल कर अजात शत्रु अर्थात् ऐसे जिन का कोई शत्रु उत्पन्न ही न हुआ हो भगवान इसके अनन्तर पितामह ब्रह्माजी से बोले ।।२६।। हे अनघ ? हे भगवान ? आदि मध्य और अन्तकाल और दिशा का अन्त तथा आपके उदर का अन्त मैं नही देख पारहा हूं ।।२७।। इस प्रकार से कह कर भगवान् हरि फिर पितामह से यह बोले हे सुरोत्तम ! ऐसे ही आप भी मेरे शाश्वत उदर मे प्रवेश करके उपमा से रहित इन लोको को दर्शे ।।२८।।

मन प्रह्लादनी वाणी श्रुत्वा तस्याभिनन्द्य च ।
श्रीपतेरुदर भूय प्रविवेश पितामह ।।२९
तानेव लोकान् गर्भस्थ पश्यन् सोऽचिन्त्यविक्रम ।
पर्यटित्वादिदेवस्य ददर्शान्तं न च हरे ।।३०
ज्ञात्वागमन्त च पितामहस्य द्वाराणि सर्वाणि पिधाय विष्णु ।
विभुमन कर्त्तु मियेष चाशु सुख प्रसुप्तोऽस्मि महाजलौघे ।।३१
ततो द्वाराणि सर्वाणि पिहितान्युपलक्ष्यते ।
सूक्ष्म कृत्वात्मनो रूप नाभ्या द्वारमविन्दत ।।३२
पद्मसूत्रानुमार्गेण ह्यनुगम्य पितामह ।
उज्जहारात्मनो रूप पुष्कराच्चतुरानन ।
विरराजारविन्दस्थ पद्मगर्भसमद्युति ।।३३
एतस्मिन्नन्तरे ताभ्यामेककस्य तु कारस्य त ।
प्रवर्त्तमाने संहर्षे मध्ये तस्यार्णवस्य तु ।।३४
ततो ह्यपरिमेयात्मा भूतानां प्रभुरीश्वर ।

शूलपाणिर्ममहादेवो हैमचीराम्बरच्छद ।
आगच्छद् यत्र सोऽनन्तो नागभोगपतिर्हरि ॥३५

उनकी अनेकों प्रसन्नता प्रदान करने वाली इस वाणी को सुनकर तथा उसका भली भाँति अभिनन्दन करके पितामहने श्रीपति के उदर मे प्रवेश कियाथा ॥२६॥ चिन्तन करने के योग्य विक्रम वाले भगवान् हरि ने गर्भ मे स्थित होते हुए उन्ही लोको को देखकर और चारो ओर पर्यटन करके आदि देव हरि का अन्त उन्होने नही देखा ॥३०॥ उन पितामह के आगम को जान कर भगवन् विष्णु ने समस्त द्वारो को बन्द करके विभुने मन मे यह करने की इच्छा की कि शीघ्र ही सुख पूर्वक इस महान् जलौघ मे शयन कर जाऊ ॥३१॥ इसके उपरान्त ब्रह्माजी को समस्त द्वार पिहित दिखलाई दिये तब ब्रह्माजी ने अपने स्वरूप को सूक्ष्म बनाकर नाभि मे द्वार प्राप्त किया था ॥३२॥ तब पितामह ने कमल सूत्र के अनुमार्ग के द्वारा अनुगमन करके फिर चतुरानन ने कमल से अपने रूप का उद्धार किया था । उस अरविन्द मे स्थित होकर पद्म के गर्भ के समान द्युति वाले ब्रह्मा विशेष रूप से शोभित हुए ॥३३॥ इस बीच मे उन दोनो में एक-एक को पूर्ण तथा हर्ष के उत्पन्न हो जाने से उस समुद्र के मध्य मे पूर्ण समल्लाप हुआ था ॥३४॥ श्री सूतजी ने कहा—इसके अनन्तर अपरिमेय आत्मा वाले प्राणियो के स्वामी ईश्वर हैमचीराम्बर को धारण करने वाले शूल हाथ मे लिये हुए महादेव वहाँ आगये जहाँ कि नागभोग के पति वह अनन्त हरि वर्त्तमान थे ॥३५॥

शीघ्र विक्रमतस्तस्य पद्भयामत्यन्तपीडिता ।
उद्भूतास्तूर्णमाकाशे पृथुलास्तोयबिन्दव ।
अत्युष्णाश्चातिशीताश्च वायुस्तत्र ववौ भृशम् ॥३६

तदृष्ट्वा महदाश्चर्यं ब्रह्मा विष्णुमभाषत ।
अबिन्दवो हि स्थूलोष्णा कम्पते चाम्बुज भृशम् ।
एत मे सशय ब्रूहि किञ्चान्यत् त्वञ्चिकीर्षसि ॥३७

एतदेवविध वाक्य पितामहमुखोद्भवम् ।
श्रुत्वाप्रतिमकर्मांह भगवानसुरान्तकृत् ॥३८
किन्नु खल्वत्र मे नाभ्या भूतमन्यत्कृतालयम् ।
वदति प्रियमत्यर्थ विप्रियेपि च ते मया ॥३९
इत्येव मनसा ध्यात्वा प्रत्युवाचेदमुत्तरम् ।
किन्नु वत्र भगवास्तस्मिन् पुष्करे जातसम्भ्रम ॥४०
किं मया यत् कृत देव यन्मा प्रियमनुत्तमम् ।
भाषसे पुरुषश्रेष्ठ किमर्थ ब्रूहि तत्वत ॥४१
एव ब्रुवाण देवेश लोकयात्रान्तु तत्वगाम् ।
प्रत्युवाचाम्बुजाभासको ब्रह्मा वेदनिधि प्रभु ॥४२

शीघ्र विक्रम करने वाले उसके पादो से अत्यन्त पीडित आकाश मे शीघ्र मोटी जल की बिन्दु उद्भूत हुई थी। वे अत्यन्त उष्ण और अत्यन्त शीतल थी। वहाँ पर वायु बहुत ही अधिक चलने लगी ॥ ३६ ॥ तब ब्रह्मा जी ने महान् आश्चर्य देखकर भगवान विष्णु से कहा—ये परम स्थूल एव उष्ण जल की बूँदें इस कमल को बहुत ही अधिक कपाती हैं। आप मेरे इस सशय को बतलाइये आप और क्या करना चाहते है ? ॥ ३७ ॥ पितामह के मुख से उद्भूत इस वाक्य को सुनकर असुरो के अन्त करने वाले अप्रतिम अर्थात् अनुपम कर्म करने वाले भगवान बोले ॥ ३८ ॥ निश्चय ही मेरी इस नाभि में क्या अन्य प्राणी आलय करने वाले है ऐसा कहते है। मेरे द्वारा तुम्हारे अत्यन्त विप्रिय होने पर भी इसे अत्यन्त प्रिय ही कहते हैं ॥ ३९ ॥ इस प्रकार से मन से ध्यान करके यह उत्तर बोले। क्या यहाँ पर आप उस कमल मे सम्भ्रम वाले हो गये हैं ॥ ४ ॥ हे देव ! मैंने जो किया है हे पुरुष श्रेष्ठ ! उस अनुत्तम प्रिय को मुझे बोल रहे हैं आप किस लिये ऐसा कर रहे हैं ठीक-ठीक मुझे बतलाइये ॥ ४१ ॥ इस तरह बोलने वाले देवेश से अम्बुज की आभा वाले वेदो के निधि प्रभु ब्रह्मा जी ने तत्व वाली जो लोक यात्रा थी उसे बतलाया था ॥४२॥

योऽसौ तवोदर पूर्व प्रविष्टोऽह त्वदिच्छया ।
यथा ममोदरे लोका सर्वे दृष्टास्त्वया प्रभो ।
तथैव दृष्टा कार्त्स्न्येन मया लोकास्तवोदरे ॥४३

ततो वर्षसहस्रान्ते उपावृत्तम्य मेऽनघ ।
नून मत्सरभावेन मा वशीकर्तु मिच्छता ।
आशु द्वाराणि सर्वाणि घटितानि त्वया पुन ॥४४
ततो मया महाभाग सञ्चिन्त्य स्वेन चेतसा ।
लब्धो नाभ्या प्रवेशस्तु पद्मसूत्राद्विनिर्गम ॥४५
माभूत्ते मनसोऽल्पोऽपि व्याघातोऽय कथञ्चन ।
इत्येपानुगतिर्विष्णो कार्याणामौपसर्गिकी ॥४६
यन्म यानन्तर कार्यं मयाध्यवसित त्वयि ।
त्वाञ्चाबाधितुकामेन क्रीडापूर्वं यदृच्छया ।
आशु द्वाराणि सर्वाणि घटितानि मया पुन ॥४७
न तेऽन्य थावमन्तव्यो मान्य पूज्यश्च मे भवान् ।
सर्वं मर्षय कल्याण यन्मयाऽपकृतन्तव ।
तस्मान्मयोच्यमानस्त्व पद्मादवतर प्रभो ॥४८
नाह भवन्त शक्नोमि सोढुन्तेजोमय गुरुम् ।
स चोवच वर ब्रूहि पद्मादवतराम्यम् ॥४६

आपकी इच्छा से जो मैंने पहिले आप के उदर मे प्रवेश किया था तब मैंने आपके उदर मे पूर्ण रूप से, उसी रूप से समस्त लोक देखे जैसे कि हे प्रभो ! आपने मेरे उदर में सम्पूर्ण लोक देखे थे ॥ ४३ ॥ हे अनघ ! फिर एक सहस्र वर्ष पर्यन्त इधर-उधर वहाँ पर पर्यटन करने वाले मुझ को मात्सर्य के भाव से वश मे करने की इच्छा वाले आपने शीघ्र ही समस्त द्वार घटित कर दिये अर्थात् बन्द कर दिये थे ॥ ४४ ॥ हे महाभाग ! इसके अनन्तर मैंने अपने चित्त से सोच-विचारकर नाभि मे प्रवेश प्राप्त किया जिससे कि पद्मसूत्र से मेरा फिर विनिर्गम हुआ ॥ ४५ ॥ आपके मन को थोडा-सा भी किसी प्रकार का व्याघात न होवे, यह विष्णु के कार्यों की औपसर्गि की अनुगति होती है ॥ ४६ ॥ इसके अनन्तर जो मुझे करना चाहिए मैंने आप मे अध्यवसित ( निश्चित ) कर लिया है। तुमको कोई भी बाधा न करने की इच्छा वाले मैंने यह इच्छा से क्रीडा-पूर्वक शीघ्र समस्त द्वार पुन घटित कर दिये ॥ ४७ ॥ आपको इस विषय में

कुछ अन्य प्रकार की बात नहीं समझनी चाहिए। आप मेरे मान्य एवं पूजा करने के योग्य होते हैं। हे कल्याण स्वरूप ! आपका जो भी मैंने कुछ अपकार किया है उसे क्षमा कीजिये। हे प्रभो ! इसलिये मेरे द्वारा कहे हुए आप पद्म से अवतरण करें ॥ ४८ ॥ मैं तेजपूर्ण गुरु आपको सहन नहीं कर सकता हूँ। इस पर वह बोले—वर माँग लो मैं पद्म से अवतरण करता हूँ ॥ ४९ ॥

पुत्रो भव ममारिघ्न मुद प्राप्स्यसि शोभनम ।
सत्य धनो महायोगी त्वमीड्य प्रणवात्मक ॥५०
अद्यप्रभृति सर्वेश श्व तोष्णीषविभूषण ।
पद्मयोनिरितीत्येव ख्यातो नाम्ना भविष्यसि ।
पुत्रो मे त्व भव ब्रह्मन् सवलोकाधिप प्रभो ॥५१
तत स भगवान् ब्रह्मा वर गृह्य किरीटिन ।
एव भवतु चेत्यक्त्वा प्रीतात्मा गतमत्सर ॥५२
प्रत्यासन्नमथायात बालार्काभ महाननम् ।
भूतमत्यद्भुत दृष्ट्वा नारायणमथाब्रवीत् ॥५३
अप्रमेयो महावक्त्रो दंष्ट्री व्यस्तशिरो रुह ।
दशबाहुस्त्रिशूलाङ्को नयनैर्विश्वतोमुख ॥५४
लोकप्रभु स्वय साक्षाद्विकृतो मुञ्जमेखली ।
मेढ्रे णोर्ध्वे न महता नदमानोऽतिभैरवम ॥५५
क खल्वेष पुमान् विष्णो तेजोराशिमहाद्युति ।
व्याप्य सर्वा दिशो द्यां च इत एवाभिवर्त्तते ॥५६

भगवान् विष्णु ने कहा—हे अरिघ्न ! मेरे पुत्र हो जाओ बहुत ही अच्छा आनन्द प्राप्त करोगे। सत्य धन वाले और महान् योगी आप प्रणव स्वरूप स्तुति करने के योग्य हैं। ५ ॥ हे सर्वेश ! आज से लेकर श्वेत शिरोवेष्टन से विभूषित आप पद्मयोनि इस नाम से विख्यात हो जाओगे। हे प्रभो ! हे ब्रह्मन् ! हे समस्त लोकों के अधिप ! तुम मेरे पुत्र हो जाओ ॥ ५१ ॥ इसके अनन्तर उन भगवान् ब्रह्मा जी ने किरीटी ( विष्णु ) के वरदान को ग्रहण करके ऐसा ही होगा यह कहकर प्रसन्न आत्मा वाले और मत्सरता से रहित हो

गये थे ॥ ५२ ॥ समीप मे आये हुए बाल सूर्य के समान आभा वाले महान् आनन (मुख) से युक्त हुए अत्यन्त अद्भुत नारायण को देखकर बोले– ॥ ५३ ॥ अप्रमेय अर्थात् समझ मे नही आने के योग्य, महान् मुख से युक्त द्रष्ट्राधारी, ध्वस्त बालो वाले, दश भुजाओ से युक्त, त्रिशूल के चिह्न वाले, नेत्रो से विश्वतोमुख, स्वय लोको के स्वामी, साक्षात् विकृत स्वरूप वाले, मूँज की मेखलाधारी, महान् ऊर्द्ध मेढ से ध्वनि करते हुए, हे विष्णो ! यह कौन ऐसा पुरुष है जो तेज की राशि और महाद्युति वाला है और समस्त दिशा मे व्याप्त होकर इधर की ओर ही आ रहा है ॥ ५४–५५–५६ ॥

तेनैवमुक्तो भगवान् विष्णुर्ब्रह्माणम ब्रवीत् ।
पद्भयान्तलनिपातेन यस्य विक्रमतोऽर्णवे ।
वेगेन महताकाशे व्यथिताश्च जलाशया ॥५७
छटाभिर्विष्णुतोऽत्यर्थं सिच्यते पद्म सम्भव॰ ।
घ्राणजेन च वातेन कम्पमान त्वया सह ।
दोधूयते महापद्म स्वच्छन्द मम नाभिजम् ॥६८
स एष भगवानीशो ह्यनादिश्चान्तकृद्विभु ।
भवानहञ्च स्तोत्रेण ह्यु पतिष्ठाव गोध्वजम् ॥५९
तत क्रुद्धोऽम्बुजाभास्क ब्रह्मा प्रोवाच केशवम् ।
न भवान् न्यूनमात्मान लोकाना योनिमुत्तमम् ॥६०
ब्रह्माण लोककर्त्तार माञ्च वेत्ति सनातनम् ।
कोऽय भो शङ्करो नाम ह्यावयोर्व्यतिरिच्यते ॥६१
तस्य तत् क्रोधज वाक्य श्रुत्वा विष्णुरभाषत ।
मा मैव वद कल्याण परिवाद महात्मन ॥६२
मायायोगेश्वरो धर्मो दुराधर्षो वरप्रद ।
हेतुरस्यात्र जगत पुराण पुरुषोऽव्यय ॥६३

उनके द्वारा इस प्रकार से कहे गये भगवान् विष्णु ने ब्रह्मा जी से कहा– जिससे विक्रम से पदो के तल निपातन से समुद्र मे महान् वेग से, आकाश में समस्त जलाशय व्यथित हो गये है, छटाओ के द्वारा विष्णु से भी अधिक पद्म-

सम्भव सिच्यमान होते है और प्राण से उत्पन्न वायु से आपके साथ कम्पमान होकर मेरे नाभि से उत्पन्न इस स्वच्छ " महान् पद्म को भी कपा रहे हैं वह यह भगवान् ईश हैं जो अनादि और अन्त करने वाले विभु है। मैं और आप इन गोध्वज की स्तोत्र के द्वारा स्तुति कर ॥ ५७—५८—५९ ॥ इसके पश्चात् क्रोध युक्त ब्रह्मा अम्बुज की आभा वाले केशव से बोले—आप उत्तम लोको की योनि लोको के करने वाले मुझको सनातन ब्रह्म को न्यूनात्मा नही जानते हैं। यह शङ्कर कौन है जो हम दोनो से भी अधिक बन रहा है। ॥ ६०—६१ ॥ उनके उस क्रोध से उत्पन्न वाक्य को सुनकर विष्णु ने कहा—हे कल्याण ! ऐसा महान् आत्मा वाले की परिवाद (निन्दा) मत कहो ॥ ६२ ॥ यह महान् मायायोग का ईश्वर धर्म दुराधर्ष वर प्रदान करने वाले इस जगत् के हेतु पुराण और अव्यय पुरुष हैं ॥ ६३ ॥

जीव खल्वेष जीवात्मा ज्योतिरेक प्रकाशते।
बालक्रीडनकद्देव' क्रीडते शङ्कर. स्वयम् ॥६४
प्रधानमव्ययं ज्योतिरव्यक्त प्रकृतिस्तम ।
अस्य चैतानि नामानि नित्य प्रसवधर्मिण ।
य क स इति दु खार्तो मृंग्यते यतिभि शिव ॥६५
एष बीजी भवान् बीजमहं योनि सनातन ।
एवमुक्तोऽथ विश्वात्मा ब्रह्म विष्णुमभाषत ॥६६
भवान्योनिरहं बीज कथ बीजी महेश्वर ।
एतन्मे सूक्ष्ममव्यक्त सशय छेत्तुमर्हसि ॥६७
ज्ञात्वा चैव समुत्पत्ति ब्रह्मणा लोकतन्त्रिणा।
इद परमसादृश्य प्रश्नमभ्यवदद्धरिः ॥६८
अस्मान्महत्तर गुह्य भूतमन्यन्न विद्यते।
महत परम धाम शिवमध्यात्मिना पदम् ॥६९
द्वैधीभावेन चात्मान प्रविभज्य व्यवस्थित ।
निष्कल सूक्ष्ममव्यक्त' सकलश्च महेश्वर. ॥७०

यह जीवो का निश्चय ही जीव है और एक ज्योति को प्रकाशित करते

हैं। यह देव शङ्कर स्वयं बच्चों के खिलौनों से क्रीडा किया करते हैं ॥ ६४ ॥ नित्य ही प्रसव के धर्म वाले इनके प्रधान, अव्यय, ज्योति, अव्यक्त, प्रकृति, तम ये नाम कहे जाते हैं। वह कौन है जो दुःखों के आर्त्त होने वाले यतियों के द्वारा खोजा जाया करता है? वह यही शिव हैं ॥ ६५ ॥ यह बीज वाले है, आप बीज हैं, मैं योनि हूँ जो कि सनातन हूँ। इस प्रकार से कहे गये विश्वात्मा ब्रह्म से बोले—॥ ६६ ॥ आप योनि हैं अर्थात् वह स्थान हैं जहाँ बीज पड़ा करता है, मैं बीज हूँ और महेश्वर बीज वाले है, यह मुझे बहुत बड़ा संशय हो रहा है इसलिये आप इस मेरे सन्देह का छेदन करने मे समर्थ हो ॥ ६७ ॥ लोक-तन्त्री ब्रह्मा के द्वारा समुत्पत्ति का ज्ञान प्राप्त कर भगवान हरि ने इस परम सादृश्य प्रश्न को बतलाया था ॥ ६८ ॥ इससे अधिक महान् अन्य कोई भी भूत नहीं है। शिव महान् का परम धाम और अध्यात्मवादियों का पद होता है ॥ ६९ ॥ अपने स्वरूप के दो विभाग कर प्रविष्ट होते हुए यह व्यवस्थित रहते हैं। सूक्ष्म अव्यक्त एक निष्कल स्वरूप है और दूसरा सकल अर्थात् कलाओं से युक्त महेश्वर स्वरूप होता है ॥ ७० ॥

अस्य मायाविधिज्ञस्य अगम्यगहनस्य च ।
पुरा लिङ्गं भवद्बीजं प्रथमं त्वादिसर्गिकम् ॥७१
मयि योनौ समायुक्तं तद्बीजं कालपर्ययात् ।
हिरण्मयमपारन्तद्योन्यामण्डमजायत ॥७२
शतानि दशवर्षाणामण्डं चाप्सु प्रतिष्ठितम् ।
अन्ते वर्षसहस्रस्य वायुना तद्द्विधा कृतम् ॥७३
कपालमेकं द्यौर्जज्ञे कपालमपरं क्षितिः ।
उल्बन्तस्य महोत्सेधं योऽसौ कनकपर्वतः ॥७४
ततस्तस्मात् प्रबुद्धात्मा देवो देववरः प्रभुः ।
हिरण्यगर्भो भगवानह जज्ञे चतुर्भुजः ॥७५
ततो वर्षसहस्रान्ते वायुना तद्द्विधा कृतम् ।
अतारार्केन्दुनक्षत्रं शून्यं लोकमवेक्ष्य च ।
कोऽयमत्रे त्यभिध्याते कुमारास्तेऽभवस्तदा ॥७६

प्रियदर्शनास्सुतनवो येऽतीता पूर्वजास्तव ।
भूयो वर्षसहस्रान्ते तत एवात्मजास्तव ।
भुवनानलसङ्काशा पद्मपत्रायतेक्षणा ॥७७

इस माया की विधि को जानने वाले तथा अगम्य एवं गहन का पहिले आदि सर्गिक प्रथम लिङ्ग बीज हुआ जो कि आप हैं ॥ ७१ ॥ काल के पर्याय से वह बीज योनि स्वरूप मुख में समायुक्त हुआ । वह उस समय योनि में अपार हिरण्मय अण्ड के रूप में उत्पन्न हो गया था ॥ ७२ ॥ वह अण्ड दश सहस्र वर्ष तक जल में ही प्रतिष्ठित रहा फिर अन्त में हजार वर्ष के बाद वह वायु के द्वारा दो कर दिया गया ॥ ७३ ॥ उसका एक कपाल अर्थात् आधा भाग ने द्यौ को उत्पन्न किया और दूसरे कपाल से क्षिति उत्पन्न हुई । उल्वन्त का महोत्सेध जो है वह यह कनक पर्वत है ॥ ७४ ॥ इसके पश्चात् उससे प्रबुद्ध आत्मा वाला देवों में श्रेष्ठ प्रभु देव हिरण्यगर्भ आप और चार भुजाओं वाला मैं उत्पन्न हुआ ॥७५॥ फिर एक सहस्र वर्ष के अन्त में वायु ने पुन दो टुकड़े किये । तारा सूर्य चन्द्र से रहित शून्यलोक को देखकर यहाँ पर यह कौन है ऐसा अभिध्यान करने पर उस समय वे कुमार हुये ॥ ७६ ॥ देखने में परम प्रिय सुन्दर शरीर वाले आप के जो पहिले होने वाले पूर्वज थे वे ही एक सहस्र वर्षों के अन्त में आपके अब आत्मज हैं । जो भुवन की अग्नि के समान तथा पद्मपत्र के तुल्य विशाल नेत्रों वाले हैं ॥ ७७ ॥

श्रीमान् सनत्कुमारस्तु ऋभुश्चोर्ध्वरेतसौ ।
सनातनश्च सनकस्तथैव च सनन्दन ।
उत्पन्ना समकाल ते बुद्धयाऽतीन्द्रियदर्शना ॥७८
उत्पन्नाः प्रतिघात्मानो जगद्धुश्च सदैव हि ।
नारप्स्यन्ते च कर्माणि तापत्रयविवर्जिता ॥७९
अस्य सौम्य बहुक्लेश जराशोकसमन्वितम् ।
जीवित मरण चैव सभवश्च पुन पुन ॥८०
स्वप्नभूत पुन स्वर्गे दु खानि नरकास्तथा ।
विदित्वा चागम सर्वमवश्य भवितव्यताम् ॥८१

नमस्ते ह्यस्मदादीना भूताना प्रभवाय च ।
वेदकर्म्मविदानाना द्रव्याणा प्रभवे नम ॥९३
नमो योगस्य प्रभवे साख्यस्य प्रभवे नम ।
नमो ध्रुवनिशीथानामृषीणा पतये नम ॥९४
विद्युदशनिमेघाना गर्ज्जितप्रभवे नम ।
उदधीनाञ्च प्रभवे द्वीपाना प्रभवे नम ॥९५
अद्रीणा प्रभवे चैव वर्पाणा प्रभवे नम ।
नमो नदाना प्रभवे नदीना प्रभवे नम ॥९६
नमश्चौषधिप्रभवे वृक्षाणा प्रभवे नम ।
धर्म्माध्यक्षाय धर्म्माय स्थितीना प्रभवे नम ॥९७
नमो रसाना प्रभवे रत्नाना प्रभवे नम ।
नम क्षणाना प्रभवे कलाना प्रभवे नम ॥९८
निमेष प्रभवे चैव काष्ठाना प्रभवे नम ।
अहोरात्रार्द्धमासाना मासाना प्रभवे नम ॥९९

हमारे सदृश प्राणियो के प्रभव स्थान के लिये नमस्कार है। वेद-कर्म और अवदान द्रव्यो के जन्म देने वाले के लिये नमस्कार है ॥९३॥ योग दर्शन के उत्पन्न करने वाले तथा साख्य को प्रभव देने वाले के लिये नमस्कार है। ध्रुव निशीथ ऋषियो के स्वामी के लिये नमस्कार है ॥९४॥ विद्युत्-वज्र और ०ो तथा गर्जन के प्रभव स्वरूप के लिये नमस्कार है। समस्त समुद्रो को जन्म

प्रणवात्मानमासाद्य नमस्कृत्या जगद्गुरुम् ।
त्वाञ्च माञ्च व सक्रुद्धो नि श्वासाभिद् हृदयम् ॥८७
एव ज्ञात्वा महायोग अभ्युत्तिष्ठन् महाबल ।
अहं त्वामग्रत कृत्वा स्तोष्येऽहमनलप्रभम् ॥ ८
ब्रह्माणमग्रत कृत्वा तत स गरुडध्वज ।
अतीतश्च भविष्यश्च वर्त्तमानस्तथैव च ।
नामभिश्छा दसैश्चैव इद स्तोत्रमुदीरयत् ॥८६
नमस्तुभ्य भगवते सुव्रतेऽनन्ततेजसे ।
नम क्षेत्राधिपतये बीजिने शूलिने नम ॥६०
अमेढायोर्द्ध्वमेढाय नमो वकुण्ठरेतसे ।
नमो ज्येष्ठाय श्रेष्ठाय अपूर्वप्रथमाय च ॥६१
नमो हव्याय पूज्याय सद्योजाताय व नम ।
गह्वराय धनेशाय हैमचीराम्बराय च ॥६२

आपके ही इस माहात्म्य को तथा आत्मा से ही अपने आपको देखकर एव ईश्वर के सद्भाव तथा अभ्युत्थान मुझको जानकर महान् योग वाले प्राणियों को वर देने वाले प्रभु महादेव को जो कि प्रणव के स्वरूप वाले हैं प्राप्त करके जगत् के गुरु को नमस्कार करके यह क्रुद्ध होकर तुमको और मुझको निश्वास से निर्दग्ध कर देते हैं ॥ ६॥८७॥ इस प्रकार से महान् बल वाले इस महायोग का ज्ञान प्राप्त करके अभ्युत्थित होता हुआ मैं तुमको आगे करके उस अनल के समान प्रभा वाले की स्तुति करूँगा ॥८८॥ श्री सूतजी ने कहा—इसके अनन्तर गरुडध्वज विष्णु ने ब्रह्माजी को आगे करके अतीत ( गुजरे हुए ) आगे आने वाले तथा वर्तमान नामों से और छान्दसों के द्वारा इस स्तोत्र का उच्चारण किया था ॥८६॥ सुन्दर व्रत वाले अनन्त तेज से युक्त भगवान् आपके लिये नमस्कार है। क्षेत्र के अधिपति बीज वाले शूली के लिये नमस्कार है ॥६ ॥ मेढ़ से रहित तथा ऊर्द्ध मेढ वाले वैकुण्ठरेता आपके लिये नमस्कार है। ज्येष्ठ, श्रेष्ठ तथा अपूर्व प्रथम के लिये नमस्कार है ॥६१॥ हव्य पूज्य और सद्य उत्पन्न होने वाले के लिये नमस्कार है। गह्वर धनेश और हैमचीराम्बर धारण करने वाले के लिये नमस्कार है ॥६२॥

नमस्ते ह्यस्मदादीना भूताना प्रभवाय च ।
वेदकर्म्मावदानाना द्रव्याणा प्रभवे नम ॥६३
नमो योगस्य प्रभवे साख्यस्य प्रभवे नम ।
नमो ध्र ुवनिशीथानामृषीणा पतये नम ॥६४
विद्युदशनिमेघाना गर्जितप्रभवे नम ।
उदधीनाञ्च प्रभवे द्वीपाना प्रभवे नम ॥६५
अद्रीणा प्रभवे चैव वर्षाणा प्रभवे नम ।
नमो नदाना प्रभवे नदीना प्रभवे नम ॥६६
नमश्चौषधिप्रभवे वृक्षाणा प्रभवे नम ।
धर्म्माध्यक्षाय धर्म्माय स्थितीना प्रभवे नम ॥६७
नमो रसाना प्रभवे रत्नाना प्रभवे नम ।
नम क्षणाना प्रभवे कलाना प्रभवे नम ॥६८
निमेष प्रभवे चैव काष्ठाना प्रभवे नम ।
अहोरात्रार्द्धमासाना मासाना प्रभवे नम ॥६९

हमारे सदृश प्राणियो के प्रभव स्थान के लिये नमस्कार है । वेद-कर्म और अवदान द्रव्यो के जन्म देने वाले के लिये नमस्कार है ॥६३॥ योग दर्शन के उत्पन्न करने वाले तथा साख्य को प्रभव देने वाले के लिये नमस्कार है । ध्रुव निशीथ ऋषियो के स्वामी के लिये नमस्कार है ॥६४॥ विद्युत्-वज्र और मेघो तथा गजन के प्रभव स्वरूप के लिये नमस्कार है । समस्त समुद्रो को जन्म देने वाले तथा सम्पूर्ण द्वीपो को उत्पन्न करने वाले के लिये नमस्कार है ॥६५॥ पर्वतो के प्रभव स्थान के लिये तथा वर्षों के उत्पत्ति स्वरूप वाले के लिये नमस्कार है । नद और नदियों के प्रभु के लिये नमस्कार है ॥६६॥ औषधियो के तथा वृक्षो के प्रभु के लिये नमस्कार है । धर्म के अध्यक्ष तथा धर्म स्वरूप एव समस्त स्थितियो के स्वामी के लिये नमस्कार है ॥६७॥ समस्त रसो के तथा सम्पूर्ण रत्नो के स्वामी के लिये हमारा नमस्कार है । क्षण और कलाओ के प्रभु के लिये नमस्कार है ॥६८॥ निमेष-काष्ठा अहोरात्र-अर्द्धमास और मासों के प्रभु के लिये हमारा नमस्कार है ॥६९॥

नम ऋतूना प्रभवे सख्याया प्रभवे नम ।
प्रभवे च परार्द्धस्य परस्य प्रभवे नम ॥१०
नम पुराणप्रभवे युगस्य प्रभवे नम ।
चतुर्विधस्य सर्गस्य प्रभवेऽनन्तचक्षुषे ॥१०१
कल्पोदये निबद्धाना वार्त्ताना प्रभवे नम ।
नमो विश्वस्य प्रभवे ब्रह्मादिप्रभवे नम ॥१०२
विद्याना प्रभवे चव विद्याना पतये नम ।
नमो व्रताना पतये मन्त्राणा पतये नम ॥१०३
पितृणा पतये चव पशूना पतये नम ।
वाग्वृषाय नमस्तुभ्य पुराणवृषभाय च ॥१०४
सुचारुचारुकेशाय ऊर्ध्वचक्षु शिराय च ।
नम पशूना पतये गोवृषेन्द्रध्वजाय च ॥१०५

समस्त ऋतुओ के स्वामी तथा सम्पूर्ण सख्या के प्रभु के लिये नमस्कार है। पराद्ध के प्रभु तथा पर के स्वामी के लिये नमस्कार है ॥१ ॥ पुराणों के प्रभु–युग के अधिपति और चारों प्रकार के सर्ग के स्वामी अनन्त चक्षु वाले के लिये हमारा नमस्कार है ॥१ १॥ कल्प के उदय के समय मे वार्त्ताओ के प्रभु के लिये नमस्कार है। इस विश्व के प्रभु तथा ब्रह्मादि के स्वामी के लिये नमस्कार है ॥१ २॥ समस्त विद्याओ के स्वामी तथा प्रभु के लिये नमस्कार है। समस्त व्रतो के तथा सम्पूर्ण मन्त्रो के प्रभु के लिये नमस्कार है ॥१ ३॥ पितृगण के स्वामी एवं पशुओ के प्रभु के लिये नमस्कार है। वाणी के वृषभ तथा पुराणो के वृषभ के लिये हमारा नमस्कार है ॥१ ४॥ सुन्दर केशो वाले के लिये तथा ऊर्द्ध चक्षु एव शिर वाले के लिये नमस्कार है। पशुओ के पति तथा वृष एव इन्द्र ध्वज के लिये नमस्कार है ॥१ ५॥

प्रजापतीना पतये सिद्धाना पतये नम ।
गरुडोरगसर्पाणा पक्षिणा पतये नम ॥१ ६
गोकर्णाय च गोष्ठाय शकुकर्णाय च नम ।
वाराहायाप्रमेयाय रक्षाधिपतये नम ॥१ ७

नमो ह्यप्सरसापतये गणाना (पतये) ह्रीमये नम ।
अम्भसा पतये चैव तेजसा पतये नम ॥१०८
नमोऽस्तु लक्ष्मीपतये श्रीमते ह्रीमते नम ।
बलाबलसमूहाय ह्यक्षोभ्यक्षोभणाय च ॥१०९
दीर्घशृङ्गैक शृङ्गाय वृषभाय ककुद्मिने ।
नम स्थैर्याय वपुषे तेजसे सुप्रभाय च ॥११०
भूताय च भविष्याय वर्त्तमानाय वै नम ।
सुवर्च्चसेऽथ वीराय शूराय ह्यतिगाय च ॥१११
वरदाय वरेण्याय नम सर्वगताय च ।
नमो भूताय भव्याय भवाय महते तथा ॥११२

समस्त प्रजापतियों के पति तथा समस्त सिद्धो के स्वामी के लिये नमस्कार है । गरुड तथा उरग एव सर्पो के एव पक्षियो के पति के लिये नमस्कार है ॥१०६॥ गोकर्ण गोष्ट और शकु कर्ण के लिये नमस्कार है । वाराह—अप्रमेय और राक्षसो के अधिपति के लिये नमस्कार है ॥१०७॥ अप्सराओ के पति तथा गणो के स्वामी और ह्रीमय के लिये नमस्कार है । जलो के पति तथा तेजो के स्वामी के लिये हमारा नमस्कार है ॥१०८॥ श्री लक्ष्मी के स्वामी—श्रीमान् और ह्रीमान् के लिये नमस्कार है । बल तथा अबल के समूह स्वरूप एव अक्षोभ्य और क्षोभण स्वरूप के लिये नमस्कार है ॥१०९॥ दीर्घशृङ्ग वाले, एक शृङ्ग वाले, ककुद वाले वृषभ के लिये नमस्कार है । स्थैर्य के वपु वाले तथा तेज स्वरूप एव सुन्दर प्रभा वाले के लिये नमस्कार है ॥११०॥ भूत-भविष्य तथा वर्त्तमान के लिये नमस्कार है । सुन्दर वर्चस वाले वीर-शूर और अतिग के लिये नमस्कार है ॥१११॥ वरदान देने वाले, वरेण्य और सबमें निवास करने वाले के लिये नमस्कार है । भूत-भव्य-भव और महान् के लिये नमस्कार है ॥११२॥

जनाय च नमस्तुभ्यं तपसे वरदाय च ।
नमो वन्द्याय मोक्षाय जनाय नरकाय च ॥११३
भवाय भजमानाय इष्टाय याजकाय च ।

अभ्युदीर्णाय दीप्ताय तत्त्वाय निर्गुणाय च ॥११४
नमः पाशाय हस्ताय नमः स्वाभरणाय च ।
हुताय अपहुताय प्रहुतप्रशिताय च ॥११५
नमोऽस्त्विष्टाय मूर्त्ताय ह्यग्निष्टोमर्त्विजाय च ।
नमः ऋताय सत्याय भूताधिपतये नमः ॥११६
सदस्याय नमश्चैव दक्षिणावभृथाय च ।
अहिंसायाथ लोकानां पशुमन्त्रौषधाय च ॥११७
नमस्तुष्टिप्रदानाय त्र्यम्बकाय सुगन्धिने ।
नमोऽस्त्विन्द्रियपतये परिहाराय स्रग्विणे ॥११८
विश्वाय विश्वरूपाय विश्वतोऽक्षिमुखाय च ।
सर्वतः पाणिपादाय रुद्रायाप्रमिताय च ॥११९

तप स्वरूप जनरूप और वरद के लिये नमस्कार है। वन्दना करने के योग्य मोक्ष स्वरूप जन और नरक के लिये नमस्कार है ॥११३॥ भव भजमान इष्ट याचक अभ्युदीर्ण दीप्त तत्त्व निर्गुण के लिये नमस्कार है ॥११४॥ पाश हस्त और स्वाभरण के लिये नमस्कार है। हुत अपहुत प्रहुत तथा प्रशित के लिये नमस्कार है ॥११५॥ इष्ट मूर्त्त और अग्नि सोम ऋत्विज के लिये हमारा नमस्कार है। ऋत एवं सत्य तथा भूतों के अधिपति के लिये नमस्कार है ।११६। सदस्य के लिये तथा दक्षिणावभृथ के लिये नमस्कार है। अहिंसा के लिये तथा लोकों के पशु मन्त्र एवं औषध के लिये नमस्कार है ॥११७॥ तुष्टि के प्रदान करने वाले त्र्यम्बक और सुन्दर गन्ध वाले के लिये नमस्कार है। इन्द्रियों के पति परिहार तथा स्रग्धारी के लिये नमस्कार है ॥११८॥ विश्व विश्वरूप और विश्व से अक्षि मुख सभी ओर हाथ और पद वाले अप्रमित और रुद्र के लिये नमस्कार है ॥११९॥

नमो हव्याय कव्याय हव्यकव्याय वै नमः ।
नमः सिद्धाय मेध्याय चेष्टाय स्वव्ययाय च ॥१२०
सुवीराय सुघोराय ह्यक्षोभ्यक्षोभणाय च ।
सुमेधसे सुप्रजाय दीप्ताय भास्कराय च ॥१२१

नमो नम सुपर्णाय तपनीयनिभाय च ।
विरूपाक्षायत्र्यक्षाय पिङ्गलाय महौजसे ॥१२२
दृष्टिघ्नाय नमश्चैव नम सौम्येक्षणाय च ।
नमो धूम्राय श्वेताय कृष्णाय लोहिताय च ॥१२३
पिशिताय पिशङ्गाय पिताय च निषङ्गिणे ।
नमस्ते सविशेषाय निर्विशेषाय वै नम ॥१२४
नमो वै पद्मवर्णाय मृत्युघ्नाय च मृत्यवे ।
नम श्यामाय गौराय कद्रवे रोहिताय च ॥१२५
नम कान्ताय सन्ध्याभ्रवर्णाय बहुरूपिणे ।
नम कपालहस्ताय दिग्वस्त्राय कपर्दिने ॥१२६

हव्य और कव्य तथा हव्य कव्य के लिये नमस्कार है । सिद्ध, मेध्य चेष्ट और अव्यय के लिये नमस्कार है ॥१२०॥ सुवीर, सुघोर, अक्षोभ्य क्षोभण, सुमेधा, सुप्रजा, दीप्त और भास्कर के लिये नमस्कार है ॥१२१॥ सुपर्ण और तपनीय के तुल्य के लिये नमस्कार है विरूपाक्ष, त्र्यक्ष, और महान् ओज वाले के लिये नमस्कार है ॥१२२॥ दृष्टि के हनन करने वाले के लिये नमस्कार है और सौम्य नेत्र वाले के लिये नमस्कार है । धूम्र, श्वेत, कृष्ण और लोहित के लिये हमारा नमस्कार है, ॥१२३॥ पिशित, पिशङ्ग, पीत और निषङ्ग वाले के लिये हमारा नमस्कार है विशेषता से युक्त तथा निर्विशेष के लिये नमस्कार है ॥१२४॥ पद्म जैसे वर्ण वाले, मृत्यु के नाश करने वाले तथा मृत्यु स्वरूप के लिये नमस्कार है । श्याम, गौर, कद्रु और रोहित के लिये नमस्कार है ॥१२५॥ कान्त सन्ध्या के समान अभ्र वर्ण वाले तथा बहुत, से रूप वाले के लिये नमस्कार है । कपाल हाथ में रखने वाले, दिशाओं के वस्त्र वाले अर्थात् तनग्न था कपर्दी के लिये नमस्कार है ॥१२६॥

अप्रमेयाय शर्वाय ह्यवध्याय वराय च ।
पुरस्तात् पृष्ठतश्चैव विभ्राणाय कृशानवे ॥१२७
दुर्गाय महते चैव रोधाय कपिलाय च ।
अर्कप्रभशरीराय वलिने रहसाय च ॥१२८

नमो मुक्ताट्टहासाय क्ष्वेडितास्फोटिताय च ।
नदते कूदते चैव नमः प्रमुदिताय च ॥१४२
नमोऽद्भुताय स्वपते धावते प्रस्थिताय च ।
ध्यायते जृम्भते चैव तुदते द्रवते नमः ॥१४३
चलते क्रीडते चैव लम्बोदरशरीरिणे ।
नमः कृताय कम्पाय मुण्डाय विकराय च ॥१४४
नमः उन्मत्तवेषाय किङ्किणीकाय च नमः ।
नमो विकृतवेषाय क्रूरोग्रामर्षणाय च ॥१४५
अप्रमेयाय दीप्ताय दीप्तये निर्गुणाय च ।
नमः प्रियाय वादाय मुद्रामणिधराय च ॥१४६
नमस्तोकाय तनवे गुणैरप्रतिमाय च ।
नमो गणाय गुह्याय अगम्यागमनाय च ॥१४७

विशेषरूप से भीषण भीम भग के प्रमथन करने वाले सिद्धों के साथ (सङ्घाय) के द्वारा गान किये हुए तथा महाभाग के लिये हमारा नमस्कार है ॥१४१॥ अट्टहास को छोड़ने वाले क्ष्वेडित से आस्फोटित कूदन करने वाले और प्रमुदित के लिये हमारा नमस्कार है ॥१४२॥ अद्भुत शयन करने वाले धावन करते हुए प्रस्थान किये हुए ध्यान करने वाले जृम्भा लेते हुए तुदन करते हुए और द्रवित होते हुए आपके लिये नमस्कार है ॥१४३॥ चलते हुए क्रीडा करते हुए लम्बोदर शरीर वाले कृत कम्प मुण्ड और विकिर के लिये नमस्कार है ॥१४४॥

उन्मत्त वेष वाले किङ्किणीक विकृत वेष वाले क्रूर उग्र और अमर्षण के लिये नमस्कार है ॥१४५॥ अप्रमेय दीप्त दीप्त निर्गुण प्रिय और मुद्रा मणि के धारण करने वाले आपके लिये हमारा नमस्कार है ॥१४६॥ तोक तनु और गुणों से अप्रतिम गण गुह्य अगम्य और अगमन के लिये नमस्कार है ॥१४७

लोकधात्री त्वियं भूमिः पादौ सज्जनसेवितौ ।
सर्वेषां सिद्धयोगानामधिष्ठानन्तवोदरम् ॥१४८
मध्येऽन्तरिक्षं विस्तीर्णन्तारागणविभूषितम् ।
तारापथ इवाभाति श्रीमान् हारस्तवोरसि ॥१४९

दिशो दश भुजास्ते वै केयूराङ्गदभूपिता ।
विस्तीर्णपरिणाहश्च नीलाम्बुदचयोपम ॥१५०
कण्ठस्ते शोभते श्रीमान् हेमसूत्रविभूषित ।
दण्ट्राकरालदुर्द्धर्षमनौपम्य मुख तव ॥१५१
पद्ममालाकृतोष्णीष शीर्षण्य शोभते कथम् ।
दीप्ति सूर्ये वपुश्चन्द्रे स्थर्ये भूह्यनिलो वले ॥१५२
तैक्ष्ण्यमग्नौ प्रभा चन्द्रे खे शब्द शैत्यमप्सु च ।
अक्षरोत्तमनिष्पन्दान् गुणानेतान्विदुर्बुधा ॥१५३
जपो जप्यो महायोगी महादेवो महेश्वर ।
पुरेशयो गुहावासी खेचरी रजनीचर ॥१५४

यह लोको की धात्री भूमि है और ये चरण सज्जनो के द्वारा सेवित है। समस्त सिद्धि योगो का आपका उदर अधिष्ठान है ॥ १४८ ॥ मध्य में विस्तीर्ण अन्तरिक्ष है जो कि तारागणो से विभूपित है। आपके उरस्थल मे श्री से सम्पन्न हार तारापथ की भाँति शोभा देता है ॥ १४९ ॥ ये दश दिशाऐ आपकी भुजाऐ हैं जो कि केयूर और अङ्गदो से विभूपित हैं। नील अम्बुदो के समूह के समान विस्तीण परिणाह है ॥ १५० ॥ आपका यह कण्ठ हेमसूत्र से विभूपित होकर परम शोभा वाला हो रहा है। दण्ट्रा की करालता से दुर्धर्प और उपमा से रहित आपका मुख है ॥ १५१ ॥ पद्मों की मालाओ से शिरोवेष्टन वाला शीर्पण्य किस प्रकार से शोभा दे रहा है जैसे सूर्य में दीप्ति, चन्द्र मे वपु, स्थिरता मे भूमि और बल मे अनिल होता है ॥ १५२ ॥ अग्नि मे तीक्ष्णता, चन्द्र में प्रभा, आकाश मे ध्वनि और जल मे शीतलता इन अक्षर और उत्तम निष्पन्द वाले गुणो को बुध लोग जानते हैं ॥ १५३ ॥ महादेव महेश्वर जप, जप्य, महान योगी, पुरेशय, गुहावासी, खेचर और रजनीचर हैं ॥ १५४ ॥

तपोनिधिर्गुहगुरुर्नन्दनो नन्दिवर्द्धन. ।
हयशीर्षो धराधाता विधाता भूतिवाहन ॥१५५
वोद्धव्यो वोधनो नेता धूर्वहो दुष्प्रकम्पक ।
बृहद्रथो भीमकर्मा बृहत्कीर्तिर्धनञ्जय ॥१५६

घण्टाप्रिया ध्वजी छत्री पताकाध्वजिनीपति ।
कवची पट्टिशी शङ्खी पाशहस्त परश्वभृत ॥१५७
अगमस्त्वनघ शूरो देवराजारिमर्दन ।
त्वां प्रसाद्य पुराऽस्माभिर्द्विपन्तो निहता युधि ॥१५८
अग्निस्त्व चार्णवान् सर्वान् पिबन्न व न तृप्यसे ।
क्रोधागार प्रसन्नात्मा कामहा कामद प्रिय ॥१५९
ब्रह्मण्यो ब्रह्मचारी च गोघ्नस्त्व शिष्टपूजित ।
वेदानामव्यय कोशस्त्वया यज्ञ प्रकल्पित ॥१६०
हव्यञ्च वेद वहति वेदोक्त हव्यवाहन ।
प्रीते त्वयि महादेव वय प्रीता भवामहे ॥१६१

भवानीशो नादिमान् धामराशिर्ब्रह्मा
लोकानान्त्व कर्ता ग्वादिसर्ग ।
साङ्ख्या प्रकृतिभ्य परम त्वा विदित्वा
क्षीणध्यानास्ते न मृत्यु विशन्ति । १६२

योगेन त्वा ध्यानिनो नित्ययुक्ता
ज्ञात्वा भोगान् सन्त्यजन्ते पुनस्तान् ।
येऽन्ये मर्त्यास्त्वा प्रपन्ना विशुद्धास्ते
कर्मभिर्दिव्यभोगान् भजन्ते । १६३
अप्रमेयस्य तत्त्वस्य यथा विद्म स्वशक्तित ।
कीर्तित तव माहात्म्यमपार परमात्मन ।
शिवो नो भव सर्वत्र योऽसि सोऽसि नमाऽस्तुते ॥१६४

यह महेश्वर वर की खान गुह के गुरु नन्दन और नन्दिवर्धन हैं। धुर्य शीर्ष धरा के धाता विधाता तथा श्रुति को वहन करने वाले हैं ॥ १५५ ॥ यह बोध करने के योग्य बोरन नेता ध्रुवह, दुष्प्रकम्पक बृहद्रथ भीम कर्म करने वाले बृहत्कीर्ति और धनञ्जय हैं। १५६ ॥ यह महेश्वर घण्टाप्रिय ध्वजी छत्रधारी पताकाध्वजिनी के स्वामी कवचधारी पट्टिशधारण करने वाले शङ्खधारी हाथ में पाश ग्रहण करने वाले और परशुभृत हैं ॥ १५७ ॥ यह

अगम, अनघ, शूर, देवराज के शत्रुओं को मर्दन करने वाले हैं। आपको प्रसन्न कर हमने युद्ध मे पहिले शत्रुओ को मारा था ॥ १५८ ॥ आप अग्नि स्वरूप है समस्त समुद्रो का पान करते हुए भी तृप्त नही होते है। आप क्रोध के घर हैं, प्रसन्न आत्मा वाले है, काम के नाशक तथा काम के प्रदान करने वाले प्रिय है ॥ १५६ ॥ आप ब्रह्मण्य अर्थात् ब्राह्मणो की रक्षा करने वाले, ब्रह्मचारी, गौओ का नियन्त्रण करने वाले तथा शिष्ट पुरुषो के द्वारा पूजित हैं। आप वेदो के अव्यय-कोश हैं और आपने यज्ञ की कल्पना की है ॥ १६० ॥ हव्य वेद का वहन करता है और हव्य वाहन वेदोक्त का वहन करता है। हे महादेव ! आपके प्रसन्न होने पर हम सब प्रसन्न होते हैं ॥ १६१ ॥ आप भवानी के स्वामी, आदिमान् न होने वाले, धामो के समूह, लोको के ब्रह्मा, आदिसर्ग और आप कर्त्ता हैं। सांख्य शास्त्र के ज्ञाता आपको प्रकृतियो से पर जान कर क्षीण ध्यान वाले वे मृत्यु मे प्रवेश नही करते हैं ॥ १६२ ॥ ध्यान करने वाले योग के द्वारा आप म नित्य युक्त होते हुए जानकर फिर उन समस्त भोगो का त्याग कर देते हैं। जो अन्य मनुष्य आपकी शरणागति मे जाते है वे विशुद्ध होकर कर्मों से दिव्य भोगो का सेवन किया करते है ॥ १६३ ॥ अप्रमेय तत्व को जैसे अपनी शक्ति से जानते है वैसे ही परमात्मा आपका अपार माहात्म्य का कीर्तन किया। आप जो भी कोई हो वह हो, हमारे लिये सर्वत्र शिव होवे। आपके लिये हमारा नमस्कार है ॥ १६४ ॥

## ॥ प्रकर्ण २५—मधुकैटभ उत्पत्ति ॥

सविवन्निव तौ दृष्ट्वा मधुपिङ्गायतेक्षण ।
प्रहृष्टवदनोऽत्यथममवच्च स्वकीर्त्तनात् ॥१
उमापतिर्विरूपाक्षो दक्षयज्ञविनाशन ।
पिनाकी खण्डपरशुर्भूतप्रान्तस्त्रिलोचन ॥२
तत स भगवान देव श्रुत्वा वाक्यामृत तयो ।
जानन्नपि महाभाग प्रीतपूर्वमथाब्रवीत् ॥३
को भवन्तौ महात्मानौ परस्परहितैषिणौ ।
समेतावम्बुजाभाक्षौ तस्मिन् घोरे जलप्लवे ॥४

तावू चतुर्महात्मानौ सन्निरीक्ष्य परस्परम् ।
भगवन् किञ्च तथ्येन विज्ञातेन त्वया विभो ।
कुत्र वा सुखमानन्त्यमिच्छाचारमृते त्वया ॥५
उवाच भगवान् देवो मधुरश्लक्ष्णया गिरा ।
भो भो हिरण्यगर्भ त्वां त्वां च कृष्ण वदाम्यहम् ॥६
प्रीतोऽहमनया भक्त्या शाश्वताक्षरयुक्तया ।
भवन्तौ माननीयौ मे मम इष्टतरावुभौ ।
युवाभ्यां किं ददाम्यद्य वराणां वरमुत्तमम् ॥७

श्री सूतजी ने कहा—उन दोनो को भली भाँति ध्यान करते हुए की भाँति देखकर मधु पिङ्ग एवं आयत नेत्रों वाले महेश्वर अपने कौतुक से अत्यन्त प्रहृष्ट मुख वाले हो गये ॥ १ ॥ उमा के स्वामी विरूप नेत्रों वाले दक्ष प्रजापति के यज्ञ का विध्वंस करने वाले पिनाकधारी चण्ड परशु भूत भावन और तीन नेत्र वाले उन भगवान महादेव ने इन दोनो के वचनामृत को सुनकर फिर महाभाग जानते हुए भी प्रीति के साथ बोले—॥ २-३ ॥ इस घोर जन के विप्लव मे परस्पर में हित के चाहने वाले महान् आत्मा वाले आप दोनो कौन हैं ? आप कमल के समान नेत्रों वाले यहाँ इकट्ठे होते कौन हैं ? ॥ ४ ॥ उन दोनो महात्माओं ने परस्पर में भली भाँति देखकर कहा—हे भगवान ! हे विभो ! तथ्य को जानने वाले आपके बिना अनन्त सुख इच्छाचार कहाँ हो सकता है ॥ ५ ॥ भगवान् देव मधुर और स्निग्ध वाणी से बोले—हे हिरण्य गर्भ ! हे कृष्ण ! मैं आप दोनो से कहता हूँ मैं आपकी इस भक्ति से प्रसन्न हो गया हूँ जो कि शाश्वताक्षर से युक्त है । अब आप दोनो ही मेरे परम माननीय और अतिप्रिय हो गये हैं । मैं आज इतना प्रसन्न हूँ कि वरों मे अतिश्रेष्ठ क्या तुम दोनो का वरदान दूँ ॥ १-७ ॥

ततैवमुक्ते वचने महाभागो विष्णुरब्रवीत् ।
ब्रूहि ब्रूहि महाभाग वरो यस्ते विवक्षितः ॥८
प्रजाकामोऽस्म्यहं विष्णो पुत्रमिच्छामि ध्रुवमहम् ।
तत स भगवान् ब्रह्मा वरेप्सु पुनर्लिप्सया ॥९

अथ विष्णुरुवाचेद प्रजाकामं प्रजापतिम् ।
वीरमप्रतिम पुत्र यस्त्वमिच्छसि धूर्वहम् ॥१०
पुत्रत्वेनाभियुङ्क्ष्व त्व देवदेव महेश्वरम् ।
स तस्य वाक्य सपूज्य केशवस्य पितामह ॥११
ईशान वरद रुद्रमभिवाद्य कृताञ्जलि ।
उवाच पुत्रकामस्तु वाक्यानि सह विष्णुना ॥१२
यदि मे भगवान् प्रीत पुत्रकामस्य नित्यश ।
पुत्रो मे भव विश्वात्मन् स्वतुल्यो वापि धूर्वह ।
नान्य वरमह वव्रे प्रीते त्वयि महेश्वर ॥१३
तस्य ता प्रार्थना श्रुत्वा भगवान् भगनेत्रहा ।
निष्कल्मषममायश्च बाढमित्यब्रवीद्वच ॥१४

उनके द्वारा इस प्रकार से कहने पर विष्णु भगवान् ब्रह्माजी से बोले—हे महाभाग ! बोलो-बोलो जो भी वर आपको विवक्षित हो ॥ ८ ॥ हे विष्णो ! मैं प्रजा का कामना रखने वाला हूँ । मैं धुरी का वहन करने वाला पुत्र चाहता हूँ । इसके पश्चात् पुत्र की लिप्सा से वर की चाहना रखने वाले वह भगवान् ब्रह्माजी बोले ॥ ९ ॥ इसके अनन्तर प्रजा की इच्छा वाले प्रजापति से भगवान् विष्णु ने यह कहा—कि जो आप परम धीर और अनुपम धुरी के वहन करने वाला पुत्र चाहते हो तो आप देवो के देव महेश्वर को ही पुत्रत्व के रूप मे अभियुक्त करें । तब पितामह ने केशव भगवान् के इस वचन का आदर किया ॥ १०-११ ॥ कृताञ्जलि होकर वर देने वाले ईशान रुद्र को प्रणाम करके विष्णु के साथ ही पुत्र की कामना रखने वाले ब्रह्माजी ये वाक्य बोले ॥ १२ । यदि आप मुझ पर पूर्णतया प्रसन्न हैं तो नित्य ही पुत्र की कामना रखने वाले मेरे हे विश्वात्मन् ! आप पुत्र होवें अथवा अपने ही सदृश धुरी का वहन करने वाला पुत्र दो । मैं इसके अतिरिक्त कोई भी वरदान नहीं चाहता हूँ । हे महेश्वर ! आप जब प्रसन्न है तो यही वरदान मुझे देवें ॥ १३ ॥ ब्रह्माजी की इस प्रार्थना को सुनकर भग के नेत्रो का हनन करने वाले भगवान् महेश्वर बिना किसी कल्मष तथा माया के 'अच्छा यही होगा' यह वचन बोले ॥ १४ ॥

यदा कार्यसमारम्भे कस्मिश्चित्तव सुव्रत ।
अनिष्पत्तौ च कार्यस्य क्रोधस्त्वां समुपेष्यति ।
आत्मकादश ये रुद्रा विहिता प्राण हेतव ।।१५
सोऽहमेकादशात्मा च शूलहस्त सहानुग ।
ऋषिर्मिश्रो महात्मा च ललाटाद्भविता तदा ।।१६
प्रसादमतुल कृत्वा ब्रह्मणस्तादृश पुरा ।
विष्णु पुनरुवाचेद ददामि च वरन्तव ।।१७
स ह्योवाच महाभागो विष्णुर्भवमिद वच ।
सर्वमेतत् कृत देव परितुष्टोऽसि मे यदि ।
त्वयि मे सुप्रतिष्ठाऽस्तु भक्तिरम्बुदवाहन ।।१८
एवमुक्तस्ततो देवस्तमभाषत केशवम् ।
विष्णो शृणु यथा देव प्रीतोऽहन्तव शाश्वत ।।१९
प्रकाशश्चाप्रकाशश्च जङ्गम स्थावरञ्च यत् ।
विश्वरूपमिद सर्व रुद्रनारायणात्मकम् ।। ०
अहमग्निर्भवान् सोमो भवान् रात्रिरह दिनम् ।
भवानृतमह सत्य भवान् ऋतुरह फलम् ।।२१

हे सुव्रत ! जब तुम्हारे किसी कार्य के समारम्भ मे कार्य की सिद्धि न होने पर आपको क्रोध आवेगा तब अपने एकादश रुद्र जो प्राणो के हेतु स्वरूप बनाये हैं वह मैं एकादश स्वरूप वाला हाथ मे शूल धारण किये हुए अनुचरों के साथ महात्मा ऋषि मिश्र उस समय ललाट से होऊगा ।। १५ १६ ।। उस समय ब्रह्मा के ऊपर इस प्रकार का अतुल प्रसाद करके फिर विष्णु भगवान् से यह बोले—मैं आपको वरदान देता हूँ ।। १७ ।। तब महाभाग वह विष्णु भव अर्थात् महेश्वर से यह वचन बोले—हे देव ! यह सब किया गया है यदि मुझ पर आप अत्यन्त परितुष्ट एव प्रसन्न हैं तो हे अम्बु वाहन ! आप मे मेरी सुप्रतिष्ठित भक्ति होवे ।। १८ ।। इसके अनन्तर इस प्रकार से कहे हुए महादेव ने केशव से कहा—हे विष्णो ! हे शाश्वत ! हे देव ! आप सुनो मैं आप से बहुत ही प्रसन्न हूँ ।। १९ ।। प्रकाश और अप्रकाश स्थावर और जङ्गम जो यह विश्व का रूप है

वह सब रुद्र और नारायण के स्वरूप वाला ही है ।। २० ।। मैं अग्नि हूँ तो आप सोम हैं । आप रात्रि हैं तो मैं दिन हूँ । आप ऋत हैं तो मैं सत्य हूँ, आप ऋतु हैं तो मैं फल हूँ ।। २१ ।।

भवान् ज्ञानमहं ज्ञेय यज्जपित्वा सदा जना ।
मा विशन्ति त्वयि प्रीते जना सुकृतकारिण ।
आवाभ्या सहिता चैव गतिर्नान्या युगक्षये ।।२२
आत्मान प्रकृति विद्धि मा विद्धि पुरुष शिवम् ।
भवानर्द्धशरीर मे त्वहन्तव यथैव च । २३
वामपार्श्वमहम्मह्य श्याम श्रीवत्सलक्षणम् ।
त्वञ्च वामेतर पार्श्व त्वह वै नीललोहित ।।२४
त्वञ्च मे हृदय विष्णो तव चाह हृदि स्थित ।
भवान् सर्वस्य कार्यस्य कर्त्ताहमधिदैवतम् ।।२५
तदेहि स्वस्ति ते वत्स गमिष्याम्यम्बुदप्रभ ।
एवमुक्त्वा गतो विष्णोर्देवोऽन्तर्द्धानमीश्वर ।।२६
ततः सोऽन्तर्हिते देवे सप्रहृष्टस्तदा पुन ।
अशेत शयने भूप प्रविश्यान्तजले हरि ।।२७
त पद्म पद्मगर्भाभ पद्माक्ष पद्मसम्भव ।
सम्प्रहृष्टमना ब्रह्मा भेजे ब्राह्म तदासनम् ।।२८

आप ज्ञान हैं तो मैं ज्ञेय अर्थात् जानने के योग्य वस्तु हूं । जिसका जप करके सवदा मनुष्य जो सुकृत करने वाले है आपके प्रसन्न होने पर मुझ मे प्रवेश किया करते है । हम दोनो के सहित ही गति है और युग के क्षय मे अन्य कोई भी गति नही होती है ।। २२ ।। अपने आपको प्रकृति समझो और मुझ शिव को पुरुष जानलो । आप मेरे आधे शरीर हैं और इसी प्रकार से मैं आपका भी आधा शरीर हूँ ।। २३ ।। मैं वाम पार्श्व हूँ और मेरे लिये श्याम श्रीवत्स का लक्षण है । और आप वाम से इतर अर्थात् दक्षिण पार्श्व हैं और मै नील लोहित हूँ ।। २४ ।। हे विष्णो ! आप मेरे हृदय हैं और मैं आपके हृदय मे स्थित हूँ । आप समस्त कार्यों के कर्ता हैं और मैं उन सब का अधिदैवत हूँ ।। २५ ।। हे

वत्स ! हे अम्बुद प्रभ ! सो अब आइये आपका कल्याण हो अब मैं जाता हूँ। इस प्रकार से कहकर विष्णु के देव ईश्वर अन्तर्धान हो गये ॥ २६ ॥ इसके पश्चात् महादेव के अन्तर्हित हो जाने पर वह भगवान् विष्णु फिर अत्यन्त प्रसन्न होकर हे भूप ! हरि ने जल मे अन्दर प्रवेश किया और अपनी शय्या मे शयन करने लगे ॥ २७ ॥ पद्म के समान नेत्र वाले पद्म से समुत्पन्न सम्प्रहृष्ट मन वाले ब्रह्माजी ने पद्माभ की आभा वाले उस ब्राह्म आसन का सेवन किया ॥ २८ ॥

अथ दीर्घेण कालेन तत्राप्यप्रतिमावभौ ।
महाबलौ महासत्त्वौ भ्रातरौ मधुकटभौ ॥२९
ऊचतुश्च व वचन भक्ष्यो व नौ भविष्यसि ।
एवमुक्त्वा तु तौ तस्मिन्नन्तर्द्धानं गतावभौ ॥ ०
दारुणन्तु तयोर्भाव ज्ञात्वा पुष्करसम्भव ।
माहात्म्य चात्मनो बुद्धा विज्ञातुमुपचक्रमे ॥३१
कर्णिकाघटन भूयो नाभ्यजानाद्यदा गतिम् ।
तत स पद्मनालेन अवतीर्य्य रसातलम ।
कष्णा जिनोत्तरासङ्ग ददर्शोऽन्तजले हरिम् ॥३२
स च त बोधयामास विबुद्ध चेदमब्रवीत् ।
भूतेभ्यो मे भय देव त्रायस्वोत्तिष्ठ शङ्कुरु ॥३३
तत स भगवान् विष्णु सप्रहासमरिन्दम ।
न भेतव्य न भेतव्यमित्युवाच मुनि स्वयम् ॥३४
तस्मात्पूर्वं त्वया चोक्त भूतेभ्यो मे महद्भयम ।
तस्माद्भूतादिकावेतौ दत्यौ त्व नाशयिष्यसि ॥३५

इसके अनन्तर बहुत लम्बा समय के पश्चात् वहाँ पर भी अप्रतिम महाबल वाले महासत्व से युक्त दो भाई मधु और कटभ यह वचन बोले कि हमारे भक्ष्य होओगे इतना कहकर वे दोनो वहाँ फिर अन्तर्धान हो गये । २९ ॥ पुष्कर सम्भव ब्रह्माजी ने उन दोनो के इस दारुण भाव को जानकर और अपना माहात्म्य समझ कर इसके जानने का उपक्रम किया ॥ ३१ ॥ फिर

जब कर्णिका घटन गति को नही जाना तो इसके उपरान्त उनने कमल नाल के द्वारा रसातल मे अवतरण किया और वहाँ जल के भीतर कृष्णाजिन के उत्तरा सङ्ग वाले हरि का दर्शन किया ॥ ३२ ॥ वहाँ उन्होने उनको बताया और विशेष रूप बुद्ध होने वाले उनमे यह कहा—हे देव ! मुझे भूतो मे भय होता है, आप उठिये, मेरी रक्षा कीजिए और मेरा कल्याण करिये ॥ ३३ ॥ इसके पश्चात् भगवान् विष्णु जो कि शत्रुओ के दमन करने वाले हैं, हास के सहित बोले—आप को डरना नहीं चाहिए और डरो मत, यह वचन स्वय मुनि ने कहे ॥ ३४ ॥ इससे पूर्व आपने कहा था कि भूतो से मुझे महान् भय हो रहा है सो भूतादि वाक्यो के द्वारा आप उन दोनो दैत्यो का नाश कर देगे ॥ ३५ ॥

भूर्भुव स्वस्ततो देव विविशुस्तमयोनिजम् ।
तत प्रदक्षिण कृत्वा तमेवासीनमागतम् ॥३६
गते तस्मिततोऽनन्त उद्गीर्य भ्रातरौ मुखात् ।
विष्णु जिष्णुश्च प्रोवाच ब्रह्माणमभिरक्षताम् ।
मधुकैटभयोर्ज्ञात्वा तयोरागमन पुन ॥३७
चक्राते रूप सादृश्य विष्णोर्जिष्णोश्च सत्तमौ ।
कृतसादृश्यरूपौ तौ नावेवाभिमुखौ स्थितौ ॥३८
ततस्तौ प्रोचतुर्दैत्यौ ब्रह्माण दारुण वच ।
अस्माक युध्यमानाना मध्ये वै प्राश्निको भव ॥३९
ततस्तौ जलमाविश्य सस्तम्भ्याप स्वमायया ।
चक्रतुस्तुमुल युद्ध यस्य येनेप्सित तदा ॥४०
तेषान्तु युध्यमानाना दिव्य वर्षशतङ्गतम् ।
न च युद्धमदोत्सेको ह्यन्योन्य सन्यवर्त्तत ॥४१
लक्षणद्वयसस्थानाद्रूपवन्तौ स्थितेङ्गितौ ।
सादृश्याद्व्याकुलमना ब्रह्मा ध्यानमुपागमन् ॥४२

इसके अनन्तर "भूर्भुव स्व" ये उस अयोनिज देव के अन्दर प्रविष्ट हो गये । इसके पश्चात् उनने प्रदक्षिणा की और उसी आसन पर पुन आ गये और बैठ गये ॥ ३६ ॥ इसके पश्चात् उस अनन्त मे दो भाई मुख से उद्गीर्ण

होकर विष्णु और जिष्णु से बोले ब्रह्मा की रक्षा करो क्योंकि पुनः उन दोनों मधु और कटभ का आगमन जान लिया था ॥ ३७ ॥ विष्णु और जिष्णु के रूप की समानता उन दोनो ने बनाली थी और सादृश्य रूप वाले होकर उन दोनों के ही सामने मे स्थित हो गये थे ॥ ३८ ॥ इसके अनन्तर वे दोनों दस्यु ब्रह्माजी से बोले और अत्यन्त दारुण वाक्य कहे कि हमारे युद्ध करने वालों के मध्य मे प्राश्निक बन जाओ। ३६ ॥ इसके पश्चात् वे दानो जल मे प्रविष्ट होकर अपनी माया से उन्होंने जल को स्तम्भित कर दिया और फिर वहाँ उन दोनो ने उस समय तुमुल युद्ध जसा भी जिसने चाहा किया था ॥ ४० ॥ उनको वहाँ युद्ध करते हुए दिव्य एक सौ वर्ष व्यतीत हो गये और अन्योन्य का युद्ध करने के मद की अधिकता का अभिमान कम नहीं हुआ ॥ ४१ ॥ लक्षण द्वय के सस्थान से रूप वाले वे स्थित इङ्गित वाले थे। उन दोनो के समान रूपता से व्याकुल मन वाले ब्रह्माजी ध्यान मे स्थित हो गये थे ॥ ४२ ॥

स तयोरन्तर बुद्धा ब्रह्मा दिव्येन चक्षुषा ।
पद्मकेसरज सूक्ष्म ववन्ध कवचन्तयो ।
आमेखलञ्च गात्रञ्च ततो मन्त्र मदाहरत् ॥४३
जपतस्त्वभवत्कन्या विश्वरूपसमुत्थिता ।
पद्मेन्दुवदनप्रख्या पद्महस्ता शुभा सती ।
ता दृष्ट्वा व्यथितौ दैत्यौ मयाद्गणविवर्जितौ ॥४४
तत प्रोवाच ता कन्या ब्रह्मा मधुरया गिरा ।
काऽत्र त्वमवगन्तव्या ब्रूहि सत्यमनिन्दिते ॥ ४५
साम्ना सपूज्य सा कन्या ब्रह्माण प्राञ्जलिस्तथा ।
मोहिनी विद्धि मा माया विष्णो सन्देशकारिणीम् ॥४६
त्वया सङ्कीर्त्यमानाऽहं ब्रह्मन् प्राप्ता त्वरायुता ।
अस्या प्रीतमना ब्रह्मा गौण नाम चकार ह ॥४७
मया च व्याहृता यस्मात्त्वञ्च व समुपस्थिता ।
महा व्याहृतिरित्येव नाम ते विचरिष्यति ॥४८
उर्ध्वमता च शिरो भित्त्वा सावित्री तेन चोच्यते ।

एकानशात् यस्मात्त्वमनेकांशा भविष्यसि ॥४६

तब ब्रह्माजी ने उन दोनों का अन्तर समझ कर उन दोनों के पद्म केशर से उत्पन्न सूक्ष्म कवच बांध दिया था। मेखला और गात्र तक इसके पश्चात् मन्त्र का उच्चारण किया ॥ ४३ ॥ इसके अनन्तर जप करते हुए उनके विश्वरूप से समुत्थित एक कन्या हुई जो कि पद्म हाथ मे ग्रहण किये हुए और सती तथा पद्म एवं चन्द्र के समान मुख वाली थी। वे दोनों दैत्य उसे देखकर बहुत ही व्यथित तथा भय से वर्ण विवर्जित हो गये ॥ ४४ ॥ इसके अनन्तर ब्रह्माजी ने मधुर वाणी से उस कन्या से कहा—हे अनिन्दिते ! आप कौन है ? और मैं आपको क्या समझूँ ? आप सत्य-सत्य मुझे बतलाने की कृपा करें ॥ ४५ ॥ तब उस कन्या ने सामवेद से ब्रह्मा की पूजा करके और प्राञ्जलि होकर कहा—मुझको आप विष्णु भगवान् की सन्देश का पालन करने वाली मोहिनी समझ लीजिए ॥ ४६ ॥ हे ब्रह्मन् ! आपके द्वारा सङ्कीर्त्यमान होती हुई मैं यहाँ बहुत ही शीघ्रता से प्राप्त हुई हूँ। तब प्रसन्न मन वाले ब्रह्माजी ने इसका गौण नाम किया ॥ ४७ ॥ क्योंकि आप मेरे द्वारा व्याहृत हुई हैं और अब यहाँ उपस्थित हो गई हैं इस लिये अब से आपका नाम महाव्याहृति संसार मे प्रचलित हो जायगा ॥ ४८ ॥ वह शिर का भेदन करके उत्थित हुई थी इसलिये वह सावित्री इस नाम से भी कही जाती है। क्योंकि बिना अंश वाली एक हैं इसलिये अनेक अंश वाली भी हो जायगी ॥ ४९ ॥

गौणानि तावदेतानि कर्मजान्यपराणि च।
नामानि ते भविष्यन्ति मत्प्रसादात् शुभानने ॥५०
ततस्तौ पीड्यमानौ तु वरमेनमयाचताम्।
अनावृते नौ मरणं पुत्रत्वञ्च भवेत्तव ॥५१
तथेत्युक्त्वा ततस्तूर्णमनयद्यमसादनम्।
अनयत् कैटभं विष्णुर्जिष्णुश्चाप्यनयन्मधुम् ॥५२
एवन्तौ निहतौ दैत्यौ विष्णुना जिष्णुना सह।
प्रीतेन ब्रह्मणा चाथ लोकानां हितकाम्यया ॥५३
पुत्रत्वमीशेन यथा ह्यात्मा दत्तो निबोधत।

विष्णुना जिष्णुना सार्द्ध मधुकैटभयोस्तथा ।
सम्पराये व्यतिक्रान्ते ब्रह्मा विष्णुमभाषत ॥५४
अद्य वर्षशतं पूर्ण समयः प्रत्युपस्थितः ।
संक्षेपसम्प्लवं घोरं स्वस्थानं यामि चाप्यहम् ॥५५
स तस्य वचसा देवः संहारमकरोत्तदा ।
मही निःस्थावरां कृत्वा प्रकृतिस्थांश्च जङ्गमान् ॥५६

ये सबके गौण नाम हैं और दूसरे कर्मों से उत्पन्न होने वाले भी नाम होते हैं । हे शुभानने ! मेरे प्रसाद से इस प्रकार आपके बहुत से नाम होंगे ॥ ५ ॥ इसके अनन्तर पीड़ित होते हुए उन दोनों ने यह वरदान माँगा हम दोनों का मरण अनावृत हो और आपका पुत्रत्व होवे ॥ ५१ ॥ इसके अनन्तर ऐसा ही हो यह कहकर हित की कामना से शीघ्र ही यमालय को प्राप्त कर दिया विष्णु कटभ को और जिष्णु मधु को ले गये । ५२ ॥ इस प्रकार से विष्णु और जिष्णु के हाथ से दोनों दैत्य मारे गये थे । तब प्रसन्न ब्रह्माजी ने लोकों के हित की कामना से यह सब किया था ॥ ५३ ॥ अब जिस तरह से अपने आपको पुरुष के रूप में ईश ने किया था वह समझ लो । तब विष्णु और जिष्णु के साथ युद्ध में मधु और कटभ के व्यतिक्रान्त हो जाने पर ब्रह्माजी ने विष्णु से कहा—॥ ५४ ॥ आज सौ वर्ष का पूरा समय समाप्त हो गया है और अब मैं भी संक्षेप तथा सम्प्लव से घोर अपने स्थान को जाता हूँ ॥ ५५ ॥ उसने इस वचन से देव ने तब संहार कर दिया था । इस भूमि को बिना स्थावर वाली तथा जङ्गमों को प्रकृति में स्थित कर दिया था ॥ ५६ ॥

यदि गोविन्द भद्रन्ते क्षिप्तस्ते यादसां पतिः ।
ब्रूहि यत् करणीयं स्यान्मया ते लक्ष्मिवर्द्धन ॥५७
बाढं शृणु त्वं हेमाभ पद्मयाने वचो मम ।
प्रसादो यस्त्वया लब्ध ईश्वरात् पुत्रलिप्सया ॥५८
तन्तथा सफलं कृत्वा मत्तोऽभूद्गुणो भवान् ।
चतुर्विधानि भूतानि सृज त्वं विसृजस्व वा ॥५९
अवाप्य संज्ञां गोविन्दात् पद्मयोनिः पितामहः ।

प्रजाः स्रष्टुमनास्तेपे ततः उग्रं तपो महत् ॥६०
तस्यैवं तप्यमानस्य न किंचित्समवर्तत ।
ततो दीर्घेण कालेन दुःखात् क्रोधो व्यवर्द्धत ॥६१
सक्रोधाविष्टनेत्राभ्यामापतन्नश्रुबिन्दवः ।
ततस्तेभ्योऽश्रुबिन्दुभ्यो वातपित्तकफात्मकाः ॥६२
महाभागा महासत्त्वाः स्वस्तिकैरप्यलङ्कृताः ।
प्रकीर्णकेशाः सर्पास्ते प्रादुर्भूता महाविषाः ॥६३

हे गोविन्द ! हे वृद्धिवर्धन ! आपका कल्याण हो, आपने समुद्र का क्षेप कर दिया है, अब मुझे बतलाइये कि मुझे क्या करना चाहिए ॥ ५७ ॥ विष्णु ने कहा—अच्छा, हे पद्मयोनि ! हे कृपालो ! आप अब मेरा वचन श्रवण करो कि आपने महोदर में पुत्र की कामना से वरदान प्राप्त करने का प्रसाद लाभ किया था ॥ ५८ ॥ अब आप मुझ से अनृण हो गये हैं और उस वरदान को सफल बनाइये । आप अब चार प्रकार के प्राणियों का सृजन करें अथवा विशेष रूप से सृजन करने का कार्य करें ॥ ५९ ॥ इस प्रकार से पद्मयोनि पितामह ने गोविन्द से सज्ञा प्राप्त करके प्रजा के सृजन करने के मन वाले होकर फिर वहाँ महान् उग्र तपश्चर्या करने का आरम्भ कर दिया था ॥ ६० ॥ जब इस तरह से ब्रह्माजी बहुत समय तक तप करते रहे और कुछ भी उसका फल नहीं हुआ तो फिर उनको महान् दुःख उत्पन्न हुआ और उस दुःख से क्रोध बढ़ गया था ॥ ६१ ॥ जब ब्रह्माजी के नेत्र क्रोध से पूर्णतया आविष्ट हो गये तो फिर उनसे आँसुओं की बूँदें निकल पड़ी थीं । तब फिर उन अश्रु बिन्दुओं से वात, पित्त और कफ के स्वरूप वाले महाभाग, महान् सत्त्व, स्वस्तिकों से अलङ्कृत होते हुए महान् विष वाले तथा फैले हुए केशों वाले सर्प प्रादुर्भूत हो गये थे ॥ ६२-६३ ॥

सर्पांस्तथाग्रजान् दृष्ट्वा ब्रह्मात्मानमनिन्दत ।
अहो धिक् तपसा मह्यं फलमीदृशकं यदि ।
लोकवैनाशिकी जज्ञे आदावेव प्रजा मम ॥६४
तस्य तीव्राभवन्मूर्च्छा क्रोधामर्षसमुद्भवा ।

विष्णुना जिष्णुना सार्द्ध मधुकैटभयोस्तथा ।
सम्पराये व्यतिक्रान्ते ब्रह्मा विष्णुमभाषत ।।५४
अद्य वर्षशतं पूर्णं समयः प्रत्युपस्थितः ।
सर्वोपसम्प्लवद्घोरं स्वस्थानं यामि चाप्यहम् ।।५५
स तस्य वचसा देवः संहारं करोत्तदा ।
मही निःस्थावरां कृत्वा प्रकृतिं स्थि जङ्गमान् ।।५६

ये अ पके गौण नाम हैं और दूसरे कर्मों से उत्पन्न होने वाले भी नाम होते हैं। हे शुभानने ! मेरे प्रसाद से इस प्रकार आपके बहुत से नाम होंगे ।। ५ ।। इसके अनन्तर पीड़ित होते हुए उन दोनों ने यह वरदान माँगा हम दोनों का मरण अनावृत हो और आपका पुत्रत्व होवे ।। ५१ ।। इसके अनन्तर ऐसा ही हो यह कहकर हित की कामना से शीघ्र ही यमालय को प्राप्त कर दिया विष्णु कटभ को और जिष्णु मधु को ले गये । ५२ ।। इस प्रकार से विष्णु और जिष्णु के हाथ वे दोनों दैत्य मारे गये थे । तब प्रसन्न ब्रह्माजी ने लोकों के हित की कामना से यह सब किया था ।। ५३ ।। अब जिस तरह से अपने आपको पुत्रत्व के रूप में ईश ने दिया था वह समझ लो । तब विष्णु और जिष्णु के साथ युद्ध में मधु और कैटभ के व्यतिक्रान्त हो जाने पर ब्रह्माजी ने विष्णु से कहा—।। ५४ ।। आज सौ वर्ष का पूरा समय समाप्त हो गया है और अब मैं भी संक्षेप तथा सम्प्लव से घोर अपने स्थान को जाता हूँ ।। ५५ ।। उसके इस वचन से देव ने तब संहार कर दिया था । इस भूमि को बिना स्थावर वाली तथा जङ्गमों को प्रकृति में स्थित कर दिया था ।। ५६ ।।

यदि गोविन्द भद्रन्ते क्षिप्तस्ते यादसां पतिः ।
ब्रूहि यत् करणीयं स्यान्मया ते लक्ष्मि वहन ।।५७
बाढं शृणु त्वं हेमाभ पद्मयोने वचो मम ।
प्रसादो यस्त्वया लब्ध ईश्वरात् पुत्रलिप्सया ।।५८
तन्तथा सफलं कृत्वा मत्तोऽभूदनुणो भवान् ।
चतुर्विधानि भूतानि सृज त्वं विसृजस्व वा ।।५९
अथाप्य सशाङ्गोविन्दात् पद्मयोनिः पितामहः ।

प्रजा स्रष्टुमनास्तेपे तप उग्रं ततो महत् ॥६०
तस्यैवन्तप्यमानस्य न किञ्चित्समवर्त्तत ।
ततो दीर्घेण कालेन दुःखात् क्रोधो व्यवर्द्धत ॥६१
सक्रोधाविष्टनेत्राभ्यामपतन्नश्रुबिन्दवः ।
ततस्तेभ्योऽश्रुबिन्दुभ्यो वातपित्तकफात्मकाः ॥६२
महाभागा महासत्त्वा स्वस्तिकैरभ्यलङ्कृताः ।
प्रकीर्णकेशाः सर्पास्ते प्रादुर्भूता महाविषाः ॥६३

हे गोविन्द ! हे लक्ष्मिवचन ! आपका कल्याण हो, आपने समुद्र का क्षेप कर दिया है, अब मुझे बतलाइये कि मुझे क्या करना चाहिए ॥ ५७ ॥ विष्णु ने कहा—अच्छा, हे पद्मयोनि ! हे हेमाभ ! आप अब मेरा वचन श्रवण करो कि आपने महेश्वर से पुत्र की कामना से वरदान प्राप्त करने का प्रसाद लाभ किया था ॥ ५८ ॥ अब आप मुझ से अनृण हो गये हैं और उस वरदान को सफल बनाइये । आप अब चार प्रकार के प्राणियो का सृजन करें अथवा विशेष रूप से सृजन करने का कार्य करें ॥ ५९ ॥ इस प्रकार से पद्मयोनि पितामह ने गोविन्द से सज्ञा प्राप्त करके प्रजा के सृजन करने के मन वाले होकर फिर वहाँ महान् उग्र तपश्चर्या करने का आरम्भ कर दिया था ॥ ६० ॥ जब इस तरह से ब्रह्माजी बहुत समय तक तप करते रहे और कुछ भी उसका फल न हीं हुआ तो फिर उनको महान् दुःख उत्पन्न हुआ और उस दुःख से क्रोध बढ गया था ॥ ६१ ॥ जब ब्रह्माजी के नेत्र क्रोध से पूर्णतया आविष्ट हो गये तो फिर उनसे आँसुओ की बूँदें निकल पडी थी । तब फिर उन अश्रु बिन्दुओ से वात, पित्त और कफ के स्वरूप वाले महाभाग, महान् सत्त्व, स्वस्तिको से अलङ्कृत होते हुए महान् विष वाले तथा फैले हुए केशों वाले सर्प प्रादुर्भूत हो गये थे ॥ ६२-६३ ॥

सर्पांस्तथाग्रजान् दृष्ट्वा ब्रह्मात्मानमनिन्दत ।
अहो धिक् तपसा मह्यं फलमीदृशकं यदि ।
लोकवैनाशिकी जज्ञे आदावेव प्रजा मम ॥६४
तस्य तीव्राभवन्मूर्च्छा क्रोधामर्षसमुद्भवा ।

मूर्च्छाभितापेन तदा जहौ प्राणान् प्रजापतिः ॥६५
तस्याप्रतिमवीर्यस्य देहात् कारुण्यपूर्वकम् ।
अथैकादश ते रुद्रा प्रोद्भूता रुदतस्तथा ।
रोदनात् खलु रुद्रास्ते रु त्व तेन तेषु तत् ॥६६
ये रुद्रा खलु ते प्राणा ये प्राणास्ते तदात्मका ।
प्राणा प्राणभृता ज्ञेया सर्वभूतेष्ववस्थिता ॥६७
अत्युग्रस्य महत्वस्य साधुना चरितस्य च ।
तस्य प्राणान् ददौ भूयस्त्रिशूली नीललोहित ।
ललाटान् पद्मयोनेस्तु प्रभुरेकादशात्मक ॥६८
ब्रह्मण सोऽददात् प्राणानात्मज स तदा प्रभु ।
प्रहृष्टवदनो रुद्र किंचित् प्रत्यागतासवम् ।
अभ्यभाषत्तदा देवो ब्रह्माण परम वच ॥६९
उपयाचस्व मा ब्रह्मन् स्मत्तु महसि चात्मन ।
मा च वेत्थात्मज रुद्र प्रसाद कुरु मे प्रभो ॥७०

ब्रह्माजी ने सबसे पूर्व उत्पन्न होने वाले उन सर्पों को देखकर अपने आपको बहुत कुछ बुरा समझा था अहो ! इस मेरे तप को धिक्कार है । यह मुझ ऐसा उसका फल मिला है कि मैंने सबसे पूर्व यह लोकों के विनाश करने वाली प्रजा ही आदि में उत्पन्न की है ॥६४॥ उस समय ब्रह्माजी को बहुत ही तीव्र मूर्छा हो गई जो कि क्रोध और अमर्ष से ही पैदा हुई थी । तब प्रजापति ने उस मूर्छा के अभिताप से अपने प्राणों का परित्याग कर दिया था ॥६५॥ उनके उस अप्रतिम वीर्य वाले के देह से करुणा के साथ एकादश रुद्र रुदन करते हुए उत्पन्न हुए । क्योंकि वे रोदन कर रहे थे इसलिये ही उनमें रुद्रत्व के नाम की प्रसिद्धि हुई थी ॥६६॥ जो रुद्र हैं वे प्राण हैं और जो प्राण हैं वे तदात्मक हैं । समस्त भूतों में अवस्थित प्राणधारियों के उन्हें प्राण समझना चाहिए ॥६७॥ अत्यन्त उग्र महत्व और साधु से चरित उनके प्राणों को नीललोहित त्रिशूली ने फिर दे दिया था जो कि पद्मयोनि ब्रह्माजी के ललाट से एकादशात्मक प्रभु उत्पन्न हुए थे ॥६८॥ उस आत्मज प्रभु ने ब्रह्माजी को प्राणों को दिया था ।

और कहा—हे प्रभो ! आप मुझको अपना आत्मज रुद्र समझें और मुझ पर प्रसन्नता करें ॥७०॥

श्रुत्वा त्विद वचस्तस्य प्रभूतश्च मनोगतम् ।
पितामह प्रसन्नात्मा नेत्रे फुल्लाम्बुजप्रभे ॥७१
तत. प्रत्यागतप्राण स्निग्धगम्भीरया गिरा ।
उवाच भगवान् ब्रह्मा शुद्धजाम्बूनदप्रभ ॥७२
भो भो वद महाभाग आनन्दयसि मे मन ।
को भवान् विश्वमूर्तिस्त्व स्थित एकादशात्मक ॥७३
एवमुक्तो भगवता ब्रह्मणाऽनन्ततेजसा ।
तत प्रत्यवदद्रुद्रो ह्यभिवाद्यात्मजै सह ॥७४
यत्ते वर मह ब्रह्मन् याचितो विष्णुना सह ।
पुत्रो मे भव देवेति त्वत्तुल्यो वापि धूर्वह' ॥७५
लोकेषु विश्रुतै कार्यं सर्वैर्विश्वात्मसम्भवे ।
विषादन्त्यज देवेश लोकास्त्व स्रष्टुमर्हसि ॥७६
एव स भगवानुक्तो ब्रह्मा प्रीतमना भवत् ।
रुद्र प्रत्यवदद्भूयो लोकान्ते नीललोहितम् ॥७७

ब्रह्माजी ने इस परम सुन्दर वचन को सुनकर जिसे कि मन में वे चाहते ही थे, पितामह को बहुत ही प्रसन्नता हुई और उनके नेत्र विकसित कमलों के समान हो गये थे ॥७१॥ इसके अनन्तर प्रत्यागत प्राणों वाले भगवान् ब्रह्मा विशुद्ध सुवर्ण की कान्ति के समान कान्ति वाले होकर अत्यन्त स्निग्ध और गम्भीर वाणी से बोले ॥७२॥ हे महाभाग ! आप मेरे मन को बहुत ही आनन्दित कर रहे हैं । आप अब मुझे बतलाइये कि एकादश स्वरूप वाले विश्व की मूर्ति स्वरूप आप कौन हैं ? ॥७३॥ इस प्रकार से भगवान् ब्रह्मा के द्वारा कहे गये जो कि ब्रह्माजी अनन्त तेज से उस समय युक्त थे, भगवान् रुद्र ने अपने आत्मजों के साथ ब्रह्माजी को प्रणाम करके उत्तर दिया था ॥७४॥ हे ब्रह्मन् ! आपने भगवान् विष्णु के साथ मुझसे जो वरदान माँगा था कि आप स्वयं या आपके ही तुल्य धुरी को वहन करने वाला मेरा पुत्र होवे ॥७५॥ हे देवेश !

आप लोको मे समस्त विश्वात्म सम्भव एव विभुतो के द्वारा जो काय लोकों के सृजन का करना चाहते हैं उसे अब विषाद को त्याग कर करें ॥७६॥ इस तरह से कहे हुए ब्रह्माजी के मन को बड़ी प्रसन्नता हुई और फिर भगवान ब्रह्मा लोकान्त मे नील लोहित रुद्र से कहने लगे ॥७७॥

साहाय्य मम कालर्थि प्रजा सृज मया सह ।
बीजो ऽ व सवभूताना तत्प्रपन्नस्तथा भव ।
बाढमित्येव ता वाणी प्रतिजग्राह शङ्कर ॥७८
तत स भगवान् ब्रह्मा कृष्णाजिनविभूपित ।
मनोऽग्र सोऽसृजद् वो भूताना धारणा तत ।
जिह्वा सरस्वतीञ्च व ततस्ता विश्वरूपिणीम् ॥७९
भृगुमङ्गिरस दक्ष पुलस्त्य पुलह क्रतुम् ।
वसिष्ठञ्च महातेजा ससृजे सप्त मानसान् ॥८०
पुत्रानात्मसमान यात् सोऽसृजद्विश्वसम्भवान् ।
तेषा भूयोऽनुमार्गेण गावो वक्त्राद्विजज्ञिरे ॥८१
ओङ्कारप्रमुखान् वेदानभिमा याश्च देवता ।
एवमेतान् यथाप्रोक्तान् ब्रह्मा लोकपितामह ॥८२
दक्षाद्यान् मानसान् पुत्रान् प्रोवाच भगवान् प्रभु ।
प्रजा सृजत भद्र वो रुद्रेण सह धीमता ॥८३
अनुगम्य महात्मान प्रजाना पतयस्तदा ।
वयमिच्छामहे देव प्रजा स्रष्टु त्वया सह ।
ब्रह्मणस्त्वेष सन्देशस्तव चैव महेश्वर ॥८४

